छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 29 अक्टूबर 2023

वर्ष - 65 | अंक - 194 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

फलीस्तीन में युद्ध विराम पर हुए मतदान में भारत की अनुपस्थित गलत : प्रियंका पृष्ठ 2

मड़ई
रसरद पुन्नी में बने मीठ खीर, उपास के पौराणिक महत्व पृष्ठ 6

भारत की निगाहें जीत के 'छक्के' साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने पर पृष्ठ 8

देश विदेश
- इजरायलियों का अपनी सरकार पर नहीं भरोसा
- कजाकिस्तान में खदान में आग लगने से 21 लोगों की मौत
- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वांग यी से मुलाकात की

पृष्ठ 7

# प्रदेश में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा मिलेगी : राहुल

## भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया : भूपेश

- भानुप्रतापपुर में पहली बार आए राहुल गांधी, कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील



**भानुप्रतापपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील करने राहुल गांधी पहली बार भानुप्रतापपुर पहुंचे। इस दौरान कांकेर जिले भर से कांग्रेसी कार्यकर्ता भारी संख्या में भानुप्रतापपुर सभा स्थल पर एकत्रित हुए। अपने नेता राहुल गांधी को सुनने व देखने का खासा उत्साह लोगों में देखा गया, वहीं पुलिस ने भी सुरक्षा के कड़े इंतेजाम कर रखे थे। जिले की तीनो विधानसभा के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए राहुल ने जनता का समर्थन मांगा। स्वागत उद्बोधन भानुप्रतापपुर विधायक प्रत्याशी सावित्री मण्डावी, अंतागढ़ विधायक प्रत्याशी रूपसिंह पोटाई, कांकेर विधायक प्रत्याशी शंकर ध्रुवा ने किया।

सभा को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने 2 बड़ी घोषणाएं की। प्रदेश मेंप्त्त से लेकरक्क्ष तक समस्त शासकीय संस्थानों में शिक्षा नि:शुल्क मिलेगी। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया को प्रतिवर्ष 4 हजार रुपये बोनस दिया जाएगा। इसके पहले मुख्यमंत्री ने किसानों की कर्ज माफी व सरकार बनते ही जातीय जनगणना कराने की घोषणा कर दी है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमारी सरकार किसान, मजदूर, गरीब, दलित व पिछड़ों की सरकार है, जबकि भाजपा अडानी जैसे अमीरों की मदद करने वाली सरकार है। हम जानते हैं कि जब तक हम गरीबों की मदद नहीं करेंगे तब तक यह देश आगे नही बढ़ सकता तथा प्रगति नहीं कर सकता। छत्तीसगढ़ में हमने किसानों को जो 2500 में धान खरीदने का वादा किया था उसे 2640 में खरीदा वहीं आने वाले दिनों में 3000 रुपये तक भी धान की खरीदी की जाएगी। जो पैसा हम किसानों को देते हैं उनसे गांव व छोटे-छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था बदलेगी यही कांग्रेस की सोच व नीति है।

देश का सालाना बजट 45 लाख करोड़ है जिसमें ओबीसी को मात्र 5 प्रतिशत तक ही निर्णय लेने का अधिकार है जबकि उनकी जनसंख्या देश मे 50 प्रतिशत है। केंद्र सरकार ओबीसी को सही आरक्षण नहीं दे रही है इसलिए जातीय जनगणना कराने के मामले पर चुप है। वहीं छत्तीसगढ़ में पेशा कानून के तहत आदिवासी की जमीन खरीदने के लिए ग्राम सभा अनिवार्य है, जबकि शेष पृष्ठ 7 पर

## तेन्दुपत्ता संग्राहकों को 4000 रूपए बोनस देने का ऐलान

**कोण्डागांव**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कोंडागांव जिले के फरसगांव में कोंडागांव के प्रत्याशी मोहन मरकाम और केशकाल प्रत्याशी संतराम नेताम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। हजारों लोगों की मौजूदगी में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने पर केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा देने के साथ ही तेन्दुपत्ता संग्राहकों को सालाना चार हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। राहुल गांधी ने सरकार बनने पर तत्काल छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना कराने का भी ऐलान किया।

अपने संबोधन के आरंभ में राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दो प्रकार की सरकार होती हैं। एक वो जो गरीबों, किसानों, आदिवासियों, बेरोजगारों और युवाओं के हित में कार्य करती हैं और एक वो जो केवल अम्बानी और अडानी जैसे उद्योगपतियो के लिया करते है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार गरीब, किसान, आदिवासी और युवाओं के लिए काम करती है जबकि मोदी सरकार केवल कुछ उद्योगपति के हितों में काम करती है। राहुल गांधी ने पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार जो बोलती है वो करती है। हमने पिछले चुनाव में कर्ज माफ करने, बिजली बिल हाफ करने और किसानों को पच्चीस सौ रूपए धान का मूल्य देने की घोषणा की थी जिसे सरकार बनने के दो घंटे के अंदर पूरा कर दिया। हमारी सरकार बस बोलती नहीं है करके दिखाती हैं। इसलिए कुछ कहने की जरूरत नहीं है आपको कुछ समय में ही दिख जायेगा।

हमने पहली कैबिनेट मींटिग में ही किसान भाइयों की कर्जा माफ किया। यही वायदा हम इस बार भी करने जा रहे है की हमारी सरकार बनने पर हम कर्जा माफ करेंगे। यह मैं दूसरी बार बोल रहा हु और करके दिखा देंगे। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार केवल बड़े बड़े उद्योगपतियों का की कर्ज माफ करती हैं और हमारी सरकार गरीब, किसान और आदिवासियों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा की पूर्ववर्ती सरकार में बस्तर के युवाओं को धमकाया जाता था। फेक अकाउंट किया जाता था। उन्हें परेशान किया जाता था। राहुल गांधी ने केन्द्र की युपीए सरकार द्वारा आदिवासियों के हितों में के गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि शेष पृष्ठ 7 पर

### खड़गे बोले, एक दिन भाजपा को भी झेलना पड़ेगा

# चुनाव के दौरान पहले कभी छापे नहीं पड़े

**नई दिल्ली**, 28 अक्तूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार 28 अक्टूबर को विपक्षी पार्टियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा, हम 50 सालों से राजनीति में हैं। इससे पहले चुनाव के दौरान ईडी के छापे कभी नहीं पड़े। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा डराना-झुकाना चाहती है। हम डरेंगे नहीं, बल्कि मुकाबला करेंगे। भाजपा हमेशा ऐसा करती है। वो जो कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। एक दिन भाजपा उन्हें भी झेलना पड़ेगा।



- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा भाजपा जो कर रही है, वह ठीक नहीं है
- राजस्थान में कांग्रेस का चुनाव बिगाड़ना चाहती है भाजपा

**गहलोत ने बताया था गुंडागर्दी** –कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजस्थान में भाजपा सीएम अशोक गहलोत का चुनाव खराब करना चाहती है। दरअसल, 26 अक्टूबर को ईडी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित घरों पर रेड की थी। फिर सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट केस में समन भेजा। 27 अक्टूबर को अशोक गहलोत ने ईडी की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया था। उन्होंने कहा- भाजपा ने जांच एजेंसियों के जरिए देश में आतंक फैला रखा है।

**भाजपा नेताओं पर कार्रवाई क्यों : ममता**

दूसरी तरफ, 27 अक्टूबर को ईडी ने राशन घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया। इस पर ममता बनर्जी ने कहा- भाजपा गंदा राजनीतिक खेल खेल रही है। चुनाव से पहले देशभर में विपक्षी नेताओं पर ईडी की छापामार कार्रवाई क्या दर्शाती है? ममता ने भाजपा से सवाल पूछा- क्या किसी भाजपा नेता के घर भी ईडी की छापेमारी हुई है? भाजपा कहती है कि वह सबका साथ, सबका विकास चाहती है। हकीकत में इसका मतलब सबका साथ, सबका सत्यनाश है। ईडी जांच और छापेमारी के नाम पर लोगों पर अत्याचार कर रही है। अंग्रेजों की तरह भाजपा उन सभी पर अत्याचार कर रही है, जो उसके खिलाफ हैं।

**सार संक्षेप**

### गाजा पर बमबारी के बीच इजरायल पर भड़का रूस

**नई दिल्ली**। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने ताजा बयान में कहा कि गाजा पर इजरायल की बमबारी से ऐसी तबाही का खतरा है जो सदियों नहीं तो कई दशकों तक जारी रह सकती है। लावरोव ने बेलारूसी राज्य समाचार एजेंसी बेल्टा के साथ एक साक्षात्कार में इजरायल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद की निंदा करते हैं, लेकिन हम इस बात से भी असहमत हैं कि इजरायल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के मानदंडों का उल्लंघन कर कार्रवाई कर रहा है।

### मुकेश अंबानी को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई**। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी को ईमेल के जरिए जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी मिली है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईमेल में 20 करोड़ रुपए की मांग करते हुए रकम न देने पर 66 वर्षीय अंबानी को गोली मारने की धमकी दी गई है।

### आचार समिति ने महुआ को 2 नवंबर को बुलाया

**नई दिल्ली**। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच कर रही लोकसभा की आचार समिति ने टीएमसी सांसद के आग्रह पर अब उन्हें 31 अक्टूबर की बजाय 2 नवंबर को सुबह 11 बजे कमेटी के सामने पेश होकर अपने बचाव में तथ्यों को रखने को कहा है।

### एक ही परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

**सूरत**। सूरत में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यापारी के परिवार के तीन बच्चों सहित सात सदस्यों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें संकटपूर्ण परिस्थितियों की बात कही गई है। पीड़ितों में परिवार का मुखिया फर्नीचर व्यवसायी मनीष सोलंकी भी शामिल है। उन्हें छत के पंखे से लटका पाया गया।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे रायपुर



- कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा पदाधिकारियों की लेंगे बैठक

**रायपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से जेपी नड्डा सीधे भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे। बीजेपी कार्यालय में वे रायपुर ग्रामीण विधानसभा के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे. बता दें कि जेपी नड्डा दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर आए हैं। 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बीजेपी कार्यालय एकात्म परिसर में जिला रायपुर शहर के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे. यहां से सुबह 11 बजे अमलीडीह में मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे. दोपहर करीब 12 बजे रायपुर से डोंगरगढ़ के लिए रवाना होंगे. डोंगरगढ़ के ठेलकाडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे. दोपहर करीब 2 बजे पंडरिया के लिए रवाना होंगे। जहां जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब साढ़े 3 बजे चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 5.30 बजे मालखरौदा से वापस रायपुर लौटेंगे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से केंद्रीय मंत्री मांडविया ने की शिकायत

- भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं को प्रचार करने से रोकने का आरोप



**रायपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं को डराया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को प्रचार करने से रोका जा रहा है। यह शिकायत केंद्रीय मंत्री और भाजपा चुनाव सह-प्रभारी मनसुख मंडाविया ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीनाबाबा साहेब कंगाले से मुलाकात के दौरान की। भाजपा चुनाव सह-प्रभारी मनसुख मंडाविया, सांसद सुनीव सोनी, चंद्रशेखर साहू और अन्य भाजपा नेताओं के साथ निर्वाचन आयोग कार्यालय पहुंचे और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शेष पृष्ठ 7 पर

### फिर गरमाया इंडिया बनाम भारत का मामला

## रेल मंत्रालय ने 'भारत' करने का भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडिया बनाम भारत का मामला रह रहकर गरमाता जा रहा है। सत्ताधारी भाजपा जहां इंडिया का नाम भारत करने का समर्थन कर रही है, वही विपक्ष का आरोप है कि गठबंधन का नाम भारत होने के कारण केंद्र सरकार इस तरह का महौल बना रही है। इसी बीच रेल मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास एक प्रस्ताव भेजकर इंडिया का नाम भारत करने की मांग कर दी है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास इस तरह का यह प्रस्ताव है, जिसमें देश का नाम इंडिया के बजाय भारत रखने की बात कही गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि संविधान में इंडिया और भारत दोनों नामों का उल्लेख है, ऐसे में अगर भारत नाम का प्रयोग बढ़ता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि इस प्रस्ताव पर अभी केंद्र की ओर से कोई प्रतिक्रिया या बयान नहीं नहीं आया है। लेकिन सरकार के सूत्रों का कहना है कि औपचारिक रूप से इंडिया का नाम बदले बगैर भी आने वाले दिनों मे सरकारी दस्तावेजों में इंडिया की जगह भारत शब्द लिखने का चलन बढ़ सकता है।

**एनसीईआरटी कमेटी ने भी की है सिफारिश**–इससे पहले एनसीईआरटी की ओर से गठित एनएसटीसी ने भी आगे से उसके पाठ्यक्रमों में इंडिया की जगह भारत लिखने की सिफारिश कर रखी है। एनएसटीसी के अध्यक्ष सीआई आइजैक ने इसके समर्थन में दलील देते हुए कहा था इंडिया शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर ईस्ट इंडिया कंपनी के आगमन और 1757 के प्लासी युद्ध के बाद शुरू हुआ था। जबकि भारत का जिक्र विष्णुपुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है, जो कि सात हजार साल पुराने हैं।

### विधानसभा चुनावों को लेकर बोले पवार

## विपक्ष के लिए अनुकूल है हालात

**मुंबई**, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को माना कि कुछ राज्यों के चुनावों में संयुक्त मोर्चा बनाने को लेकर विपक्षी दलों के बीच मतभेद हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह भी महसूस किया जा रहा है कि सभी को लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ना चाहिए। यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि विधानसभा चुनावों के रुझानों से पता चलता है कि स्थिति विपक्ष के लिए अनुकूल है। हालांकि, उन्होने कहा कि उनके पास इसको लेकर टिप्पणी करने के लिए कोई प्रामाणिक जानकारी नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर पर (सरकार में) बदलाव होगा या नहीं। उन्होंने कहा, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पंजाब सहित अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं।

## ईवीएम में नोटा का विकल्प ही नहीं होना चाहिए : भूपेश

**रायपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु) ।ईवीएम में नोटा के विकल्प पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि नोटा का विकल्प ही नहीं होना चाहिए। इससे चुनाव परिणामों पर असर पड़ता है। बस्तर रवाना होने के पहले शनिवार को रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि नोटा के विकल्प पर चुनाव आयोग को पुर्नविचार करना चाहिए ।कई बार जीत-हार से अधिक मत नोटा को मिल जाता है। इससे चुनाव परिणाम पर असर पड़ता है ।उल्लेखनीय है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में 2.82 लाख नोटा वोट पड़े थे। पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पद से क्यों हटाया? वे तो सबसे विद्वान मंत्री थे, उन्हें हटाने का कारण क्या है? रमन सिंह कहते हैं कि सत्ता में आने पर कांग्रेसियों को उलटा टांग देंगे तो मैं कहता हूं उल्टा तो उन्हें टांगना चाहिए, क्योंकि उनके कार्यकाल के दौरान कई भ्रष्टाचार हुए। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही रविशंकर प्रसाद ने दुर्ग में पुराना गंज मंडी में ईडी मामले पर भूपेश सरकार पर निशाना साधा था।



**आप, जकांछ भाजपा की बी टीम**

भाजपा पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने बागी प्रत्याशियो को लेकर कहा कि भाजपा चुनाव नहीं लड़ पा रही है, बल्कि इन नेताओं को लड़ा रही है। जकांछ, आप जैसी पार्टियां भाजपा की बी टीम है। कांग्रेस के वोट को काटने के लिए इन्हें लड़ाया जा रहा है।

### जमीयत ने जारी किया बड़ा बयान

## राममंदिर उद्घाटन समारोह में शामिल न हों प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राममंदिर का उद्घाटन होने जा रहे हैं। जिसमें शामिल होने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर सहमति भी दे दी गई है। इस बीच जमीयत ने एक बड़ा बयान जारी करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री को राममंदिर सहित किसी भी धार्मिक आयोजन में भाग नहीं लेना चाहिए। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने शनिवार को कहाकि धार्मिक अनुष्ठान राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त हों और इसमें केवल धार्मिक लोग ही हिस्सा लें। इसलिए प्रधानमंत्री को राममंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में नहीं जाना चाहिए। साथ ही मदनी ने एक बार फिर से बाबरी मस्जिद से संबंधित कोर्ट के फैसले को कानूनी और ऐतिहासिक तथ्यों के विरुद्ध बताया। उल्लेखनीय है कि मदनी का यह बयान तब आया है जबकि बीते बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को अयोध्या में राममंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया और उन्होंने इस समारोह शामिल होने के लिए अपनी सहमति भी दे दी। जमीयत की तरफ से जारी बयान में मदनी ने कहा कि वे साफ तौर पर यह कहना चाहते हैं कि अयोध्या विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया था, उसको वे सही नहीं मानते हैं।

## पिछले चुनाव में जहां कांग्रेस हारी थी, वहां वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में होगा प्रचार

**प्रदेश में पुन: सरकार बनाने जन-जन तक पहुंचेंगे कांग्रेसी**

**रायपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु) ।प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की आज हुई बैठक में निर्धारित कार्यक्रमों को करने प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने सभी जिला व ब्लाक कांग्रेस व मोर्चा संगठनों के अध्यक्षों को आठ बिंदुओं पर पत्र जारी कर निर्देशित किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान प्रबंध समिति के संयोजक राजेश बिस्सा ने बताया कांग्रेसजनों द्वारा 15 नवंबर तक लगातार जनता के मध्य सक्रीय रहने निरंतर कार्यक्रम चलाये जायेंगे। .

विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस को जिन क्षेत्रों में पराजय का सामना करना पड़ा था, उन सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने यह कार्यक्रम वरिष्ठ नेताओं व स्टार प्रचारकों की उपस्थिति में किए जायेंगे। 'वाद अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्ग व समुदायों को कांग्रेस के साथ खड़ा करने उनके मध्य जीवंत उपस्थिती दर्ज करवायी जायेगी। हर घर कांग्रेस अभियान मदद से हर घर पहुंचकर कांग्रेस सरकार की नीतियों, योजनाओं व निर्णयों तथा राज्य सरकार के प्रयास से आम जनता को मिले व्यक्तिगत लाभ से संबंधित सामग्रियों का प्रत्यक्ष वार्तालाप कर वितरण किया जायेगा। च्विकास और विश्वास ङ्क कांग्रेस का साथज्ज ङ्क इस अभियान के माध्यम से सभी वरिष्ठ कांग्रेजन एक जुट होकर जनता मध्य कांग्रेस और विश्वास एक दूसरे के पूरक हैं को समझायेंगे। झूठ के विरुद्ध लड़ाई ङ्क झूठ से लड़ाई का यह अभियान चुनाव संपन्न होने तक लगातार कांग्रेस के विधिक प्रकोष्ठ के सहयोग से भाजपा के द्वारा फैलाये जाने वाले झूठ के विरुद्ध चलाया जायेगा। विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस को क्षेत्रों में पराजय का सामना करना पड़ा था, शेष पृष्ठ 7 पर

### विस चुनाव 2023 — दोनों पार्टियों ने परिवार व राजनीतिक राजवंशों को मैदान में उतारा

# कांग्रेस-भाजपा ने 26 वंशजों को बनाया उम्मीदवार

- दोनों पार्टियां एक दूसरे पर भाई-भतीजावाद का लगाती हैं आरोप

**जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर राजनीति में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते रहे हैं और बार-बार इसकी आलोचना करते रहे हैं। हालांकि, इस सार्वजनिक रुख के बावजूद, दोनों पार्टियों ने राजस्थान में अपने दिग्गज नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है।**

*राजस्थान में करीब 81 सीटें हैं, जो कई नेताओं का गढ़ मानी जाती हैं। इनमें से 40 सीटें दशकों से कुछ नेताओं और उनके परिवारों की पॉकेट रही हैं। दोनों दलों ने अपने वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदारों को 26 टिकट दिए हैं। इसमें दिग्गज नेताओं के 15 बेटे, छह बेटियां-पोतियां, तीन पत्नियां, एक बहू और एक रिश्तेदार शामिल हैं। राजस्थान में अब तक बीजेपी ने 124 और कांग्रेस ने 76 टिकट बांटे हैं। इनमें से भाजपा ने 11 और कांग्रेस ने 15 ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिए जिनके परिवार के सदस्य विधायक, सांसद और मंत्री रहे हैं। बीजेपी ने देवली-उनियारा से पूर्व सांसद प्रत्याशी किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला को टिकट दिया है। इसके बाद विद्याधर नगर से दीया कुमारी हैं जो पूर्व सांसद गायत्री देवी की पोती हैं और जयपुर के पूर्व शाही परिवार से आती हैं।*

***बीकानेर से सिद्धि कुमारी को भाजपा से टिकट***

*बीकानेर से सिद्धि कुमारी, जिनके दादा करणी सिंह 1952 से 1977 तक सांसद थे, को बीजेपी से टिकट मिला है। श्रीमाधोपुर से चार बार विधायक रहे हरलाल सिंह खर्रा के बेटे झाबर सिंह खर्रा को इस बार अपने पिता के निर्वाचन क्षेत्र से टिकट मिला है। मंजीत चौधरी को मुंडावर से टिकट मिला है और वह पूर्व विधायक धर्मपाल चौधरी के बेटे हैं। पूर्व मंत्री दिगंबरसिंह के बेटे शैलेश सिंह को डीग कुम्हेर से टिकट मिला है।*

*इसी तरह नसीराबाद से रामस्वरूप लांबा को टिकट मिला है। वह पूर्व मंत्री और सांसद सांवरलाल जाट के बेटे हैं। पूर्व सांसद नाथूराम मिर्धा की पोती डॉ. ज्योति मिर्धा नागौर से बीजेपी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी। धरियावद से कन्हैयालाल मीणा लड़ेंगे चुनाव। वह धरियावद के पूर्व विधायक गौतमलाल मीणा के बेटे हैं। दीप्ति माहेश्वरी राजसमंद से चुनाव लड़ेंगी और वह पूर्व मंत्री किरण माहेश्वरी की बेटी हैं। सुमिता भींचर मकराना के पूर्व विधायक श्रीराम भींचर की बहू हैं और अब उसी सीट से चुनाव लड़ेंगी। भाजपा के ठीक बाद कांग्रेस ने भी पारिवारिक संपर्क वाले कई नेताओं को मैदान में उतारा है। सुशीला डूडी पूर्व विपक्ष नेता रामेश्वर डूडी की पत्नी हैं, जो अब* शेष पृष्ठ 7 पर

# देश

उवाच

भाजपा व बीजद दोनों एक हैं व 2024 का चुनाव एक साथ लड़ने की योजना बना रहे हैं तथा पांडियन दोनों पार्टियों के राजनीतिक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा महज तीन दिनों में पांडियन के वीआरएस को मंजूरी देना एक सोची समझी रणनीति है।

-शरत पटनायक, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 21.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# फलीस्तीन में युद्ध विराम पर हुए मतदान में भारत की अनुपस्थित गलत : प्रियंका

## युद्ध विराम के लिए मतदान से भारत के दूर रहने पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने फलीस्तीन में युद्धविराम पर हुई वोटिंग में भारत की अनुपस्थित पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मानवीय मूल्यों की रक्षा हमारे सिद्धांत रहा है और फलीस्तीन में युद्धविराम के मुद्दे पर चुप रहकर हमारी सरकार ने गलत किया है। वाड्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उद्घृत करते हुए कहा कि आंख के बदले आंख फोड़ने का सिद्धांत पूरी दुनिया को अंधा बना देती है-महात्मा गांधी। उन्होंने कहा कि मैं स्तब्ध और शर्मिंदा हूं कि हमारा देश गाजा में युद्धविराम के लिए हुए मतदान में अनुपस्थित रहा।

हमारे देश की स्थापना की बुनियाद अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों पर आधारित है और इन सिद्धांतों के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया था और हमारे संविधान का यही सिद्धान्त हमारी राष्ट्रीयता को भी परिभाषित करते हैं। ये भारत के नैतिक साहस का प्रतिनिधित्व करते हैं और इन्हीं को आधार बनाकर हमने विश्व समुदाय के सदस्य के रूप में उसके कार्यों का मार्गदर्शन किया है। कांग्रेस महासचिव ने कहा जब मानवता के हर कानून को नष्ट कर दिया गया है, लाखों लोगों के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति, संचार और बिजली काट दी गई है और फलिस्तीन में हजारों नर, नारियों और बच्चों को मारा जा रहा है तो मानवीय मूल्यों के खिलाफ खड़े होने से इंकार कर चुपचाप रहना गलत है क्योंकि एक राष्ट्र के रूप में हम हमेशा इन्हीं मूल्यों के लिए खड़े रहे हैं। गौरतलब है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल-हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम के आह्वान के प्रस्ताव पर मतदान में अनुपस्थित रहा। इस प्रस्ताव में गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच का भी आह्वान किया गया था।



मानवीय मूल्यों के खिलाफ खड़े होने से इंकार कर चुपचाप रहना गलत : प्रियंका गांधी

गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग बढ़ती ही जा रही है। इस युद्ध के बाद से दुनिया दो गुटों में बंटी दिख रही है। हालांकि कई देशों ने शांति की भी अपील की है। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र में गाजा में मानवीय आधार पर संघर्षविराम के लिए पेश एक प्रस्ताव को भारी बहुमत से अपनाया गया।

### वाम दलों ने की प्रस्ताव पर भारत के रुख की आलोचना

**नई दिल्ली।** सीपीआई (एम) और सीपीआई ने एक संयुक्त बयान में कहा कि गाजा में संघर्ष विराम के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर मतदान से भारत का दूर रहना चौंकाने वाला है। यह दिखाता है कि भारत अपनी विदेश नीति को अमेरिकी साम्राज्यवाद के अधीनस्थ सहयोगी के रूप में आकार दे रहा है। इस दौरान सीपीआई (एम) ने यह भी कहा कि वह



फलस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रविवार को अपने एकेजी भवन कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और सीपीआई महासचिव डी राजा ने यह बयान जारी किया। उन्होंने गाजा में इस नरसंहार आक्रामकता को रोकें शीर्षक वाले संयुक्त बयान में कहा कि भारत का कदम फलस्तीनी मुद्दे पर उसके दीर्घकालिक समर्थन को नकारता है। उन्होंने कहा कि एक प्रस्ताव पर भारत का अनुपस्थित रहना, जिसे भारी बहुमत से अपनाया गया।

## भूस्खलन से सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना क्षतिग्रस्त



**गुवाहाटी,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2,000 मेगावाट की लोअर सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना भूस्खलन से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण सुबनसिरी नदी का बहाव भी प्रभावित हुआ है। यह परियोजना वर्तमान में असम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर निर्माणाधीन है। एनएचपीसी (नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उपयोग में आने वाली 5 डायवर्जन सुरंगों में डायवर्जन सुरंग 1 शुक्रवार को लगभग 11:30 बजे भूस्खलन से बंद हो गई थी।

निर्माण पूरा होने के बाद अन्य चार डायवर्जन सुरंग पहले से ही बंद थी। नतीजतन, नदी के बहाव में उल्लेखनीय कमी आई है। बांध स्पिलवे खाड़ी में समुद्र का औसत स्तर 145 मीटर है। जलाशय अपने वर्तमान 997 घन मीटर/सेकंड नदी प्रवाह को बरकरार रखे हुए है, और इसका जल स्तर बढ़ रहा है। दोपहर 1 बजे जलस्तर बढ़कर 139 मीटर हो गया। अधिकारी ने बताया कि अनुमान है कि शाम तक जल स्तर 145 मीटर तक पहुंच जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का ग्राफ आ रहा शून्य पर : दिलबाग सिंह

## डीजीपी ने अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को किया संबोधित



**लेथपोरा/पुलवामा,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने पांच साल का रिपोर्ट-कार्ड पेश करते हुए कहा है कि शून्य संपार्श्विक क्षति, शून्य कानून व्यवस्था की घटनाएं और शून्य नागरिक हताहत हुए हैं जबकि आतंकवाद का ग्राफ भी शून्य पर आ रहा है। सिंह ने पुलवामा जिले के सीटीसी लेथपोरा, पंपोर में 307 अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए इस आशय का दावा किया। उन्होंने कहा कि 'जीरो' शब्द पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में सबसे लोकप्रिय है। डीजीपी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पांच साल के रिपोर्ट कार्ड से पता चलता है कि शून्य संपार्श्विक क्षति, शून्य कानून और व्यवस्था की घटना और शून्य नागरिक हताहत हुआ है। निवर्तमान पुलिस प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद का ग्राफ जिसने जम्मू-कश्मीर को बदनाम किया, वह भी शून्य पर आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल 43 थानों को नवीनतम हथियारों और आतंकवाद विरोधी टीमों से लैस करने के लिए ऑपरेशन कैपेसिटी बिल्डिंग शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में, हमने 21 थानों को कवर किया और आज, शेष 22 पुलिस स्टेशनों के लिए टीमें लॉन्च की गई हैं। इन थानों को जीरो टेरर प्लान के तहत कवर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अनंतनाग जिले में तीन आतंकी घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 36 थानों ने 100 प्रतिशत आतंक मुक्त रिकॉर्ड दिखाया। उन्होंने कहा कि ओपी क्षमता निर्माण के तहत आने वाले थानों में आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए ड्रोन की उपलब्धता, नवीनतम हथियार और प्रत्येक में 14 सदस्यीय दस्ता होगा। इन नई टीमों की मदद से क्षेत्र का वर्चस्व और मजबूत होगा।

### हमारा बॉर्डर ग्रिड बहुत मजबूत : डीजीपी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने कहा कि हमारा बॉर्डर ग्रिड बहुत मजबूत है और हम सुनिश्चित करेंगे कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया जाए। डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने जो भी उपलब्धियां हासिल की हैं, वह जनता के सहयोग के बिना असंभव थी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों की पुलिस है, जो युवाओं, लोगों और बच्चों की सुरक्षा के लिए काम कर रही है जो बेहतर भविष्य के लिए स्कूल के लिए अपना घर छोड़ते हैं।

## सार संक्षेप

### वाल्मीकि जयंती पर आदि कवि को खड़गे ने किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि को सामाजिक न्याय का उद्घोषक बताते हुए उनकी जयंती पर उन्हें नमन किया। खडगे ने कहा कि महान धर्मग्रंथ रामायण के रचनाकार आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। सामाजिक न्याय की शिक्षा देने वाले एवं दीनहीन के पक्ष में खड़े होने के लिए प्रेरित करने वाले वाल्मीकि के जीवन एवं उनकी रचनाओं से हमें सत्य, प्रेम एवं कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

### व्यापारी परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

**सूरत।** सूरत में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यापारी के परिवार के तीन बच्चों सहित सात सदस्यों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें संकटपूर्ण परिस्थितियों की बात कही गई है। पीड़ितों में परिवार का मुखिया फर्नीचर व्यवसायी मनीष सोलंकी भी शामिल है। उन्हें छत के पंखे से लटका पाया गया। उनके साथ उनकी पत्नी रीता, पिता कनु, मां शोभा और तीन छोटे बच्चों दिशा, काव्या और कुशल ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रिपोर्टों से पता चलता है कि उन्होंने गंभीर आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया है, हालांकि सटीक कारण की जांच की जा रही है।

### असम में भाजपा नेता की हत्या

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में पिछले कुछ दिनों से लापता 47 वर्षीय पूर्व पंचायत सदस्य और भाजपा नेता का शव मिला है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार रात जिले के पत्थरकांडी इलाके में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता अब्दुल सत्तार का शव बरामद किया। गत 23 अक्टूबर को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। करीमगंज जिले के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### बंगाल में तेज रफ्तार ट्रक ने छह लोगों को कुचला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई। खड़गपुर में हुई इस घटना में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी पीड़ित पेशे से फूल विक्रेता थे। मृतक खड़गपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बुरोमला इलाके में मुख्य सड़क पर फूलों से भरी बोरियां एक पिकअप वैन में लाद रहे थे, तभी अचानक एक सीमेंट से भरा ट्रक उनके ऊपर से गुजर गया। इस दौरान तीन लोगों मौके पर ही मौत हो गई।

## एमएसपी के नाम पर भाजपा कर रही ढोंग : अखिलेश यादव



**लखनऊ,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है। एमएसपी के नाम पर सरकार दिखावा करने का ढोंग क्यों करती है। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान बेहाल हैं। भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीपतियों को लाभ देने वाली हैं। धान की फसल तैयार है लेकिन प्रदेश में किसानों के धान की खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों को गेंहू की एमएसपी नहीं मिली। अब धान की भी कीमत नहीं मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि डीजल, खाद-बीज, कीटनाशक सब महंगा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों को धोखा दिया। पांच साल तक किसानों की सुध नहीं ली। अब चुनाव सामने देखकर सरकार किसानों को बरगलाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की गलत नीतियों और काले कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए थे।

# मप्र में किसानों से छलावा कर रही सरकार : कांग्रेस

**भोपाल,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनाव के बीच मध्य प्रदेश में किसानों पर सियासत गरमा गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भोपाल में प्रेस वार्ता कर किसानों के मुद्दों पर भाजपा को जमकर घेरा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को रेडियो गप्पिस्तान बताते हुए उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार किसानों से छलावा कर रही है।

किसानों के मुद्दों पर भाजपा सरकार को जमकर घेरा

समर्थन मूल्य का सच छिपाकर किसानों की योजनाओं पर ताला लगाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के साथ छल किया है। समर्थन मूल्य लागत से कम दिया जा रहा है। खुद शिवराज सरकार ने एमएसपी से अधिक कीमत मांगी थी। महाराष्ट्र और गुजरात ने भी इसकी डिमांड की थी, लेकिन बावजूद इसके कीमत कम मिल रही है। गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए घोषित की गई है, जबकि 2400 रुपए किसान की बोवाई की लागत है। सुरजेवाला ने कहा कि महाराष्ट्र ने 4 हजार, गुजरात ने 3 हजार से ज्यादा की लागत बताई है। सुरजेवाला ने कहा कि फरवरी 2016 में सीहोर में भाजपा ने कहा था किसान को लागत और मुनाफा देंगे। रबी का एमएसपी और कम है, किसान से किया गया वादा धराशायी हुआ है। सरकार एमएसपी की घोषणा करती है, लेकिन किसान को समर्थन मूल्य नहीं मिलता। मध्यप्रदेश में सरकार ने एक और छल किया है। 2023-24 में बजट में भावन्तर योजना का 1 हजार रुपए मात्र रखा गया था। 21-22 और 22-23 में एक फूटी कौड़ी शिवराज सरकार ने खर्च नहीं की। इन्होंने किसान सम्मान निधि को किसान अपमान निधि बना दिया। भाजपा 9 लाख किसानों को 8 अगस्त 2023 से किसान सम्मान निधि नहीं दे रही है।



■ समर्थन मूल्य का सच छिपाकर किसानों की योजनाओं पर ताला लगाने का लगाया आरोप

सुरजेवाला ने कहा कि किसान स्वामीनाथन आयोग के हिसाब से मांग करते हैं। कांग्रेस ने किसानों को वचन दिया है। केंद्रीय कृषि विभाग की रिर्पोट का हवाला देते सुरजेवाला ने यह दावा किया कि पिछले 7 साल में किसानों की आए बढ़ने के स्थान पर कम हुई है। खेती के उपकरण महंगे हुए हैं। खेती करने की लागत बढ़ी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर सुरजेवाला ने कहा कि दो करोड़ किसानों के नाम किसान सम्मान निधि की सूची से हटाए गए हैं। इनमें मध्य प्रदेश के 9 लाख किसान भी शामिल हैं।

### चित्रकूट में हुए कार्यक्रम को लेकर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने चित्रकूट में हुए शासकीय कार्यक्रम की शिकायत चुनाव आयोग से की है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि चित्रकूट में सरकारी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए हैं। ये आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। केके मिश्रा ने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी होते हुए सरकारी कार्यक्रम में कैसे शामिल हो सकते हैं। उन्होंने सरकारी कार्यक्रम में पॉलिटिकल भाषण दिया। मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के ऊपर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाए।

# बयानबाजी में हीरो, काम करने में भाजपा जीरो : राजीव रंजन

## जनता को झूठे सपने दिखाने का लगाया आरोप

**पटना,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने कहा कि झूठ बोल-बोल कर और जनता को सपने दिखाने की राजनीतिक आदत ने भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं को बयानबहादुर बना दिया है। रंजन ने शनिवार को यहां कहा कि जनता से जुड़ा कोई काम भाजपा से नहीं होता है, लेकिन बाते बनाने में इनका कोई सानी नहीं है। चाहे किसानों की बात हो या महिलाओं अथवा आम आदमी की, हर मसले पर इनकी कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि पूरी तरह प्रचार पर आश्रित इस पार्टी के नेता हर दिन कोई नया जुमला फैलाने की कोशिशों में लगे रहते हैं लेकिन सच्चाई देखें तो इनके अधिकांश वादे आज तक जमीन पर नहीं उतर पाए हैं। सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी के सहारे यह झूठ को सच साबित करने में लगे रहते हैं। इनके साढ़े नौ वर्षों में एक मात्र फायदा सिर्फ इनकी पार्टी और उसके पूंजीपति मित्रों को हुआ है, जहां आम लोग रोजमर्रा के खर्चे निकालने के लिए परेशान हैं वहीं भाजपा के मित्र पूंजीपतियों की संपत्ति में अरबों से खरबों में तब्दील होती जा रही है।



### भाजपा को नीतीश से लेनी चाहिए सीख : जदयू

जदयू महासचिव ने भाजपा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि हकीकत में भाजपा को मुख्यमंत्री कुमार से सीखना चाहिए कि अपने कहे पर खरा कैसे उतरा जाता है, चाहे जातिगत गणना की बात हो या शराबबंदी की, उन्होंने तमाम कठिनाई आने के बाद भी जनता से किये अपने हर वादे को पूरा किया है। आज उन्हीं की बदौलत बिहार के हर गांव में सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं पहुंच चुकी हैं।

## आम चुनाव तक तमिलनाडु के राज्यपाल को न बदलें : स्टॉलिन

**चेन्नई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एम.के.स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 'अनुरोध' करते हुए तंज कसा कि वे राज्यपाल आर.एन. रवि को कम से कम 2024 के लोकसभा चुनाव तक उन्हें उनके पद से स्थानांतरित न करें। सत्तारूढ़ द्रमुक के द्रविड़ मॉडल शासन की आलोचनाओं को लेकर राजभवन पर हमला करने के बाद मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने प्रधानमंत्री से यह 'अनुरोध' किया। गौरतलब है कि द्रमुक सरकार और राजभवन कई मुद्दों पर आमने-सामने हैं, जिनमें सनातन धर्म, राज्य विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देना और एक गिरफ्तार मंत्री को बिना विभाग के कैबिनेट में बनाए रखना शामिल है। द्रमुक और उसके सहयोगी भी राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग करने लगे और मांग को दबाने के लिए संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन भी किया। स्टालिन ने कहा हमारे पास बहुत सारे फायदे हैं। रवि जो कहना चाहते हैं वह कह सकते हैं, लेकिन तमिलनाडु के लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेंगे।



## चंद्रबाबू के खिलाफ सबूत पेश करने में सीआईडी विफल : लोकेश



**राजमुंदरी,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश ने दावा किया है कि आंध्र प्रदेश में अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) पुलिस तेदेपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दर्ज कौशल विकास घोटाला मामले में सबूत पेश करने में विफल रही है। नायडू के पुत्र नारा लोकेश ने अपनी मां एन भुवनेश्वरी के साथ शनिवार को यहां सेंट्रल जेल में अपने पिता से मुलाकात की। लोकेश ने बाद में मीडिया से बात करते हुए सरकार को चुनौती दी कि अगर उनके पास कौशल विकास मामले में चंद्रबाबू नायडू की संलिप्तता के बारे में सबूत हैं तो वह लोगों के सामने रखे। इस बात पर अफसोस जताते हुए कि पिछले 50 दिनों से उनके पिता केंद्रीय जेल में हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी नेताओं ने संस्थानों को प्रबंधित किया, यही कारण है कि पूर्व मुख्यमंत्री कोई गलती नहीं करने के बावजूद जेल में हैं।

लोकेश ने दोहराया कि न तो उनके परिवार के सदस्य और न ही दोस्त कौशल विकास घोटाले में शामिल हैं। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर नायडू के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से काम करने का आरोप लगाते हुए लोकेश ने कहा कि वाईएसआरसीपी नेता कह रहे हैं कि उनकी मां को भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी के एक सांसद ने खुले तौर पर घोषणा की कि अगर जगन मोहन रेड्डी अगले विधानसभा चुनाव में सत्ता में आए, तो चंद्रबाबू नायडू मा जाएंगे। हमारा संस्थानों पर से विश्वास उठ गया है। तेदेपा नेता ने भड़कते हुए कहा कि चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार करके रेड्डी परपीड़क खुशी महसूस कर रहे हैं।

आयोजन | *देशभर में 37 स्थानों पर राष्ट्रीय रोजगार मेले का हुआ आयोजित*

# 51 हजार से अधिक युवाओं को किए गए नियुक्ति पत्र वितरित

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर से चुने हुए नवनियुक्त युवा रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग।**

उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में सरकार में शामिल होंगे।

रोजगार मेले में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान के दौरान देशभर के 37 स्थान मेले से जुड़े रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेलों की यह विकास यात्रा एक महत्वपूर्ण पडाव पर पहुंच गई है, रोजगार मेले पिछले वर्ष अक्टूबर में शुरू हुए थे और केंद्र और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विभिन्न रोजगार मेलों में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। आज भी 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है।



■ नवनियुक्तों व उनके परिवारों को प्रधानमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित रोजगार मेले युवाओं के भविष्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के संकेत हैं, जहां मिशन मोड में काम चल रहा है। मोदी ने भर्ती प्रक्रियाओं में युवाओं के बढ़ते भरोसे पर बल देते हुए कहा कि हम न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं बल्कि एक पारदर्शी प्रणाली भी कायम रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है बल्कि परीक्षा प्रक्रिया का पुनर्गठन भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्मचारी चयन प्रणाली के तहत भर्ती में लगने वाला समय भी घटाकर आधा कर दिया गया है। मोदी ने बताया कि रोजगार की अधिसूचना से लेकर रोजगार-पत्र मिलने तक का अंतराल काफी कम हो गया है।

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के तहत कुछ परीक्षाओं के बारे में उन्होंने बताया कि परीक्षाएं अब हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त 13 विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं, जिससे उन उम्मीदवारों के लिए भाषा की बाधा को तोड़ना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विकास की वो गति है जो प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। उन्होंने धोरडो गांव का उल्लेख किया जिसे संयुक्त राष्ट्र ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के पुरस्कार से सम्मानित किया है और होयसला मंदिर परिसर और शांति निकेतन को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे युवाओं के लिए पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे।

# साहित्य

कहानी



# जार्ज पंचम की नाक

■ कमलेश्वर

यह बात उस समय की है जब इंग्लैण्ड की रानी ऐलिज़ाबेथ द्वितीय मय अपने पति के हिन्दुस्तान पधारने वाली थीं। अखबारों में उनके चर्चे हो रहे थे। रोज़ लन्दन के अखबारों में ख़बरें आ रही थीं कि शाही दौरे के लिए कैसी-कैसी तैयारियाँ हो रही हैं.... रानी ऐलिजाबेथ का दर्ज़ी परेशान था कि हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के दौरे पर रानी क्या पहनेगी ? उनका सेक्रेटरी और जासूस भी उनके पहले ही इस महाद्वीप का तूफान दौरा करने वाला था.. आखिर कोई मजाक तो था नहीं, ज़माना चूंकि नया था, फौज-फाटे के साथ निकलने के दिन बीत चुके थे इसलिए फोटोग्राफरों की फौज तैयार हो रही थी....

इंग्लैंड के अखबारों की कतरनें हिन्दुस्तानी अखबारों में दूसरे दिन चिपकी नज़र आती थी.... कि रानी ने एक ऐसा हल्के नीले रंग का सूट बनवाया है, जिसका रेशमी कपड़ा हिन्दुस्तान से मंगवाया गया है... कि करीब 400 पौंड खर्चा उस सूट पर आया है।

रानी ऐलिज़ाबेथ की जन्मपत्री भी छपी। प्रिन्स फिलिप के कारनामे छपे, और तो और उनके नौकरों, बावर्चियों, खानसामों, अंगरक्षकों की पूरी-की-पूरी जीवनियां देखने में आई ! शाही महल में रहने और पलनेवाले कुत्तों तक की जीवनियाँ देखने में आईं !

बड़ी धूम थी। बड़ा शोर-शराबा था। शंख इंग्लैंड में बज रहा था, गूँज हिन्दुस्तान में आ रही थी।

इन अख़बारों से हिन्दुस्तान में सनसनी फैल रही थी। नई दिल्ली ने अपनी तरफ देखा और बेसाख़्ता मुंह से निकल गया ङ्कवह आएं हमारे घर, खुदा की रहमत... कभी हम उनको कभी अपने घर को देखते हैं। और देखते-देखते नई दिल्ली का कायापलट होने लगा।

और करिश्मा तो यह था कि किसी ने किसी से नहीं कहा, किसी ने किसी को नहीं देखा- पर सड़कें जवान हो गई, बुढ़ापे की धूल साफ हो गई। इमारतों ने नाज़नीनों की तरह श्रृंगार किया....

लेकिन एक बड़ी मुश्किल पेश थी.... वह थी जार्ज पंचम की नाक ! नई दिल्ली में सब कुछ था, सब कुछ होता जा रहा था, सब कुछ हो जाने की उम्मीद थी, पर पंचम की नाक की बड़ी मुसीबत थी ! दिल्ली में सब कुछ था...सिर्फ नाक नहीं थी।

इस नाक की भी एक लम्बी दास्तान है। इस नाक के लिए बड़े तहलके मचे थे किसी वक्त ! आन्दोलन हुए थे। राजनीतिक पार्टियों ने प्रस्ताव भी दिये थे। गर्मागर्म बहसें भी हुई थीं। अखबारों के पन्ने रंग गए थे। बहस इस बात पर थी कि जार्ज पंचम की नाक रहने दी जाए या हटा दी जाए ! और जैसा कि हर राजनीतिक आन्दोलन में होता है, कुछ पक्ष में थे कुछ विपक्ष में और ज्यादातर लोग खामोश थे। ख़ामोश रहनेवालों की ताकत दोनों तरफ थी...

यह आन्दोलन चल रहा था। जार्ज पंचम की नाक के लिए हथियारबंद पहरेदार तैनात कर दिए गए थे.... क्या मजाल कि कोई उनकी नाक तक पहुँच जाए। हिन्दुस्तान में जगह-जगह ऐसी नाकें खड़ी थीं और जिन तक लोगों के हाथ पहुँच गये उन्हें शानों ङ्कशौकत के साथ उतारकर अजायबघरों में पहुँचा दिया गया। शाही लाटों की नाकों के लिए गुरिल्ला युद्ध होता रहा।.....

उसी ज़माने में यह हादसा हुआ-इंडिया गेट के सामने वाली जार्ज पंचम की लाट की नाक एकाएक गायब हो गई ! हथियारबंद पहरेदार अपनी जगह तैनात रहे। गश्त लगाते रहे...और लाट चली गई।

रानी आए और नाक न हो ! ...एकाएक यह परेशानी बढ़ी। बढ़ी सरगर्मी शुरू हुई। देश के ख़ैरख़्वाहों की एक मीटिंग बुलाई गई और मसला पेश किया गया कि क्या किया जाए ?'' वहां सभी एकमत से इस बात पर सहमत थे कि अगर यह नाक नहीं है, तो हमारी भी नाक नहीं रह जाएगी....

उच्च स्तर पर मशवरे हुए। दिमाग खरोंचे गए और यह तय किया गया कि हर हालत में इस नाक का होना बहुत जरूरी है। यह तय होते ही एक मूर्तिकार को हुक्म दिया गया कि फौरन दिल्ली में हाजिर हो। मूर्तिकार यों तो कलाकार था, पर ज़रा पैसे से लाचार था। आते ही उसने हुक्कामों के चेहरे देखे ... अजीब परेशानी थी उन चेहरों पर; कुछ लटके हुए थे, कुछ उदास थे और कुछ बदहवास थे। उनकी हालत देखकर लाचार कलाकार की आँखों में आँसू आ गए ....तभी एक आवाज सुनाई दी ''मूर्तिकार ! जार्ज पंचम की नाक लगनी है।''

मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया नाक लग जाएगी पर मुझे पता होना चाहिए कि यह लाट कब और कहां बनी थी ? इस लाट के लिए पत्थर कहाँ से लाया गया था ?''

सब हुक्कामों ने एक -दूसरे की तरफ ताका...एक की नज़र ने दूसरे से कहा कि यह बताना ज़िम्मेदारी तुम्हारी है ! खैर मामला हल हुआ। एक क्लर्क को फोन किया गया और इस बात की पूरी छानबीन करने का काम सुपुर्द कर दिया गया !.... पुरातत्त्व विभाग की फाइलों के पेट चीरे गये, पर कुछ भी पता नहीं चला। क्लर्क ने लौटकर कमेटी के सामने कांपते हुए बयान किया- ''सर ! मेरी खता माफ हो फाइलें सब कुछ हज़्म कर चुकी हैं !''

हुक्मरानों के चेहरों पर उदासी के बादल छा गए । एक खास कमेटी बनाई गई और उसके जिम्मे यह काम दे दिया गया कि जैसे भी हो यह काम होना है और इस नाक का दारोमदार आप पर है । आखिर मूर्तिकार को फिर बुलाया गया...उसने मसला हल कर दिया । वह बोला-'पत्थर की किस्म का ठीक पता नहीं चलता, तो परेशान मत होइए...मैं हिन्दुस्तान के हर पहाड़ पर जाऊँगा और ऐसा ही पत्थर खोजकर लाऊँगा !' कमेटी के सदस्यों की जान-में-जान आई । सभापति ने चलते-चलते गर्व से कहा-'ऐसी क्या चीज है जो अपने हिन्दुस्तान में मिलती नहीं । हर चीज़ इस देश के गर्भ में छिपी है...जरूरत खोज लाने की है...खोज करने के लिए मेहनत करनी होगी, इस मेहनत का फल हमें मिलेगा...आने वाला जमाना खुशहाल होगा।'

वह छोटा-सा भाषण फौरन अखबारों में छप गया ।

मूर्तिकार हिन्दुस्तान के पहाड़ी प्रदेशों और पत्थरों की खानों के दौरे पर निकल पड़े। कुछ दिन बाद वह हताश लौटे, उनके चेहरे पर लानत बरस रही थी, उन्होंने सिर लटकाकर खबर दी- 'हिन्दुस्तान का चप्पा-चप्पा खोज डाला, पर इस किस्म का पत्थर कहीं नहीं मिला। यह पत्थर विदेशी है!'

सभापति ने तैश में आकर कहा-'लानत है आपकी अक्ल पर ! विदेशों की सारी चीज हम अपना चुके हैं...दिल-दिमाग, तौर-तरीके और रहन-सहन...जब हिन्दुस्तान में बॉल डांस तक मिल जाता है तो पत्थर क्यों नहीं मिल सकता !'

मूर्तिकार चुप खड़ा था । सहसा उसकी आँखों में चमक आ गई । उसने कहा- 'एक बात मैं कहना चाहूंगा, लेकिन इस शर्त पर कि यह बात अखबारवालों तक न पहुंचे...'

सभापति की आँखों में भी चमक आई । चपरासी को हुक्म हुआ और कमरे के सब दरवाजे बन्द कर दिए गए । तब मूर्तिकार ने कहा- 'देश में अपने नेताओं की मूर्तियाँ भी हैं...अगर इजाजत हो...अगर आप लोग ठीक समझें, तो मेरा मतलब है, तो...जिसकी नाक इस लाट पर ठीक बैठे. उसे उतार लाया जाए...'

सबने सबकी तरफ़ देखा । सबकी आँखों में एक क्षण की बदहवासी के बाद खुशी तैरने लगी । सभापति ने धीमे से कहा- 'लेकिन बड़ी होशियारी से !'

और मूर्तिकार फिर देश-दौरे पर निकल पड़ा । जार्ज पंचम की खोई हुई नाक का नाप उसके पास था । दिल्ली से वह बम्बई पहुंचा...दादाभाई नौरोजी, गोखले, तिलक, शिवाजी, कावस जी जहाँगीर-सबकी नाकें उसने टटोलीं, नापीं और गुजरात की ओर भागा-गांधीजी, सरदार पटेल, विठ्ठलभाई पटेल, महादेव देसाई की मूर्तियों को परखा और बंगाल की ओर चला-गुरूदेव रवीन्द्रनाथ, सुमाषचन्द्र बोस, राजा राममोहन राय आदि को भी देखा, नाप-जोख की और बिहार की तरफ चला । बिहार होता हुआ उत्तर प्रदेश की ओर आया...चन्द्रशेखर आजाद, बिस्मिल, मोतीलाल नेहरु, मदमोहन मालवीय की लाटों के पास गया...घबराहट में मद्रास भी पहुंचा, सत्यमूर्ति को भी देखा, और मैसूर, केरल आदि सभी प्रदेशों का दौरा करता हुआ पंजाब पहुंचाज्लाला लाजपतराय और भगतसिंह की लाटों से मी सामना हुआ । आखिर दिल्ली पहुंचा और अपनी मुश्किल बयान की- 'पूरे हिन्दुस्तान की मूर्तियों की परिक्रमा कर आया । सबकी नाकों का नाप लियाज्पर जार्ज पंचमज्की नाक से सब बड़ीजनिकलीं!..'

सुनकर सब हताश हो गए और झुंझलाने लगे । मूर्तिकार ने ढाढ़स बंधाते हुए आगे कहा, 'सुना था कि बिहार सेक्रेटेरियट के सामने सन् ब्यालीस में शहीद होनेवाले तीन बच्चों की मूर्तियाँ स्थापित हैं...शायद बच्चों की नाक ही फिट बैठ जाए, यह सोचकर वहाँ भी पहुंचा पर...इन तीनों की नाकें भी इससे कहीं बड़ी बैठती हैं । अब बताइए, मैं क्या करूँ ?'

...राजधानी में सब तैयारियां थीं । जार्ज पंचम की लाट को मल-मलकर नहलाया गया था । रोगन लगाया गया था। सब कुछ था, सिर्फ नाक नहीं थी !

बात फिर बड़े हुक्मरानों तक पहुंची । बड़ी खलबली मचीज्अगर जार्ज पंचम के नाक न लग पाई, तो फिर रानी का स्वागत करने का मतलब ? यह तो अपनी नाक कटानेवाली बात हुई ।

लेकिन मूर्तिकार पैसे से लाचार था...यानी हार माननेवाला कलाकार नहीं था । एक हैरतअंगेज ख्याल उसके दिमाग में कौंधा और उसने पहली शर्त दुहराई । जिस कमरे में कमेटी बैठी हुई थी, उसके दरवाजे फिर बन्द हुए और मूर्तिकार ने अपनी नई योजना पेश की- 'चूँकि नाक लगना एकदम जरुरी है, इसलिए मेरी राय है कि चालीस करोड़ में से कोई एक जिंदा नाक काटकर लगा दी जाए...'

बात के साथ ही सन्नाटा छा गया । कुछ मिनटों की खामोशी के बाद सभापति ने सबकी ओर देखा । सबको परेशान देखकर मूर्तिकार कुछ अचकचाया और धीरे-से बोला- 'आप लोग क्यों घबराते हैं । यह काम मेरे ऊपर छोड़ दीजिए...नाक चुनना मेरा काम है...आपकी सिर्फ इजाजत चाहिए !'

कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाजत दे दी गई ।

अखबारों में सिर्फ इतना छपा कि नाक का मसला हल हो गया है और राजपथ पर इण्डिया गेट के पास वाली जार्ज पंचम की लाट के नाक लग रही है।

नाक लगने से पहले फिर हथियारबंद पहरेदारों की तैनाती हुई । मूर्ति के आस-पास का तालाब सुखाकर साफ किया गया । उसकी खाद निकाली गई । और ताजा पानी डाला गया, ताकि जो जिन्दा नाक लगाई जाने वाली थी वह सूखने न पाए । इस बात की खबर औरों को नहीं थी । यह सब तैयारियां भीतर-भीतर चल रही थीं । रानी के आने का दिन नजदीक आता जा रहा था । मूर्तिकार खुद अपने बताए हल से परेशान था । जिन्दा नाक लाने के लिए उसने कमेटीवालों से कुछ और मदद मांगी । वह उसे दी गई । लेकिन इस हिदायत के साथ कि एक खास दिन हर हालत में नाक लग जाएगी।

और वह दिन आया ।

जार्ज पंचम के नाक लग गई ।

सब अखबारों ने खबरें छापीं कि जार्ज पंचम के जिंदा नाक लगाई गई है...यानी ऐसी नाक जो कतई पत्थर की नहीं लगती ।

लेकिन उस दिन के अखबारों में एक बात गौर करने की थी । उस दिन देश में कहीं भी किसी उद्घाटन की खबर नहीं थी । किसी ने कोई फीता नहीं काटा था । कोई सार्वजनिक सभा नहीं हुई थी । कहीं भी किसी का अभिनंदन नहीं हुआ था, कोई मानपत्र भेंट करने की नौबत नहीं आई थी । किसी हवाई अड्डे या स्टेशन पर स्वागत-समारोह नहीं हुआ था । किसी का ताजा चित्र नहीं छपा था।

सब अखबार खाली थे ।

पता नहीं ऐसा क्यों हुआ था ?

नाक तो सिर्फ एक चाहिए थी और वह भी बुत के लिए।

संदर्भ : 30 अक्टूबर, मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख्तर का स्मृति दिवस

# ऐ मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया...

■ ज़ाहिद ख़ान

वे सरापा ग़ज़ल थीं। उन जैसे ग़ज़लसरा न पहले कोई था और न आगे होगा। ग़ज़ल के बिना बेगम अख़्तर अधूरी हैं और बेगम अख़्तर बग़ैर ग़ज़ल। बेगम अख़्तर ने बतलाया कि ग़ज़ल सिर्फ़ पढ़ी ही नहीं जाती, बल्कि इसे संगीत में ढालकर गाया भी जा सकता है। वे बेगम अख़्तर ही थीं, जिन्होंने सबसे पहले कहा, ग़ज़ल भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा का हिस्सा है। एक अहम बात और जो उन्हें अज़ीम बनाती है, उस दौर में जब महिलाएं साहित्य, संगीत और कला हर क्षेत्र में कम दिखलाई देती थीं, तब बेगम अख़्तर देश की उन चुनिंदा गायिकाओं सिद्धेश्वरी देवी, गौहरजान कर्नाटकी, गंगूबाई हंगल, अंजनीबाई मालपकर, मोगूबाई कुर्डीकर, रसूलन बाई में से एक थीं, जिन्होंने सार्वजनिक कॉन्सर्ट दिए। और भारतीय समाज को बतलाया कि महिलाएं भी भारतीय शास्त्रीय संगीत, उप-शास्त्रीय संगीत के गायन में किसी से कम नहीं। 1960 के दशक के मध्य में जब एलपीज चलन में आए, तो जो शुरुआती रिकॉर्डिंग आईं, उसमें भी बेगम अख़्तर के ग़ज़लों की रिकॉर्डिंग थीं। वे बड़े बेलौस अंदाज़ में, बिना किसी तनाव के महफ़िलों में खुलकर गाती थीं। हारमोनियम पर उनके हाथ पानी की तरह चलते थे। अख़्तरीबाई फ़ैज़ाबादी बैठकी और खड़ी दोनों ही तरह की महफ़िलों में गायन के लिए पारंगत थीं।

एक दौर था, जब बेगम अख़्तर के अलावा ग़ज़ल गायन के मैदान में दूर-दूर तक कोई नहीं था। उन्होंने ही उप-शास्त्रीय संगीत में ग़ज़ल को सम्मानजनक मुक़ाम तक पहुंचाया। बेगम अख़्तर ज़्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं। बावजूद इसके उर्दू और फ़ारसी अल्फ़ाज़ों से लबरेज ग़ज़लों के तलफ़्फ़ुज़ को वे बड़े ही सरलता से पकड़ लेती थीं और इस अदायगी से गाती थीं कि सुनने वालों के मुंह से वाह-वाह ही निकलता था। उर्दू अदब से उन्हें मुहब्बत थी, ख़ास तौर पर बेहतरीन शायरी उनकी कमजोरी थी। जो कलाम उन्हें पसंद आ गया, अपनी बेहतरीन गायकी से उन ग़ज़लों में उन्होंने रूह डाल दी। बेगम अख़्तर ने जिस शायर का कलाम गा दिया, वह ज़िंदा जावेद हो गया। ग़ज़ल के अलावा बेगम अख़्तर ने भारतीय उप शास्त्रीय गायन की सभी विधाओं मसलन ठुमरी, दादरा, कहरवा, ख्याल, चैती, कजरी, बारामासा, सादरा वगैरह में भी उसी महारथ के साथ गाया। वे ठेठ देशी ढंग से ठुमरी गाती थीं। उनकी ठुमरी में कभी-कभी बनारस के लोक गीतों की शैली का असर भी दिखलाई देता था। बेगम अख़्तर ने ठुमरी, दादरा और ग़ज़ल को शास्त्रीय संगीत के बराबर लाकर खड़ा किया और बड़े-बड़े दिग्गज उस्तादों से अपनी गायकी का लोहा मनवाया।

'उल्टी हो गईं सब तदबीरें', 'दिल की बात कही नहीं जाती (मीर तक़ी मीर), 'वो जो हम में तुम में क़रार था, तुम्हें याद...' (मोमिन ख़ान 'मोमिन'), 'ज़िक्र उस परीवश का और फ़िर....', 'वो न थी हमारी किस्मत..' (मिर्ज़ा ग़ालिब), 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', 'मेरे हमनफ़स, मेरे हमनवा..' (शकील बदायुनी), 'दीवाना बन जाना..' (ख़ुमार बाराबंकवी), 'आये कुछ अब्र कुछ शराब आए...' (फ़ैज़ अहमद फ़ैज़), 'कोई ये कह दे गुलशन-गुलशन, लाख बलाएं...(जिगर मुरादाबादी), 'इतना तो ज़िंदगी में किसी की ख़लल पड़े..' (कैफ़ी आज़मी), 'कुछ तो दुनिया की इनायत ने दिल तोड़ दिया' (सुदर्शन फ़ाकिर), 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे..' (बहजाद लखनवी), 'सख़्त है इश्क़ की रहगुज़र..' (शमीम जयपुरी), 'अब छलकते हुए सागर नहीं देखे जाते' (अली अहमद जलीली) बेगम अख़्तर द्वारा गायी, वे ग़ज़लें हैं, जो उन्हीं के नाम और गायन से जानी जाती हैं। जिसमें भी उनकी ये ग़ज़ल 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', उस ज़माने में नेशनल ऐन्थम की तरह मशहूर हुई। वे जहां जातीं, सामयीन उनसे इस ग़ज़ल की फ़रमाइश ज़रूर करते।

बेगम अख़्तर की आवाज़ में पुरबिया, अवधी और भोजपुरी बोलियों की मिठास थी। उन्होंने ग़ज़ल के अलावा लोक संगीत को भी अपनी आवाज़ दी। मिसाल के तौर पर उनकी कुछ उप शास्त्रीय बंदिशें जो उस समय ख़ूब मशहूर हुईं, वे इस तरह से हैं-'हमरी अटरिया पे आओ संवरिया..', 'कोयलिया मत कर पुकार करेजवा लागे..', 'छा रही काली घटा जिया मेरा लहराये', 'पपीहा धीरे-धीरे बोल', %हमार कही मानो हो राजा जी', 'कौन तरह से तुम खेलत होरी', 'जब से श्याम सिधारे..'। बेगम अख़्तर ज़्यादातर ख़ुद ही अपनी ग़ज़लों और तमाम उप शास्त्रीय गायन की धुन तैयार करती थीं। यही नहीं गायन में वे कहन को ज़रूरी मानती थीं। उनका मानना था, जो भी गाओ खुलकर गाओ। बेगम अख़्तर की शख़्सियत और गायन में ग़ज़ब का जादू था। लाखों लोग उन पर फ़िदा थे और आज भी बेगम अख़्तर के गायन के जानिब उनकी चाहतें कम नहीं हुई हैं।



-समीक्षा -

# तीन युवा कवियों की पदचाप:त्रिपथ

■ राज बोहरे

बोधि प्रकाशन जयपुर से %त्रिपथ% के नाम से तीन कवियों का कविता संकलन पिछले दिनों प्रकाशित हुआ है, जिसका संपादन और कविता चयन ब्रज श्रीवास्तव ने किया है, संपादक का कौशल सँग्रह में झांकता है। इस त्रिपथ (तीन पथ) के नाम से ख्यात संग्रह में तीन युवा कवि आनंद सौरभ उपाध्याय की 30, पद्मनाभ की 31 और मिथिलेश राय की 30 कविताएं सम्मिलित हैं । संग्रह में तीन खंड हैं, प्रत्येक खंड में कवि का आत्मकथ्य व प्रत्येक कवि पर संपादक की टिप्पणी भी लिखी गई है।

पहला खंड आनंद सौरभ उपाध्याय पर केंद्रित है। कवि खुद के बारे में लिखते हैं %आसपास की समस्याएं जिंदगी के रंग समाज में व्याप्त अंधविश्वास, भौतिकवादी दौड़, राजनीतिक उथल-पुथल मेरी कविताओं के लिए प्रेरक स्थिति पैदा करती हैं।% ब्रज श्रीवास्तव ने आनंद सौरभ के बारे में लिखा है, %वह वस्तु तथा राजनीतिक और सामाजिक चिंताओं के संभावनाशील कवि हैं ।%कविता के बारे में आनंद की दो कविताएं हैं -कवि के हाथ की चाय और समीक्षक ।

विचार और दर्शन प्रधान कविताओं के शीर्षक हैं, दुख ही जन्मा, तेरी मिट्टी, धारणा, मौन, बुराई, फ़िक्र, सच का संघर्ष, धुंधली याद, इंतजार, और मर्यादाहीन । मन में धीमे से प्रवेश पाती बुराई के बारे में कविता %बुराई% का अंश दृष्टव्य है- आखिर/आकर बैठ गई/अंतर्मन में/कोई लगाव नहीं/कोई चाह नहीं/फिर भी/बचते बचाते/आ ही जाती/बुराई/और मैं/बुरा हो जाता...

%घटिया निर्माण% कविता देखिए-हिस्सों में सबका ख्याल/उछलकर शराफत की पगड़ी/वो रचते हैँ झूठ का संसार/और बनाते हैं हर बार/बूंद-बूंद टपकती छतें/छत के गिरने तक !

आनंद सौरभ को कभी-कभी धार्मिक पाखंड और धार्मिक विद्वेष से क्षोभ होता है । कवि अपना ईश्वर %दुख से उपजा ईश्वर % बताते हैं। धर्म से जुड़े हुए उनके विचार रचनागत रूप में पाठकों के सामने कविता के रूप में अमूमन आते हैं और उनकी इस तरह की कविताएं धर्मांधता, मेरे ईश्वर का जन्म, हमको देखने को मिलती है,एक अंश देखिए-ईश्वर का जन्म तो/मेरे दुखों के बाद हुआ/विषम परिस्थिति में पुस्तकों के प्रति कवि को बहुत प्रेम है, वे कहते हैं कि किताबें अपना काम करना बंद नही करतीं,जबकि मनुष्य उनकी बेकदरी करता है। उन्होंने किताबें 1 व 2 शीर्षक से कविताएं लिखी हैं! एक अंश देखिए-एक तुम हो कि/घर की साफ सफाई में/निकालते रहे उन किताबों को ही/जिन्हें पढ़कर सभ्य/हुए तुम/इतने सभ्य ?/कि थोड़े लालच में रद्दी के भाव/बेच दिया/उन्हें।

संकलन के संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने पद्मनाभ के बारे में लिखा है %प्रेम, स्त्री और सत्ता इस कविता के केंद्रीय पद कहे जा सकते हैं।%

पद्मनाभ के भी कुछ अपने प्रिय विषय हैं, उनके अपने कुछ अनूठे विचार हैं । व्यवस्था के विरोध में वे चुप नहीं रहते , अपनी कविता के मार्फ़त, अपने रोष और असंतुष्टि को प्रकट करते हैं । %यह दौर तुम्हारे साथ हूं% का अंश देखिए-अगर तुम गाय हो/तो मुद्दा बना देंगे/अगर तुम बैल हो/तो तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता/अगर तुम शेर हो/तो पिंजरा तैयार है/अगर तुम गूँगे हो/तो ये अच्छी बात है/यह दौर तुम्हारे साथ है।

अपने दार्शनिक विचारों को अनूठे ढंग से प्रकट करने वाले पद्मनाभ की कविताओं में एक तंज, एक रोष और क्षोभ दिखाई देता है। मृत्यु% कविता का अंश देखिए-जहां है कोई मुझसे चाहता है/मेरा शरीर एवं मुझसे जुड़े लाभ/पर वह स्वीकार करती/मुझे नि-शरीर/समेटती मुझे राख से/चाहती केवल मेरी आत्मा/उसकी यही आत्मीयता मुझे प्रिय है!

> शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं

राजनीति भी पद्मनाभ के निशाने से हटी नहीं है, जब उन्हें राजनैतिक विचार और सत्ताधीश की कार्यवाहियों से क्षोभ होता है, तो वह आग उगलती कविता लिखते हैं। सत्तानामा का अंश देखिए-आगे उसने भी भरोसा नहीं किया/किसी पर, सिवाय खुद के/न ही खुद/भरोसेमंद बना किसी के लिए/इसी %अ%% भरोसे के भरोसे /वह एक/ताक़तवर राजा बना रहा!

अपनी प्राचीन परंपरा से मोह रखते हुए कवि ने बड़ी सशक्त कविता %बूढ़ा गांव % कविता लिखी है , इसका अंश देखिए-

मेरा गांव /जब भी अपने गांव से लौट कर आता हूं /स्मृतियों य और विस्मृतियों से भर जाता हूं/ कितना जवान था वो

शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं होगी/

पर्यावरण से जुड़ी कविताओं में पेड़ का विश्वासघात (पृष्ठ 78) भी उल्लेखनीय है। क्लासिक ग्रंथ या शास्त्रीय पुस्तक से अनुराग प्रकट करती और उसके प्रति निष्ठा बताती कविता काश मुझे पढ़ लिया होता(59) उन्होंने लिखी है, तो स्त्री की संवेदना उसके दुख दर्द और अनुभूतियों को प्रकट करती उनकी कविता देह(60) स्त्रियों ने रची है सभ्यता यह (पृष्ठ 82) पठनीय है। कविता के बारे में कवि बहुत गम्भीर हैं, इस विषय मे %नहीं लिखी कोई कविता%(58) जैसी कविता में वे कविता और उसके सृजन के बारे में लिखते हैं, - कई दिनों से नहीं लिखी कोई कविता/ ऐसा नहीं है कि मेरी लेखनी की आग बुझ गई है/ या कि मेरे विषय चुक चुके हैं/ अथवा मेरी संवेदना समाप्ति की ओर है

इस संग्रह के तीसरे खंड के कवि हैं मिथिलेश राय, उन्होंने आत्मकथ्य में लिखा है %मैं भूख, गरीबी, शोषण, अत्याचार ,जाति, नस्ल भेद पर कविता लिखते हुए प्रेम और सुंदरी को परे हटाकर नहीं देखता, क्योंकि दोनों ही जीवन के जरुरी हिस्से हैं। मिथिलेश की कविताओं में के बारे में संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने लिखा है %मिथिलेश की कविता में विषयों और अनुभवों की विविधता है, इसलिए उनके पास कविता के भरे पूरे संसार का एक प्रतिदर्श है।

मिथिलेश के सरोकार समाज के सब पक्षों से हैं, सारे संसार से हैं। गांव और पुरानी परंपरा के बारे में जब कविता लिखते हैं, तो अपनी आत्मीयता उड़ेलझ देते हैं. कविता किताब में वे किताब को सम्बोधित हो कर कहते हैँ- तुम्हीं ने सिखाया हर मुश्किल /समय की बारहखड़ी पढ़ना/ और कसकर थामें रहना धैर्य की डोर/

सिखाया तुम्हीं ने खूब और उदासी के बीच सुनना
आहट उम्मीद की
तुम ही से सीखा बार-बार
उठना गिरकर
जीवन जीना भी सिखाया
तुम्हीं ने ओ मेरी किताब

धर्म व ईश्वरीय सत्ता पर उनकी कविता ईश्वर पठनीय है

उठो /ए ईश्वर /तुम कब तक लड़ते रहोगे /अपनी ही धर्म ध्वजा के खातिर (ईश्वर 1)

सभी ने रखा केवल अपने ही/ अनुयायियों का ख्याल/ उन्हें ही किया उपकृत /केवल उन्हीं के सुख-दुख का/ लिया जिम्मा/

हर ईश्वर के अनुयाई /भरते रहे आपस में /अपने ईश्वर के लिए वे बने रहे/ एक दूसरे की जान के दुश्मन!

नासमझ कविता का यह अंश देखिए- कौए ने /कोयल से जने/ उन चूजों को भी/ अपने चूजों के/ समान ही पाला-पोसा/ दुलारा अपना ही/ समझकर/ कौए से बड़ा नासमझ/ तो देखा ही नहीं कहीं/ आज तक/ फिर भी/ कभी-कभी सोचता हूं/ दुनिया रहने तक/ बना रहे प्रेम/ इसके लिए उतना बुरा तो नहीं है/ कौए की तरह/ बेवकूफ बने रहना!

समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में उनकी कविता बारिश में कसक एक विशिष्ट प्रकार के भाव से भर देती है, तो काव्य करने के बारे में मोची का छाता की कविता उनको समकालीन कवियों से कुछ ऊंचा खड़ा कर देती है - मोची का छाता/ एक/ भरोसे जैसा है /जैसा भी है उसका है /काम करने की सहूलियत देता हुआ/ कविता, जैसी भी है मेरी है/ इंसान की तरह जीने में मदद करती हुई!

इस संकलन में शामिल तीनों कवि अभी उदीयमान कवि हैं, उन्होंने अभी कुछ वर्षों से लिखना शुरू किया है, उन सबके कविता के मुहावरे विकसित होने के दौर में हैं। उन्हें यश मिलेगा लेकिन तब जब वे खुद की शैली को एक पहचान देंगे। निश्चित ही तीनों की कविता सहित विचार और शैली की हिंदी साहित्य में पहचान कायम होगी, यानि तब बिना नाम पढ़े भी उनकी कविता को देख पाठक को उनका नाम याद आएगा। वह पहचान कर सकेगा कि यह आनंद सौरभ की या पद्मनाभ या मिथिलेश राय की है । तीनों कवियों ने प्रचलित विषयों से हटकर कविताएं लिखी हैं और हरेक ने कुछ विशिष्ट अनुभूतियां और विषयों पर कविताएं रची हैं यह एक उल्लेखनीय बात है । अभी तक कविता के दायरे से बाहर रहे भाव, विषयों पर कविता लिखना ऐसे युवा रचनाकारों की नई दृष्टि और विशिष्ट रचना धर्मिता कहीं जा सकती है । सामान्य बोलचाल की भाषा में अपनी काव्य परंपरा को ग्रहण कर यह तीनों कवि अपने रचना कर्म की पहली झलकी से एक संकलन के रूप में पाठकों को आत्म परिचय प्रदान करते हैं और पाठक इन्हें पढ़कर उत्साह के भाव से भर जाता है, तीनों के प्रति सराहना का भाव प्रकट होता है। निश्चित ही तीनों कवि आगे जाकर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेंगे। यह संकलन ब्रज श्रीवास्तव की दूरदर्शिता और एक सुविचारित नीति का पहला पुष्प है, यह संकलन उनके संपादकीय हुनर के लिए भी पाठक को आश्वस्त करता है ।

**पुस्तक त्रिपथ ( कविता संकलन) प्रकाशक- बोधि प्रकाशन कवि-आनंद सौरभ उपाध्याय, पद्मनाभ पाराशर, मिथिलेश राय मूल्य 150 पृष्ठ 128**

## हाना

दुबी म बाड़ा अरझावै।
दूबी ले बड़े गाड़ी ल रोक पाना संभव नइ हे, कोनो बड़े काम ल कोनो मनखे द्वारा झेंके रोके के कोशिश करे ले नइ रुक सके। तब ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छैंइहा-छांव, छइहां, परछाई
2. छंटइया- चयन करने वाला, साफ करने वाला
3. छंटल-चयन किया हुआ, साफ किया हुआ
4. छंटवइया- चयन कराने वाला
5. छंटउवनी- अलग कराने वाला, साफ करान वाला
6. छंटवाल- चयन कराया हुआ
7. छंटहा- साफ किया हुआ, अलग किया हुआ
8. छंटाक- एक सेर का सोलहवां भाग।
9. छंटाना- अलग-थलग पड़ जाना, चयन होना
10. छंटियइया- हाथ-पैर पटकने वाला, तड़पने वाला।

## लोक सेवा आयोग म चयन

सबले पहिली फुल फॉर्म म पीएससी के पूरा नाम पब्लिक सर्विस कमिशन (public service commission) होथे। इही ल हिंदी म लोक सेवा आयोग कहे जाथे। राष्ट्रीय स्तर पर यूपीएससी (UPSC) अउ राज्य स्तर म जेपीएससी, बीपीएससी और एमपीपीएससी सरिख परीक्षा होथे येमा पीएससी घलो एक हे।

पी एस सी म 35-40 के बीच के मनखे मन बइठ सकथें। येखर तैयारी बहुत कठिन हे। लइकामन ल बहुत मेहनत करे जाथे। तैयारी म ध्यान रखना हे के...पाठ्यक्रम ल समझंय, पाठ्य सामग्री सही चुनें,ध्यान केंद्रित करके रोज पढ़ंय। सही विषय के चुनाव करंय। लिखे के अभ्यास होना चाही। पुराना पेपर ल हल कर लेवंय। सकारात्मक बने राहंय।

पाठ्यक्रम ल समझे के बाद पढ़े बर सही विषय ले सम्बंधित सामग्री चुने बर परथे। येखर तैयारी बर आजकल बहुत अकन.पुस्तक मिल जथे। ऑनलाइन कोर्स घलो चलथे। घर म मोबाइल या लैपटॉप म पढ़ सकथें। कोनो विशेषज्ञ ले सलाह ले सकथें। येखर तैयारी बछर भर करे बर परथे। दैनिक अखबार घलो पढ़त रहना चाही।

एनसीईआरटी के किताब पढ़ना चाही। लिखे के बहुत अभ्यास करना चाही। मेंस म बड़े-बड़े उत्तर लिखे बर परथे। कम से कम समय म 200-400 शब्द तक लिखे के अभ्यास होना चाही। व्याकरण के गलती कमती होना चाही। तभे बने नम्बर मिलही।

पीएससी म एक प्रिलिम्स अउ दूसर मेंस परीक्षा होथे। मेंस म वैकल्पिक परीक्षा के चुनाव करना रहिथे। जेन विषय म रूचि हावय तेने विषय के चयन करना चाही। कुछ अनिवार्य विषय होथे, तैयारी सबो के करना चाही। पिछले बछर के पेपर मन ल हल कर लेना चाही। येखर ले अगले बछर म काये पूछ सकथे पता चल सकथे। सामान्य ज्ञान बढ़िया होना चाही येखर बर रोज अखबार पढ़ना चाही।

यूपीएससी याने आईएएस बर तीन स्तर म परीक्षा होथे। ये पीएससी म घलो होथे। पहला प्रारंभिक परीक्षा येमा दू पेपर होथे। दूसरा पेपर होथे रिजनिंग। जब रिजनिंग म 33प्रतिशत आथे तब ही दूसर पेपर चेक होथे। दूसर होथे मेंस परीक्षा या मुख्य परीक्षा। प्रारम्भिंक परीक्षा पास होय के बाद ही मेंस होथे। येमा सात पेपर होथे अउ चार दिन तक चलथे। येमा एक निबंध,एक लैग्वेज अउ पांच जी एस होथे।

तीसरा परीक्षा मौखिक होथे। येला इंटरव्यू कहे जाथे। मेंस के आधार ले ही मौखिक होथे। येमन ल पत्र द्वारा या फोन द्वारा बुलाये जाथे। येमा एक क्षेत्रीय भाषा अनिवार्य होथे। ये परीक्षा के बाद एसडीएम, डीएसपी, एआरटीओ, बीडीओ,अल्पसंख्यक अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, असिस्टेंट कमिश्नर व्यापार कर के पद मिलथे।

अभी पीएससी म जेन घोटाला होय हावय तेन कोश मेर होय होही? अतेक स्तर से गुजरत परीक्षा म घोटाला कइसे हो सकथे। बुद्धिमान के चयन होथे। एक परिवार के 18 मनखे एक साथ पीएससी पास होगे। जब परिवार के अतेक झन परीक्षा म शामिल हावंय त चेयरमेन ल पद छोड़ देना रहिस हे। ये तो साफ साजिश दिखत हावय। येमा तो एक ही बात आथे के पेपर आऊट कराये गे हावय। काबर के अतेक झन मन एक साथ रिजमिंग के परीक्षा पास हो सकथे। जब घोटाला होगे रहिस तब भी चेयरपर्शन ल इस्तीफा दे देना रहिस हे। ये घोटाला छत्तीसगढ़ के नाक काट के रख दे हावय। हो सकथे पेपर ल निकलवा के नम्बर ल देखही तब नम्बर भी बराबर दिखही मतलब नम्बर में घपला हे। पेपर आऊट के मामला आये। पूरा तार जुड़े हावय त साक्षात्कार म पास तो होबे करही।

**सुधा वर्मा**

## धान के महिमा

पींयर -पींयर धनहा बाली।
बिहना परथे सूरज लाली।।
घाम अगासा के वो सहिथे।
धान सोन कस चमकत रहिथे।।
चिरई-चिरगुन गाना गाथे।
घेरी-बेरी खेत म जाथे।।
पक्का-पक्का बीजा पाथे।
फोर-फोर के जम्मों खाथे।।
किसम-किसम के धान ल बोथे।
अब्बड़ पैदावार ह होथे।।
चारों मुड़ा सुघर ममहाथे।
देख किसनहा खुश हो जाथे।।
धरती के कोरा हरियाथे।
सुख के अंचरा कस लहराथे।।

**प्रिया देवांगन 'प्रियू', राजिम**

# सरद पुन्नी में बने मीठ खीर, उपास के पौरानिक महत्व

बछर भर म चौबिस पुन्नी आथे फेर सरद पुन्नी के अलगे महत्व होथे, बाकी दिन ले ये रथिया चंदा के अंजोर अऊ आकार जादा बड़े होथे। अस्वनी पाख के ये पुन्नी म चंदा के रंग नीला दिखथे अऊ येला कोजागिरी, रास, पूनम के पुन्नी घलो कहिथें। ये दिन चंदा सोलह कला ले भरे होथे, धन के देवी लक्ष्मी घूमे बर निकलथे। चंदा अंजोर ले अमृत के बरसा होथे जेन रथिया के बनाय खीर म गिरथे। उपास रहे ले अऊ रथिया नहाय ले बने फायदा होथे। उपास के महत्व खीर के फायदा, नीला रंग के चंदा, अवधि प्रभाव, ज्वार भाटा, दिमाग म असर आवव जानथन येकर ले जुड़े पौरानिक अऊ वैज्ञानिक गोठ बात।

छत्तीसगढ़ म तिहार मनाय के अलगे मजा हे जम्मो तीज तिहार आस्था अऊ बिस्वास संग मनाथन ओइसने सरद पुन्नी मनाय के परंपरा हे। नवरात अऊ दसेरा के बाद अस्वनी महिना म पुन्नी के दिन सरद पुन्नी मनाथन। पुन्नी के आगु दिन ले कातिक महीना लग जथे उही दिन ले बिहनिया कातिक नहाय बर शुरू करथन पुन्नी म लक्ष्मी दाई के उपास रहिथन, माने जाथे आजेच के दिन लक्ष्मी माता ह जन्म ले रहिस, बिहनिया लक्ष्मी दाई के पूजा के संगे संग उपास शुरू करथन, संझा बेरा ले चउंक म गाना-बजाना होथे। लोकगीत सुवा ददरिया जसगीत भोजली हमर संगी मन सुग्घर ढंग ले करथे, रथिया खीर बनाके अंजोरी रात भर छत म नहीं तो अंगना म खुल्ला रख के बिहनिया चार-पांच बजे खाय के सुरू करथन।

पुन्नी म चंदा सोलह कला ले भरे होथे, धन के देवी लक्ष्मी दाई घुमे बर निकलथे, चंदा अंजोर म अमृत बरसा होथे। नहाय ले फायदा घलो होथे, इही दिन भगवान कृष्ण हा महारास लीला रचाय रहिन। पुन्नी के रथिया ल चमत्कारिक अऊ चिकित्सा ले देखे जाथे। रथिया चंदा के अंजोर म बहुत से ताकत नीचे भुईयां म गिरथे ये अंजोर ह हमर तन म परथे त बहुते अकन बिमारी दुरिहा भाग जथे। आयुर्वेद विज्ञान ह कहिथे पुन्नी के रथिया ह बड़ अकन ताकत देथे तेन अंजोर ह चंदा ले निकलथे, पुन्नी के रथिया कमती कपड़ा पहिर के घूमना चाही। हमर तन



> छत्तीसगढ़ म तिहार मनाय के अलगे मजा हे जम्मो तीज तिहार आस्था अऊ बिस्वास संग मनाथन ओइसने सरद पुन्नी मनाय के परंपरा हे। नवरात अऊ दसेरा के बाद अस्वनी महिना म पुन्नी के दिन सरद पुन्नी मनाथन। पुन्नी के आगु दिन ले कातिक महीना लग जथे उही दिन ले बिहनिया कातिक नहाय बर शुरु करथन पुन्नी म लक्ष्मी दाई के उपास रहिथन, माने जाथे आजेच के दिन लक्ष्मी माता ह जन्म ले रहिस, बिहनिया लक्ष्मी दाई के पूजा के संगे संग उपास शुरु करथन, संझा बेरा ले चउंक म गाना-बजाना होथे।

ल फायदा करथे। माने जाथे रावण ह पुन्नी के रथिया आईना से अंजोर ल अपन बोड्डी म लावय वोकर ले ओकर ताकत अऊ बाढ़ जवय।

सरद पुन्नी म खीर के बड़ महत्व हे। रथिया खीर बना के बिहनिया खाय के परथा हवय येला लक्ष्मी दाई के परसाद माने जाथे, गांव गुड़ी मन म खीर बनाथन खीर ल बनाय बर चाऊर दूध शक्कर, गुड़, सोठ, काली मिरचा, इलायची, नरियर ल बारिक-बारिक काट के खीर म डार देथन, रथिया बारा बजे के बाद ओ खीर ल खुल्ला करके रखें जाथे। काबर ओमा चंदा के अंजोर आ सकय तहन बिहनिया चार-पांच बजे ले खाय अऊ बांटे के शुरू करथन ओ खीर ल खाय से बहुत फायदा होथे। तन ल रथिया में चंदा से निकले अंजोर म बड़ ताकत मिलथे ओ अंजोर खीर म आके समा जाथे, जेन मनखे ल खांसी के बिमारी हे तेन ल बड़ फायदा करथे अऊ बहुत से बिमारी ल दूरिहा रखथे। पुन्नी के खीर अमृत रथे जम्मो झन ल खाना चाही।

सरद पुन्नी म नीला रंग के चंदा दिखे के का कारन- साल भर म 24 पुन्नी होथे, बाकी दिन ले 14 फिसदी बड़का अऊ चमकदार दिखथे। बछर भर म एक पइत, सौ साल म 41 बार चंदा नीला रंग म नजर आथे, हर 3 साल म 13 बार सब ले बड़का दिखथे चंदा हा। 2018 म दू बार 31 जनवरी अऊ 31 मार्च एकरे संग इही बछर आफ्रीका, अमेरिका, यूरोप म घलो चंदा नीला रंग के दिखिस। आगू 2028, 2037 के बरस म दिखही। चंदा के अंजोर सुरज ऊपर निर्भर करथे, ओकर खुद के अंजोर नई रहाय, चंदा ले टकराके वापस अंजोर जमीन म आथे उही हमन ल दिखथे। धरती के सेती सुरूज के अंजोर चंदा म नई पड़य, तेकर सेती चंदा के रंग बदल जथे। कभु लाल, नारंगी, गुलाबी, नीला, सादा त कभु चकमक चकमक दिखथे। कतको घाव मउसम खराब अऊ परदूसन के सेती पींवरा नारंगी तको दिख जथे।

पुन्नी चंदा के अवधि 29 दिन 12 घंटा 44 मिनट के होथे, एकर सेती महिना म दू बार घलो पुन्नी आ जथे। ऐ दिन चंदा के परभाव बनेच तेज होथे, सरीर भीतरी खून म न्यूरान कोसिका काम करथे, येकर सेती मनखे जादा उत्तेजित अऊ भावुक हो जथे। पुन्नी के दिन चंदा धरती ले जुड़थे, ये समय सागर म ज्वार-भाटा के जन्म होथे। चंदा समुद्र के पानी ल उपर खिंचथे। मनखे के सरीर म 85 फिसदी पानी होथे, पुन्नी के दिन ये पानी के गति अऊ कई गुना बढ़ जथे। ये रात म जादा तालाबेली लगथे, बने नीद घलो नई आय, कम दिमाग वाला मनखे मन म कुछ कर लेव नइते मर जाव अइसन खयाल आथे। मंदाग्नि रोग माने पाचन सही नई होय, येमन ल खाना के बाद नसा जइसे लागथे, येकर ले न्यूरान कोसिका सुस्त हो जथे जेकर ले दिमाग में काबू नई रहय। भावना म जादा बहक जथे, अइसन मनखे मन ल पुन्नी के दिन गलत रास्ता ले जाथे तेकर पाय के उपास रहे के सलाह दिये जाथे।

**देव हीरा लहरी**
**चंदखुरी फार्म, रायपुर**

# बाबा बिल्होरन दास

**बियंग**

पहिली हमर देश ह कृषि प्रधान रिहिस अब बाबा प्रधान होगे हावे। कहे के मतलब हे कि बाबा मन काबा-काबा होगे हावे। अधर्मानन्द ले लेके निशर्मानन्द तक किसम- किसम के बाबा हमर चारो कोती अइसे चक्कर लगावथे जइसे गुड़ के चारो कोती चांटा या चांटी । खांसे-खखारे के पहिली घला बने चेत लगा के आजू- बाजू ल देखना पड़थे, डर लागथे कहूं थूकत बेरा भोरहा म कोन्हों बाबा उप्पर झन पड़ जाय, नहीं ते बाबा ह गुसिया के श्राप दे दिही। खने-कोड़े के बेर घला ध्यान रखना पड़थे कि कोन्हों बाबा ह भुइयां भीतरी समाधि लगा के बइठे तो नई होही?

मुख्य रूप ले बाबा मन के दू ठन बुता होथे। पहिली बुता प्रवचन झाड़ना अउ दूसर बुता दक्षिणा के हिसाब ले आशीर्वाद देना। एक दिन एक झन संगवारी ह बतावत रिहिस कि बाबा बिल्होरन दास ह दक्षिणा तो जमा के लिस फेर मोला सस्ता वाला आशीर्वाद थमा दिस तइसे लागथे। वोहा आशीर्वाद देवत कहे रिहिस कि जा तोर घर अन्न -धन्न, गौ - लक्ष्मी के भंडार भरही। फेर आज ले मोर घर अन्न- धन तो नई आइस बल्कि धरे रहेवं तहू धन ह ओला दक्षिणा देवई म सिरागे। बने दक्षिणा नई देबे तब अइसने एन्टी आशीर्वाद देथे तइसे लागथे।

बाबा बिल्होरन दास के नावेच ह बड़ा गजब के हे। संगवारी के गोठ सुनके उंखर संग भेंट करे के मोरो मन होय लगिस। मैं अपन संगवारी ल कहेंव - संगी! अभी तक किसम-किसम के बाबा मन के नाव सुनत रहेव फेर बाबा बिल्होरन दास के नाव पहली बेर सुनत हंव, नवा- नवा उद्गरे हे का?

संगवारी बताइस- नहीं, ओ तो बहुत सीनियर बाबा आय। बाबागिरी के मैदान जुन्ना खिलाड़ी। अपन गोठ बात म अपन भक्त मन ल अइसे बिल्होर देथे कि भक्त ह कंगला हो जथे अउ ओला पता घला नई चलय। जब तक भक्त ल पता चलते तब तक बाबा अंतर्ध्यान हो जथे अउ ओखर असिस्टेंट बाबा मरखण्डा नन्द के तो बातेच मत पूछ। जउन ल एक बेर उंखर आशीर्वाद मिल जथे ओहा एकेच बेर म सोझे ये भवसागर ले पार हो जथे। भक्त के भूत अउ वर्तमान के बात ल अइसे सऊंहत बता देथे कि भक्त खुदे भूत बन जथे। ओहा भविष्य भर के बात ल अपन मन रखथे जउन उंखर अंतर्ध्यान होय के बाद पता चलथे।

> अब तो बाबा मरखण्डा नन्द के दर्शन करके उंखर आशीर्वाद पाय के शउंख महुं ल चर्रागे। एक दिन के बात आय। मैं अपन फटफटी म गांव जावत रहेंव। एक ठन बड़का गांव के चउंके म पहुंचेव तब देखथंव के मनमाने भीड़ सकलाय रहय। भीड़ ह गोल खड़े रहय अउ भीतरी ले नदियां बइला बुगबुग-बुगबुग कहिके आवाज आवत रहय। महुं फटफटी ले उतर के भीड़ के तीर म पहुंचेव अउ एड़ी ऊंचाके देखे लगेंव।

बाबा मरखण्डा नन्द ह जउन बात ल बताथे ओला कले चुप सुने के आय। जादा आंय-तांय पुछबे तब खींच के लटारा चमकाथे। संगवारी के गोठ ल सुनके, मैं मन में गुनेंव- येहा बइहागे हे तइसे लागथे? तभे आंय- बांय गोठियात हे। येहा बाबा मन के गोठ गोठियावत हे धुन चिटफंड कंपनी वाले मन के?

एक तो येहा बाबा मन के नावेच ल ऊटपुटांग बताथे अउ दूसर लटारा-छटारा के बात घला करथे?

अब तो बाबा मरखण्डा नन्द के दर्शन करके उंखर आशीर्वाद पाय के शउंख महुं ल चर्रागे। एक दिन के बात आय। मैं अपन फटफटी म गांव जावत रहेंव। एक ठन बड़का गांव के चउंके म पहुंचेव तब देखथंव के मनमाने भीड़ सकलाय रहय। भीड़ ह गोल खड़े रहय अउ भीतरी ले नदियां बइला बुगबुग-बुगबुग कहिके आवाज आवत रहय। महुं फटफटी ले उतर के भीड़ के तीर म पहुंचेव अउ एड़ी ऊंचाके देखे लगेंव। नांदिया बईला के गोसाइया ह चिन्हें जाने असन लगिस। रब ले सुरता आगे, ये तो हमर पड़ोसी गांव के बईला कोचिया बुधारू आय।

कोचियाई म पहिली पैसा तो बहुत कमाय रिहिस फेर सब ल मंद-मउंहा, जुआ-ताश म फूंक घला डारे रिहिस। ओखर मेंरन एक ठन फुटहा ढोल, जुन्ना चिमटा अउ एक ठन बुड़गा बईला भर बांचे रिहिस, येहा कब बाबागिरी विभाग म पोस्टिंग पा गए हावे भाई? कब बाबा गिरी के कोर्स कर डारिस, ट्रेनिंग कर डारिस अउ इंखर नियुक्ति घला होगे। हम आज ले बेरोजगारेच घूमत हावन। ये विभाग म तो मनमाने पैसा झोरत हे बुधारू कका ह।

मैंहा जोर से चिचिया पारेंव- बुधारू कका!

ओहा मोर कोती ल देखिस, तीर म आइस अउ मोल समझावत किहिस- तोला भोरहा होवत हे बच्चा! मैंहा बुधारू कका नो हंव। मैंहा बाबा बिल्होरन दास अउ येहा मोर चेला बाबा मरखण्डा नन्द आय। सऊंहत नन्दी के अवतार, समझे? तैंहा नई पतियावस तब देख, मैंहा ह काहीं पूछहूं तेखर जवाब ये मोर चेला ह दिही।

बाबा ह पूछिस -बोल चेला! ये सब भक्त मन के गरीबी ह दूर होही या नहीं? मंहगाई कम होही या नहीं? बेरोजगार भगत मन ल रोजगार मिलहि की नहीं?

बाबा के सवाल सुनके चेला ह हंव कहिके अपन मुड़ीं ल डोलावय। ताहन भीड़ ह मनमाने थपड़ी पिटय अउ पैसा चढ़ावय। जउन ज्यादा पैसा चढ़ावय ओला बाबा मरखण्डा नन्द ह जादा आशीर्वाद देवय।

आशीर्वाद के लालच म दस रुपया के नोट निकाल के मैंहा बाबा मरखंडा नन्द के आघू म खड़े हो पारेंव। दस के नोट ल देख के वोहा मोर बर बगियागे अउ हुमेले बर दौड़गे। बाबा मरखण्डा नन्द ह चिल्ला के किहिस- अरे! तैंहा पाछू डहर ले आशीर्वाद ले जी, सौ, दो सौ, पांच सौ अउ हजार दक्षिणा वाला भक्त मन आघू डहर ले आशीर्वाद ले सकथे, समझे?

मैंहा डर के मारे ओखर पाछू कोती जा के पूछ पारेंव-देश के गरीबी अउ महंगाई कब दूर होही बाबा? मोर अतका पूछना रिहिस कि बाबा मरखण्डा नन्द ह अपन पाछू के दुनों गोड़ ल उठाके मोला जमा के लटारा जमा दिस। मोर थोथना ह फूटगे। मैंहा अपन मुड़ी ल धरके सोचत रहिगेंव, बाबा ल सही बात पूछबे तब लटारा जमा के आशीर्वाद देथे तइसे लागथे ददा। मोर किस्मत बने रिहिस तब ये भवसागर ले पार होय बर बांचगेंव। नहीं ते इंहचे निपट जाय रहितेंव। अब ये बाबा ल मरखण्डा नन्द कहवं कि लटारा नन्द? जय हो बाबा जी, तोर महिमा अपरंपार हे, क्षमा करबे ददा।

मैं अपने थोथना ओथारे, अपन घर लहुट गेंव।

**वीरेन्द्र सरल**

## सोंच समझ के चुनव सियान

छत्तीसगढ़ ला गजब मयारू,
सेवक चाही अटल जुझारू,
अड़बड़ दिन भोरहा म पोहागे,
निर्णय लेके बेरा आगे।
पिछलग्गू झन बनव, सुजान
सोंच समझ के चुनव सियान।।

करिया गोरिया जम्मो आही,
रंग रंग के सब बात सुनाही,
जोगी आही भोगी आही,
सत्ता लोलुप रोगी आही ।
कोन हितू, कोन बेंदरा मितान,
सोंच समझ के चुनव सियान ।।

एक झिन बड़का सरग निसेनी,
दूसर के अदभुत हे करनी,
ये नाग के नथइया,
ओ साप नचइया,
दुबिधा म मत परव रे भइया।
रसता सुझाही कुलेश्वर भगवान,
सोंच समझ के चुनव सियान।।

नहि खुरसी के किरवा चाही,
अऊर नहि मुड़ पिरवा चाही,
मां भारती के रक्षक पोषक,
हमला बिकास के बिरवा चाही।
ध्यान रखव जी गुरूजी के ज्ञान,
सोंच समझ के चुनव सियान।।

**-गजानंद प्रसाद देवांगन**
**छुरा**

# चंदैनी गोंदा के सर्जक : दाऊ रामचंद्र देशमुख

हमर छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति ह अब्बड़ समृद्ध हे। इहां के नाचा, रहस, पंडवानी, पंथी नृत्य, भरथरी, लोरिक चंदा, कर्मा, सुवा, ददरिया, रिलो नृत्य के सुघ्घर सोर हे। हमर छत्तीसगढ़ के सोर बगराय म रंगकर्मी हबीब तनवीर, मंदराजी दाऊ, दाऊ रामचंद्र देशमुख, महासिंह चंद्राकर, तीजन बाई,मदन निषाद, गोविंद राम निर्मलकर, लालू राम, झाड़ू राम देवांगन,पूना राम निषाद, खुमान साव, लक्ष्मण मस्तुरिया, शेख हुसैन, ममता चंद्राकर, कविता वासनिक , सुरूज बाई खांडे, अमृता बारले, नियाइक दास मानिकपुरी, झुमुक दास बघेल, रामाधार साहू जइसन कला साधक मन के गजब योगदान हे। दाऊ रामचंद्र देशमुख ह सांस्कृतिक जागरण के पितामह रहिन।

जब मोर जनम होइस वोकर ले दू साल पहिली 'चन्दैनी गोंदा' के स्थापना होगे रहिन हे। अउ जब येखर सर्जक श्रद्धेय दाऊ रामचंद्र देशमुख जी ह जब येला कोनो कारन ले आगू नइ चलइस त मात्र आठ साल के रहेंव। मेहा दाउ रामचन्द्र देशमुख जी द्वारा संचालित चन्दैनी गोंदा ल कभू नइ देखेंव। दाऊजी ले घलो कभू आमने- सामने भेंट नइ कर पायेंव। मोर अइसन सौभाग्य नइ रीहिस हे। मेहा 21 मार्च 1996 म दूरदर्शन केन्द्र रायपुर के कार्यक्रम 'एक मुलाकात' के तहत जब रामहृदय तिवारी जी ह दाऊजी ले 'गोठ बात' करे रीहिन हे वोला मेहा गजब रुचि लेके सुने रेहेंव। काबर कि मेहा कई ठक अखबार म श्रद्धेय दाऊ जी के जीवन परिचय, चन्दैनी गोंदा अउ कारी के बारे म पढ़े रेहेंव। उद्भट विद्वान डॉ. गणेश खरे जी के लेख के संगे-संग कुछ अउ विद्वान मन के लेख ल पढ़े रेहेंव। जब दूरदर्शन केन्द्र रायपुर ले ये गोठ-बात ह शुरु होइस त मेहा आखिरी होत तक टस से मस नइ होयेंव। ये भेंटवार्ता ले मोला छत्तीसगढ़ लोक कला मंच के विकास यात्रा म दाऊ रामचंद्र देशमुख जी के योगदान के सुग्घर जानकारी मिलिस। राम हृदय तिवारी जी ह दाऊ जी गजब अकन सवाल करिन कि देहाती कला विकास मंडल अउ चन्दैनी गोंदा के गठन अउ कारी, देवार डेरा के मंचन के का उद्देश्य रहिन हे। चन्दैनी गोंदा के पहिली इहां के नाचा अउ लोक कला मंच के कइसन दशा अउ दिशा रहिन हे। चन्दैनी गोंदा ल आप विसर्जित करे जइसे कठिन निर्णय काबर लेंव। अइसे का परीस्थिति अइस! ये सवाल तिवारी जी ह श्रद्धेय दाऊ जी ले करिन त वोहा एकदम भावुक होगे। वर्तमान म लोक कला मंच के दशा अउ दिशा ऊपर जब चर्चा चलिस तब दाऊ जी ह गजब उदास होगे अउ कहिस कि हमर छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान ल जगाय बर काम नइ हो पावत हे! लोक कला मंच के नाम म सिनेमा संस्कृति के जोर होगे हे! अइसे कहत-कहत दाउ जी ह एकदम गंभीर होगे।

दाऊ रामचंद्र देशमुख जी के जनम 25 अक्टूबर 1916 म बालोद जिला के डौंडीलोहारा विकासखंड के गांव पिनकापार म होय रहिस हे। वोकर पिता गोविंद प्रसाद बड़का किसान रिहिन। उंकर प्राथमिक शिक्षा गांव म होइस। फेर नागपुर विश्वविद्यालय ले बीएससी (कृषि) म स्नातक अउ वकालत के पढ़ाई करिन। ऊंकर बिहाव छत्तीसगढ़ के स्वप्न दृष्टा खूबचंद बघेल के बेटी राधा बाई ले होइस। बचपना ले वोहा दार्शनिक अउ चिंतक प्रवृत्ति के रिहिस। नानपन ले नाचा अउ नाटक देखे के सउक रहय। शादी के बाद बघेरा म रहिके उन्नत ढंग ले खेती-किसानी करिन। दाऊजी ह आयुर्वेदिक पद्धति ले अपन गांव बघेरा म लकवा अउ पोलियो मरीज मन के ईलाज करके जनसेवा करिन।

कला यात्रा के बात करथन त दाऊजी शुरु म पिनकापार म राम लीला मंडली के गठन करिन। वोहा खुद नाटक अउ राम लीला म भाग लेवय। वोहा 1950 म देहाती कला विकास मंडल के गठन करिस। येकर माध्यम ले अंचल म प्रचलित नाचा के प्रस्तुति म परिष्कार करिन. दाऊ जी कलाकार मन के खोज म गांव- गांव भटकिन।

येमा लाला फूलचंद श्रीवास्तवजी चिकारावाला (रायगढ़), ठाकुर राम जी, भुलवा (रिंगनी साज), खेली साज के मदन निषाद जी (गुंगेरी नवागाँव, डोंगरगॉव, राजनांदगांव) जइसे बड़का कलाकार शामिल होगे। दाऊजी ह ये कलाकार मन ल लेके काली माटी, बंगाल का अकाल, सरग अउ नरक, राय साहब मि. भोंदू खान साहब नालायक अली खां, मिस मैरी का डांस जइसे प्रहसन खेल के मनोरंजन के संगे-सँग जनता ल संदेश घलो दिस। दाऊ की मंडली ले जुड़े कुछ बड़का कलाकार मन प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीर तनवीर के नया थियेटर दिल्ली म शामिल होगे। सन् 1954 ले 1969 तक दाऊ जी ह अपन सबो समय ल जनसेवा अउ समाज सुधार म लगा दिन। कई साल तक शांत अउ गुमनामी के जिनगी गुजारिस। फेर अपन माटी के करजा ल छूटे के प्रेरणा ऊंकर अंतस म सदा ले समाय रहिन हे.अउ वोहा सामने आइस 20 बछर बाद 'चंदैनी गोंदा' के रूप म अउ 7 नवंबर 1971 म अपन गाँव बघेरा (दुर्ग) मा सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उद्देश्य लेके लोक सांस्कृतिक संस्था 'चन्दैनी गोंदा' के गठन करिन। चंदैनी गोंदा के स्थापना म 'चांद बी' नांव के एक बीमार अउ भूख ले तड़पत नोनी जउन ह दाऊ जी के घर भांजी मांगे बर आय रहिन। डर के मारे कोठ म दुबक गिस। येला देख के दाऊ जी के हिरदे म उथल-पुथल मच गे। वोला लगिस कि -'धान के कटोरा, प्रकृति के अब्बड़ खजाना हे हमर छत्तीसगढ़ पर दूसर कोति लगिस कि -'मानो इही छत्तीसगढ़ ये; गरीब, कमजोर,बीमार अउ डर्रावत।' फेर निकल पड़िन सांस्कृतिक पुनर्जागरण बर।

**पुरखा के सुरता**
**107 वीं जयंती**

बघेरा के बाद येकर प्रस्तुति पैरी, भिलाई, राजनांदगांव,धमधा,नंदिनी, धमतरी,झोला,टेमरी अउ जंजगिरी जइसन जगह म 50-50 हजार दर्शक मन के सामने होइस। चंदैनी गोंदा के प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के संगे संग उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली अउ मध्यप्रदेश म घलो सफलतापूर्वक होइस। अखिल भारतीय लोक कला महोत्सव यूनेस्को द्वारा आयोजित भोपाल सम्मेलन म कार्यक्रम के गजब प्रशंसा होइस।

चंदैनी गोंदा ह हमर छत्तीसगढ़ के कवि मन के लिखे गीत ले सजगे। दाऊ जी ह चंदैनी गोंदा के बड़का कार्यक्रम म इहां के साहित्यकार मन के सम्मान करके एक नवा उदिम करिन।

दाउजी ह चन्दैनी गोंदा, कारी के माध्यम ले छत्तीसगढ़िया मन के पीरा ल सामने लाइस। इहां के रहवासी मन के स्वाभिमान ल जगाइस। किसान,मजदूर अउ नारी मन के दयनीय दशा ल सामने ला के शोषक वर्ग मन के बखिया उधेड़िन।डॉ. सुरेश देशमुख चंदैनी गोंदा के प्रथम उद्घोषक, माखन लाल साव, जइसे उम्दा कलाकार सामने आइन।

चंदैनी गोंदा के बारे म संत कवि, भगवताचार्य पवन दीवान के कहना रहिन कि -' ये कार्यक्रम ह अत्तिक मार्मिक हे कि छत्तीसगढ़ के जनता ल अपन संस्कृति अउ इतिहास बर परान देय के प्रेरना देथे।' बुधियार साहित्यकार डॉ. गणेश खरे के बिचार रहिन कि-'चंदैनी गोंदा' सिरिफ मनोरंजन भर नइ करय बल्कि ये अंचल म जन जागृति लाय बर सुघ्घर उदिम करत हे। डॉ.मनराखन लाल साहू ह कहिन कि- छत्तीसगढ़ म जो कुछ सबले बढ़िया हे वोहा 'चंदैनी गोंदा' म हे।' खुद दाऊ जी ह चंदैनी गोंदा ल पूजा के फूल मानयं। गीतकार मन के गीत ले सजगे चंदैनी गोंदा के प्रसिद्धि म गीतकार मन के सुघ्घर योगदान हावय। शीर्षक गीत रविशंकर शुक्ल के रहिन - देखो फूलगे,चँदैनी गोंदा फूलगे,चंदैनी गोंदा फूलगे। लक्ष्मण मस्तुरिया के गीत- मंय छत्तीसगढ़ अंव गा,मोर संग चलव रे,जय होवय तोर, पड़की मैना, बखरी के तुमा नार, धरती के अंगना म चंदैनी गोंदा,मोर खेती खार रूनझुन, मन डोले रे माघ फगुनवा, कोदू राम दलित के - छन्नर छन्नर पइरी बाजय,राम रतन सारथी के सोन के चिरइया, द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र के धमनी हाट, प्यारेलाल गुप्त के झिलमिल दिया बुता देबे,पवन दीवान के तोर धरती तोर माटी, नारायण लाल परमार के गांव अभी दूरिहा हे,भगवती लाल सेन के बसदेव गीत, हेमनाथ यदु के सहर जातेन , चतुर्भुज देवांगन के माटी होही तोर चोला, राम कैलाश तिवारी के चलो जाबो रे भाई, ब्रजेन्द्र ठाकुर के दिया के बाती,धरम लाल कश्यप के गोली तंय काबर चलाय,लाला फूलचंद श्रीवास्तव के सोहर गीत - अइसन जनितेंव, मुकुंद कौशल के चलो बहिनी जाबो,डा. विनय पाठक के अन्ताज पाय रेहेंव, रामेश्वर वैष्णव के मोला जान दे संगवारी के संगे संग लोक गीत होइरे होइरे मोर मैना बोले रे, देवार मन के पारंपरिक गीत - गोदना गोदा ले, करमा सुने ला चले आबे का,नेंगी जोगी ले लेबे हरजाना, माड़ गयो दरबार म करसा जइसन गीत ले चंदैनी गोंदा ह सजगे। गायक-गायिका मन के सुमधुर आवाज, गजब के संगीत अउ अब्बड़ सुघ्घर नृत्य ले चंदैनी गोंदा के महक ह चारो मुड़ा ममहाय लगिस अउ ये प्रकार ले चंदैनी गोंदा के सोर सबो डहर बगरगे।

मेहा दाऊ जी द्वारा संचालित चन्दैनी गोंदा ल कभू नइ देखेंव पर बाद म लोक संगीत सम्राट श्रद्धेय खुमान साव जी द्वारा संचालित चंदैनी गोंदा ल घलो मात्र दो बार देख पायेंव।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षक चंदेनी गोंदा के सर्जक दाऊ जी ह 13 जनवरी 1998 म रात के 11 बजे अपन नश्वर शरीर ल छोड़ के स्वर्ग लोक चले गिस। दाऊ जी ह अपन यश रुपी शरीर ले हरदम जीवित रहि। दाऊ जी के स्मृति ल संजोय बर रामचंद्र देशमुख बहुमत सम्मान के स्थापना 1999 म करे गिस। पहली सम्मान बुधियार साहित्यकार, इतिहासकार, पत्रकार हरि ठाकुर ल प्रदान करे गिस। चंदैनी गोंदा- छत्तीसगढ़ की एक सांस्कृतिक यात्रा ' स्मारिका के विमोचन चंदैनी गोंदा के स्वर्ण जयंती प्रस्तुति के सुघ्घर बेरा म 7 दिसंबर 1976 म बघेरा म होय रहिन। येखर संपादक मंडल म बुधियार साहित्यकार त्रिभुवन पांडेय, नारायण लाल परमार सामिल रहिन. ये स्मारिका छत्तीसगढ़ बर एक धरोहर हे। येखर दूसरइया संस्करण दाऊ जी के भतीजा अउ चंदैनी गोंदा के पहली उद्घोषक डा. सुरेश देशमुख के संपादन म राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव के सहयोग ले 2021 म निकाले गे हावय।

श्रद्धेय दाउ जी ला शत् शत् नमन हे। विनम्र श्रद्धांजलि। दाऊ जी ह कहय- छत्तीसगढ़ के माटी करजा हे मोर ऊपर। मोर सबो कला साधना ये करजा ल चुकाय के एक उदिम हे।'

**-ओमप्रकाश साहू 'अंकुर'**
**सुरगी, राजनांदगांव**

## रूस गाजा में शांति के लिए इजरायल के संपर्क में : लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शनिवार को कहा कि रूस गाजा पट्टी में शांति स्थापित करने के लिए इजरायल के संपर्क में हैं। श्री लावरोव ने बेलारूस की न्यूज एजेंसी बेल्टा को दिए साक्षात्कार में कहा, हम इजरायलियों को संकेत भेज रहे हैं। हम उनके साथ पूर्ण रूप से संपर्क बनाए हुए हैं। हमारे राजदूत नियमित रूप से उनके साथ संवाद कर रहे हैं। हम शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता के बारे में संकेत भेज रहे हैं।



### `टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट का दावा

# इजरायलियों का अपनी सरकार पर नहीं भरोसा

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अक्टूबर को हमास द्वारा शुरू किए गए युद्ध के 19 दिन बाद, कई इजरायली मानते हैं कि हमास को उखाड़ फेंकने की जरूरत

■ **अब तक, इजरायल में 1,400 लोग मारे गए**

है, लेकिन उन्हें इस बात पर कोई भरोसा नहीं है कि उनकी अपनी सरकार ऐसी प्रक्रिया की निगरानी कर सकती है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक, इजरायल में 1,400 लोग मारे गए हैं जबकि 224 लोगों का हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इजरायल गाजा में जमीनी हमले की भी तैयारी कर रहा है, जबकि उत्तरी सीमा पर युद्ध बढ़ने की आशंका है। इजरायलियों ने सरकार और सुरक्षा प्रमुखों दोनों की विनाशकारी विफलताओं का हवाला देते हुए अपनी सरकार के खिलाफ चिंता व्यक्त की है। उनका मानना है कि वर्तमान व्यवस्था हमास के हमले को रोकने में विफल रही है और यह उस संकट का तुरंत जवाब देने में भी विफल रही है जिसने निहत्थे



नागरिकों को अपनी सुरक्षा के लिए छोड़ दिया है। इजरायलियों का यह भी मानना है कि धीमी रिजर्व कॉल-अप प्रक्रिया ने बुनियादी सैन्य उपकरणों में चौंकाने वाली कमी को उजागर किया है और अंततः लड़ाई से विस्थापित लोगों के समर्थन में सरकार की सुस्त नागरिक प्रतिक्रिया में कमी आई है।

इन जन भावनाओं को नए आंकड़ों का समर्थन प्राप्त है जो दर्शाता है कि सरकार पर इजरायलियों का भरोसा 20 साल के निचले स्तर 18 प्रतिशत पर है। टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया, हमास के हमले के बाद इजरायल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में केवल 20.5 प्रतिशत यहूदी इजरायलियों और 7.5 प्रतिशत अरब इजरायलियों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मंत्रिमंडल पर भरोसा है। (जून में, इन आबादी पर क्रमशः 28 प्रतिशत और 18 प्रतिशत मतदान हुआ।)

इसके विपरीत, इज़रायली सेना की विफलता के बावजूद, सुरक्षा बलों और मीडिया में विश्वास बढ़ा है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) में यहूदी इजरायलियों का भरोसा 2.5 प्रतिशत बढ़कर 87 प्रतिशत हो गया और अरब इजरायलियों का भरोसा इसी तरह 2 प्रतिशत से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया। कम से कम सात वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से अपने नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता के लिए दोषी ठहराया है, जिसमें आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ रक्षा मंत्री शिन बेट के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई लोगों के लिए, सरकार ने अपर्याप्त प्रतिक्रिया देकर 7 अक्टूबर की अपनी विफलता को और बढ़ा दिया है। रविवार को, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के लिए पारंपरिक गढ़ माने जाने वाले नेटिवोट मेयर ने नेतन्याहू को एक पत्र भेजकर सरकार पर उनकी नगर पालिका को छोड़ने का आरोप लगाया। आलोचना के बढ़ते स्वर में यह नवीनतम घटना है जिसने लिकुड के प्रसिद्ध वफादार आधार को भी तोड़ दिया है। नेतन्याहू को पहली बार हमला किए गए समुदायों का दौरा करने में एक सप्ताह और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों से मिलने में आठ दिन लगे। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दिनों में हमास द्वारा चार लोगों को रिहा किए जाने के बाद भी उनकी रिहाई पर बातचीत की प्रक्रिया अभी भी अच्छी तरह से ज्ञात नहीं है। रिहा किए गए बंधकों में इजरायली सरकार की भागीदारी न्यूनतम बताई गई है। बंधक संकट से निपटने के लिए नेतन्याहू सरकार की भी भारी आलोचना हुई है और रिश्तेदारों ने शिकायत की है कि सरकारी प्रतिनिधियों के साथ उनका कोई संपर्क नहीं है। हमले के शुरुआती दिनों में, नागरिक समाज और निजी व्यक्तियों ने शून्य में कदम रखा, लापता परिवार के सदस्यों के वर्तमान या अंतिम-ज्ञात ठिकाने का सुराग पाने की उम्मीद के साथ ओपन-सोर्स और सेलफोन-आधारित ट्रैकिंग का आयोजन किया।

## गजा पर इजरायली हमलों में मरने वाले की संख्या 7,700 से अधिक हुई

**गजा।** गजा पट्टी पर इजरायली सैन्य हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 7,703 हो गई है। हमास-नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एक बयान में कहा गया कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 19,743 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। 7 अक्टूबर को इजरायली सैन्य ठिकानों और कस्बों पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए एक हमले के जवाब में इजरायल ने गाजा के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई हमले और जमीनी अभियान शुरू किए हैं, जिसमें इजरायल में कम से कम 1,400 लोग मारे गए हैं।



## सुडोकू 6360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | | | | 3 |
| | 4 | | 7 | | 6 | | | |
| 9 | | | 5 | | | 2 | | |
| 1 | 9 | | | | | | | 6 |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 7 | | | | | | | 2 | 4 |
| | | 1 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | | 3 | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 29 अक्टूबर, 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष -आज का दिन आनंद और उल्लास से भरा हुआ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज किए गए हर काम में सफलता मिलेगी। घर का वातावरण खुशी का रहेगा।

वृषभ -शारीरिक तथा मानसिक रुप से आज आप चिंता में रहेंगे। चिंताओं के कारण मानसिक दबाव होगा, जिससे आपको थकान महसूस हो सकती है। परिजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। इससे घर का वातावरण बिगड़ सकता है।

मिथुन -आपका आज का दिन विविध लाभों की प्राप्ति करानेवाला होगा। परिवार में पुत्रों और पत्नी की तरफ से लाभदायक समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मिलन-मुलाकात आपको आनंदित करेंगे। व्यापारी वर्ग की आय में वृद्धि होगी।

कर्क -नौकरी या व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायक है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने से पदोन्नति की संभावना है। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों के साथ भी खुले मन से चर्चा होगी।

सिंह -आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आप धार्मिक और मांगलिक कार्यों में जा सकते हैं। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा। धार्मिक प्रवास का आयोजन होगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी।

कन्या -आज नए काम हाथ में लेना हितकर नहीं है। बाहर के खाद्यपदार्थों से तबीयत खराब होने की आशंका रहेगी। क्रोध को नियंत्रण में रखने के लिए मौन रहना सही साबित होगा। धन खर्च अधिक होगा।

तुला -आज का दिन प्रणय, रोमांस, मनोरंजन और मौज-मस्ती से भरपूर है। सार्वजनिक जीवन में आप सम्मान प्राप्त करेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। भागीदारों के साथ लाभ की बात होगी।

वृश्चिक -पारिवारिक सुख- शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

धनु -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपको पेट संबंधी समस्या हो सकती है। संतान का स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई के संबंध में चिंता से मन व्यग्र रहेगा। काम में सफलता नहीं मिलने से क्रोध की भावना रहेगी।

मकर -आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिजनों के साथ विवाद से मन में अशांति रहेगी। समय पर भोजन न मिलने की संभावना है।

कुंभ -चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। भाई-बंधुओं एवं स्नेहीजनों से मेल-जोल बढ़ेगा।

मीन -आज आप को खर्च पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। क्रोध और जिह्वा पर संयम रखें। अन्यथा किसी से विवाद होने की आशंका है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वांग यी से मुलाकात की

**बीजिंग,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। वांग यी ने सबसे पहले चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की शुभकामनाएं राष्ट्रपति बाइडेन तक पहुंचाईं।



उन्होंने कहा कि इस बार की यात्रा का उद्देश्य अमेरिका के साथ आदान-प्रदान करना, दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति को लागू करना, गिरावट को रोकने और स्थिर करने के लिए चीन-अमेरिका संबंधों को बढ़ावा देना, और जल्द से जल्द स्वस्थ और स्थिर विकास के ट्रैक पर लौटाना है। वांग यी ने कहा कि एक-चीन सिद्धांत और तीन चीन-अमेरिका संयुक्त विज्ञप्तियां दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक आधार हैं, जिसकी रक्षा करने और हस्तक्षेप को खत्म करने की आवश्यकता है।

## कजाकिस्तान में खदान में आग लगने से 21 लोगों की मौत

**अस्ताना,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कजाकिस्तान के कारागांडा क्षेत्र में शनिवार को स्टील की दिग्गज कंपनी आर्सेलर मित्तल के स्वामित्व वाली एक खदान में आग लग गई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हुए हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि अब तक 21 शव पाए गए हैं और 23 खनिक अभी भी कोस्टेंको खदान में फंसे हुए हैं। बचाव अभियान जारी है। कजाख राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 'निवेश सहयोग' को रोकने का आह्वान किया है। सरकार ने कहा है कि वह देश की सबसे बड़ी स्टील मिल चलाने वाली कंपनी का राष्ट्रीयकरण करने के लिए एक सौदे को अंतिम रूप दे रही है। गवर्नर यरमगनबेट बुलेकपायेव ने कहा कि खदान में सुबह आग लगी। घटना के वक्त खदान के अंदर 252 लोग मौजूद थे।



**208 खनिकों को निकाला गया**

## मिस्र में कई वाहनों की टक्कर में 35 लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के बेहेरा प्रांत में शनिवार को कई वाहनों की टक्कर में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 53 अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। अहराम अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा जांच में पता चला है कि दुर्घटना बेहेरा के पास काहिरा-अलेक्जेंड्रिया रेगिस्तानी सड़क पर एक कार से तेल रिसाव के कारण हुई, जिसके कारण कई वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हादसे में कई गाड़ियों में आग लग गई। मृतकों और घायलों को आसपास के शहरों के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि त्रासदी की आपराधिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मिस्र में तेज गति, सड़कों के खराब रखरखाव और यातायात कानूनों के कार्यान्वयन में ढिलाई के परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में हर साल हजारों लोगों की जान चली जाती है।

## वर्ग पहेली 6360



**बायें से दायें:-**

१. विवरण, ब्यौरा (उर्दू)
३. बदनामी, अपयश (उर्दू)
५. सुरबाला, देवकन्या
६. प्रतीक्षा करना (मुहावरा)
७. बड़ा हाथी, हाथियों का राजा
९. घटना, समाचार, अवसर
१०. शामिल
१२. डर, भय
१३. ज्यों का त्यों
१४. उलझन दूर होना
१६. युवा जवान
१८. श्रीमान (उर्दू)
२०. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
२१. असह्य, अप्रिय (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. विवाद, बहस (उर्दू)
२. स्वभाव, गुण, शील, चरित्र (उर्दू)
३. निवृत्त होना, छुटकारा (उर्दू)
४. वधिक, कातिल
५. जो ढंका हुआ न हो, खुला
८. लोगों का हित, जनहित
१०. कामयाब
११. लिपिबद्ध करना
१२. बुलाया गया, निमंत्रित
१३. पीड़ा होना, टीसना
१४. सौभाग्यवी, सधवा
१५. आभास होना, दीप्तिवान होना
१७. अपमानित, निंदित (उर्दू)
१८. जन्मदाता
१९. निर्माण करना, सुधारना
२२. इच्छा, खुशी, मरजी (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6359

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | मु | २ दा | य | ■ | ■ | ३ ग | म | ४ ना | क |
| हा | ■ | रो | ■ | ५ ध | म | नी | ■ | का | ■ |
| ६ य | ती | म | खा | ना | ■ | ७ म | हा | रा | ८ जा |
| क | ■ | दा | ■ | ९ दे | हा | त | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ ला | न | त |
| ■ | री | ■ | र्ण | ■ | १३ दु | यों | ग | ■ | रं |
| १४ भि | क्षा | १५ ट | न | ■ | रू | ■ | १६ त | १७ रं | ग |
| सि | ■ | प | ■ | १८ मो | ह | १९ क | ■ | गी | ■ |
| २० चि | त्र | क | ■ | द | ■ | २१ र | वा | न | २२ गी |
| त्र | ■ | २३ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | ला |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**प्रदेश में केजी से पीजी तक ...**

यहाँ बिना ग्राम सभा के जमीन की खरीदी की गई थी। कांग्रेस की सरकार आते ही उन आदिवासीयों का पट्टा वापस कराया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह से कहा कि भाजपा के कार्य की कोई गारंटी नहीं है उन्होंने सिर्फ ठगने का काम किया है। जबकि 5 साल पहले हमारे नेता राहुल गांधी जी ने कहा था कि 10 दिन में किसानों का ऋण माफी करेंगे वो काम हमने सरकार बनने के दो घण्टे की भीतर कर दिखाया। इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार पर भरोसा जताया है।

हमारी सरकार ने 4 हजार मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की, वहीं मक्का के प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना की गयी है, इसके बाद समर्थन मूल्य पर मक्का की भी खरीदी की जाएगी। बिजली बिल हाफ किया, भूमिहीन किसान मजदूर न्याय योजना चालू की। केंद्र सरकार ने प्रदेश की जनता को 2 साल तक धान का बोनस नहीं दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि नहीं दी इसके बावजूद प्रदेश की कांग्रेस सरकार गरीबो को मकान व सभी किसानों को धान का बोनस भी दे रही है।

उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से 5 सालों में जो काम हुआ है वह काम आज तक किसी सरकार ने नहीं किया। हर वर्ग के लिए कांग्रेस सरकार ने काम किया है चाहे वह किसान हो, आदिवासी हो, मजदूर हो, बेरोजगार हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, कई प्रकार के शुल्क भी माफ हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4 हजार किलोमीटर पैदल यात्रा कर देश मे शांति का संदेश दिया है। 15 साल के कुशासन के बाद 2018 में छत्तीसगढ़ में आपने कांग्रेस को मौका दिया और 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना है। पिछले 5 वर्षों में हमारी सरकार ने गांव, गरीब व किसान के लिए बेहतर काम किया है, कांग्रेस जो कहती है वह करती है। हर ब्लाक में एक इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना की। जब 15 साल बस्तर जल रहा था कोई सुध लेने वाला नहीं था, लेकिन कांग्रेस की सरकार में कई स्कूल खुले व बैंक खुले ये सबसे बड़ा बदलाव है।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर कुमारी शैलजा प्रदेश प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, जिला प्रभारी अनिला भेड़िया, मुख्यमंत्री सलाहकार राजेश तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, जनक नन्दन कश्यप, जितेन्द्र ठाकुर, पूर्णचन्द्र पाढ़ी, बीरेंद्र ठाकुर, बीरेश ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी, पार्षद टेम्पा योगी, पंकज वाधवानी, तुसार ठाकुर, नमन जैन, जया विजय धमेचा व अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

**तेन्दुपत्ता संग्राहकों को ...**

उनकी सरकार ने आदिवासियों के हित में पेशा कानून लागू किया। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के हित में काम करती रही है और आगे भी उनके लिए काम करती रहेगी। राहुल गांधी ने कहा कि देश का जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की है जिसे छीन कर भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों को देना चाहती हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी आदिवासियों को उनका हक दिलाना चाहती है। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी आदिवासियों से उनका हक छीनना चाहती है जिसे कांग्रेस पार्टी कभी होने नही देगी।

भाषा को लेकर राहुल गांधी ने कहा की आदिवासी युवा हिंदी के साथ ही अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी भाषा भी सीखे। क्योंकि दूसरे देश के व्यापारियों से बातचीत और बाहर नौकरी के लिया अंग्रेजी भाषा की भी जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाते है लेकिन दूसरों से केवल हिन्दी पढ़ने को कहते हैं ताकि वे अपने अधिकार को समझ न सके और पिछड़ा हुआ रहे। छत्तीसगढ़ के युवा हिन्दी और छत्तीसगढ़ी के साथ ही अंग्रेजी भी सीखे और बोले इसलिए छत्तीसगढ़ में आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल खोले गए हैं।

राहुल गांधी ने जाति जनगणना को लेकर भी केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला किया। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी कहते है कि वे ओबीसी की सरकार चलाते हैं लेकिन सरकार चलाने के लिए जो सचिव स्तर के नब्बे अधिकारी काम करते हैं उसमें केवल तीन ओबीसी और तीन आदिवासी वर्ग के हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना कराई थी लेकिन मोदी सरकार उसके आंकड़े जारी नही कर रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार देश के ओबीसी युवाओं के साथ चैबीस घंटे धोखा कर रही है।

सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पन्द्रह साल सरकार में रही रमन सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए कुछ भी नही किया। भूपेश बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि डॉ.रमन सिंह की सरकार ने छत्तीसगढ़ को सिर्फ लूटने का काम किया। भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार आते ही हमने दो घंटे में किसानों का कर्ज माफ कर दिया। मुख्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के आदिवासियों के हितों का ध्यान रखते हुए उनकी सरकार अब 67 प्रकार के लघुवनोपज की खरीद करवा रही है। हमारी कोशिश है कि लोगों को रोजगार मिले और हमने अपने कार्यकाल में प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। मुख्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों और गरीबों की स्थिति में जबर्दस्त सुधार हुआ है। पांच सालो में छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा टैक्टर, मोटर साइकिल, चार पहिया वाहनों की खरीदी हुई हैं। लोगो को जमीन पट्टा दिया गया है और हमारी सरकार आने पर तथा आत्मानंद स्कूल 753 खोला गया है। हाट बाजार क्लिनिक खोला गया। बस्तर की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए माता गुड़ी मंदिर और घोटूल बनवाया गया। गांवों में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन और छत्तीसगढ़ में आदिवासी लोकनृत्य का आयोजन किया जाता है, जिसमें पिछले साल 27 देशों से लोग आए और हमारी संस्कृति का सम्मान किया। मुख्य मंत्री ने सभी मतदाताओं से कोंडागांव जिले के दोनों प्रत्याशियो को भारी मतों से जीताने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, उप मुख्य मंत्री टीएस सिंहदेव, विधान सभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, प्रभारी सचिव विजय जंगिड, सप्तगिरी उल्का, राजेश तिवारी, मंत्री मोहन मरकाम और विधान सभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम समेत पार्टी के सभी बड़े नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से ...**

मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कई क्षेत्र से हमें शिकायत मिली हैं। कई जगह पर सरकारी ऑफिसर बीजेपी के झंडा लेकर जाने वाले गाड़ी को रोक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डेमोक्रेसी में हर व्यक्ति किसी को वोट दे सकता हैं, ये हर नागरिक का अधिकार है कि वो किसी भी पोलिटिकल पार्टी का प्रचार कर सकता है, अपने घर पर झंडा लगा सकता है। बीजेपी के कार्यकर्ता भी अपने घर में झण्डा लगाते हैं, तो उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। बीजेपी के नेता को डराने हत्याएं हो रही हैं। हत्यारे सार्वजनिक तौर पर चैलेंज कर रहे हैं, फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर जैसे क्षेत्र में खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। ऐसी स्थिति में चुनाव निष्पक्ष हो ये बेहद आवश्यक है। हमने चुनाव आयोग में हमारी बात रखी है। 58 ऐप्लिकेशन हमने फाइल की है। हमने तुरंत कार्रवाई की अपेक्षा रखी है। समाधान ना होने पर राष्ट्रीय आयोग के पास जाएंगे,

बीजेपी के घोषणा पत्र पर कहा मंडाविया ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र जल्दी ही आएगा, और अच्छा आएगा। छत्तीसगढ़ की जनता को अच्छा लगे उनकी भावनाओं को पूर्ण करे वैसा बीजेपी का घोषणा पत्र आएगा। वहीं भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू ने रेणुका सिंह पर एफआईआर को लेकर कहा कि भाजपा नेताओं के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई हो रही है।

**पिछले चुनाव में जहां ...**

उन सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने यह कार्यक्रम वरिष्ठ नेताओं व स्टार प्रचारकों की उपस्थिति में किए जायेंगे।

महिला आक्रोश व जागृति अभियान यह अभियान दो बिंदुओं महंगाई विषय पर महिला आक्रोश व्यक्त कर तथा प्रदेश कांग्रेस सरकार की नीतियों व कार्यों के लिये महिला अभिनंदन अभियान चला कर किया जायेगा।युवा चेतना अभियान ङ्क यह अभियान भी दो बिंदुओं पर चलाया जायेगा। पहला - भाजपा सरकार द्वारा युवाओं से किये जा रहे छल के विरुद्ध युवाओं के माध्यम से निंदा अभियान तथा दूसरा - प्रदेश सरकार के द्वारा युवा कल्याण व रोजगार की दिशा में किये गये कार्यों के समर्थन में धन्यवाद अभियान चलाकर किया जायेगा।

प्रत्येक जिले में जो समाज में अपना विशिष्ठ स्थान रखते हैं की छोटी छोटी मीटिंग करवाकर उन्हे कांग्रेस के पक्ष में करने का अभियान चलाया जाना है।

प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के संयोजक राजेश बिस्सा ने बताया उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु समिति की बैठक में कल व्यापक चर्चा हुई। बैठक पश्चात राष्ट्रीय प्रभारी व छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सुश्री सैलजा ने कार्यक्रमों की समिक्षा कर उनकी रुपरेखा पर मार्गदर्शन किया।

**कांग्रेस-भाजपा ने ...**

नोखा से कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी। सरदार शहर से अनिल शर्मा पूर्व विधायक भवर लाल शर्मा के बेटे हैं, जबकि ब्रजेंद्र ओला पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के बेटे हैं। रामगढ़ से जिस जुबेर खान को टिकट दिया गया है, वह कांग्रेस विधायक सफिया जुबेर के पति हैं। सुजानगढ़ से उम्मीदवार बनाए गए मनोज मेघवाल पूर्व मंत्री भंवरलाल मेघवाल के बेटे हैं, जबकि रीटा चौधरी मंडावा से छह बार जीत चुके रामनारायण चौधरी की बेटी हैं। सवाई माधोपुर से टिकट पाने वाले दानिश अबरार पूर्व राज्यसभा सांसद अबरार अहमद के बेटे हैं, जबकि टोंक से लड़ने वाले सचिन पायलट पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट और पूर्व विधायक-सांसद रमा पायलट के बेटे हैं। डेगाना से चुनावी मैदान में उतरे विजयपाल मिर्धा, नाथूराम मिर्धा परिवार से हैं और पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा के बेटे हैं। ओसियां से दिव्या मदेरणा को भी टिकट दिया गया है। वह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष परसराम मदेरणा की पोती और पूर्व मंत्री महिपाल मदेरणा की बेटी हैं। लूणी से महेंद्र विश्नोई को टिकट दिया गया है। वह पूर्व मंत्री रामसिंह विश्नोई के पोते और पूर्व विधायक मलखान विश्नोई के बेटे हैं। वल्लभनगर से उम्मीदवार बनाई गई प्रीति शक्तावत पूर्व मंत्री गुलाब सिंह शक्तावत की बहू और पूर्व विधायक गजेंद्र शक्तावत की पत्नी हैं। मांडलगढ़ से टिकट पाने वाले विवेक धाकड़ कन्हैयालाल धाकड़ के बेटे हैं, जबकि, राजाखेड़ा से टिकट पाने वाले रोहित बोहरा पूर्व मंत्री प्रद्युम्न सिंह के बेटे हैं।

## आज का इतिहास

1709 - इंगलैंड तथा नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए।
1794 - फ्रांसीसी सेना ने दक्षिण पूर्वी नीदरलैंड के वेनलो पर कब्जा किया।
1851- बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना।
1859 - स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1864 - यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया।
1913 - मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में बाढ से हजारों लोग मारे गये।
1920- पूर्व राष्टपति जाकिर हुसैन के प्रयासों से जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना।
1924 - ब्रिटेन में लेबर पार्टी को संसदीय चुनाव में हार।
1942 - नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।
1947 - बेल्जियम, लक्जमबर्ग तथा नीदरलैंड ने बेनेलक्स संघ बनाया।
1958 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1985 - मुक्केबाजी में भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाने वाले विजेंद्र सिंह का जन्म।
1990 - अफ्रीकी देश अल्जीरिया में भूकंप से 30 लोग मारे गये।

## दुनिया को जानें

### कोविड वायरस में ब्रेन को संक्रमित करने की क्षमता : स्टडी

**लंदन**, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पहली बार पाया है कि कोविड-19 के पीछे के वायरस सार्स सीओवी-2 के विभिन्न वेरिएंट में सेंट्रल नर्वस सिस्टम को संक्रमित करने की क्षमता होती है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन पुष्टि करता है कि सार्स सीओवी-2 इन विट्रो में मानव न्यूरॉन्स को संक्रमित करने और एक्सोन में स्थानांतरित होने में सक्षम है। एक्सोन नरवस जानकारी रखने वाला तंत्र होता है। अध्ययन में, फ्रांस में इंस्टीट्यूट पाश्चर और यूनिवर्सिटी पेरिस साइट के शोधकर्ताओं ने दिखाया कि वायरस का मूल तनाव सबसे पहले वुहान में पाया गया और गामा, डेल्टा और ओमीक्रॉन/बीए.1 वेरिएंट केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में प्रवेश कर सकते हैं और इस अवधि के दौरान वहां रह सकते हैं। शोधकर्ताओं ने देखा कि ये सभी प्रकार सेंट्रल नर्वस सिस्टम में फैलते हैं और ओलफैक्टरी बल्ब को संक्रमित करते हैं। इंस्टीट्यूट पाश्चर के लिसावायरस, महामारी विज्ञान और न्यूरोपैथोलॉजी यूनिट में शोधकर्ता गुइलहर्मे डायस डी मेलो ने कहा, इस अध्ययन में, हमने दिखाया कि ओलफैक्टरी बल्ब का संक्रमण सभी प्रकारों में आम है और यह किसी विशेष प्रकार से जुड़ा नहीं है, न ही एनोस्मिया (गंध की हानि) जैसी किसी विशेष नैदानिक अभिव्यक्ति से जुड़ा हुआ है।

# खेल जगत

## मनु भाकर ने निशानेबाजी में भारत के लिए 11वां पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया



**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओलंपियन और भारत के सबसे सफल समकालीन निशानेबाजों में से एक मनु भाकर ने कोरिया के चांगवोन में चल रही 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में पांचवें स्थान पर रहकर शूटिंग में भारत का 11वां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। मनु ने फाइनल में 24 का स्कोर किया और शूट-ऑफ में हारकर एक और अंतरराष्ट्रीय पदक से चूक गईं। ईरान की हनियेह रोस्तमियान दूसरे स्थान पर रहीं, उन्होंने चीन का पदक छीन लिया, क्योंकि पावरहाउस राष्ट्र ने अन्य सभी स्थानों को एक से चार तक ले लिया। यह देखते हुए कि चीन केवल एक कोटा का दावा कर सकता है और हनियाह ने पहले ही अपना कोटा सुरक्षित कर लिया था, दूसरा पेरिस स्थान भारतीय ने हासिल किया। बाहर होने से पहले, मनु अक्सर शीर्ष दो में और पूरे समय पदक की स्थिति में रहती थीं।

# भारत की निगाहें जीत के 'छक्के' साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- ■ भारत के विजय रथ को रोकना इंग्लैंड के लिए बेहद मुश्किल
- ■ भारत अब इंग्लैंड से हिसाब चुकता करने को बेताब

लखनऊ, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। चेज मास्टर विराट कोहली, हिटमैन कप्तान रोहित शर्मा, दमदार शुभमन गिल और भरोसेमंद केएल राहुल सहित भारत का शीर्ष क्रम पूरे रंग में है। रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी व मोहम्मद सिराज, बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की जुगल जोड़ी के साथ बेहद अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन के रूप में भारत को स्पिनरों की त्रिमूर्ति उपलब्ध है। शुरू के अपने पांचों मैच जीतने वाली भारतीय टीम की निगाहें अब मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को भी यहां रविवार को हरा जीत के %छक्के% के साथ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने पर लगी हैं। भारत के लिए एक अच्छी बात यह है कि पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड पर धर्मशाला में चार जीत के बाद उसकी टीम करीब एक हफ्ते आराम कर तरोताजा होकर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने उतरेगी।

भारत अब यहां इकाना भारत रत्न अटल बिहारी स्टेडियम मे 2019 में बर्मिंघम में रोहित शर्मा के शतक , विराट के अर्द्धशतक तथा मोहम्मद शमी के गेंद से %पंजे% के बावजूद इंग्लैंड से मिली 31 रन की हार का हिसाब चुकाने को बेताब होगा। बतौर टीम बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारत के विजयरथ को शुरू के अपने पांच में चार मैच हार चुकी इंग्लैंड के लिए नवाबों के शहर रोक पाना नामुमकिन न सही लेकर बेहद मुश्किल तो जरूर है। इंग्लैंड को सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए भारत के खिलाफ जीत बेहद जरूरी है।अगर- मगर फंसा इंग्लैंड यदि भारत से रविवार को हारा तो उसके सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो जाएंगे। दोनों देशों के बीच वनडे विश्व कप में अब आठ में चार मुकाबले इंग्लैंड ने और तीन भारत ने जीते जबकि एक टाई रहा।,

बेशक क्रिकेट रोचक अनिश्चितताओं का खेल है और यह कमतर अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी दुनिया की बड़ी टीमों को तथा नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर साबित किया है। भारत को इसलिए आत्ममुग्धता से बचते हुए इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद उसे हल्के में लेने की गलती करने से बचना होगा। इंग्लैंड की टीम जब अपना खिताब बरकरार रखने की हसरत के साथ भारत आई तो उसकी शुरू से जवाबी हमला कर किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम को पस्त करने के चर्चे थे लेकिन किस्मत का फेर देखिए वह खुद इस वक्त पूरी तरह पस्त है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शुरू खुद दे दनादन की रणनीति में इसलिए कामयाब रहे हैं क्योंकि उन्हें मालूम है उनके किसी मैच में नाकाम रहने पर मैच के मिजाज के गियर बदलने में माहिर विराट कोहली और केएल राहुल जैसे जोश के साथ होश रखने में माहिर अनुभवी बल्लेबाज हैं। कप्तान सलामी बल्लेबाज हिटमैन ने पारी के शुरू में जहां दे दनादन कर चेज मास्टर विराट कोहली व केएल राहुल जोश के साथ होश से बल्लेबाजी कर भारत को मंजिल तक पहुंचा रहे हैं वहीं सदाबहार जसप्रीत बुमराह खुद गेंद से रफ्तार के साथ धार दिखा अपने साथी गेंदबाजों को बढिया़ गेंदबाजी से भी बढिया़ गेंदबाज कराने में कामयाब हो रहे हैं। उपकप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टखने में चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ भी उपलब्ध न होने के बावजूद भारत के पास पर्याप्त विकल्प हैं। हार्दिक के चोट के चलते बाहर होने पर मिले मौके को लपकते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गेंद से %पंजा% जड़ पूरी तरह भुनाते हुए भारत को जीत दिलाने के साथ खुद का अगले सभी मैचों के लिए एकादश में स्थान पक्का कर दिया है। मौजूदा वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा तीन अर्द्धशतक और एक शतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे चेज मास्टर विराट कोहली (कुल 354 रन), पहली ही गेंद से दे दनादन हिट करने वाले कप्तान रोहित शर्मा(311 रन) और सबसे भरोसेमंद केएल राहुल (177 रन) की सूझबूझ भरी बल्लेबाजी भारत को जीत के लक्ष्य का कामयाबी से पीछा कर जिस तरह शुरू के पांचों मैच जिताए उसके मद्देनजर इंग्लैड के लिए गेंदबाजों के लिए लगाम लगाना सबसे मुश्किल चुनौती होगा। विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में मैच अविजित शतक जड़ अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मे सचिन तेंदुलकर (49 शतक) के दुनिया में सबसे ज्यादा शतक जडने़ से बस एक शतक के फासले पर रह गए। धर्मशाला में अगले मैच में विराट न्यूजीलैंड के मैट हेनरी की गेंद को उड़ाने के फेर में फिलिप्स के हाथों लपके जाने से मात्र पांच रन से लगातार दूसरा शतक जड़ने सचिन की बराबरी से चूके। लखनऊ में पूरी भारतीय टीम ही नहीं हर देश और दुनिया का हर क्रिकेट प्रेमी यह उम्मीद करेगा कि विराट इंग्लैंड के खिलाफ मैच में रविवार को वनडे में अपना 49 वां शतक जडने़ के साथ अपने आदर्श सचिन की बराबरी कर लेंगे। डेंगू की चपेट में आने के बाद शुरू के मैचों से बाहर रहने के बाद इस साल के वनडे क्रिकेट के सफल बल्लेबाज शुभमन गिल ने पिछले तीन मैचों में भले ही एक अर्द्धशतक जड़ा हो लेकिन वह आत्मविश्वास खेले वह इस वन डे विश्व कप में प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाजों के लिए खतरनाक की घटी है। भारत ने पहले मैच में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद जिस तरह विराट और केएल राहुल ने संभाला और इसके बाद जिस दे दनादन के अंदाज में कप्तान रोहित शर्मा ने आगाज कर तेज शुरुआत दिलाई है उससे इससे पहले की प्रतिद्वंद्वी टीम कुछ समझे मुट्ठी में से रेत की तरह मैच प्रतिद्वंद्वी टीम के हाथ से फिसल जाता रहा। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का बराबर लगभग हर मैच में अपनी एकादश साफ साफ यह दर्शाता है उन्हें न तो अपने बल्लेबाजों पर भरोसा दिख रहा है न ही अपने गेंदबाजों पर। भारतीय बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों में विश्वास की कमी का लाभ उठाकर खासतौर पर तेज गेंदबाज मार्क वुड(कुल 3 विकेट) को निशाना बनाने से नहीं चूकेंगे और सबसे अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद (कल छह विकेट)को भी निशाना बनाने से नहीं चूकेंगे। भारत के कप्तान रोहित ने टॉस जीता या उन्हें पहले बल्लेबाजी की दावत मिली तो वह इसे खुशी खुशी कबूल कर टीम की जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने में कसर नहीं छोड़ेंगे। इंग्लैंड को चोट के चलते अपने सबसे लंबे और सबसे कामयाब तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले (8 विकेट) की कमी बुरी तरह अखरेगी। इंग्लैंड की सबसे बड़ी दिक्कत है कि सही मायनों में उसके लिए एक शतक सहित पांच मैचों में उसके लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे डेविड मलान (कुल 220 रन) और दो अर्द्धशतक सहित रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे जो रूट(कुल 175) को छोड़ कर एक एक अर्धशतक जड़ने वालशे जॉनी बैरिस्टो (कुल 127)व हैरी ब्रुक (कुल 128 रन) लगातार बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। पिछले दो मैचों से जिस तरह इंग्लैंड का शीर्ष क्रम पहले दिल्ली में अफगानिस्तान और फिर बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ जिस तरह ताश के पत्तों की ढहा उसके मद्देनजर उनके लिए भारत के रंग में चल रहे तेज गेंदबाजों - जसप्रीत बुमराह (कुल 11 विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल छह विकेट) तेज और मात्र एक मैच खेल गेंद से पंजा जडने़ वाले मोहम्मद शमी(5 विकेट) की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 8 विकेट) और रवींद्र जडेजा (7 विकेट) के स्पिनरों की जुगल जोड़ी के सामने टिक पाना बेहद मुश्किल नजर आ रहा है। भारत शॉर्ट गेंद के खिलाफ परेशान नजर आए श्रेयस अय्यर और सूर्य कुमार यादव में किसी एक को शीर्ष क्रम में रख कर ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भी एकादश में उतारता है तो इंग्लैंड की परेशानी और भारत की तेज और स्पिन त्रिमूर्ति के सामने और बढ़ सकती है।





**मैच का समय : दोपहर 2 बजे से।**

# रनो की बारिश में आस्ट्रेलिया ने बाजी मारी, न्यूजीलैंड पांच रन से हारा



**धर्मशाला** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ट्रैविस हेड (109) और डेविड वार्नर (81) के बीच 175 रन की तूफानी भागीदारी की के बाद सधी हुयी गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की मदद से आस्ट्रेलिया ने शनिवार को आईसीसी विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड को पांच रन से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के खूबसूरत मैदान पर आस्ट्रेलिया ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुये 388 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम नौ विकेट पर 383 रन ही बना सकी। विश्व कप में अब तक खेले गये छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड की यह दूसरी हार है, इससे पहले भारत ने उसे हराया था जबकि शुरुआती दो मैच हारने वाली आस्ट्रेलिया ने पिछले चार मुकाबलों में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी राह आसान की हैं। न्यूजीलैंड ने हालांकि गेंद और बल्ले से कंगारूओं को कड़ी टक्कर दी जिसके चलते अंतिम क्षणों तक मैच का रोमांच बरकरार रहा। रचिन रविंद्र (116) ने एक छोर को संभाल कर आस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया। इसके अलावा डैरिल मिचेल (54) और जिमी मीशम (58) ने भी फटाफट रन बटोरते हुये अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया मगर एडम जम्पा (74 रन पर तीन विकेट) के अलावा पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड ने दो दो विकेट झटक कर कीवियों को जीत से महरूम कर दिया। रनो से भरपूर विकेट पर गेंदबाजों की जम कर पिटाई हुयी मगर दोनो टीमों को मिलाकर कुल 19 विकेट भी गिरे जबकि कुल 771 रन बनाये गये जो आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड मैच का एक रिकार्ड है। इस दौरान कुल 32 छक्के लगाये गये जिसमें 20 छक्के आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने 12 न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने जड़े।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे हेड और वार्नर के बल्ले की आग ने स्टेडियम के माहौल में तपिश ला दी। दोनो ने कीवी गेंदबाजों की जमकर धुलायी करते हुये 19वें ओवर तक टीम के स्कोर को 175 रन पर लाकर खड़ा कर दिया जिससे लगने लगा था कि आस्ट्रेलिया 450 के आसपास स्कोर कर लेगा मगर ग्लेन फिलिप्स (37 रन पर तीन विकेट) ने न सिर्फ इस तूफान को थामा बल्कि पूरी आस्ट्रेलिया टीम को 388 रनो के भीतर पैक करने में भी अहम योगदान दिया।

विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे हेड ने मात्र 59 गेंदों पर अपना शतक दस चौके और सात छक्कों की मदद से पूरा किया। इसके साथ ही हेड विश्व कप के पदार्पण मैच में सबसे तेज शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये है जबकि तेज शतक के मामले में वह ग्लेन मैक्सवेल के बाद दूसरे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी है। मैक्सवेल ने मौजूदा विश्व कप में 40 गेंदों में शतक जड़ा था। विशाल साझीदारी को तोड़ने के लिये पैट कमिंस ने गेंदबाजों को बदला और आखिरकार कंगारू टीम को पहली सफलता वार्नर के विकेट के तौर पर मिली जिन्हे ग्लेन फिलिप्स अपनी ही गेंद पर लपका। वार्नर ने अपनी धाकड़ पारी में 65 गेंद खेल कर पांच चौके और छह छक्के लगाये। फिलिप्स ने ही हेड को भी जल्द ही दूसरा शिकार बनाया। सलामी साझीदारी टूटने के बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया के रनो की रफ्तार पर अंकुश लगाया। इस बीच फिलिप्स ने स्टीव स्मिथ (18) को कैच आउट करा कर अपनी टीम को मैच में वापस ला दिया। बाद में मिचेल मार्श (36),ग्लेन मैक्सवेल (41),जॉश इग्लस (38) और पैट कमिंस (37) ने तेज गति से रन बटोरने की कोशिश की मगर उतनी ही तेजी से ट्रेंट बोल्ट ( 77 पर तीन विकेट) और मिचेल सेंटनर (80 रन पर दो विकेट) ने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को आउट करने की सफल कोशिश की। गेंद और बल्ले की इस रोमांचक जंग के बीच पूरी आस्ट्रेलियाई टीम 49.2 ओवरों में 388 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।

# इंग्लैंड को लखनऊ जाना है और भारत की पार्टी खराब करनी है : नासिर हुसैन



**मैंने इस टूर्नामेंट से पहले टीम नहीं बदली होती, लेकिन मैं निश्चित रूप से अब इसे बदलने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि यह एक युग के अंत जैसा लगता है। इससे इंग्लैंड की इस टीम ने जो हासिल किया है उससे कुछ भी कम नहीं होता है। हम सभी हताश और उदास हो सकते हैं और कह सकते हैं, इनमें से बहुतों से छुटकारा पाए : नासिर हुसैन**

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम से आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में रविवार को मेजबान टीम के खिलाफ खेलते हुए भारत की पार्टी खराब करने और उन्हें पहली बार हार देने का आग्रह किया है।

अंक तालिका में नौवें स्थान पर मौजूद इंग्लैंड चाकू की धार पर चल रहा है और सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। हालाँकि, नासिर को अभी भी इंग्लैंड की टीम एक प्रभावशाली टीम लगती है जिसे अपनी क्षमताओं को दिखाने के लिए एशेज से आगे बढ़ना होगा।

खिलाड़ियों को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मैं बैज के लिए खेलने जैसी घिसी-पिटी बातों में माहिर नहीं हूं, लेकिन इंग्लैंड को अब यही करना है। उन्हें रविवार को लखनऊ जाना है और भारत की पार्टी खराब करनी है। उन्हें ऐसा करना ही होगा। हुसैन ने द डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, भारत और दुनिया को याद दिलाएं कि वे कितने महान क्रिकेटर थे और अब भी हैं। इससे पहले श्रीलंका के खिलाफ करारी हार के बाद, नासिर ने सफेद गेंद क्रिकेट में इंग्लैंड के दृष्टिकोण पर सवाल उठाया था और इंग्लिश टीम के एक युग का अंत बताते हुए उनसे बाहर निकलने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया था।

हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स को बताया, हम अपने सफेद गेंद के इतिहास के कुछ महानतम खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन यह उनमें से कुछ के लिए बहुत दूर का पुल साबित हुआ है।

मैंने इस टूर्नामेंट से पहले टीम नहीं बदली होती, लेकिन मैं निश्चित रूप से अब इसे बदलने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि यह एक युग के अंत जैसा लगता है। इससे इंग्लैंड की इस टीम ने जो हासिल किया है उससे कुछ भी कम नहीं होता है। हम सभी हताश और उदास हो सकते हैं और कह सकते हैं, इनमें से बहुतों से छुटकारा पाएं लेकिन उन्होंने हमें छह या सात साल बिल्कुल शानदार सफेद गेंद वाला क्रिकेट दिया है।

भारत पांच मैचों में पांच जीत के साथ विश्व कप में हार न झेलने वाली एकमात्र टीम है। वे दक्षिण अफ्रीका के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं और उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। इंग्लैंड रविवार को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान भारत से भिड़ेगा।

## सार संक्षेप

### मयंक चाफेकर ने मॉडर्न पेंटाथलॉन में तीन स्वर्ण पदक जीते

**पणजी।** एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाले भारत के पहले आधुनिक पेंटाथलॉन एथलीट महाराष्ट्र के मयंक चाफेकर ने राष्ट्रीय खेलों में मॉडर्न पेंटाथलॉन में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किये हैं। चापेकर को हांगझाउ एशियन गेम्स के दौरान पिंडली की हड्डी में चोट लग गई थी, जब वह तलवारबाजी कर रहे थे। इस दौरान एक तलवार ने उनका पैर छेद दिया था। ठाणे के कलवा के रहने वाले 23 साल के इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को पोंडा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की व्यक्तिगत ट्रायथल, पुरुष ग्रुप ट्रायथल और मिश्रित रिले ट्रायथले में स्वर्ण पदक जीतकर घरेलू सर्किट में अपने दबदबे को साबित किया। दो मॉडर्न पेंटाथलन विश्व और एशियाई चैंपियनशिप में भाग ले चुके चाफेकर ने मॉडर्न पेंटाथलन के राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण के मौके का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। ट्रायथल आधुनिक पेंटाथलॉन अनुशासन में एक उप-खेल है। जहां एथलीटों को 5×600 मीटर की दौड़ लगानी होती है, 4×50 मीटर गोद में तैरना पड़ता है। साथ ही 10 मीटर की दूरी से लक्ष्य पर लेजर गन शूट करना पड़ता है।

### भारत ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 3-3 से बराबरी पर रोका

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** मौजूदा चैंपियन भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बार एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप के रोमांचक शुरुआती मैच में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-3 से ड्रा पर रोक दिया।. यह अमनदीप लाकड़ा (30), आदित्य अर्जुन लालागे (56) और उत्तम सिंह (59) के गोल थे जिन्होंने सुनिश्चित किया कि भारत को ड्रॉ से एक अंक मिले जबकि अरबाज अहमद (31, 58) और अब्दुल शाहिद (49) ) ने पाकिस्तान के लिए गोल किये। दोनों टीमें बिलिंग पर खरी उतरीं, अभियान के शुरुआती मैच में कुछ बेहतरीन हॉकी का प्रदर्शन किया।

# बाबर आजम को जिम्मेदार न ठहराएं : मिकी आर्थर



**चेन्नई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कोच मिकी आर्थर ने मौजूदा विश्व कप में उनकी टीम की विफलता के लिए कुछ लोगों को दोष देने के बजाय परफेक्ट मैच को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम की 1 विकेट से हार के बाद आर्थर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कप्तान बाबर आजम के खिलाफ साजिश रचने से रोकने का भी वादा किया। केशव महाराज और तबरेज़ शम्सी के बीच 10वें विकेट के लिए सराहनीय साझेदारी से पाकिस्तान को विश्व कप इतिहास में पहली बार लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ हार के बाद, पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा था, बोर्ड विश्व कप में टीम के प्रदर्शन के आधार पर पाकिस्तान क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद आर्थर ने कहा, वे हर किसी को दोषी ठहराएंगे, चिंता मत कीजिए। यह तो बस दुनिया का दस्तूर है। निश्चित रूप से बाबर आज़म, इंजी (मुख्य चयनकर्ता, इंजमाम-उल-हक), हमारे कोचों, प्रबंधन टीम पर जादू-टोना शुरू करना वास्तव में अनुचित है। मुझे पता है कि लड़कों ने कोशिश की है और प्रयास किया है कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों का प्रयास प्रथम श्रेणी का रहा है। अगर वे देखेंगे कि खिलाड़ियों और स्टाफ ने कितना प्रयास किया है, तो वे आश्चर्यचकित हो जाएंगे। 271 का औसत स्कोर बनाने के बाद, पाकिस्तान ने दूसरी पारी के पहले भाग में 12.3 ओवर के अंतराल में 54 रन पर पांच विकेट लेकर जीत की तरफ कदम बढ़ाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 9 विकेट पर 260 रन हो गया, इससे पहले कि अंपायर की कुछ खामियां सामने आईं और महाराज ने मामूली अंतर से जीत हासिल की।

मुझे लगा कि हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन मुझे अभी भी लगा कि रन बनाने के मामले में हम कमतर थे। हमने अभी तक एक साथ सही खेल नहीं दिखाया है। ऐसा प्रयास की कमी के कारण नहीं हुआ है, ऐसा नहीं है प्रयास की कमी के कारण, लेकिन इस समय हमारे पास पर्याप्त खिलाड़ी नहीं हैं, विशेषकर बल्ले से। अफगानिस्तान के खेल में, हम सभी विभागों में औसत थे। आज रात, हम बल्ले से ठीक थे, मुझे लगा कि हम गेंद से बहुत अच्छे थे। और आज रात, मुझे वास्तव में उन (खिलाड़ियों) पर गर्व है क्योंकि उन्होंने सही तरीके से लड़ाई लड़ी लेकिन कड़वा अंत। 6 मैचों में 2 जीत के साथ, विश्व कप में पाकिस्तान की यात्रा समाप्त होती दिख रही है, हालांकि, आर्थर टीम के प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं और टूर्नामेंट के लिए तत्पर हैं। आप कभी नहीं जानते। मैं जो जानता हूं वह यह है कि हमें फिर से संयोजनों का आकलन करने की जरूरत है, हमें अपनी टीम के भीतर मौजूद कमियों पर नजर डालने की जरूरत है। हमें कई क्षेत्रों में सुधार शुरू करने की जरूरत है और हमें मिल गया है, इस टूर्नामेंट को तीन जीत के साथ समाप्त करना है। मैं यही जानता हूं। हर दिन हम कोशिश करेंगे और हम ऐसा करने का प्रयास करेंगे।

# टीम का फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा जितना हम आम तौर पर रखते हैं : मार्कस ट्रेस्कोथिक



**लखनऊ,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में इंग्लैंड से बहुत उम्मीदें थीं, वैश्विक आयोजन के 2015 संस्करण के पहले दौर में हार के बाद 2019 में घरेलू मैदान पर ट्रॉफी जीतकर 50 ओवर के प्रारूप में खेलने के तरीके को फिर से परिभाषित किया। लेकिन मौजूदा चैंपियन 2023 विश्व कप में जोरदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, पांच में से चार मैच हार गए हैं और सेमीफाइनल से चूकने के कगार पर हैं। विश्व कप के अपने पांच मैचों में, बल्लेबाजी अभी तक मौके के अनुरूप नहीं आई है, जिसका सारांश यह है कि केवल पांच बल्लेबाज ही 50 के पार गए हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक ने स्वीकार किया कि टीम की बल्लेबाजी फॉर्म उतनी अच्छी नहीं रही जितनी सामान्य परिस्थितियों में हुआ करती थी। मुझे लगता है कि आत्मविश्वास, लय, जो भी आप इसे कहना चाहें - टीम का फॉर्म उतना अच्छा नहीं है जितना हम आम तौर पर रखते हैं। आम तौर पर उस टीम में हमेशा एक, शायद दो लोग होते हैं जो सौ से अधिक या बड़ा स्कोर हासिल करने वाले होते हैं जो एक बड़ा अंतर पैदा करने वाला होता है। इस प्रतियोगिता के दौरान लगातार हर कोई फॉर्म से बाहर रहा है या रन नहीं बना पाया है जो आपको करना चाहिए, इसलिए हम समझते हैं कि यह आता है और जाता है और हम जानते हैं कि यह क्या है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि हम इसे सही ढंग से महसूस कर सकें कि यह क्या है।

### सुडोकू 6360 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 5 | 3 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 3.07 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.01 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.53 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.27 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.12 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.06 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.54 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.14 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.07 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.03 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## भारत का मेट्रो रेल नेटवर्क दो-तीन साल में अमेरिका को पछाड़ देगा: पुरी

**नई दिल्ली,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के मेट्रो नेटवर्क की लंबाई अगले दो-तीन वर्षों में अमेरिका से अधिक हो जाएगी और दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा बन जाएगा। वर्तमान में देश का मेट्रो नेटवर्क दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। यहां 16वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन सह एक्सपो 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि देश में मेट्रो नेटवर्क के विकास की गति में हाल के वर्षों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, '2014 में भारत में केवल 248 किमी मेट्रो रेल लाइन थी। केवल नौ साल में आज 20 अलग-अलग शहरों में 895 किलोमीटर मेट्रो लाइनें चालू हैं।' मंत्री ने कहा कि मेट्रो नेटवर्क हमारे नागरिकों के जीवन में आराम, स्थिरता और सुरक्षा लाया है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह जानकर खुशी हुई कि मेट्रो नेटवर्क में प्रतिदिन लगभग एक करोड़ यात्री सफर करते हैं।' उन्होंने कहा कि अंतिम कनेक्टिविटी में आसानी और अन्य कारकों से सवारियों की संख्या बढ़ने वाली है। मंत्री ने कहा कि शहरी परिवहन से संबंधित मुद्दों के प्रति सरकार के दृष्टिकोण में 2014 के बाद एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। इस अवधि के दौरान तेजी से शहरीकरण को चुनौती की बजाय एक अवसर के रूप में अपनाया गया है। मंत्री ने क्षेत्रीय और अंतर-शहर कनेक्टिविटी में क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम और वंदे भारत ट्रेनों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि देश रेल आधारित रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के क्षेत्र में बड़े बदलाव के दौर से गुजरा है। टिकाऊ शहरी परिवहन के विकास पर अपने विचार साझा करते हुए, मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ई-वाहनों के माध्यम से हरित गतिशीलता को बढ़ावा देने के अलावा, जैव ईंधन मिश्रण, स्वच्छ ऊर्जा विकल्प - बायोगैस, ग्रीन हाइड्रोजन आदि पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

## भारत ने ओसाका में जी-7 बैठक के दौरान जापान, ब्रिटेन के साथ व्यापार वार्ता की

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को ओसाका में जापान के व्यापार मंत्री निशिमुरा यासुतोशी और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री केमी बडेनोच के साथ अलग-अलग बैठकों में व्यापार और निवेश पर द्विपक्षीय वार्ता की।

ओसाका में जी 7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के दौरान जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री के साथ एक बैठक की। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा, विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान व्यापार और निवेश संबंधों को और अधिक गति देने पर विचार-विमर्श किया। मंत्री ओसाका में ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) के व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए जापान में हैं।

सीईपीए पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ गया है और वित्त वर्ष 2022 में 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है, हालांकि, 11 वर्षों की अवधि में जापान के साथ भारत का व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 8.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। जापान से भारत के आयात में 1.6 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि देखी गई, जबकि जापान को भारत के निर्यात में 2012 से 2022 तक 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। दोनों सरकारें अपने विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान, पीएलआई योजना और व्यापार के विविधीकरण आदि पर जोर देते हुए भारत सरकार के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार संबंधों की



दिशा में काम कर रही हैं। इससे निर्यात में योगदान बढ़ाने में मदद मिलेगी। गोयल ने एक्स पर यह भी कहा कि उन्होंने यूके के व्यापार मंत्री केमी बडेनोच के साथ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता की प्रगति पर चर्चा की।

जिन मुद्दों पर चर्चा की जा रही है उनमें सामान, सेवाएं, निवेश और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स शामिल हैं। भारत यूके के बाजार में आईटी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों से अपने कुशल पेशेवरों के लिए अधिक पहुंच की मांग कर रहा है, इसके अलावा शून्य सीमा शुल्क पर कई वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच की भी मांग कर रहा है। दूसरी ओर, यूके स्कॉच व्हिस्की, ऑटोमोबाइल और चॉकलेट जैसी कुछ कन्फेक्शनरी वस्तुओं जैसे सामानों पर सीमा शुल्क में महत्वपूर्ण कटौती चाहता है। ओसाका में डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक के साथ एक अन्य बैठक में गोयल ने विकासशील देशों को वैश्विक व्यापार में उचित सौदा देने का मुद्दा भी उठाया।

## पावर ग्रिड ने राजस्थान के हरित ऊर्जा क्षेत्रों के लिए ट्रांसमिशन लाइन परियोजना का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, आरईसी लिमिटेड की मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी ने राजस्थान में रामगढ़ 2 ट्रांसमिशन परियोजना के निर्माण के लिए गठित विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को सौंप दिया है। एसपीवी के कार्य में राजस्थान में 765 केवी डी/सी लाइन के साथ-साथ रामगढ़ में 765/400 केवी और 2×500 एमवीए 400/220 केवी पूलिंग स्टेशन का कार्यान्वयन शामिल है। इस परियोजना को 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और यह राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से ग्रिड तक बिजली की निकासी में मदद करेगा, ताकि लोड केंद्रों तक आगे संचरण या वितरण किया जा सके। यह परियोजना 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावॉट स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने की सरकार की व्यापक योजना का हिस्सा है। ट्रांसमिशन सेवा प्रदाता के रूप में पीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन का चयन टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से किया गया था। आरईसी लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, एक एनबीएफसी है जो पूरे भारत में बिजली क्षेत्र के वित्तपोषण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में आरईसी की ऋण पुस्तिका 4.54 लाख करोड़ रुपये हैं।

## एयरटेल की माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए इंटीग्रेटेड कॉलिंग के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने आज माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की घोषणा की जिसके तहत भारतीय व्यापारिक संस्थाओं को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए कॉलिंग सेवा दी जाएगी। यह सेवा एयरटेल आईक्यू को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के साथ इंटीग्रेट कर प्रदान की जाएगी। एयरटेल ने यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के लिए एयरटेल आईक्यू के साथ, एंटरप्राइज जल्द ही इंटरनेट के माध्यम से फिक्स्ड लाइन पर देश भर के ग्राहकों से आसानी से जुड़ सकेंगे। यह नई सेवा एंटरप्राइजेज को टीम्स के जरिये बाहरी यूजर्स, कॉल करने और उनकी कॉल लेने एवं उन्हें अपने कार्यप्रवाह में संचार एवं




सहयोग को जारी रखने में सक्षम बनाएगी। एयरटेल आईक्यू के बिजनेस हेड अभिषेक बिस्वाल ने कहा, 'हम एक बेहतरीन, लचीले और इनोवेटिव समाधान को पेश करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट से साझेदारी करके खुश हैं। इससे भारतीय उद्यमों के सामने वर्तमान में आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक का समाधान होगा। माइक्रोसॉफ्ट की तकनीक के साथ एयरटेल की कनेक्टिविटी की पारंपरिक ताकत सभी ग्राहकों के लिए विश्वसनीयता, लागत में बचत, आसान प्रबंधन और व्यापक समाधान सुनिश्चित करेगी, इससे वे अपना दायरा भी बढ़ाएंगे और इसकी मदद से आने वाले समय में वे सिर्फ और सिर्फ अपनी उत्पादकता को बढ़ाने पर ही फोकस करेंगे।'८माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के लिए एयरटेल आईक्यू एक प्लग एंड प्ले सॉल्यूशन है, जिसे न्यूनतम प्रॉविजनिंग और प्रबंधन के साथ एक दिन के भीतर स्थापित किया जा सकता है। यह कंपनी प्रबंधन को इस सेवा के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे के खर्च से बचाता है क्योंकि इसके लिए किसी अतिरिक्त हार्डवेयर की जरूरत नहीं होती है और यह एंटरप्राइज ग्रेड की विश्वसनीयता और सहयोग देता है।

## बीपीसीएल ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 8,501 करोड़ रुपए के मुनाफे के साथ वापसी की

**नई दिल्ली,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 8,244 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 338 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया था। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने 19,052 करोड़ रुपए का अपना अब तक का सबसे अधिक अर्धवार्षिक लाभ भी कमाया है। बीपीसीएल ने जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही के लिए परिचालन से 1,16,594 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 1,28,333 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में तेल दिग्गज का स्टैंडअलोन मुनाफा 8,501 करोड़ रुपए था, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 304 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। अप्रैल-सितंबर



2023 की अवधि के लिए कंपनी का सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) 15.42 डॉलर प्रति बैरल था, जबकि 1 जुलाई 2022 से लगाए गए विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, सड़क और बुनियादी ढांचे उपकर के प्रभाव को शामिल करने से पहले इसी तुलनात्मक अवधि में 22.30 डॉलर प्रति बैरल था। वित्त वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही के लिए स्टैंडअलोन कर पूर्व लाभ 13,679.21 करोड़ रुपये है, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 1,991.41 करोड़ रुपए है; वित्तीय वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही में कर पूर्व लाभ मार्जिन 11.73 प्रतिशत था, जबकि वित्तीय वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 1.55 प्रतिशत था। 30 सितंबर 2023 को ऋण-इक्विटी अनुपात (30 सितंबर, 2022 के 1.10 गुणा के मुकाबले) 0.32 गुणा था। फीजिकल प्रदर्शन-चालू तिमाही में, वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में थ्रूपुट 9.35 एमएमटी बनाम 8.82 एमएमटी था। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में बाजार बिक्री 12.19 एमएमटी थी, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 11.44 एमएमटी थी। बिक्री 6.56 फीसदी बढ़ी है। अप्रैल से सितंबर' 2023 के दौरान तुलनात्मक अवधि में थ्रूपुट 19.71 एमएमटी बनाम 18.51 एमएमटी था। अप्रैल से सितंबर' 2023 की अवधि के लिए बाजार की बिक्री तुलनात्मक अवधि में 23.20 एमएमटी से बढ़कर 24.94 एमएमटी (7.50 प्रतिशत की वृद्धि) हो गई है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार में एक सप्ताह में 2.36 अरब डॉलर घटा

**मुंबई,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.36 अरब डॉलर घटकर 583.53 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार पांच सप्ताह की गिरावट के बाद 1.15 अरब डॉलर बढ़ गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 14.166 अरब डॉलर गिरकर पांच महीने के निचले स्तर 584.74 अरब डॉलर पर आ गया था। ताजा गिरावट के साथ, विदेशी मुद्रा भंडार और भी कम हो गया है। यह चिंता का कारण है क्योंकि आरबीआई देश के विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग रुपए में तेज गिरावट होने पर उसे स्थिर करने के लिए करता है। आरबीआई रुपए को दबाव में आने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा बाजारों में हस्तक्षेप करता है। विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तेज गिरावट से आरबीआई के पास रुपये को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने की गुंजाइश कम हो जाती है, जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो सकती है।

## एफपीआई की बिकवाली का सबसे ज्यादा असर वित्तीय, आईटी शेयर पर

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा है कि एफपीआई की बिक्री लगातार जारी है, जिसका सबसे ज्यादा असर वित्तीय सेवाओं और आईटी सेगमेंट पर पड़ रहा है।

अक्टूबर में एफपीआई ने 20,356 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची है। उन्होंने कहा कि एक्सचेंजों के माध्यम से बिक्री 25,575 करोड़ रुपये से अधिक रही है। एफपीआई ने वित्तीय, बिजली, एफएमसीजी और आईटी जैसे क्षेत्रों में सबसे ज्यादा बिकवाली की। निरंतर बिक्री का मुख्य कारण अमेरिकी बांड यील्ड में तेज वृद्धि है, जिसने 10 साल की यील्ड को 17 साल के उच्चतम 5 प्रतिशत पर पहुंचा दिया है। यील्ड अब घटकर 4.84 फीसदी पर है। उन्होंने कहा, इतनी ऊंची बॉन्ड यील्ड के साथ एफपीआई के लिए पैसा निकालना तर्कसंगत भी है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार में नेगेटिव सेंटीमेंट्स हैं। एफपीआई निवेश की एक महत्वपूर्ण विशेषता ऋण बाजार में बढ़ती आमद है।

एफपीआई की बिकवाली ने वित्तीय सेवाओं और आईटी सेगमेंट को दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित किया है। इसका




कारण यह है कि ये दो सेगमेंट एफपीआई के एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) का बड़ा हिस्सा हैं। लगभग 652 अरब डॉलर के कुल एफपीआई एयूएम में से वित्तीय सेवाओं का हिस्सा 213 अरब डॉलर और आईटी का हिस्सा 64 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन सेग्मेंट्स में स्टॉक की कीमतें एफपीआई की बिक्री के कारण कमजोर हैं, न कि किसी बुनियादी कारक के कारण।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, वनस्पति तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। अरहर दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## आईएमसी 2023: दूरसंचार में भारत की परिवर्तनकारी भूमिका का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2023 का 7वां संस्करण, एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच, दूरसंचार नेटवर्क की परिवर्तनकारी भूमिका का प्रदर्शन कर रहा है जो 5जी, 6जी स्वचालन के लिए महत्वपूर्ण रीढ़ है। आईओटी उछाल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन, उपग्रह संचार, ग्रामीण कनेक्टिविटी और बहुत कुछ। दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आईएमसी ने भारत और अन्य जगहों से नीति और कॉर्पोरेट परिदृश्य में अग्रणी दिमागों को एक साथ लाया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लचीली और सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया, क्योंकि उन्होंने शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अनुप्रयोगों के विकास के लिए 100 शैक्षणिक



संस्थानों के लिए '5जी यूज़ केस लैब्स' लॉन्च किया। सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर ने कहा, 'एक दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है जिसमें नेटवर्क से लाभान्वित होने वाले सभी हितधारक इसके रखरखाव और उन्नति के लिए जिम्मेदारी से योगदान दें।' एरिक्सन के क्लाउड सॉफ्टवेयर और सर्विसेज प्रमुख लुडविग लैंडग्रेन ने कहा, '5जी भारत में बदलाव ला रहा है। एक साल में हमारे पास 5जी के 100 मिलियन ग्राहक हैं। हमारा मानना है कि 2023 के अंत तक अतिरिक्त 30 मिलियन भारतीयों के पास 5जी तक पहुंच होगी।' जैसे-जैसे 5जी का विस्तार होगा और नए एप्लिकेशन तैयार होंगे, इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा। टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली ने कहा, 'भारत में टेलीकॉम सेक्टर को 11.59 मिलियन कुशल पेशेवरों की आवश्यकता है। हालांकि, 2.4 मिलियन कुशल श्रमिकों की मांग-आपूर्ति का अंतर मौजूद है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन, पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, 'भारत जनशक्ति का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनने के लिए तैयार है। अब हम खुद को उत्तरी अमेरिका, ताइवान और जापान की मांगों को पूरा करने के लिए एक अद्वितीय स्थिति में पाते हैं, खासकर सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे उद्योगों में, जहां श्रम की गंभीर कमी है। टेलीकॉम पर ध्यान केंद्रित करने में आईएमसी की भूमिका पर मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकु जैन ने कहा, 'आईएमसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में भारत की स्थिति को बढ़ावा दे रही है और अगली लहर को डिजाइन करने के लिए वैश्विक विचारकों के लिए डिजिटल नवाचार का एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करती है।'

### सार संक्षेप

#### एनटीपीसी का मुनाफा 38 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकारी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 4726.4 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3417.67 करोड़ रुपए की तुलना में 38.3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद बीएसई को बताया कि निदेशक मंडल ने 10 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 22.5 प्रतिशत अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। यह लाभांश 23 नवंबर को दिया जायेगा। सितंबर 2023 को समाप्त इस तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 44983.35 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 44175.03 करोड़ रुपये की तुलना में 1.8 प्रतिशत अधिक है। एनटीपीसी देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी है और देश के कुल बिजली उत्पादन में कंपनी ही हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है।

#### पोर्श टेक्नॉलाजीज ने लांच किया खिपू माइक्रो डेटा सेंटर

**नई दिल्ली।** डेटा स्टोरेज एवं कनेक्टिविटी समाधान प्रदाता पोर्श टेक्नॉलाजीज ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस अपना नया उत्पाद खिपू माइक्रो डेटा सेंटर लांच करने की घोषणा की है। कंपनी के अध्यक्ष अरशद फाखरी ने आज यहां कहा कि आमतौर पर डेटा सेंटर का आकार बड़ा होता है और उसके लिए बिजली आपूर्ति से लेकर हर तरह की व्यवस्था करनी पड़ती है लेकिन इस माइक्रो डेटा सेंटर को एक रेफ्रिजरेटर जैसे आकार में पूरी तरह से बनाया गया है जिसमें पावर आपूर्ति , कूलिंग से लेकर इसके लिए जरूरी सभी सुविधायें उपलब्ध है। इसमें स्टोरेज को बढ़ाने की भी सुविधा दी गयी है। उन्होंने कहा कि कड़े जर्मन गुणवत्ता मानकों का पालन कर इसको तैयार किया गया है। एकीकृत स्मार्ट कैबिनेट डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर को बदल देता है। अनुकूलित उत्पादों में निर्माण, एकीकृत डिज़ाइन में बिजली की आपूर्ति, वितरण प्रणाली, प्रशीतन प्रणाली, कैबिनेट प्रणाली, अग्नि नियंत्रण प्रणाली, गतिशील निगरानी सभी को इसमें शामिल कर दिया गया है। इस पर कंपनी 25 वर्षों की वारंटी दे रही है।

#### जियो का 'इमरजेंसी रिस्पॉस कम्युनिकेशन सिस्टम'

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2023 में अपना 'इमरजेंसी रिस्पॉस कम्युनिकेशन सिस्टम' डिस्प्ले किया है, जिससे जिंदगियों को बचाया जा सकेगा। जियो के ट्रू 5जी पर चलने वाला यह 'इमरजेंसी रिस्पॉस कम्युनिकेशन सिस्टम' कई स्तरों पर कम्युनिकेशन का मजबूत करेगा। लोकल संचार व्यवस्था ठप्प हो जाने पर इस सिस्टम में उपग्रह से कनेक्टिड 'कम्युनिकेश टॉवर ऑन व्हील' होगा, जिसे कभी भी, कहीं भी और किसी भी स्थिती में तैनात किया जा सकता है। सहायता पहुंचाने वाली टीमों के कमांड सेंटर के लिए, रिलायंस जियो ने 'एक्सआर कंपेनियन' नाम का एक ऐप डिजाइन किया है। यह ऐप अपनी सहायता टीमों से रियल टाइम कनेक्ट रहेगा।

## एक्शन थ्रिलर फिल्म साइको में काम करेंगे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार एक्शन थ्रिलर फिल्म साइको में काम करते नजर आएंगे। अक्षय कुमार, रोहित शेट्टी निर्मित फिल्म साइको में काम करने जा रहे हैं। मोहित सूरी इस फिल्म को निर्देशित करेंगे। साइको एक्शन थ्रिलर फिल्म है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अक्षय कुमार साइको इंसान का किरदार निभाएंगे। 'साइको' की शूटिंग 2024 की शुरुआत में शुरू होगी,इसे 40 दिन के एक शेड्यूल में स्टार्ट टु फिनिश शूट किया जाना है।

## सप्ताह में 70 घंटे काम

# दिल का दौरा तनाव, बच्चों में ऑटिज्म का खतरा

**लंबे समय तक काम करने से परिवार में तनाव**



**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की भारत में युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करने की सलाह के बीच, कई डॉक्टरों ने बताया कि इससे दिल का दौरा, तनाव, चिंता, पीठ दर्द तथा दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। एक पॉडकास्ट के दौरान मूर्ति ने कहा था कि अगर भारत हाल के दशकों में उल्लेखनीय प्रगति करने वाली विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहता है, तो युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। बेंगलुरु स्थित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कृष्णमूर्ति ने एक औसत पेशेवर द्वारा दिन को काम और अन्य प्रतिबद्धताओं के बीच विभाजित करके बिताया गया समय बताया। कृष्णमूर्ति ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रति दिन 24 घंटे (जहां तक मुझे पता है)। यदि आप सप्ताह में छह दिन काम करते हैं - प्रति दिन 12 घंटे, शेष 12 घंटे - 8 घंटे की नींद, 4 घंटे बचते हैं। बेंगलुरु जैसे शहर में सड़क पर 2 घंटे, 2 घंटे बाकी हैं - ब्रश करना, शौच करना, नहाना, खाना। उन्होंने कहा कि इससे 'न परिवार से मिलने का समय मिलेगा, न बात करने का, न व्यायाम करने का समय होगा, न मनोरंजन का। इतना ही नहीं कंपनियां लोगों से काम के घंटों के बाद भी ईमेल और कॉल का जवाब देने की अपेक्षा करती हैं।' तो युवाओं को हार्टअटैक होने पर आश्चर्य क्यों?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, सप्ताह में 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 घंटे से अधिक काम करने से स्ट्रोक का जोखिम 35 प्रतिशत और हृदय रोग का खतरा 17 प्रतिशत अधिक होता है। डब्ल्यूएचओ और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने 2021 में एनवायरमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित एक पेपर में दिखाया कि लंबे समय तक काम करने के कारण 2016 में स्ट्रोक और इस्केमिक हृदय रोग से 7,45,000 मौतें हुईं, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29 प्रतिशत ज्यादा है। एक्स पर मैक्स हेल्थकेयर के एंडोक्राइनोलॉजी और डायबिटीज के अध्यक्ष डॉ अंबरीश मिथल ने लिखा, '70 घंटे का कार्यसप्ताह एक आदर्श या सिफारिश भी नहीं हो सकता है।' उन्होंने कहा कि अनिवार्य या अपेक्षित कार्य घंटे प्रति सप्ताह लगभग 48 घंटे होंगे। हालांकि सफलता हासिल करने के लिए कई लोगों ने अपनी युवावस्था में प्रति सप्ताह 70 घंटे काम किये हैं। उन्होंने कहा कि इसे अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनिनी ने कहा कि लंबे समय तक काम करने से परिवार में तनाव हो सकता है और बच्चों में ऑटिज्म हो सकता है। डॉ. मनिनी ने एक्स पर पोस्ट किया कि विषाक्त कार्य संस्कृति और लंबे समय तक काम के घंटों के कारण परिवार पीड़ित हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इन दिनों हम इतने सारे ऑटिस्टिक बच्चे देख रहे हैं।

# रुक-रुक कर उपवास मधुमेह नियंत्रण के लिए प्रभावी

**न्यूयॉर्क,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, रुक-रुक कर उपवास टाइप-2 मधुमेह वाले लोगों को वजन कम करने और उनके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। अमेरिका के इलिनोइस-शिकागो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दोपहर से रात 8 बजे के बीच केवल आठ घंटे की अवधि के दौरान खाते हैं, उन प्रतिभागियों का छह महीने में अधिक वजन कम हुआ और इनके ब्लड शुगर के स्तर में कमी देखी गई।

जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित अध्ययन में 75 प्रतिभागियों को तीन समूहों में नामांकित किया गया वे जो समय-प्रतिबंधित खाने के नियमों का पालन करते थे, वे जो कैलोरी कम करते थे और एक नियंत्रण समूह। छह महीने के दौरान प्रतिभागियों का वजन, कमर की परिधि, ब्लड शुगर का स्तर और अन्य स्वास्थ्य संकेतक मापे गए।

विश्वविद्यालय में काइन्सियोलॉजी और पोषण के प्रोफेसर क्रिस्टा वरडी ने कहा कि रुक रुक कर उपवास करने वाले समूह के प्रतिभागियों को कैलोरी कम करने वाले समूह की तुलना में ज्यादा फायदा हुआ।

शोधकर्ताओं का मानना है कि ऐसा आंशिक रूप से इसलिए है क्योंकि मधुमेह के रोगियों को आम तौर पर उनके डॉक्टरों द्वारा सबसे पहले कैलोरी में कटौती करने के लिए कहा जाता है, इसलिए इनमें से कई प्रतिभागियों ने पहले से ही आहार के उस रूप की कोशिश की है - और संघर्ष किया है।

जबकि समय-प्रतिबंधित खाने वाले समूह में प्रतिभागियों



को अपने कैलोरी सेवन को कम करने का निर्देश नहीं दिया गया था, उन्होंने एक निश्चित अवधि के भीतर खाना खाकर ऐसा किया। छह महीने के अध्ययन के दौरान कोई गंभीर प्रतिकूल घटना सामने नहीं आई।

वरडी ने कहा कि अध्ययन छोटा था और इसे बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए। हालांकि यह अवधारणा के प्रमाण के रूप में कार्य करता है कि टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए समय-प्रतिबंधित भोजन सुरक्षित है। वरडी ने कहा कि मधुमेह वाले लोगों को इस प्रकार का आहार शुरू करने से पहले अपने डॉक्टरों से परामर्श लेना चाहिए।

# 'आर्या' में ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है : सुष्मिता सेन



**मुंबई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्राइम थ्रिलर 'आर्या 3' में एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन का किरदार आर्या सरीन एक बेहतरीन पावरहाउस हैं, जिसमें ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है।

सुष्मिता ने कहा कि पहले सीजन से ही वह शो चलाने वाली सिंगल मदर हैं। सुष्मिता ने कहा कि मेरा किरदार 'आर्या' बहुत मजबूत है। उसमें दर्द सहने की क्षमता है। वह काफी हद तक शांत है। जब तक जरूरी न हो, वह रिएक्ट करना नहीं बल्कि रिस्पॉन्ड देना पसंद करती है। मैं वैसे ही बनी हूं, लेकिन उसने मुझसे ज्यादा विश्वासघात देखा है, इसके लिए भगवान का शुक्र है, मैंने अपनी लाइफ में अच्छे लोग देखे हैं। मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस शो में वह अच्छे लोगों से मिलेंगी, जिससे उनके जीवन में कुछ आशा, कुछ रोमांस वापस आ जाएगा।

दूरदर्शी राम माधवानी द्वारा निर्मित और सह-निर्देशित और अमिता माधवनी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित, 'आर्या 3' 3 नवम्बर से डिज्नी पल्स हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सुष्मिता वेब सीरीज 'ताली' में भी नजर आई थीं। यह शो सुष्मिता द्वारा अभिनीत ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता श्रीगौरी सावंत की प्रेरक यात्रा को जीवंत करता है। यह अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी निशानदार द्वारा निर्मित और रवि जाधव द्वारा निर्देशित है।



# साल का आखिरी चंद्रग्रहण आंशिक पड़ा

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत सहित दुनिया भर के खगोलप्रेमियों को आज खुशी होगी क्योंकि 2023 का आखिरी आंशिक चंद्रग्रहण शनिवार की रात लगने वाला है। भारतीय मौसम विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आसमान देखने वालों और उत्साही लोगों के लिए वर्ष की खगोलीय घटना के लिए तैयार हो जाइए! 28-29 अक्टूबर को आंशिक चंद्रग्रहण होगा। उसने आगे कहा कि जैसे ही पृथ्वी घूमते हुए सूर्य और चंद्रमा के बीच आयेगी, खगोल विज्ञान की सुंदरता को साकार होते देखें!आंशिक चंद्रग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा का सिर्फ एक हिस्सा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है। आंशिक ग्रहण में चंद्रमा के पृथ्वी की ओर वाले हिस्से पर पृथ्वी की छाया बहुत गहरी दिखाई देती है। आंशिक चंद्र ग्रहण के दौरान लोग पृथ्वी से क्या देखते हैं यह इस बात पर निर्भर करता है कि सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में कैसे हैं। चंद्रग्रहण लगना रात लगभग 11.31 बजे शुरू हुआ, और रात लगभग 1 बजे, चंद्रमा की सतह धीरे-धीरे पृथ्वी की छाया के गहरे हिस्से से ढंक गई, जिसे उपछाया के रूप में जाना जाता है। भारत के विभिन्न हिस्सों के अलावा, ग्रहण यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, उत्तर/पूर्व दक्षिण अमेरिका, प्रशांत, अटलांटिक, हिंद महासागर, आर्कटिक और अंटार्कटिका में दिखाई देगा।इस साल पहला चंद्रग्रहण 5 मई को लगा था। ठीक दो सप्ताह पहले 14 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण भी लगा था। भारत में दिखाई देने वाला अंतिम पूर्ण चंद्रग्रहण 8 नवम्बर 2022 को था जबकि अगला पूर्ण चंद्रग्रहण 7 सितम्बर 2025 को लगेगा।

# हर अंत की एक नई शुरुआत होती है : रिंकू घोष

**मुंबई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'दुर्गेश नंदिनी', 'मोहे रंग दे', 'मिसेज पम्मी प्यारे लाल' जैसे शो फेम एक्ट्रेस रिंकू घोष ने दुख व्यक्त किया है कि उनका शो 'जुनूनियत' जल्द ही ऑफ एयर होने वाला है, उन्होंने कहा कि हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। यह लोकप्रिय शो अंकित गुप्ता (जहान), गौतम सिंह विग (जॉर्डन) और नेहा राणा (इलाही) द्वारा संचालित प्रेम और संगीत की कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के बंद होने के बारे में बात करते हुए, रिंकू ने कहा कि पहले तो मैं थोड़ी उदास थी। मैं इसके इतनी जल्दी खत्म होने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि शो अच्छा चल रहा है। फिक्शन कैटेगरी में यह चैनल पर बिताया गया दूसरा सबसे ज्यादा समय है, लोगों को भी यह काफी पसंद आ रहा है। इम्तिहान फेम एक्ट्रेस ने कहा कि सीरियल करते समय आप अपने सह-कलाकारों के साथ कई



बंधन बनाते हैं क्योंकि हम अपना अधिकांश समय एक-दूसरे के साथ बिताते हैं। ऐसा लगता है जैसे एक परिवार टूट रहा है। लेकिन, अब मैं इसे एक और नए अध्याय की शुरुआत के रूप में लेती हूं। हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। रिंकू ने आगे कहा कि टीवी इंडस्ट्री बहुत अप्रत्याशित है, और कभी भी कुछ भी हो सकता है। यह सब लोगों पर निर्भर करता है कि उन्हें कौन सा कंटेंट पसंद है या नापसंद। इसलिए, मैं बस प्रवाह के साथ चलती हूं और अपने काम और चरित्र पर ध्यान केंद्रित करती हूं।

# आशका गोराडिया ने दिया बेटे को जन्म, पति ब्रेंट ने शेयर की फोटो

**मुंबई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस आशका गोराडिया और उनके पति ब्रेंट ग्लोब ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। उन्होंने अपने बच्चे का नाम विलियम अलेक्जेंडर रखा। ब्रेंट ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से पहली तस्वीर साझा की, इसमें एक्ट्रेस और उनके पति ने बच्चे का हाथ अपने हाथों पर रख रखा है। जियो टैग लोकेशन अहमदाबाद, गुजरात की है।

पोस्ट के साथ, उन्होंने लिखा कि आज सुबह 7.45 बजे, विलियम अलेक्जेंडर ने इस दुनिया में कदम रखा है और सीधे हमारे दिलों में बस गया। हालांकि मुझे पता है कि आज से पहले भी मेरा अस्तित्व था, लेकिन मुझे इस बारे में अब बहुत कम याद है। अभी से लेकर अब मरने के दिन तक, मैं एलेक्स का डैडी ही रहूंगा। पोस्ट में आगे लिखा कि आशका आराम कर रही है, उसके बगल में हमारा छोटा बच्चा है। हमारे दिल कभी इतने उज्जवल नहीं रहे, मैंने इस तरह का प्यार कभी नहीं देखा। अब और हर दिन मेरे पास ईश्वर के अस्तित्व



का जीवंत प्रमाण होगा।

मशहूर हस्तियों ने कमेंट सेक्शन में बधाई दी।

जन्नत जुबैर ने कहा कि बधाई हो, बहुत खुश हूं!!!! अल्लाह आप लोगों को हमेशा आशीर्वाद दे। सुधा चंद्रन ने लिखा कि दोनों को बधाई और बच्चे को आशीर्वाद। टीना दत्ता ने कहा कि वाह, बधाई हो। फलक नाज़ ने कहा कि माशाल्लाह आप लोगों को बधाई हो। सुरभि ज्योति ने कहा कि हार्दिक बधाई दोस्तों। दिव्यंका त्रिपाठी ने टिप्पणी की कि आप दोनों को बधाई। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशका को आखिरी बार 'किचन चैंपियन 5' में प्रतियोगी के रूप में देखा गया था।

# 'पागलपन -नेक्स्ट लेवल' में गुरु मान की परफॉर्मेंस ने बटोरी तारीफें

**मुंबई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक ऐसे व्यक्ति की परीक्षाओं, कष्टों और अंतिम विजय की यात्रा की कहानी है, जो सामाजिक अपेक्षाओं को खारिज करता है। यह जीवनी पर आधारित फिल्म गुरु मान के जीवन का वर्णन करती है, एक ऐसे व्यक्ति जिसने मानदंडों को चुनौती देने और अपने 'मिशन इंडिया फिट' अभियान के साथ भारत में फिटनेस क्रांति शुरू करने का साहस किया। मान की कहानी साधारण बायोपिक नहीं है। यह एक सम्मोहक कथा है जो गहराई, भावना और एक मजबूत संदेश के साथ सामने आती है। यह फिल्म अमृतसर में गुरु मान के पालन-पोषण के बारे में एक आकर्षक अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जहां वह एक समय एक शरारती कॉलेज छात्र थे, और समय-समय पर मुसीबत में पड़ जाते थे। हालांकि, उनके जीवन में एक नाटकीय मोड़ आया, जब उन्हें अकल्पनीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें एक खतरनाक कार दुर्घटना भी शामिल है। कहानी का मूल उस विरोध पर आधारित है, जिसका सामना मान को अपने पिता से करना पड़ा, जिन्होंने उनके फिटनेस सपने का विरोध किया। पारंपरिक मूल्यों और व्यावहारिक चिंताओं में निहित यह संघर्ष, फिल्म का भावनात्मक केंद्र बनता है। पिता-बेटे के रिश्ते को ईमानदारी के साथ चित्रित किया गया है, जो कथा में प्रामाणिकता की परतें जोड़ता है। गुरु मान की संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा, एक अप्रवासी के रूप में उनके संघर्ष और फिटनेस के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के उनके दृढ़ संकल्प को धैर्य और यथार्थवाद के साथ चित्रित किया गया है। फिल्म प्यार और रोमांस के क्षणों में उनके सामने आने वाली कठिनाइयों को संतुलित करती है। उन्हें अपना सच्चा प्यार मिल जाता है और वह एक विदेशी भूमि में अपना जीवन गुजारते हैं।

गुरु मान ने अपनी पहली अभिनय भूमिका में शानदार प्रदर्शन किया है। वह प्रभावशाली स्क्रीन उपस्थिति और अपनी जीवन कहानी का ईमानदार चित्रण प्रदर्शित करते हैं।

# 80 के दशक की तुलना में आज सिनेमा जगत में काफी बदलाव हो गए : गुड्डी

**बरेली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मारुति गुड्डी ने कहा है कि 80 दशक और आज बहुत चीजें बदल गईं हैं। कोरोना काल में सिनेमा उद्योग से काफी बदलाव हो गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म को बढ़ावा मिला, हालांकि इसमें आपत्तिजनक कंटेंट व भाषा में कुछ सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीवी धारावाहिक, नाटक, वेब सीरीज और तमाम आपाधापी में दर्शक नई फिल्मों को बहुत दिन याद नहीं रख पाते। इसी कारण थिएटर में दर्शकों की कमी होने लगी है। यहां शनिवार शाम आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची हास्य अभिनेत्री गुड्डी मारुति ने बातचीत उन्होंने कहा कि तमाम माध्यमों के बीच कलाकार के लिए काम की कोई कमी नहीं है। फिल्में, सीरियल और वेब सीरीज भी खूब बन रही हैं। आज के दौर में कंटेंट की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि वह अचानक फिल्मों में आईं। एक दौर था



जब टुनटुन और प्रीति गांगुली हास्य अभिनेत्री फिल्मों में काम कर रही थीं। उसी दौरान प्रीति गांगुली थोड़ा दुबली हो गईं। तब एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत पड़ने लगी जो भारी-भरकम हो। उस दौर में अचानक से उनकी फिल्मी दुनिया में एंट्री हुई। उनकी पहली फिल्म सौ दिन सास के थी। उन्होंने बताया कि वे अब तक लगभग डेढ़ सौ फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अपने अभिनय से लोगों को आकर्षित किया है। गुड्डी मारूति ने बताया कि जल्द ही यशराज की नई फिल्म विजय 69 में दर्शक उन्हें देख सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने सनम तेरी कसम और शोला शबनम जैसी फिल्मों को भी अपनी यादगार के रूप में बताया। वह यहां बुलेट आर्केस्ट्रा ग्रुप की ओर से आयोजित यादगार-ए- मुकेश कार्यक्रम शामिल होने आई हैं।

उन्होंने बताया कि उनके दिल में आज भी फिल्म अभिनेता बिग बी अमिताभ बच्चन के साथ काम करने की चाहत है। वह 80 के दशक से वह काम कर रहीं हैं। ऋषि कपूर से लेकर लगभग सभी फिल्म अभिनेता के साथ वह काम कर चुकीं हैं। अमिताभ बच्चन के साथ शहंशाह फिल्म में काम करने का मौका मिला था। शूटिंग के बाद जब फिल्म रिलीज़ हुई तो वह सीन कट कर दिया गया था। अब जब भी मौका मिलेगा तो वह उनके साथ जरूर काम करेंगी। गुड्डी मारुति ने बताया कि 80 के दशक में और अब के समय में अंतर इतना है कि अब सिनेमा इंडस्ट्री पूरी तरह से कॉरपोरेट हो गई है।

# फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय ताज फिल्म महोत्सव

**फिल्म महोत्सव के पांचवें संस्करण में दस पुरस्कार विजेता की दिखाई जाएंगी फिल्में**

**आगरा,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्लोबल ताज फिल्म (जीटीएफ) फेस्टिवल का पांचवां संस्करण उत्तर प्रदेश में न केवल फिल्म निर्माण को बड़ा बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं के लिए काम के रास्ते भी खोलेगा। तीन से पांच नवम्बर तक आगरा विश्वविद्यालय के जेपी सभागार में आयोजित जीटीएफ-2023 फिल्म महोत्सव के पांचवें संस्करण में दस पुरस्कार विजेता फिल्में दिखाई जाएंगी।

निर्देशक सूरज तिवारी ने बताया कि ग्लोबल ताज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पिछले कुछ वर्षों में छोटे बजट के फिल्म निर्माताओं और महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के बीच लोकप्रिय हो गया है। तिवारी ने कहा कि इस वर्ष प्रदर्शित होने वाली सभी




फिल्मों में शक्तिशाली सामाजिक संदेश हैं। दर्शकों के लिए कई लघु फिल्में, एनीमेशन फिल्में और संगीत वीडियो भी दिखाए जाएंगे।

इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के निदेशक यूएन शुक्ला ने कहा कि कई वर्कशॉप आयोजित होंगे जो महत्वाकांक्षी अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं के लिए विशेष रूप से सहायक होंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है उससे लोगों को बहुत फायदा होगा। हर साल दादा साहेब फाल्के की पत्नी और पहली महिला तकनीशियन सरस्वती फाल्के के नाम पर एक पुरस्कार किसी प्रतिष्ठित महिला कलाकार या तकनीशियन को दिया जाता है।

आयोजकों ने कहा कि तीन दिवसीय उत्सव में निर्माताओं और निर्देशकों की एक बड़ी भीड़ आएगी, जिन्हें ताज महल और अन्य मुगल स्मारकों के अलावा, आगरा में प्राकृतिक स्थलों से भरे संभावित शूटिंग लोकेशन दिखाए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के प्रमुख सदस्य और फिल्म निर्माता रंजीत सामा ने कहा कि इससे निश्चित रूप से आगरा को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलने में मदद मिलेगी।

सामा ने कहा कि इस महोत्सव से ग्रेटर नोएडा में फिल्म सिटी परियोजना को भी बढ़ावा मिलेगा। तिवारी ने कहा कि फिल्म महोत्सव में कई गणमान्य व्यक्ति और अभिनेता विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। यह संवाद निश्चित रूप से ब्रज क्षेत्र (आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, भरतपुर) में रचनात्मकता के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने में मदद करेगा।

फेस्टिवल जूरी में टीवी अभिनेता उमेश वाजपेई, निर्देशक शशांक श्रीवास्तव, गोवा के निर्माता संदीप कोटेजा, निर्माता राशिद अंसारी (दिल्ली) और निर्माता बीएस जोगदंड (नासिक) शामिल हैं।

# सुरेश गोपी ने महिला पत्रकार के कंधे पर हाथ रखने के लिए माफी मांगी

**तिरुवनंतपुरम,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। मलयालम सुपरस्टार और भाजपा नेता सुरेश गोपी ने मीडिया से बात करते समय एक महिला पत्रकार के कंधे पर दो बार हाथ रखने के लिए शनिवार को माफी मांगी। सोशल मीडिया पर राजनेता ने कहा कि आज तक न तो सार्वजनिक या निजी स्थान पर उन्होंने अनुचित व्यवहार किया है। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रहे गोपी ने कहा कि अब जब महिला पत्रकार ने अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं, तो मैं इसे पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। अगर उन्हें बुरा लगा है और किसी भी तरह से प्रभावित हुई हैं तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। शुक्रवार को गोपी ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान अपना हाथ उनके कंधे पर रख दिया था। घटना के बाद, पत्रकार संगठनों ने गोपी के 'अनुचित' व्यवहार का विरोध किया और माफी की मांग की। सीपीआई (एम) और उसकी युवा शाखा ने तुरंत इसकी निंदा की, जबकि अनुभवी कांग्रेस विधायक रमेश चेन्निथला ने कहा कि ऐसी स्थितियों से बचना हमेशा बेहतर होता है और अब जब गोपी ने माफी मांग ली है, तो मामले को यहीं खत्म कर देना चाहिए। लेकिन महिला पत्रकार अभिनेता के खिलाफ अपनी शिकायत कर सकती है।

गोपी भाजपा के लिए त्रिशूर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने 2019 असफल कोशिश की थी और तीसरे स्थान पर रहे थे, लेकिन 2.93 लाख वोट पाने में कामयाब भी रहे।

# मानकेश्वरी देवी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**रायगढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के केलो वनांचल आदिवासी बाहुल्य तहसील तमनार के पहाड़ों से घिरे ग्राम करमागढ़ में शरद पूर्णिमा पर मां मानकेश्वरी देवी मंदिर में बलि पूजा की परंपरा है. यहां मनोकामना पूर्ण होने पर दर्जनों बकरे की बलि दी जाती है. वहीं हजारों श्रद्धालुओं की ओर से नारियल पुष्प मां और बैगा के चरणों में अर्पित कर मनोकामना मांगी जाती है. पंडरापाठ मंडल में 200 लोगों ने थामा भाजपा का दामन, मोदी सरकार की योजनाओं से प्रभावित होने की कही बात



■ बलि पूजा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

रियासत कालीन देवी मां मानकेश्वरी देवी की पूजा की परंपरा करमागढ़ में अब भी जारी है. यहां राजघराने की कुल देवी मां की पूजा हर साल शरद पूर्णिमा के दिन की जाती है. इस साल भी शुक्रवार को यहां शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया और बल पूजा किया गया. मान्यता है कि इस दिन बैगा के शरीर मे देवी का आगमन होता है. यहां आने वाले श्रद्धालु उनकी आशीर्वाद के लिए आष्टांग प्रणाम करते हैं. कई लोग उनको छूने के लिए उनके पीछे भागते हैं जो उसे छू लेता है वह अपने आपको धन्य मानता है. जो बैगा को इस दौरान छू लेगा उसकी मनोकामना पूर्ण होती है. कल बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच कर माता और बैगा के चरणों में मत्था टेका और आर्शीवाद लिया. वहीं बलि पूजा का कार्यक्रम में सैकड़ों नर्तक मांदर झांझ के साथ कर्मा नृत्य और रात्रिकालीन नाटक के साथ मेला में करीबन 15 हजार लोग शामिल हुए.

शुक्रवार की दोपहर तीन बजे से बलि पूजा का कार्यक्रम शुरू किया गया. पूजा के बाद बैगा के शरीर के भीतर जब माता का प्रभाव हुआ, तो भक्तों ने बकरों की बली दी. इसके बाद बैगा बकरों का रक्तपान करने लगे. इस पूरे पूजा को देखने वाले श्रद्धालुओं के रोम-रोम खड़े हो गए. दोपहर से शुरू हुई पूजा देर रात तक चली. इसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया. ऐसी मान्यता है कि मंदिर में रायगढ़ राज परिवार की कुलदेवी मां मानकेश्वरी देवी आज भी अपने चैतन्य रूप में विराजित हैं और माता समय-समय पर अपने भक्तों को अपनी शक्ति से अवगत कराती है. रायगढ़ राज परिवार से कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह, उर्वशी देवी सिंह ने विधि विधान के साथ परंपरा अनुसार पूजा अर्चना की. इसमें तमनार तहसील, रायगढ़ जिले सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों, ओडिशा समेत अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए.

राज परिवार के देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लगभग 600 साल पहले जब एक पराजित राजा जो हिमगीर ओडिशा रियासत का था, उसे देश निकाला देकर बेडियो से बांधकर जंगल में छोड़ दिया गया. राजा जंगल-जंगल भटकता रहा और वह करमागढ़ में पहुंच गया. तब उन्हें देवी ने दर्शन देकर बंधन मुक्त किया. इस तरह एक घटना सन 1780 में तब हुई थी जब ईस्ट इंडिया कंपनी अंग्रेज ने एक तरह से कठोर (लगान) कर के लिए रायगढ़ और हिमगीर पर वसूली के लिए आक्रमण कर दिया. तब यह युद्ध करमागढ़ के जंगली मैदान पर हुआ था. इसी दौरान जंगल में मौजूद मधुमक्खियों के झुंड और जंगली कीटों ने मंदिर की ओर से आकर अंग्रेज पर हमला कर दिया था. इस दौरान अंग्रेज पराजित होकर उन्होंने भविष्य में रायगढ़ स्टेट को स्वतंत्र घोषित कर दिया. इस कारण श्रद्धालु यहां दूर-दूर से अपनी इच्छा पूर्ति के लिए आते हैं और माता से मनचाहा वरदान अपनी झोली में आशीर्वाद के रूप में पाकर खुशी-खुशी लौट जाते हैं.

# चेकपोस्ट में 24 लाख 2 हजार 335 रूपए नगद और सामाग्री जप्त

**कवर्धा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के अनुपालन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान कबीरधाम जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर निर्वाचन की गतिविधियों की निगरानी के लिए गठित स्थैतिक निगरानी दल चेकपोस्ट, फ्लाइंग स्कॉड टीम सभी रूटो में भ्रमण कर कार्यवाही कर रही हैं। स्थैतिक निगरानी दल 11 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चेक पोस्ट चिल्फी, महका, नरोधी और दशरंगपुर में जांच के दौरान 24 लाख 02 हजार 335 रूपए नगद जप्ती की कार्यवाही की है। वहीं फ्लाइंग स्कॉड टीम द्वारा इस अवधि के दौरान कुकदूर में सामाग्री जप्त किया गया।



■ निर्वाचन गतिविधियों की निगरानी के लिए गठित स्थैतिक निगरानी दल चेकपोस्ट, फ्लाइंग स्कॉड टीम कर रही लगातार कार्यवाही

स्थैतिक निगरानी दल के जांच के दौरान चिल्फी चेकपोस्ट में 1 लाख 20 हजार रूपए, महका चेकपोस्ट में 15 लाख 22 हजार 975 रूपए, नरोधी चेकपोस्ट में 02 लाख 40 हजार 200 रूपए और दशरंगपुर चेकपोस्ट में 1 लाख 57 हजार 900 रूपए जप्त किया गया है। जप्ती की कार्यवाही के बाद 2 लाख 67 हजार रूपए की राशि विवरण प्रस्तुत करने के बाद वापस किया गया है। कबीरधाम जिले में कवर्धा एवं पंडरिया में विधानसभा आम निर्वाचन संपादित करने के लिए जिले के विभिन्न मार्गों में स्थैतिक निगरानी दल, फ्लाइंग स्कॉड टीम का गठन किया गया जो चेकपोस्ट में 24 घंटे तैनात है।

स्थैतिक निगरानी दल निर्वाचन प्राक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में अत्याधिक प्रचार व्यय, रिश्वत के रूप में नगद या वस्तु वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला, बारूद, शराब वितरण या परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। स्थैतिक निगरानी दल 24 घंटा कार्यरत हैं। इसमें तीन पाली सुबह छह बजे से दो बजे, दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे और रात्रि 10 बजे से सुबह छह बजे तक ड्यूटी लगाई गई हैं। प्रत्येक टीम में एक अधिकारी और दो पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात हैं। स्थैतिक निगरानी दल चेकपोस्ट कापादाह, महका, कुकदूर, चिल्फी, दशरंगपुर, खारा और बिड़ोरा में तैनात हैं। इसी प्रकार फ्लाइंग स्क्वॅाड टीम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया अंतर्गत तहसील पंडरिया, कुण्डा, कुकदूर, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 पंडरिया अंतर्गत तहसील कवर्धा, बोड़ला, पिपरिया, रेंगाखार और सहसपुर लोहारा के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, सहायक अधीक्षक और कृषि विकास अधिकारी सहित प्रत्येक टीम में 02 पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है।

# पहले चरण में 46 प्रत्याशी करोड़पति

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव का मतदान होना है. राज्य में चुनावी प्रचार चरम पर है. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिमार्म्स (ष्ठक्र) की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले चरण की 20 सीटों पर कुल 233 प्रत्याशी मैदान पर हैं. इनमें से 46 प्रत्याशी करोड़पति हैं.




■ दो के पास पैसे ही नहीं
■ आप के उम्मीदवार सबसे अमीर

2023 में पहले चरण में उतरे 233 प्रत्याशियों में से 21 फीसदी यानी 46 प्रत्याशी करोड़पति हैं. इन सभी प्रत्याशियों के औसत धन की बात करें तो 1.34 करोड़ रुपए है. 11 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनकी संपत्ति पांच करोड़ या इससे ज्यादा है. 18 उम्मीदवारों की संपत्ति दो से पांच करोड़ के बीच है. 50 लाख से दो करोड़ की संपत्ति वाले 38 उम्मीदवार मैदान में हैं. ऐसे उम्मीदवार जिनकी दौलत 10 लाख से 50 लाख है उनकी संख्या 50 है. वहीं 106 प्रत्याशियों की संपत्ति 10 लाख से कम है.

### कांग्रेस के 17 और भाजपा के 14 प्रत्याशी करोड़पति

पहले चरण में कांग्रेस के 17 उमीदवार करोड़पति हैं. वहीं भाजपा के 14 प्रत्याशी करोड़पति हैं. आम आदमी पार्टी के कुल 10 उम्मीदवारों में से तीन करोड़पति हैं. वहीं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) के दो उम्मीदवारों की संपत्ति एक करोड़ रुपए से ज्यादा की है. पहले चरण के सबसे अमीर प्रत्याशी कवर्धा सीट से आप के खडगराज सिंह हैं. खडगराज की कुल संपत्ति 40 करोड़ है. दूसरे नंबर पर पंडरिया से भाजपा की भावना बोहरा हैं, जिनकी संपत्ति 33 करोड़ रुपए है. वहीं, जगदलपुर से कांग्रेस के जतीन जयसवाल तीसरे सबसे अमीर प्रत्याशी हैं. जतीन की कुल संपत्ति 16 करोड़ है.

### दो प्रत्याशियों के पास कोई संपति नहीं

एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक पहले चरण में चुनाव लड़ हे उम्मीदवारों में दो ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जिनकी कोई संपत्ति ही नहीं है. कंकेर से आजाद जनता पार्टी की पर्वती तेता और मोहला मानपुर के उम्मीदवार नागेश पुरम ने बताया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है.

# बेमेतरा विस के भाजपा प्रत्याशी को रिटर्निंग आफिसर ने जारी किया कारण बताओं नोटिस

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा, के प्रतिवेदन अनुसार वर्तमान में प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत आदर्श आचरण संहिता प्रभावी है। तथा जिले में धारा 144 प्रभावी है। विगत 25 अक्तूबर को समय करीब 3.00 बजे जिला मुख्यालय बेमेतरा में भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं दीपेश साहू के साथ साथ अन्य कार्यकर्ता , भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, मोतीराम उर्फ मोन्टी साहू, निखिल साहू, तुषार साहू, नंदू राठी, गोलू कोशले, अशोक शर्मा, योगेश वर्मा अजय तिवारी धर्मेन्द्र साहू, नरेन्द्र वर्मा, रिंकू साहू द्वारा बिना किसी अनुमति के आतिषबाजी, नारेबाजी, रैली एवं मुख्य मार्ग अवरूद्ध किया गया है । आतिषबाजी के बाद समय 3.30 बजे आवेदक रोहित साहू प्रदेष कार्यकारी समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा द्वारा बैंडबाजा एवं आतिषबाजी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त भी उक्त दिवस के संध्या को भी बिना अनुमति के उनके द्वारा बस स्टैण्ड से रैली निकालकर सिगनल चौक बेमेतरा पहुंचकर प्रदर्षन करते हुए आतिषबाजी किया गया है। जो कि आदर्ष आचार संहिता एवं जिले में लागू धारा 144 का उल्लंघन किया जाना प्रतीत होता है। मौके पर पुलिस एवं प्रषासन के अधिकारियों के द्वारा उक्त कार्यकर्ताओं को आदर्ष आचार संहिता का पालन करने, जमावड़ा हटाने, मुख्य मार्ग पर आतिषबाजी न करने निर्देषित किये जाने पर उनके द्वारा निर्देषों का अवहेलना एवं आदर्ष आचरण संहिता के नियमों का पालन न करते हुए आतिषबाजी एवं जमावड़ा बनाये रखना जारी रखा गया। धारा 144 का उल्लंघन किये जाने के फलस्वरूप भारतीय दण्ड सहिंता की धारा 188 के तहत कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है। उनकें द्वारा जिले में लागू धारा 144 का उल्लंघन किया जाना प्रतीत हो रहा है। अतएव तत्संबंध में उपरोक्त सभी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिनांक 01 नवम्बर तक जवाब मंगाया गया है। जवाब प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जावेगी।



बेमेतरा विधानसभा के लिए भाजपा से दीपेश साहू को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा चौक चौराहे में जमकर आतिशबाजी करते हुए खुशियों का इजहार करने के लिए बैंड बाजा लगाया गया था।

## आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर की गई कार्यवाही योगेश तिवारी को नोटिस



उड़नदस्ता दल के प्रतिवेदनानुसार वर्तमान में प्रदेष में विधानसभा निर्वाचन के दृश्टिगत आदर्ष आचार संहिता प्रभावी है तथा जिले में धारा 144 लागू है। योगेश तिवारी द्वारा 27 अक्टूबर को समृद्धि विहार स्थित अपने आवास के समीप बिना किसी अनुमति के जनमदिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 100 लोग उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त योगेश तिवारी द्वारा कलेक्टोरेट परिसर के सामने बिना अनुमति के रैली निकाली गई है जो कि उनके द्वारा आदर्ष आचार संहिता एवं जिले में लागू धारा 144 का उल्लंघन किया जाना प्रतीत हो रहा है। धारा 144 का उल्लंघन किये जाने के फलस्वरूप भारतीय दण्ड सहिंता की धारा 188 के तहत कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है। अतएव योगेश तिवारी को नोटिस जारी कर 1 नवम्बर तक रिटरनिंग अधिकारी ने जवाब मंगाया है। जवाब प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जावेगी।

# पंच कर्म चिकित्सा के अध्ययन के लिए डॉ राजकुमार का चयन

**बलौदाबाजार,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय कसडोल में पदस्थ डॉ राजकुमार बंजारे का चयन पंच कर्म चिकित्सा में विशेष अध्ययन हेतु देश के सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेद शिक्षण संस्थान जयपुर राजस्थान में हुआ है। इस अध्ययन हेतु जिन दस आयुर्वेद चिकित्सकों का चयन हुआ है उसमें बलौदाबाजार जिले से डॉ राजकुमार बंजारे भी हैं। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ एल एस ध्रुव ने डॉ राजकुमार बंजारे को बधाई देते हुए जिले की ख्याति बढ़ाने व पंचकर्म चिकित्सा पद्धति में विशेषज्ञता हासिल करने हेतु शुभकामनाएं दीं। डॉ राजकुमार बंजारे ने बताया कि इस क्षेत्र में बहुत ही कम चिकित्सक उपलब्ध हैं। इसका अध्ययन करने के बाद जिले में पंच कर्म चिकित्सा का अभ्युदय होगा जिसका लाभ जिले वासियों को भरपूर मिलेगा। यह चिकित्सा पद्धति काफी लोकप्रिय होती जा रही है।



■ जिले का बढ़ाया मान

# सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी का पूर्व में भी चोरी के संबंध में अपरधिक रिकॉर्ड है जो कुछ दिनों से चल रहा था फरार

**धमतरी,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकर नगर कुरूद निवासी कु. रश्मि ग्वाल पिता राजेश ग्वालद्वारा रिपोर्ट लिखाया गया कि उनके घर में दिनांक 24-10-23 को कोई अज्ञात आरोपी द्वारा सोने चांदी के जेवरात सोने का चैन,सोने का कंगन,सोने कि चूड़ी,सोने का झूमका,सोने कि अंगुठी,सोने का लॉकेट जुमला कीमती लगभग तीन लाख रुपये का चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध क्र. 687/23 धारा 457,380 भादवि.का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा उक्त मामले में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी कुरूद के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के पतासाजी करते हुए तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही सचिन उर्फ सतीश नेताम पिता स्व.करन नेताम उम्र 38 वर्ष साकिन अटल आवास कुरूद को पकड़ा गया जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने कथन में बताया कि 24 अक्टूबर को केन्द्री से कुरूद अपने हाथ तथा सिर में लगे चोट का ईलाज कराने कुरूद आया था तथा चोरी करने की नियत से अपने साथ चोरी करने का सामान रिंग पाना, राड, पेचकस, पेचिंस सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में लेकर दोपहर करीबन 12 बजे बस से आया था जो कि अपना ईलाज नही करवाया और देशी शराब भट्ठी तरफ जाकर शराब पीया और घुमते घुमते अटल आवास कुरूद के पुल के पास बैठा था जहां पर उसके दो साथी मिले और तीनो ने पुन: शराब पीये और शराब पीकर चोरी का प्लान कर सूर्य नमस्कार चौक के पास पैदल आये और किरण पब्लिक स्कूल कुरूद के पास एक सूना मकान दिखा जिसमें ताला लगा हुआ था जिसमें तीनों उसी मकान में चोरी करने की एक राय होकर एक दोस्त घर के बाहर रोड किनारे आने जाने वाले लोगो पर निगाह रखे हुये थे और में अपने साथ में रखे सामान को रखा और दिवाल कूदकर घर में प्रवेश कर दरवाजा में लगे ताला को रिंग पाना से तोडकर घर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे सामान को खोजबीन किया तब मुझे एक बैंग में आलमारी की



चाबी मिला तब मै आलमारी तथा लॉकर को खोलकर लॉकर में रखे सोना चांदी अलग अलग प्रकार के तथा नगदी रकम को चोरी किया उसके बाद दूसरे कमरे में जाकर भी खोजबीन किया तब वहां से भी सोना तथा

नगदी रकम को चोरी कर घर के छत के दिवाल के तरफ से बाहर निकला और अपने साथियों से मिला और चोरी किया हुआ सोना तथा नगदी रकम 6000 रूपये को अपने पास रखा तथा बाकी के नगदी रकम व चांदी के आभूषण को उसके दोस्त को दे दिया कितना पैसा चोरी किये थे उसकी गिनती नही किये थे में रात्रि में ही बस बैठकर अपने घर केन्द्री चले गया उक्त सामान तथा नगदी रकम को हम तीनों मिलकर चोरी किये है। चोरी किये हुये बटवारा में मिला नगदी रकम को शराब पीने व ढाबा में खाना खाकर खर्च कर दिया और जेवरात को अपने झोपड़ी के पास पत्थर में छुपाकर रखा था एवं चोरी करने में उपयोग किया हुआ सामान रिंग पाना, राड, पेचकस,पेचिंस को अपने झोपड़ी के पास से बरामद किया गया।

उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त आरोपी के पूर्व में भी चोरी के संबंध में अपरधिक रिकॉर्ड है कुछ दिनों से फरार चल रहा था। बाकी के दो आरोपी कि भी पतासाजी कि जा रही है उनको भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

जप्ती सामान- सोने का चैन दो नग 50000/- फिर सोने सोने का कान का सेट दो नाग 15000/- सोने की चूड़ी दो ना 50000/- सोने का रानी हार एवं झुमके एक सेट 83000/- सोने का अंगूठी चार नाग 26000/- सोने का झुमका और टॉप 37500/- एक नाग सोने का लॉकेट 5000/-जुमला किमती 2,66500/ रुपए जप्त किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक दीपा केंवट एवं साइबर प्रभारी उनि. रमेश साहू प्रआर. लोकेश नेताम,गोपी चंद्राकर, राजेश चंन्द्राकर एवं सायबर एवं कुरूद की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# केंद्रीय विदेश एवम् संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने किए भूतेश्वर महादेव के दर्शन, की प्रदेश के खुशहाली की कामना

**गरियाबंद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा की आमसभा में शामिल होने शुक्रवार को गरियाबंद पहुंची भारत सरकार में केंद्रीय विदेश एवम संस्कृति राज्य मंत्री ने विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ शिवलिंग के दर्शन और पूजा अर्चना की। दरअसल, गरियाबंद पहुंची केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओ ने विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ शिवलिंग के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद चुनावी सभा को संबोधित करने के पहले केंद्रीय मंत्री लेखी ने भूतेश्वर नाथ मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के तरक्की और खुशहाली की कामना की। इस अवसर भूतेश्वर नाथ सेवा समिति के सदस्य अजय रोहरा भी उनके साथ रहें। उन्हें भूतेश्वरनाथ के महिमा की जानकारी दी। दर्शन के बाद केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा की ऐसा शिवलिंग अपने आप में अदभुत है। दर्शन से अभिभूत हूं। उल्लेखनीय है गरियाबंद से लगे ग्राम मरोदा में विश्व प्रसिद्ध शिवलिंग स्थित है। बताया जाता है कि हर साल इसके ऊंचाई एक से दो इंच बढ़ता है। जिसके चलते ये देशभर में प्रसिद्ध है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, आशीष शर्मा, सोम प्रकाश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद, जब्त किया लाखों रूपए नगद

**बिलासपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव नजदीक है, ऐसे में पुलिस की कार्रवाई भी तेज हो गई है. पुलिस लगातार सीमा क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है. इसी कड़ी में सिरगिट्टी थाना अंतर्गत बनाक चौक के पास पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पांच लाख रुपये नगद जब्त किया है. कैश रखने वाला कार चालक रकम के बारे में जानकारी नहीं दे पा रहा है. फिलहाल पुलिस नगद जब्त कर कार्रवाई कर रही है.

बता दें कि प्रदेशभर में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. अब तक विभिन्न जिलों से पुलिस करोड़ों रुपये कैश बरामद कर चुकी है. इसके अलावा बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर भी जब्त किया है. शुक्रवार को ही रायपुर के बढ़ईपारा स्थित आरा मील के पास क्राईम एंड साईबर यूनिटऔर थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम पैदल पेट्रोलिंग करने के साथ दोपहिया/चारपहिया वाहनों की चेकिंग कर रही थी.

इसी दौरन एक्टिवा वाहन क्रमांक ष्टत्र/04/एच पी/5211 में सवार एक शख्स कार्टून में कुछ सामान लेकर जा रहा था, संदेह होने पर जब तलाशी ली गई तो पुलिस के होश उड़ गए. कार्टून में भारी मात्रा में सोने के जेवर और सोने का बिस्किट रखा हुआ था. जब इसके बारे में शख्स से पुछा गया तो वह कोई दस्तावेज नहीं दे पाया.

# आदिवासी नेता सूरजु टेकाम गिरफ्तार

■ भाजपाइयों को काट डालने वाले बयान पर पुलिस ने की कार्रवाई

**मोहला-मानपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानपुर पुलिस ने आदिवासी नेता सूरजु टेकाम को कल देर रात गिरफ्तार किया. एसपी रत्ना सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है.

जानकारी के अनुसार, सूरजु टेकाम की गिरफ्तारी भाजपाइयो को काट डालने वाले भाषण की वजह से हुई. इसके अलावा भाजपा नेता बिरझु तारम हत्याकांड को लेकर भी उससे पूछताछ किए जाने की संभावना है. बता दें कि कुछ दिन पहले सूरजु टेकाम ने मानपुर में विवादित भाषण दिया था, जिसमें उसने कहा कि 'भाजपाइयो को काट डालो, इसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं' कहा था.

NECC

| 29.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.20 | 88 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 103 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पप्पू मंदिर के बाहर टहल रहा था !
भिखारी- बेटा तेरी जोड़ी सलामत रहे !!
पप्पू- अंकल मैं तो सिंगल हूँ !
भिखारी- मैं जूतों की जोड़ी की बात कर रहा हूँ बेटा !!

# छत्तीसगढ़ मॉडल से सभी हैं प्रसन्न, 70-75 सीट जीतकर फिर से कांग्रेस बनाएगी प्रदेश में सरकार : संजय निरुपम

**जगदलपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरूपम ने शनिवार को राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या एक चुनौती थी। कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार ने पांच साल में नक्सलियों का दिल जितने का काम किया है और 2000 से अधिक नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में लौटे। आज नक्सल समस्या काफी हद तक समाधान हो चुका है। उन्हों ने कहा कि दस साल पहले गुजरात मॉडल का प्रचार जोर-शोर से हुआ था और केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी थी, लेकिन गुजरात मॉडल खोखला था। छत्तीसगढ़ मॉडल से सभी लोग खुश हैं और इस बार 70 से 75 सीट जीतकर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।



उन्होंने कहा कि 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने जो वादा किया था, उन वादों को पांच साल में निभाया है। यही कारण है कि कांग्रेस के भूपेश सरकार के खिलाफ कोई नाराजगी नहीं है। छत्तीसगढ़ पांच साल में स्वर्ण दौर से गुजरा है। भूपेश बघेल की सरकार ने प्रदेश के किसानों के लिए बेहतर काम किया है, जिससे किसानों की आर्थिक उन्नति हुई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार कांग्रेस शासित राज्यों को परेशान करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि 86 लाख मीट्रिक टन चांवल लेने की एमओयू के बाद भी सिर्फ 61 लाख मीट्रिक टन ही चांवल खरीदा, लेकिन किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। राज्य की कांग्रेस सरकार ने किसानों की प्रति एकड़ 20 चिंटल धान की खरीदी करने व्यवस्था कर दी है। इस दौरान शुशील मौय, शकील रिजवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कर्जमाफी और जातिगत जनणना भी होगी

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय ने कहा कि 2023 के चुनाव में यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों को कर्ज माफ किया जाएगा। इसके अलावा जातिगत जनगणना, 17 से 50 लाख परिवार को घर और किसानों से प्रति एकड़ 20 चिंटल धान की खरीदी जाएगी, यह घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहले ही कर दी है।

# अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुपमा चौक में एक व्यक्ति अपने पास नीले रंग के झोला में अवैध शराब रखकर बिक्री करने ले जाने हेतु गाड़ी का इंतजार करने की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम आयतुराम कश्यप निवासी डिलमिली बाजार पारा का होना बताया, जिसके कब्जे से नीले रंग के झोला के अंदर अवैध अंग्रेजी शराब बीयर हायवर्डस 5000 स्ट्रांग प्रीमियम बीयर 22 नग प्रत्येक में 650 एम.एल. कुल 14.300 लीटर कीमती 4620 एवं 04 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की पौवा प्रत्येक में 180 एम.एल. कुल 720 एम.एल. कीमती 480/- रूपये को बरामद कर, जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए विद्या ज्योति स्कूल में सुविधा केन्द्र स्थापित

**जगदलपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन दायित्व में सलंग्न अधिकारी-कर्मचारियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त जानकारी शनिवार की शाम कलेक्ट्रेट के आस्था कक्षा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कलेक्टर ने दी। उन्होंने बताया कि इस दिशा में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार बस्तर जिले के मतदाताओं (बस्तर जिला एवं अन्य जिला में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य जैसे मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर एवं सुरक्षाकर्मियों के रूप में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, वे अधिकारी-कर्मचारी और सुरक्षा बलों के जवान डाक मतपत्र के माध्यम से 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विद्या ज्योति स्कूल



**मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर सहित माइक्रो ऑब्जर्वर एवं सुरक्षा कर्मी कर सकेंगे मतदान : कलेक्टर**

जगदलपुर में स्थापित सुविधा केन्द्र स्थापित किया है जहाँ पर मतदान कर्मी प्रात: 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र विद्या ज्योति स्कूल जगदलपुर के भूतल ने स्थित कक्ष क्रमांक क्र3-003 में विधानसभा क्षेत्र 85 बस्तर, कक्ष क्रमांक क्र3-004 में विधानसभा क्षेत्र 86 जगदलपुर, कक्ष क्रमांक क्र3-005 में विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट तथा कक्ष क्रमांक क्र3-009 में विधानसभा क्षेत्र 84 नारायणपुर के लिए मतदान किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय ने निर्वाचन दायित्व में सलंग्न अधिकारी-कर्मचारियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सम्बंधित सुविधा केन्द्र पर उक्त नियत अवधि के दौरान जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की अपील की है।

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक राजीव रंजन ने किया अंतरराज्यीय और अंतरजिला एसएसएटी चेकपोस्ट और एफएसटी टीम का निरीक्षण

**सुकमा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोंटा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक राजीव रंजन ने आज कोंटा विधानसभा अंतर्गत अंतरराज्यीय सीआरपीएफ चेक पोस्ट दोरनापाल ओडिशा बॉर्डर तथा

**मार्ग में गुजरने वाले सभी संदिग्ध परिवहन और अवैध निकासी का सतत निगरानी करने के दिए निर्देश**

अंतरजिला चेक पोस्ट तोंगपाल, एर्राबोर सहित जेलबाड़ी सुकमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां तैनात एफएसटी और एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए



कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बिना अनुमति के रैलियों पर कार्रवाई करने के साथ ही जिले के सभी एसएससी टीम को वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिए और चेक पोस्ट पर लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यय प्रेक्षक राजीव रंजन ने इन चेकपोस्ट में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होने मौके पर उपस्थित अधिकारियों चेकपोस्ट अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंनें मार्ग से गुजरने वाली सभी वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से नगदी, शराब अथवा अन्य कोई भी सामान जो कि मतदाओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है उसकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस.एस के निर्देश पर जिले के विधानसभा क्षेत्र में एसएसटी 15, एफएसटी 06 एवं वीएसटी की 04 टीम भी तैनात की गई है। जिसमें स्थैतिक निगरानी टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है।

# प्रेक्षकों और जिला निर्वाचन अधिकारी के निगरानी में कमिशनिंग कार्य

**सुकमा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोंटा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक राजीव रंजन ने आज कोंटा विधानसभा अंतर्गत अंतरराज्यीय सीआरपीएफ चेक पोस्ट दोरनापाल ओडिशा बॉर्डर तथा अंतरजिला चेक पोस्ट तोंगपाल, एर्राबोर सहित जेलबाड़ी सुकमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां तैनात एफएसटी और एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बिना अनुमति के रैलियों पर कार्रवाई करने के साथ ही जिले के सभी एसएससी टीम को वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिए और



चेक पोस्ट पर लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यय प्रेक्षक राजीव रंजन ने इन चेकपोस्ट में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होने मौके पर उपस्थित अधिकारियों चेकपोस्ट अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंनें मार्ग से गुजरने वाली सभी वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से नगदी, शराब अथवा अन्य कोई भी सामान जो कि मतदाओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है उसकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस.एस के निर्देश पर जिले के विधानसभा क्षेत्र में एसएसटी 15, एफएसटी 06 एवं वीएसटी की 04 टीम भी तैनात की गई है। जिसमें स्थैतिक निगरानी टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है।

# व्यय प्रेक्षक द्वारा तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों के लेखाओं का किया गया प्रथम अनुवीक्षण

**जगदलपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के अभ्यर्थियों के लेखा संबंधी विवरणों की प्रथम चरण जांच व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन द्वारा शुक्रवार को जिला पंचायत में स्थापित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल में किया गया। इस अवसर पर तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं द्वारा अब तक निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए किये गए सम्पूर्ण लेखा एवं व्यय संबंधी विवरण व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसकी जांच व्यय प्रेक्षक के द्वारा की गई। इसके साथ ही सभी से चर्चा कर उन्होंने सभी को निर्वाचन व्यय संधारण सम्बन्धी महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए। वहीं तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक व्यय प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय लेखा संधारण के लिए आवश्यक जानकारी दी। ज्ञात हो कि व्यय प्रेक्षक द्वारा तीन चरणों में लेखाओं की जांच की जानी है। जिसके तहत 27 अक्टूबर एवं 01 तथा 05 नवम्बर 2023 को सभी प्रत्याशियों को तीनों चरणों में अपने लेखा संबंधी विवरणों का मिलान के लिए व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना है। इस हेतु अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता अपने विवरणों के साथ प्रात: 10 बजे से सांयकाल 05 बजे तक जिला पंचायत में स्थापित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल में व्यय प्रेक्षक के समक्ष उपस्थित हो >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**1 नवम्बर को द्वितीय चरण एवं 5 नवम्बर को तृतीय चरण की होगी लेखा जांच**

# डाक मतपत्र से मतदान कर काफी उत्साहित दिखे वयोवृद्ध एवं दिव्यांगजन

**सुकमा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के अंतिम क्षोर पर स्थित विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90, कोंटा के 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध एवं दिव्यांगजनों ने डाक मतपत्र से मत देकर बेहतर लोकतंत्र के निर्माण में सहभागिता निभा रहे है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं



की विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। ऐसा ही वाकया जिले के कोंटा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90 में देखने को मिला है, जहां वयोवृद्ध एवम् दिव्यांगजनों ने डाक मतपत्र के ज़रिए स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 28 अक्टूबर को डाक मतपत्र के माध्यम से चुनाव चिह्न देखकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट दिया। इस बार निर्वाचन आयोग ने डाक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# महापौर किरण देव के कार्यकाल में हुए अनेक विकास कार्य : संजय पांडे

**जगदलपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम जगदलपुर में जब किरण देव महापौर थे, तब उन्होंने श्यामाप्रसाद मुखर्जी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, पंडित दीनदयाल शॉपिंग कॉम्पलेक्स और वीर सांवकर भवन, चौपाटी का निर्माण शुरू करवाया, लेकिन बाद में जतीन जायसवाल महापौर बने और किरण देव के कार्यकाल के विकास कार्य को बर्बाद किया गया।



उन्होंने किरण देव के महापौर कार्यकाल के विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि देव के कार्यकाल में ही तरणताल बना, गंगामुंडा तालाब का गहरीकरण व सौन्द्रयीकरण किया गया। साथ ही दलपत सागर का भी सौन्द्रयीकरण करने का काम शुरू हुआ था। जब जतीन जायसवाल महापौर थे, तब दलपत सागर की सफाई के नाम पर ही 47 लाख रूपए का डीजल जला दिया गया था, लेकिन दलपत सागर जलकुंभी से पट गया था। उन्होंने कहा कि गंगामुंडा शिव प्रतिमा को लेकर भी काफी राजनीति हुई, लेकिन शिव प्रतिमा के लिए कोई टेंडर ही नहीं हुई थी और ठेकेदार ने शिव प्रतिमा लगवायी थी। उन्होंने इस दौरान महापौर गुमटी छोटे-छोटे चाय ठेला व्यापारियों को प्रदान करने और नए बस स्टैंड का निर्माण कर वहां पर छोटे-छोटे दुकान लोगों को प्रदान करने, सिटी बस संचालक कर गांव के लोगों को शहर से जोड़ने का कार्य किया गया और जगह-जगह पर यात्रा प्रतीक्षालय बनाए गए इस व्यवस्था का भी महापौर जतिन जायसवाल के कार्यकाल में बर्बाद होने का भी उल्लेख किया। इस दौरान आनंद मोहन मिश्रा, रूपसिंह मंडावी, राजेन्द्र बाजपेयी, वेदप्रकाश पांडे, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

# पल्ली विधिक साक्षरता शिविर में महिलाओं को दी गई विधिक जानकारी

**कोण्डागांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत पल्ली जिला कोण्डागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं को विधिक जानकारियां दी गई।

28 अक्टूबर 2023 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा श्रीमती अम्बा शाह व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव के द्वारा एक टीम गठित कर ग्राम पंचायत पल्ली जिला कोण्डागांव में विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर आयोजन कर उपस्थित महिलाओं को कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के संबंध में जानकारी देते हुए



बताया गया कि अगर किसी महिला के साथ उसके घर में या किसी भी कार्यस्थल पर शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न किया जाता है, तो उत्पीड़न करने वाले आरोपी के खिलाफ महिला शिकायत दर्ज कर सकती है। यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाली शारीरिक उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न से सुरक्षा मिलती है तथा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताते हुए महिलाओं को अपने पति से भरण-पोषण/गुजारा भत्ता पाने की हकदार होती है, जब तक वह दूसरी शादी नहीं करती है। गुजारा भत्ता में जीने की जरूरी आवश्यकताएं सुविधाओं के संबंध में जानकारी दिया गया। घरेलु हिंसा के खिलाफ अधिकार 2005 में घरेलु हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं, इस अधिनियम के आधार पर हर महिला घरेलु हिंसा के खिलाफ षिकायत करने की हकदार है, घरेलु हिंसा में न केवल शारीरिक शोषण बल्कि मानसिक यौन और आर्थिक शोषण भी शामिल है। ऐसे ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 के तहत जिसकी आयु 60 वर्ष अथवा उससे ज्यादा है, इसके अंतर्गत माता पिता भी आते हैं, जो स्वयं का आय अर्जित करने में असमर्थ हैं अथवा स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण-पोषण हेतु आवेदन करने हेतु हकदार होते हैं, इसके अलावा महिला हेल्प लाईन नम्बर 1091 पर संपर्क कर सकते हैं। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए ओटीपी शेयर न करने, डेबिट कार्ड की जानकारी न देने, सोशल मीडिया पर झांसे में न आने हेतु सलाह दिया गया। मोटरयान अधिनियम व नि:शुल्क अधिवक्ता की जानकारी दी गई।

# एक मतदान केन्द्र का हुआ स्थल परिवर्तन और चार मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन

**कोण्डागांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के केशकाल विधान सभा क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र के स्थल परिवर्तन और कोंडागांव विधान सभा के चार मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन की स्वीकृति भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने शनिवार को जिला कार्यालय भूतल स्थित सभाकक्ष में आयोजित राजनैतिक दलों की बैठक में इसकी जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि केशकाल विधान सभा क्षेत्र के जामकोटपारा



**राजनैतिक दलों की बैठक में कलेक्टर ने दी जानकारी**

भोंगापाल ग्राम में स्थित प्राथमिक शाला भवन के ग्राम से बाहर होने के कारण मतदाताओं की सुगमता को ध्यान में रखते हुए शासकीय हाईस्कूल भोंगापाल को मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसके साथ ही कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 51 बरकई-1, मतदान केन्द्र क्रमांक 133 कोंडागांव-11, मतदान केन्द्र क्रमांक 185 बाखरा और मतदान केन्द्र क्रमांक 230 अमरावती के मतदान केन्द्र को उसी परिसर में स्थित अन्य भवन में परिवर्तित किया गया >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सूक्ष्म प्रेक्षकों का ईवीएम के प्रायोगिक अभ्यास के साथ हुआ प्रशिक्षण

## सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान में बगैर व्यवधान के कार्य कर रिपोर्टिंग करेंगे : कलेक्टर



**खैरागढ़/गंडई,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत माइक्रो आब्जरवर्स का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सूक्ष्म प्रेक्षकों की भूमिका, कार्य और सावधानी को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें ईवीएम के प्रायोगिक अभ्यास के साथ प्रशिक्षण दिया गया।

**सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान में बगैर व्यवधान के कार्य कर रिपोर्टिंग करेंगे : कलेक्टर**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर को निर्देश देते हुए कहा कि सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान में बगैर व्यवधान के कार्य कर रिपोर्टिंग करेंगे। प्रशिक्षण के कलेक्टर ने सूक्ष्म प्रेक्षकों की भूमिका, कार्य और सावधानी पर प्रश्न करते हुए उनकी प्रक्रिया की समझ को परखा। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स मनसुख लाल वर्मा ने माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिये ईव्हीएम हैंड्स आन सहित मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक पहलुओं के बारे विस्तृत जानकारी दी।

ईवीएम सीलिंग और मॉक पोल सर्टिफिकेशन को बताया गया। वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सावधानी और कार्यवाही को समझाया गया। उन्हें ईवीएम को कनेक्ट करने, सीआरसी और मॉक पोल को सविस्तार सीखाया गया।

**मतदान पूर्व तैयारी, मतदान प्रक्रिया और मतदान समाप्ति के कार्यों को बताया गया**

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि निर्वाचन के सुचारू संचालन में सूक्ष्म प्रेक्षक अपनी भूमिका का निर्वहन गंभीरता से करेंगे। सूक्ष्म प्रेक्षण हेतु जिले के बैंक अधिकारियों, केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकों सहित केंद्र सरकार उपक्रम एलआईसी आदि के अधिकारियों को ड्यूटी लगाई गई है। उन्हे 80 वर्ष से अधिक के चिन्हित बुजुर्ग और दियांगों के मतदान हेतु कर्तव्य की जानकारी दी गई। मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, माकपोल, मतदान प्रक्रिया और मतदान समाप्ति के पश्चात के सभी कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण को जरूरी बताते हुए माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ की हर गतिविधियों की निगरानी रखने सहित रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया। बताया गया कि माइक्रो आब्जरवर्स सीधे तौर पर आब्जर्वर को रिपोर्ट करते हैं। अत: इसके लिए किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन के लिये मोबाइल पर सम्पर्क अथवा संदेश भेजा जा सकता है।

**प्रशिक्षण में अधिकारी और सूक्ष्म प्रेक्षक हुए उपस्थित**

प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर और नोडल नेहा कपूर, एलडीएम गजानन धकीते, मास्टर ट्रेनर मनसुख वर्मा, नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार तिवारी, माइक्रो आब्जर्वर दल के सभी सदस्य सहित जिला प्रशासन के अधिकारी और संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

# कांग्रेसी प्रत्याशी के खिलाफ बगावत के सुर

**बालोद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के सियासी गलियारों में इन दिनों एक ही चर्चा ने सुर्खियों के बाजार को गर्म कर रखा हुआ है। पूरे विधानसभा के बाजारों में यह चर्चा आम है कि आखिरकार कांग्रेस पार्टी के दोनों महिला जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू और ललीता पीमन साहू ने पार्टी और कांग्रेसी उम्मीदवार संगीता सिन्हा के खिलाफ बगावती सुर क्यों अख्तियार कर लिया है। जबकि कांग्रेस पार्टी के दोनों नेता कर्मठ कार्यकर्ता मानें जाते है और बतौर कांग्रेस पार्टी से दोनों बगावती सुर अख्तियार करने वाली महिला जिला पंचायत सभापतियो को विधानसभा के अंदर मौजूद मतदाता अपना नेता चुनते हुए आए हैं। पार्टी के बदौलत इन्होंने जन सेवा में बहुत बढ़िया मुकाम हासिल किया है। ऐसे में बीते कल जिला मुख्यालय के अंदर कांग्रेस पार्टी के सभी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया जंहा पर इन दोनों महिला जिला पंचायत सभापति कांग्रेसी नेत्रीयों के साथ साथ कई और कांग्रेसी नेता कांग्रेस पार्टी के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मं नादरद पाये गए जो कि चर्चा की बाजार में बरकरार सुर्खियों को और ज्यादा गर्मी से भड़का दिया है। हालांकि मामले में कांग्रेस पार्टी के कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति और नेता कुछ भी कहने से साफबचते हुए दिखाई देते है। लेकिन पार्टी के अंदर मची बग़ावत को देखते हुए यह माना जा रहा है कि यदि समय रहते हुए उठ रही इस बगावत को कांग्रेस पार्टी यदि भूल से भी शांत करने में असफल होती है तो आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। विदित है कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के बगावती सुर अख्तियार करने वाले नेताओं को पार्टी से इस बात को लेकर भरोसा था कि उन्हें इस बार मौका दिया जाएगा क्योंकि संगीता सिन्हा और उनके पति पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा को कांग्रेस पार्टी से एक बार विधायक चुने जा चुके हैं। तीसरे बार में पार्टी को नुकसान पहुंच सकता हैं लेकिन पार्टी आलाकमान ने विधानसभा के बांकी नेताओं की इस सोंच को धत्ता बताते हुए उन्होंने तिसरी बार सिन्हा परिवार पर भरोसा जताते हुए भूपेश की भरोसे को बरकरार रखने का जिम्मा सौंप दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस बार का विधानसभा चुनाव धान की फसल कटाई के समय होने जा रही है। प्रदेश में ग्रामीण मतदाताओं का अहम योगदान माना जाता है लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव के दौरान ज्यादातर ग्रामीण मतदाता धान की फसल कटाई में व्यस्त हो चुके है। किसानों की व्यस्तता नेताओं के लिए परेशानी का सबब बन रही है क्योंकि बैगर जनता जनार्दन के नेता आखिरकार प्रचार किसके सामने करें। वंही संगीता सिन्हा से नाराज़ चल रहे कांग्रेसी नेत्रीयों की निर्दलीय नामांकन पत्र खरीदने से पूरे विधानसभा क्षेत्र में एकतरफा माहौल बना हुआ है। विधायक संगीता सिन्हा के प्रचार प्रसार में मतदाता भी कम रूचि लेते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येन्द्र साहू और ललीता पीमन साहू को लेकर आम जनता के मध्य चर्चा का बाजार गर्म हो चुका है। लोगों की मानें तो मीना सत्येन्द्र साहू और ललीता पीमन साहू के उम्मीदवारी संगीता सिन्हा की सियासी समीकरण को तेजी से प्रभावित कर रही है। कुछ दिन पहले तक जंहा एक ओर कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुकाबले जीत नजर आ रही थी वंही अब बागियों के चलते संगीता सिन्हा की सियासी समीकरण गड़बड़ाते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष से निकलते हुए बताई जा रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में उंट किस करवट बैठती है क्योंकि दोनों महिला जिला पंचायत सभापति कांग्रेस पार्टी की बहुत बड़ी वोटरों की वोट बैंक का जरिया माना जाता है। ऐसे में उनकी बगावती तेवर संगीता सिन्हा और कांग्रेस पार्टी के लिए किसी खतरे की घंटी से कम नहीं माना जा रहा है।

# सोशल मीडिया ग्रुप्स के एडमिन व सदस्यों से बेमेतरा पुलिस की अपील

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर। वर्तमान में आगामी विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है, आदर्श चुनाव आचार संहिता का सुचारू रूप से पालन किये जाने हेतु बेमेतरा पुलिस समस्त सोशल मीडिया ग्रुप्स के एडमिन व सदस्यों से यह अपील करती है कि व्हॉट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर (एक्स), यू-ट्यूब पर कोई ऐसा पोस्ट न करे जो विवादित / भ्रामक / असत्य / साम्प्रदायिक सौहार्द खराब करने वाला/दो पक्षो में विवाद बढ़ाने वाला/किसी धर्म विशेष की भावनाओं को आहत करने वाला हो जिससे लोक प्रशांति भंग होने की संभावना हो तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी भी व्हॉट्सएप ग्रुप के किसी सदस्य द्वारा कोई ऐसा पोस्ट किया जाता है जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़नी संभावित हो तो संबंधित ग्रुप के एडमिन का यह कर्तव्य है कि वह ऐसे विवादित पोस्ट को ग्रुप से तत्काल डिलिट करे और विवादित पोस्ट करने वाले सदस्य को ग्रुप से हटाये साथ ही ऐसे विवादित पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जानकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष बेमेतरा के मोबाईल नम्बर 9479192013, समाधान सेल बेमेतरा के मोबाईल नम्बर 9479257558 अथवा संबंधित थाना प्रभारी को अनिवार्य रूप से सूचित करे। यदि ग्रुप एडमिन के द्वारा उक्त जिम्मेदारी नही निभायी जाती है तो उक्त विवादित पोस्ट के संबंध ग्रुप एडमिन की जवाबदारी तय करते हुये उन पर भी विवादित पोस्ट को प्रसारित करने के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने किया प्रा. शाला कंकालिन व हितेकसा का निरीक्षण

**बालोद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने गुरूवार को जिले के गुरूर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला कंकालिन और हितेकसा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत इन दोनो प्राथमिक शालाओं में बनाए गए मतदान केन्द्रों के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री शर्मा ने प्राथमिक शाला कंकालिन में मौके पर उपस्थित शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से स्कूल में शौचालय, पेयजल व्यवस्था आदि मतदान केन्द्र से जुड़े सभी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कोटवार से ग्रामीणों को मतदान तिथि 17 नवम्बर की जानकारी देने हेतु मुनादि के संबंध में जानकारी ली तथा ग्रामीणों को सूचना देने हेतु गाव में अनिवार्य रूप से मुनादि करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने एसडीएम जीडी वाहिले को मतदान केन्द्रों में व्हीलचेयर आदि सभी जरूरी व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक शाला हितेकसा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मतदान केन्द्र में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु प्रचार प्रसार आदि उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने गांव में 80 वर्ष से अधिक आयु के एवं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र तक पहुच पाने में अक्षम मतदाताओं को भराए गए सहमति पत्र आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। श्री शर्मा ने प्राथमिक शाला हितेकसा में मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर ईव्हीएम के लिए निर्धारित स्थान के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ को मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के लिए प्रेरित करने हेतु चलाए जा रहे गृहभेंट अभियान के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित प्राथमिक शाला हितेकसा के शिक्षक से शाला में अध्ययन.अध्यापन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

**मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

# कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने किया कंकालिन चेक पोस्ट का निरीक्षण



**बालोद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र यादव ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सुदूर वनांचल के ग्राम कंकालिन पहुंचकर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी-एफएसटी टीम के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से प्रतिदिन वाहनों की जाँच एवं मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। श्री शर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी जाँच प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराने को कहा। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाली सभी वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से नकदी, शराब अथवा अन्य कोई भी सामान जो कि मतदाओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है उसकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा किए जा रहे वाहनों के जाँच का भी अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम श्री जीडी वाहिले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा ने ईशाप्रकाश को चुनाव संचालक बनाया



**गुरुर,** 28 अक्टूबर। बालोद विधानसभा क्षेत्र 59 चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने ईशाप्रकाश साहू को चुनाव संचालन नियुक्त कर कार्यभार सौंपा गया। ईशाप्रकाश साहू पूर्व में जनपद अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पार्टी के प्रति उनके एकार्ग कार्य और सक्रियता को देखकर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है जिम्मेदारी मिलने के बाद ईशा प्रकाश साहू ने अपने सभी कार्यकर्ता साथियों से एक मत होकर कार्य करने की बात कही गुरुर तहसील सिन्हा समाज के मंडलेश्वर चंदनलाल सिन्हा तथा जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू को चुनाव के लिए सह संचालक के रूप में दायित्व दिया गया है। तीनों की नियुक्ति पर भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया। और अपने मिले हुए दायित्व का निर्वहन कर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राकेश यादव को जीत दिलाने के लिए मिलजुलकर कार्य करने की अपील की।

# विस निर्वाचन वाहन प्रभारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## तय रूट पर मतदान दलों को लेकर जाएंगे और आएंगे

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज यहां जिला पंचायत के सभाकक्ष में वाहन प्रभारी अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ। अपर कलेक्टर श्री सी.एल मार्कण्डेय ने अधिकारियों को उनके दायित्वों व कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा वाहनों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तय रूट चार्ट अनुसार वाहन मतदान दलों को ले-जाने-लाने का कार्य करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर वाहन प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी वाहन प्रभारी से कहा गया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन के एक दिन पहले यानि 16 नवम्बर को सभी प्रभारी बेमेतरा ज़िला मुख्यालय कृषि उपज मंडी परिसर में प्रात: 6 बजे अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा, जिससे सामग्री का वितरण करने में आसानी जाएगी, और सभी वाहन अधिकारी अपने अपने वाहन क्रमांक का पता करके उन्हें किस रूट में जाना ही ये सुनिश्चित करेंगे। अपर कलेक्टर नें सभी प्रभारी को कहा की निर्वाचन कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अपने कार्ययोजना के अनुरूप समय पर सभी कार्य बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न करेंगे। ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने बताया गया कि वाहनों की एंट्री करना है। वहीं कैसे लॉग बुक खोलना है। ताकि वाहन मालिकों को मुआवजा व ईंधन के पैसे का भुगतान आसानी पूर्वक किया जा सके। वाहन मालिकों को मुआवजा भुगतान में कोई परेशानी या दिक्कत ना हो, इसलिए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।



अपर कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण व वापसी की तैयारी, रूट चार्ट के वाहनों में नंबरिंग, वाहनों के लिए आवश्यक पेट्रोल/ डीजल प्रदाय करने, कम्युनिकेशन प्लान आदि के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिये। श्री मार्कण्डेय ने कहा वाहन मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ तय रूट चार्ट अनुसार ही जायेंगी और वापस आयेंगी। वाहन की कमी पेशी को समय रहते दुरुस्त करें अभी पर्याप्त समय है। उन्होंने संबंधित अधिकारी और उपस्थित वाहन प्रभारियों को कहा कि आप सभी वाहन चालक आदि का मोबाइल नंबर एक दूसरे को मोबाइल में सेव कर रखें।

# चंद घंटों में मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**डौण्डी,** 28 अक्टुबर (देशबन्धु)। मंदिर में चोरी के घटित अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक व नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा राजेश बागडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डौण्डी निरीक्षक सुनील तिर्की के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया।थाना में प्रार्थी देवेन्द्र कुमार कोसमा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25 अक्टुवर को रात्रि 8 बजे से 26 अक्टुवर के सुबह 05.30 बजे के मध्य जिमीदारिन माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, हनुमान मंदिर में रखे दान पेटीयो के गुज्जर को तोडकर दान पेटी मे रखे रूपये पैसा को कोई अज्ञात चोर द्वारा मंदिर अंदर घुसकर ताला को तोडकर दान पेटीयो में रखे करीबन 10,000-10500 रूपये को चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर थाना डौण्डी में अपराध क. 219 / 2023 धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण के विवेचना में थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर संदेहीयों का पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया जिस पर आरोपीयों द्वारा जुर्म स्वीकार करने तथा अपने मेमोरेंडम कथन के अनुसार आरोपीयों के कब्जे से चोरी किये गये मशरूका से आरोपी 1. हर्ष कुमार विश्वकर्मा उर्फ छोटू उम्र 19 वर्ष, 09 माह के द्वारा 6500 रूपये तथा विधि से संघर्षरत अपचारी बालक से 4000 रूपये जुमला कीमती 10500 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी हर्ष कुमार विश्वकर्मा उर्फ छोटू पिता स्व. शैलेन्द्र विश्वकर्मा, उम्र 19 वर्ष, 09 माह तथा 2. विधि से संघर्षरत बालक पर विधिसम्मत कारवाही की गयी प्रकरण के आरोपी के पतासाजी में थाना प्रभारी डौण्डी निरीक्षक सुनील तिर्की, सउनि दुर्जन लाल रावटे, प्रआर सुनील मंडावी, आरक्षक संजय चेलक, ईश्वर भंडारी खिलावन सिन्हा का सराहनीय भूमिका रहा है।

# व्यय प्रेक्षक ने किया मदिरा दुकान छुईखदान का निरीक्षण



**खैरागढ़/छुईखदान,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के सुचारू क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री शोभन सूत्रधार ने गुरुवार को जिले मदिरा दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भंडारकक्ष और स्टॉक पंजी का निरीक्षण किया और निर्देश दिए।

**नियमानुसार संचालन और संधारण करें - शोभन सूत्रधार**

व्यय प्रेक्षक शोभन सूत्रधार ने देशी और विदेशी मदिरा दुकान छुईखदान का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि दुकान का नियमानुसार संचालन और संधारण करें। आबकरी विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत मदिरा दुकंबके व्यवस्थित संचालन हेतु प्रेक्षक ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता नही पाई गई। दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखने संचालक को निर्देशित किया गया। व्यय प्रेक्षक के द्वारा देशी व विदेशी मदिरा दुकान छुईखदान के निरीक्षण के दौरान आबकारी विभाग के अधिकारी सहित दुकान संचालक और स्टॉफ उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**व्यय प्रेक्षक द्वारा तीनों विधानसभा...**

सकेंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन विभिन्न व्यय संबंधी प्रकारणों की भी जांच की जा रही है। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कमलेश रायस्त, तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक व्यय प्रेक्षक सहित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**डाक मतपत्र से मतदान कर...**

मतपत्र की सुविधा दी है। वयोवृद्ध एवम् दिव्यांगजनों ने आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने को लेकर काफ़ी उत्साहित दिखे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कोंटा में 80 वर्ष से अधिक आयु के 1089 वृद्ध और दिव्यांगजन 1022 चिन्हांकित है। जिसमें से क्रमश: 14 वृद्ध, 18 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही वोट देने की सहमति दी थी। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस के विशेष प्रयासों से क्षेत्र के मतदाताओं में काफ़ी उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसके चलते इस बार 90 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की प्रबल संभावना है।

**एक मतदान केन्द्र का हुआ...**

है। इसके साथ ही कलेक्टर ने बताया कि मतदान कार्मिकों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक शासकीय कन्या महाविद्यालय में दिया जाएगा। इसके साथ ही यहां मतदान कार्मिकों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 और 31 अक्टूबर को 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के उन मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराया जाएगा, जिन्होंने इसके लिए आवेदन दिया है। उन्होंने मतदान के इस अवसर पर अभ्यर्थी के अधिकृत अभिकर्ताओं को उपस्थित रहने के लिए सूचित करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# टेमरी चेक पोस्ट पर दो वाहनों से 4 लाख 10 हज़ार जप्त

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को ले कर स्थैतिक निगरानी टीम सतर्क है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 के स्थैतिक निगरानी टीम टेमरी चेक पोस्ट पर आज शुक्रवार 27 अक्टूबर को वाहनो की चेकिंग के दौरान वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक रू॥ 29क्ष्ब 6076 के डिक्की में रखे राशि 110000 रु. मौके पर एसएसटी टीम द्वारा जप्त कर कार्यवाही किया गया।। ड्राइवर संतोष घरत ह्य/श रामभाउ के अनुसार गाड़ी पेंड्रा से यवतमाल को जा रही थी, मौके पर राशि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

वही गाड़ी क्रमांक ष्टत्र 09 छ्स्न 2658 के डिक्की में रखे रुपये 300000 को भी मौके पर जप्त कर कार्यवाही की गयी।वाहन चालक रामफलित ह्य/श आत्माराम के अनुसार गाड़ी बागबाहरा से बोड़ला के लिए जा रही थी। राशि से संबंधित दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री सुरुचि सिंह ने बताया कि एसएसटी के प्रभारी श्री दौलत साहू पुलिस बल के श्री पवन राजपूत प्रधान आरक्षक, श्री विकास मिश्रा, कोटवार श्री महेंद्र चौहान तथा श्री किशन बंजारा द्वारा संपूर्ण कार्यवाही टेमरी चेक पोस्ट पर की गई दोनों वाहन एवम् राशि को बेमेतरा थाने के सुपुर्दगी में दिया गया।

# पाटन भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने भरा नामांकन



**कुम्हारी,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को पाटन विधानसभा चुनाव क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल का द्वितीय नामांकन पत्र सेट प्रस्तावक राजू निषाद द्वारा दुर्ग जिला निर्वाचन आयोग कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारी (डी सी) मुकेश कुमार कोठारी को सौंपा गया इस अवसर पर उनके साथ एडवोकेट सौरभ चौबे, सांसद प्रतिनिधि जनपद पाटन राजेश चन्द्राकर, ओ एस डी सांसद रोशन ताम्रकार उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि प्रथम नामांकन पत्र सेट विगत सोमवार नवरात्र की नवमी तिथि को भरा गया था। उपरोक्त जानकारी देते हुए भाजपा मंडल कुम्हारी अध्यक्ष राजू निषाद ने कहा कि उन्हें प्रस्तावक बनाए जाने से निषाद समाज को यह ऐतिहासिक अवसर और सम्मान मिला है इसके लिए हम सभी कुम्हारीवासी एवं समस्त निषाद समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# प्रभात युवा मंच ने धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव आतिशबाजी के साथ किया रावण दहन



**कुम्हारी,** 28 अक्टूबर। प्रभात युवा मंच के तत्वधान में प्रभात चौक कुम्हारीज में गुरुवार को दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। रावण दहन के साथ भव्य आतिशबाजी का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष प्रमोद राजपुत, पार्षद ओमनारायण वर्मा प0 शिवकुमार शर्मा, बल्ला सिंह राजपुत, हिमांशु ओझा, सोमनाथ सिन्हा, पंचम साहू एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित हुए। आयोजन में शिवशक्ति मानस परिवार कपसदा के मंडली द्वारा मनमोहक रामलीला की प्रस्तुति दी गई। उक्त सफल आयोजन में प्रभात युवा मंच के सभी सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें संतोष वर्मा, बैजूराम साहू ललित राजपुत, संतोष निषाद, राज शर्मा, रामाधार शर्मा, राजेश सिन्हा, अजय सिन्हा, मनीलाल, कृष्णा वर्मा, राजू साहू, संजय सिन्हा, नवीन सिंह, तीरथ चक्रधारी, गोलु चन्द्राकर, डुम्मन सिन्हा, दीपक राजपुर, प्रमोद विजौरा, राजू मढ़रिया, अशोक सिन्हा, पवन बोनकर, भुवन साहू, नंद देवांगन, केशव पटेल, लुकु सिन्हा एवं नीलू राजपुत सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# मतदाताओं को जागरूक करने जमकर थिरके कलेक्टर-एसपी

## दंतेवाड़ा में स्वीप अभियान पर मेगा कार्निवल, लोकनृत्यों, मानव श्रृंखला, खेल प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस के जरिये मतदान का संदेश

**दंतेवाड़ा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप अभियान का अलग ही रंग आज दंतेवाड़ा में देखने का मिला। स्कूली छात्र, अफसर कर्मी, पुलिस जवान, लगभग सभी ने अपने-अपने अंदाज में मतदान का आह्वान किया। मेगा कार्निवल का यह आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में अभूतपूर्व रहा। कलेक्टर, डीआईजी, एसपी सभी बस्तरिया नृत्य पर थिरके और लोकतंत्र की समृद्धि के लिए मतदान को महत्वपूर्ण बताते सभी से मतदान की अपील की। कलेक्टोरेट आंवराभाटा से लेकर स्टेट बैंक चौक तक का लगभग 3 किमी. का दायरा आज स्वीप अभियान की रंगत लिये था। जिला प्रशासन की यह अभिनव पहल थी, जिसकी हर तरफ सराहना हुई।

मतदान जागरूकता मेगा कार्निवल के तहत मुख्य मार्ग पर रंगारंग कार्यक्रम जिसमें लोकनृत्यों, मानव श्रृंखला, खेल प्रतियोगिताओं से लेकर फैंसी ड्रेस, मेहंदी, रंगोली, व्यायाम प्रदर्शन, लोक गायनों, स्केटिंग, नुक्कड़ नाटकों, की अविस्मरणीय व आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, छात्र-छात्राओं, लोक नर्तक दलों तथा शासकीय कर्मचारियों द्वारा दी गई। इस क्रम में जिला कार्यालय आंवराभाटा से स्टेट बैंक चौक तक मुख्य मार्ग वोट हमारा है, अनमोल कभी ना लेंगे इसका मोल, आओ मिलकर अलख जगाए, सब मिलकर मतदान कराये, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जन-जन का यह नारा है मतदान अधिकार हमारा है, वोट पंडुम, शत प्रतिशत मतदान है, लोकतंत्र की शान है जैसे स्लोगनों और नारो से लिखित एवं रंगोली से सुसज्जित किये गए थे।

इस प्रकार एक ओर तो संगीत के धुन पर व्यायाम प्रदर्शन एवं जुम्बा नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन जारी था, वही दूसरी ओर रस्सा-कसी, कुर्सी दौड़, भौरा खेल, एवं बोरा दौड़ में भी छात्र-छात्राएं अपनी जोर आजमाइश कर रहे थे। इसके अलावा मेहंदी एवं रंगोली सजाओ में भी महिलाएं बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही थी, जिसमें मुख्य थीम मतदान जागरूकता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने मेहंदी से वोट देवें रचाकर मतदान का संदेश दिया। सभी चौक चौराहों में सेल्फी जोन भी स्थापित थे जहां लोग मतदान के प्रति भागीदारी और संकल्प के साथ सेल्फी लेकर अपना सहभागिता दिखा रहे थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मतदान की प्रक्रिया का छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। इसी तरह विभिन्न प्रान्तों की रंग बिरंगी वेशभूषा में सजे धजे छात्र-छात्राओं के फैंसी ड्रेस प्रस्तुतियों ने भी आगन्तुकों की वाहवाही लूटी।





### जिला प्रशासन की अभिनव पहल, राज्य स्तर पर सराहना

कार्निवल का मुख्य आकर्षण ढोल एवं स्थानीय वाद्य यंत्रों पर छात्र-छात्राओं एवं लोकनृतकों द्वारा प्रस्तुतियां थी जहां मतदान गीतों पर आधारित नृत्यों में अधिकारी कर्मचारी भी थिरकते नजर आये। लोकनृतक दलों में श्यामगिरी, मोखपाल, चन्देनार, ग्रामों के दलों ने उत्साहपूर्ण नृत्यों से लोगों का दिल जीत लिया। इस रंगारंग कार्निवल में उपस्थित कलेक्टर विनीत नंदनवार ने उपस्थित लोगों को शत प्रतिशत मतदान शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें इसी प्रकार उत्साह और उमंग के साथ आगामी 7 नवम्बर को मतदान करके अपनी भागीदारी निभाना है। न केवल हम मतदान करेंगे बल्कि अपने परिवारजनों एवं पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। एक सुदृढ़ लोकतंत्र का पहला चरण मतदान है और मतदान करके ही हम सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अत: मतदान करके हम जिम्मेदार नागरिक बनें। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को मतदान राखी बांध कर अपनी भागीदारी दर्शाई।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्व रंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे ने भी उपस्थितों को मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आव्हान किया। इस तरह कार्निवल में पुलिस प्रेक्षक डॉ. राघवेन्द्र कुमार एवं व्यय प्रेक्षक रविराज खोगारे भी शामिल हुए। कार्निवल के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, चुनई चिरई शील्ड भी दिए गये। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आनंद नेताम, उप पुलिस अधीक्षक यातायात कृष्णा कुमार चन्द्राकर सहित निवार्चन दायित्वों से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जमीनी कार्यकर्ता ही दंतेवाड़ा के स्टार प्रचारक

## यहां आने बड़े नेता करते हैं परहेज, विषम चुनौतियों के बीच लोकतंत्र का महा पर्व

**दंतेवाड़ा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा में लोकतंत्र का महापर्व प्रारंभ हो चुका है। नामांकन दाखिले के बाद उम्मीदवार अब प्रचार में जुटे हुए हैं। शहर से लेकर गांव तक हर उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने की होड़ में है। इस डिजिटल दौर में भी घर-घर से लेकर हर घर जन संपर्क का क्रेज बना हुआ है। स्टार प्रचारक दंतेवाड़ा से परहेज करने लगे हैं। अब तक कांग्रेस अथवा भाजपा या फिर किसी अन्य दल के स्टार प्रचारक यहां नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय जन प्रतिनिधि और जमीनी कार्यकर्ता ही यहां स्टार प्रचारक की अहम भूमिका निभा रहे हैं।




विषम परिस्थितियों से जूझ रहे इस इलाके में लोकतंत्र का परचम लहराना किसी यज्ञ से कम नहीं। ग्रामीण इलाकों के कार्यकर्ता अपनी जान जोखिम में डालकर लोकतंत्र के प्रथम सोपान पंचायत से लेकर उच्च सोपान संसद तक प्रचार में जुटते हैं। भले ही किसी भी पार्टी का झण्डा थामे, वे सेवा लोकतंत्र की करते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में दक्षिण बस्तर की तीनों सीट सहित बस्तर की सभी 12 और राज्य के अन्य नक्सल प्रभावित हिस्सों को मिलाकर कुल 20 सीटों पर 7 नवंबर को मतदान होना है। बस्तर के अन्य इलाकों में कांग्रेस-भाजपा दोनों ही महत्वपूर्ण दल के स्टार प्रचारक पहुंच रहे हैं। राज्य से लेकर केन्द्र स्तर के मुद्दों पर बात रख रहे हैं, लेकिन दंतेवाड़ा में अब तक किसी की दस्तक नहीं हुई है और आगे भी संभावना कम है। यहां की परिस्थितियों को देखकर बड़े नेता यहां आने से घबराते हैं। पूरे जीवन में राजनीतिक सफर के उतार-चढ़ाव के बीच स्थानीय जन प्रतिनिधि और ग्रामीण कार्यकर्ता ही स्टार प्रचारक की तरह लोगों के बीच पहुंचकर लोकतंत्र की भावना को पहुंचाते हैं। उनकी भूमिका प्रणम्य है।

दंतेवाड़ा में केवल चुनाव के समय ही बड़े नेताओं की दूरी रहती है, बाकि समय वे यहां जरूर पहुंचते हैं। पिछले महीने परिवर्तन यात्रा की शुरूआत के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा आने वाले थे, लेकिन ठीक घंटे भर पहले उनका प्रवास निरस्त हुआ। ऐसा क्यों हुआ इसका जवाब आज तक नहीं मिला है। 2015 की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दंतेवाड़ा पहुंचे थे। विकास यात्रा की शुरूआत के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी दंतेवाड़ा की धरती पर पधार चुके हैं। कांग्रेस की चर्चा करें तो दंतेवाड़ा में किसी बड़े नेता का प्रवास नहीं हो सका है। यूपीए की सरकार में केन्द्रीय गृहमंत्री रहते शिवराज पाटिल दंतेवाड़ा पहुंचे थे। खान मंत्री जितिन प्रसाद का भी बचेली प्रवास हुआ था। अभी दशक भर की राजनीतिक हलचल में बड़े नेताओं ने जिस तरह चुनाव के दौरान दंतेवाड़ा से दूरी बनायी, वह इस बात को भी साबित करती है कि स्थानीय जन प्रतिनिधियों और जमीनी कार्यकर्ताओं की तरह जज्बा दंतेवाड़ा को लेकर उनके मन में नहीं है। बहरहाल लोकतंत्र के इस महायज्ञ में कार्यकर्ताओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो गई है। इस इलाके में चुनाव और चुनौती के बीच कार्यकर्ताओं का परिश्रम काफी मायने रखता है।



# भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप ने ग्राम साकड़ी बेड़ा में किया जनसंपर्क

**नारायणपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी केदार कश्यप चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम साकड़ीबेड़ा पहुंच कर भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका कुशल क्षेप जाना एवं चुनाव संबंधी कार्य कार्ययोजना को अंतिम रूप देते हुए सदैव उनके सुख-दुख में सहभागी होने का भरोसा दिलाया। इसके पश्चात ग्राम वासियों के बीच पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप ने भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमो के बारे में बताते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर अपनी जीत का आशीर्वाद लिया। भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप को अपने बीच पाकर ग्राम वासी उत्साहित नजर आये। इस दौरान नारायणपुर जिला भाजपा अध्यक्ष रुपसाय सलाम उपस्थित थे।

# दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं से 30 व 31 को घर-घर जाकर लिए जाएंगे मतपत्र

## कलेक्टर ने मतदान दलों को नियमानुसार मतदान कराने के दिए निर्देष



**कोण्डागांव,** 28 अक्टूबर (देषबन्धु)। कोंडागांव जिले के दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं से डाक मत पत्र 30 और 31 अक्टूबर को घर-घर जाकर लिए जाएंगे। इसके लिए मतदान दलों का गठन किया गया है। शनिवार को मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने कहा कि जिन मतदाताओं ने घर पर मतदान की सुविधा के लिए आवेदन किया था, उनके घर में ही मतदान कराई जाएगी। उन्होंने मतदान दलों को मतदाताओं से संयमित, अनुशासित और गरिमापूर्ण व्यवहार का प्रदर्शन करते हुए निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान कराने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के उद्देश्य के अनुसार मतदान के दौरान गोपनीयता का पूरा ध्यान रखें और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

# ईवीएम की कमिशनिंग के दूसरे दिन भी कलेक्टर ने लिया जायजा

**कोण्डागांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत केशकाल और कोण्डागांव विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग का कार्य शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में दूसरे दिन भी जारी रहा। ईवीएम कमीशनिंग के दूसरे दिन शनिवार को भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी द्वारा अवलोकन किया गया। शहीद गुण्डाधूर शासकीय महाविद्यालय में स्थापित किये गए स्ट्रांग रुम में मशीनों की कमिशनिंग का कार्य इलेक्ट्रॉनिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के इंजीनियरों के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर अभ्यर्थी तथा उनके अभिकर्तागण भी उपस्थित रहे। कमिशनिंग के कार्य में लगे सेक्टर अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों से कलेक्टर ने चर्चा करते हुए सावधानी बरतते हुए हर मशीन की जांच कर मॉक पोल में डाले गए मतों को ध्यान पूर्वक हटाते हुए मॉक पोल से निकले वीवीपैट के पर्चों को भी निर्दिष्ट बक्सों में ही डाल कर नष्ट करने के के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम कमिशनिंग के कार्य का निरीक्षण करते हुए चुनाव चिन्ह की अपलोडिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और सभी को लगातार कार्य कर कमिशनिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, शंकरलाल सिन्हा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर, तहसीलदार विजय मिश्रा, आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे।



# नैक टीम ने चखा बस्तरिया व्यंजन का स्वाद

**दंतेवाड़ा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा मिली जानकारी अनुसार मुख्यालय स्थित शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, का नेशनल असेसमेंट एण्ड एग्रीडिएशन कमेटी नैक अर्थात् राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा दो दिवसीय मूल्यांकन कार्य किया गया।

मूल्यांकन के द्वितीय दिवस महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय व्यंजन और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, जिसमे बस्तरिया व्यंजन की कमेटी के सदस्यों द्वारा प्रशंसा की गई। इसी प्रकार विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने भी कमेटी के सदस्यों की वाहवाही लुटी। परिषद की विदाई बेला में महाविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल मित्तल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए यहां के शैक्षणिक स्टाफ के सहयोगी कार्यकलापों को सराहनीय बताया। साथ ही यहां की नारी शक्ति के समर्पण भावना को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यहां आने के बाद छत्तीसगढ़ को वे बेहतर तरीके से समझ पायें। उल्लेखनीय है कि



### पीजी कॉलेज के मूल्यांकन में पहुंची थी टीम प्राचार्य ने जतायी बेहतर ग्रेडिंग की उम्मीद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनिवार्य मूल्यवान योजना के तहत देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के आंतरिक और बाह्य गुणवत्ता का पंचवर्षीय मूल्यांकन कराना अनिवार्य है। वर्ष 1994 से लागू इस योजना के तहत विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के आंतरिक और बाह्य गुणवत्ता के तहत उसके परीक्षा परिणाम, अनुसंधान, खेलकूद और रोजगार परक उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाता है और उसी के आधार पर उनकी ग्रेडिंग भी होती है। पिछले मूल्यांकन में इस महाविद्यालय को सी ग्रेड मिला था। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन परिषद के प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी के अनुसार यद्यपि इस क्षेत्र में अध्ययन-अध्यापन और अनुसंधान को लेकर कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, फिर भी विगत चार वर्षों में बहुत ही गुणवत्तापूर्ण कार्य हुए हैं। इसलिए इस बार के मूल्यांकन में बेहतर ग्रेडिंग की अपेक्षा है। तीन सदस्यीय दल में हरियाणा से डॉ. अनिल मित्तल अध्यक्ष के रूप में और मिजोरम और मुंबई से क्रमश: डॉ. उत्तम साहु और डॉ. स्मृति भोसले सदस्य के रूप में शामिल थे।

# आदतन अपराधी मनीष सागर को कलेक्टर ने किया जिलाबदर

## एक वर्ष के लिए जिले के साथ ही सीमावर्ती जिलों से भी किया गया निष्कासित

**कोण्डागांव,** 27 अक्टूबर (देषबन्धु)। आसन्न विधान सभा चुनावों के दौरान आम मतदाताओं को शांतिपूर्वक मतदान का अवसर मिल सके। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आपराधिक गतिविधियों में भी प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सोनी ने आदतन अपराधी मनीष सागर को एक वर्ष के लिए जिलाबदर करने का आदेश दिया है। कलेक्टर द्वारा जिलाबदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर की गई। जिला दण्डाधिकारी कोण्डागांव न्यायालय में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा आदतन अपराध करने वाले आरोपियों के विरूद्ध मध्य प्रदेश व छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 के तहत जिला बदर की कार्रवाई करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर न्यायालय द्वारा विधिवत आदेश पारित किया गया। जिला दण्डाधिकारी कोण्डागांव द्वारा पारित आदेशानुसार कोण्डागांव तहसील के बाजारपारा निवासी 26 वर्षीय मनीष सागर पिता रूपसिंह सागर के विरूद्ध धारा 4, 5 (क) (ख) के तहत् छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत जिला बदर किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मनीष सागर द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर आम जनता से गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर भयाक्रांत कर समाज में भय और आतंक का माहौल उत्पन्न कर शांति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा उत्पन्न किया जाता है। उनके विरूद्ध अब तक भारतीय दण्ड विधान के तहत 08 प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत धारा 151 के 03 प्रकरण, धारा 107, 116 (3) के तहत 05 प्रकरण व धारा 110 के तहत 01 प्रकरण पंजीबद्ध कर अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उन्हें प्रतिबंधित कराया गया है किन्तु मनीष द्वारा अपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्त रहकर आम जनता को मारपीट गाली गलौच कर भयाक्रांत कर शांति व्यवस्था भंग किया जा रहा है। मनीष वर्ष 2013 से अब तक अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। जिसे देखते हुए प्रतिवेदन के आधार पर उनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा कर समाज में आमजन अमन, चैन, बेखौफ भय मुक्त वातावरण करने हेतु उनके विरूद्ध छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 4, 5 (क) (ख) के अंतर्गत जिला कोण्डागांव एवं सीमावर्ती जिलों से बाहर जाने हेतु जिला बदर की कार्यवाही की गई है। जिला दंडाधिकारी द्वारा मनीष सागर को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 356 के प्रावधानों के तहत आगामी एक वर्ष के लिए जिला कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर बस्तर बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी की राजस्व सीमाओं से हट जाने एवं जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया है। इस हेतु उन्हें आदेश के जारी होने दिनांक के चैबीस घंटे के भीतर उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं के बाहर जाने एवं एक वर्ष की कालावधि अर्थात 26 अक्टूबर 2024 के पहले प्रवेश न करने हेतु आदेश दिया गया है, जिसका पालन न करने पर उसे बलपूर्वक उपरोक्त जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा।

# अन्तराज्यीय गांजा तस्करी के आरोपी को अनंतपुर पुलिस ने भेजा न्यायिक रिमाण्ड पर

**कोण्डागांव** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। 28 अक्टूबर 2023 थाना अनंतपुर जिला कोंडागांव पुलिस द्वारा अन्तराज्यीय गांजा तस्करी करने वाले आरोपी अभिमन्यु पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है और यात्री बस में आरोपी अभिमन्यु पटेल से 04.175 कि.ग्रा.गांजा कीमती 40000 रूपए जप्त किया।



जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते (रा.प.से.) के मार्गदर्शन में 27 अक्टूबर 2023 को अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमितेश सिंह (रा.पु.से.) के नेतृत्व में विधान सभा चुनाव के दौरान अवैध मादक पदार्थों के परिवहन के रोकथाम के लिए थाना अनंतपुर पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति नीले रंग के बैग जिसमें एडिडॉस लिखा हुआ है, उमरकोट से कोण्डागांव जाने वाले बस क्रमांक सीजी 17 एफ 0916 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जा रहा है, की सूचना पर एरला एसएसटी चेक पोस्ट के पास जाकर घेराबंदी किया गया एवं मुखबीर के बताये अनुसार बस चेकिंग किया गया, जिसपर एक व्यक्ति मुखबीर के बताये अनुसार बैग लेकर बैठा हुआ था, पुछताछ करने पर अपना नाम अभिमन्यु पिता नरेन्द्र पटेल निवासी रेडुआ खुर्द थाना गुड़ जिला रीवा (म.प्र.) का रहने वाला बताया। चेक करने पर उक्त व्यक्ति के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 4.175 कि.ग्रा.किमती करीबन 40000 रूपये प्राप्त हुआ। जिसे विधिवत् कार्यवाही कर मौके पर जप्त कर आरोपी अभिमन्य पटेल को गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। सपूर्ण कार्यावाही मेंएस.एस.टी.टीम चेक पोस्ट एरला एवम सउनि डोमन दीवान, सउनि अभिराम मेश्राम प्र.आर.236 भूपेन्द्र मरकाम, प्रआर. 239 भावेश मण्डावी, 297 रमेश मरकाम, आरक्षक क्र.472 घनश्याम भूआर्य, 691 राजेन्द्र ध्रुव, 466 रामजी वट्टी, 561 लक्ष्मी प्रसाद बघेल, 740 शालिक कश्यप 955 मनराज वट्टी, 980 रतन मण्डावी, 965 सोपसिंह मरकाम, 1885 दीपक पाण्डे, 896 अजय देवांगन का विशेष योगदान रहा।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

प्रेमिका अपने प्रेमी से- एक बात बताओ जब वजन, लंबाई, चौड़ाई यह सब नापने के लिए मानक हैं तो प्यार, दोस्ती और विश्वास नापने के लिए कुछ क्यूं नहीं है?

प्रेमी (काफी देर तक लड़की की तरफ देखने के बाद)- देख, दिमाग मत खा, मैं पहले ही फिजिक्स में फेल हूं।

# रायपुर उत्तर व पश्चिम का चुनाव महिला अफसरों-कर्मचारियों के जिम्मे

## उत्तर में 16 और पश्चिम विधानसभा में 84 महिला अधिकारी-कर्मचारी कराएंगी चुनाव

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। ''मास्टर ट्रेनर ने पूछा मतदान क्रमांक-02 का क्या कार्य है। महिला प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि अमिट स्याही लगाना, पर्ची देना, रजिस्टर में हस्ताक्षर कराना। उनके सटीक एवं सही जवाब से मास्टर ट्रेनर संतुष्ट हुए और सराहना भी की। यह दृश्य एनआईटी में मतदान दलों का प्रशिक्षण के दौरान का था। यहां ट्रेनिंग ले रहीं महिलाएं उत्साह से लबरेज थीं, क्योंकि रायपुर जिले का अब कि बार का विधानसभा चुनाव एक नया इतिहास रचने जा रहा है। यहां के दो विधानसभा क्षेत्रों का निर्वाचन कार्य महिलाओं के जिम्मे होगा। यहां टॉप से लेकर यूनिट तक निर्वाचन का कार्य महिलाओं को सौंपा जाएगा। यह विधानसभा क्षेत्र उत्तर और पश्चिम हैं। वास्तव में यह महिला सशक्तिकरण की ओर उठा एक बड़ा कदम है।



राज्य निर्वाचन आयोग महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित और महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष बूथ संगवारी केंद्र बनाए जा रहे है। जिले के उत्तर और पश्चिम विधानसभा में सभी बूथों को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया जा रहा है। उत्तर विधानसभा में 18 सेक्टर है। इसमें 01 सेक्टर में महिला अधिकारी होंगी। वहीं 265 कुल मतदान केन्द्र 1 हजार 60 महिला अधिकारियों के हवाले होगा। 265 बूथ में पीठासीन अधिकारी, मतदान क्रमांक 01,02,03 में सभी जगहों पर महिला अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। अर्थात् यहां 265 पीठासीन अधिकारी और 7 सौ 95 मतदान अधिकारी रहेंगे। सबसे प्रमुख बात यह है कि इस विधानसभा के मुख्य ऑब्जर्वर 01 महिला आई.ए.एस अधिकारी श्रीमती विमला आर. हैं साथ ही उनकी लाईजिनिंग ऑफिसर भी महिला हैं। साथ ही अधिक से अधिक महिला पुलिस बल भी तैनात किए जा रहे हैं। यहां पर मतदान पर्ची चेक करने से लेकर उंगली में स्याही लगाने और रजिस्टर में हस्ताक्षर के साथ वोटिंग करवाने तक के कार्य में महिलाएं ही नजर आएंगी।

पश्चिम विधानसभा को भी पूर्ण रूप से महिला अधिकारियों के जिम्मे सौंपने की तैयारी की जा रही हैं। 15 सेक्टर और 201 मतदान केन्द्र है। यहां भी 01 सेक्टर महिला अधिकारी होंगी। साथ ही बूथों में 804 महिला अधिकारी होंगी, जिनमें 201 पीठासीन अधिकारी और 603 मतदान अधिकारी होंगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने बताया कि जिले के इस बार 02 विधानसभा उत्तर और पश्चिम में निर्वाचन कार्य में पूर्ण रूप से महिलाओं की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी-कर्मचारी हमेशा अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करती हैं यह सराहनीय है। यह प्रयास किया जा रहा है कि उनकी ड्यूटी मतदान केन्द्र सहित जहां भी लगाई जाएगी वहां पर उनके लिए मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जाएगी, ताकि उन्हे कोई तकलीफ ना हो।

गौरतलब है कि 26 और 27 अक्टूबर को मतदान दलों का प्रशिक्षण हुआ, जिसमें निर्वाचन कार्य मे संलग्न महिला कर्मियों ने प्रशिक्षण लिया। यहां प्रशिक्षणरत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, चंगोराभाठा की शिक्षिका अनिता वर्मा, शासकीय उच्चतर. माध्यमिक विद्यालय, पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी परिसर की शिक्षिका छाया तिवारी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालपुर की शिक्षिका सुमन पंजाबी का कहना है कि यह महिलाओं के लिए गर्व की बात है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हमे ऐसी महती जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। हमारे पूरी टीम में अभूतपूर्व उत्साह और प्रसन्नता है। हम इस जिम्मेदारी को बहुत ही अच्छे ढंग और कुशलता पूर्वक परिणाम तक पहुंचाएंगे। रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जा रहें हैं। धरसींवा विधानसभा क्रमांक-47 में 10, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्रमांक-48 में 10, रायपुर पश्चिम विधानसभा-49 में 265, रायपुर उत्तर विधानसभा क्रमांक-50 में 201, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्रमांक-51 में 10, आरंग विधानसभा क्रमांक-52 में 10 तथा अभनपुर विधानसभा क्रमांक-53 में 10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 14 नवंबर को रायपुर में रोड शो



**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियां प्रचार में जुटी हुई है। छत्तीसगढ़ में प्रचार के लिए विभिन्न पार्टियों के स्टार प्रचारकों के दौरों का सिलसिला जारी है। इसी बीच बड़ी खबर सामने आई हैए 14 नवंबर को राजधानी रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो होने जा रहा है। इस दौरान रायपुर के चारों विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी इस रोड शो में शामिल होंगे। पुलिस और प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुट गया है। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो तेलीबांधा चौक से शुरू होगा जो जीई रोड होते हुए दिनदयाल उपाध्याय आडोटेरियम पहुंचेंगा। प्रधानमंत्री के इस रोड शो के लिए जल्द ही रूट मैप जारी किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा पुलिस और प्रशासन भी इसकी तैयारियों में अभी से जुट गया है।

- तैयारियों में जुटा प्रशासन
- चारों विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी होंगे शामिल

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा आज ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताओं संग सुनेंगे प्रधानमंत्री के मन की बात

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयप्रकाश नड्डा रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम राजधानी रायपुर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत अमलीडीह में सुनेंगे उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी एवं माना मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह ठाकुर ने बताया की प्रधानमंत्री हर रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता से संवाद स्थापित करते है और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचारो को साझा करने के साथ साथ कई प्रकार की ज्ञानवर्धक एवं जीवन में उपयोगी बातो को भी रखते हैए इसी कड़ी में 29 अक्टूबर को आयोजित मन की बात कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ग्राम अमलीडीह में ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताएसमाज प्रमुख एवं आम जनता के साथ सुनेंगे। श्री राठी ने बताया की मन की बात कार्यक्रम के समापन के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी.नड्डा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में आयोजित बूथ विजय संकल्प कार्यक्रम का शुभारंभ भी अम्लीडीह से करेंगे।



# भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी व पत्नी के खिलाफ आयोग से शिकायत

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी और उनकी पत्नी की शिकायत चुनाव आयोग से की है। जिसमें आदर्श आचार संहिता के उलंघन का आरोप लगाया गया है।कांग्रेस ने शिकायत में कहा कि विधानसभा चुनाव में रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 के भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी और उनकी पत्नी अदिति चौधरी के विरूद्ध जो कि रायगढ़ में अपने पति का चुनाव प्रचार कर रही हैं। वे रेल्वे बिलासपुर क्षेत्र में नियमित कर्मचारी है इसके बाद भी अपने कार्य क्षेत्र को छोड़कर अपने पति के प्रचार में रायगढ़ आकर अपने पति का प्रचार कर रही है जो कि आदर्श आचार संहिता एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का घोर उल्लघंन है। इसलिए रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 के बीजेपी के प्रत्याशी ओ.पी. चौधरी और उनकी पत्नी अदिति चौधरी के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग के आदेशों का खुला उल्लंघन किये जाने को लेकर समुचित कार्रवाई किया जाए।

- कार्रवाई करने कांग्रेस की मांग

# आचार संहिता का उल्लंघन, कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज को नोटिस

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी अपनी जीत के लिए प्रचार-प्रसार के दौरान आदर्श आचार सहिंता का उल्लंघन करने से भी नहीं बच रहे हैं।निर्वाचन आयोग प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन और सी विजिल पर मिलने वाले शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर रही है। गृह मंत्री और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को जिला निर्वाचन अधिकारी ने आचार संहिता का उल्लंघन करने पर नोटिस थमाया है।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी मुकेश रावटे ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार और प्रदेश के वर्तमान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को विधानसभा निर्वाचन 2023 में संपत्ति विरूपण अधिनियम में उल्लेख प्रावधानों का उल्लंघन किया है। गृह मंत्री ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उमरपोटी में मौजूद सरकारी पानी की टंकी में बिना अनुमति के अपने चुनाव प्रचार और प्रसार का लेखन कर दिया है। इसके साथ ही उक्त विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उमरपोटी इलाके के एक निजी आवास पर बगैर अनुमति के अपने चुनाव के प्रचार और प्रसार से संबंधी लेखन किया है इस वाल लेखन को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है।



इस लेखन को स्थल पर दल और ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए मिटा दिया गया है।रिटर्निंग अधिकारी मुकेश रावटे ने कांग्रेस उम्मीदवार ताम्रध्वज साहू को सरकारी सम्पत्ति पानी टंकी और प्राइवेट घर में वहां के मकान मालिक से अनुमति लिए बिना ही चुनाव प्रचार और प्रसार से संबंधित लेखन कराए जाने के कारण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए इस संबंध में शीघ्र कार्यालय को जवाब तलब प्रस्तुत करने कहा है। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि नियत समय पर उचित जवाब नहीं दिए जाने पर दुर्ग ग्रामीण के प्रत्याशी और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के खिलाफ निर्वाचन नियमावली के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# सरकार में आने पर जातिगत जनगणना कराएंगे : अंशुल

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले-सूखे पत्ते की तरह बिखरा हुआ है विपक्ष

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अभिजीत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 75 का आंकड़ा पार करेगी।जन सेवा में हमारी सरकार समर्पित थी और रहेगी। जो हमने वादे किए वह पूरे किए, आगे भी करेंगे। विपक्ष सूखे पत्ते की तरह बिखरा हुआ है, ना कोई नीति है और ना कोई सवाल है। सरकार में आने पर हम जातिगत जनगणना कराएंगे।

प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अंशुल अभिजीत ने कहा कि हम जातिगत जनगणना कराएंगे, इससे सामाजिक गति आएगी, सरकारी संपत्ति का वितरण कैसे हो ये जातिगत जनगणना से जानकारी मिलेगी। कांग्रेस सामाजिक न्याय को हमेशा प्राथमिकता देती रही है, ये हमारी नीति है। हमने प्रदेश में चांटिफिएबल डाटा आयोग बनाया और आरक्षण का एक विधेयक तैयार किया है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जो कांग्रेस की सरकार है छत्तीसगढ़ में ये जनसेवा में समर्पित थी और रहेगी। ये प्रतिबद्ध है निष्ठावान है कर्मठ है सुदृढ़ है मजबूत है।

जो कार्य है बहुत सारे काम हो चुके है और जो अधुरा कार्य है वो उसको अपने अंजाम और मंजील तक ले जायेगी। हमने जो वादे किये थे बहुत सारे पूरे हुये है चाहे स्वास्थ्य का मामला हो या शिक्षा, धान, सब्सिडी, किसान का धान या एमएसपी का मामला हो हम जनसेवा में जनकल्याण में समर्पित थे। कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ के लोंगों को सम्मान दिया है।

जाति जनगणना हम करायेंगे यह हमारी चुनावी वायदा भी कांग्रेस सामाजिक न्याय को हमेशा प्राथमिकता देती है। छत्तीसगढ़ का आरक्षण बिल राजभवन में लंबित क्यो है ?इसकी समीक्षा होनी चाहिये, इस बिल से सबको फायदा हो रहा है।

# रायपुर से जैसलमेर व दुर्गापुर के लिए आज से हवाई सेवा

## राजकोट उड़ान की सुविधा भी जल्द मिल सकती है

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के यात्रियों को रविवार से रायपुर से जैसलमेर व दुर्गापुर के लिए नई उड़ान की सुविधा मिलने वाली है। दोनों विमान इंडिगो एयरलाइंस द्वारा शुरू की जा रही है और कनेक्टिंग फ्लाइट हैं। विमानन कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार फ्लाइट क्रमांक 2191 सुबह 9.35 बजे रायपुर से दिल्ली से उड़ान भरेगी और 11.30 बजे वहां पहुंचेगी।



इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 729 दिल्ली से दुर्गापुर के लिए दोपहर 14.30 बजे उड़ान भरेगी और 16.30 बजे दुर्गापुर पहुंचेगी। ट्रैवल्स संचालकों के अनुसार फ्लाइट क्रमांक 2191 सुबह 9.20 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी और दिल्ली से जैसलमेर के लिए फ्लाइट क्रमांक 2101 दोपहर 12.45 बजे उड़ान भरेगी और 14.25 बजे जैसलमेर पहुंचेगी।

फ्लाइट क्रमांक 2102 जैसलमेर से दिल्ली के लिए 14.55 बजे उड़ान भरेगी और शाम 16.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 859 दिल्ली से रायपुर के लिए शाम सात बजे उड़ान भरेगी और रात्रि 20.45 बजे रायपुर पहुंचेगी।

नवंबर से हवाई यात्रियों को राजकोट उड़ान की भी सुविधा मिल सकती है। बताया जा रहा है कि इसके लिए ट्रैवल्स संचालकों ने इंडिगो एयरलाइंस को कई बार चिट्ठी लिखी है। राजकोट के लिए भी रायपुर से हवाई यात्रियों का आना-जाना काफी ज्यादा रहता है।

राहुल गांधी के प्रदेश दौरे पर अरुण साव ने कसा तंज

# नई घोषणाएं करने से पहले बताएं पुराना हिसाब

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के शनिवार को छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व सांसद अरुण साव ने जमकर हमला बोला है. सांसद अरुण साव ने राहुल गांधी से सवाल किया है कि क्या वे नई घोषणाएं करने के पहले पिछले चुनाव में की गई अपनी घोषणाओं का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता को देंगे ?



- खुद की गारंटी नहीं और वे घोषणा पर घोषणा कर रहे

उन्होंने राहुल गांधी से सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ में 200 फूड प्रोसेसिंग प्लांट कहां हैं ? नक्सल प्रभावित हर पंचायत को 1 करोड़ रुपए क्यों नहीं मिला ? शराब बंदी लागू क्यों नहीं हुई ? सभी को चार गैस सिलेंडर मुफ्त में क्यों नहीं मिले ? महिलाओं की 1,500 रुपए की पेंशन कहां है ? कर्मचारियों का नियमितीकरण कहां है ? छात्रों को 5 साल तक मुफ्त परिवहन क्यों नहीं मिला ? बेरोजगारों के 15 हजार करोड़ रुपए कहां गए ? न भत्ता दिया न रोजगार दिया। अब तक 700 से ज्यादा घोषणाएं की जा चुकी हैं।

प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा, सीएम भूपेश बघेल की खुद की गारंटी नहीं है और वे घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं. भूपेश बघेल और राहुल गांधी मिलकर घोषणाओं का विश्व कीर्तिमान स्थापित करने पर आमादा है, लेकिन जनता इनके किसी भी वादे पर ऐतबार नहीं कर सकती. क्योंकि 5 साल तक जनता ने कांग्रेस की धोखेबाजी झेली है. कांग्रेस ने पिछले चुनाव के घोषणा पत्र में करीब 300 वादे किए थे. उन्होंने कहा कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य की जनता से कुल मिलाकर 400 के करीब वादे कर चुके हैं. इसके बाद हर रोज घोषणा पर घोषणा किए जा रहे हैं. राहुल गांधी भी इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ आ रहे हैं तो उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए कि जब 5 साल पहले किए गए वादे नहीं निभाए तो अब नई-नई घोषणाएं करने का उन्हें नैतिक अधिकार कैसे हैं ?

# राहुल गांधी बताएं जाति जनगणना उनके परिवार पर लागू होगी कि नहीं : रविशंकर

रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आज छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान की गई घोषणाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि घोषणा करने में राहुल गांधी आजकल कमाल का काम करते हैं। बयान बहादुर, घोषणा बहादुर बन गए हैं। सिर्फ घोषणा भर तो करना है। उस घोषणा पर करना तो कुछ है नहीं तो घोषणा करने में क्या दिक्कत है। राहुल गांधी पहले यह जवाब दें कि राजस्थान में उन्होंने क्या कहा था ? सरकार बनेगी तो पहली कैबिनेट में यह फैसला होगा, वह फैसला होगा। क्या हुआ ? कर्नाटक के प्रचार में क्या बिजली और क्या बाकी सब, जो बातें कही थीं, बेरोजगारों के लिए रोजगार योजना पहली कैबिनेट में होगी। क्या हुआ ?

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी घोषणा करने के पहले बताएं कि छत्तीसगढ़ में पुरानी घोषणा का क्या हुआ ? कुछ भी बोलते हैं। आपने कहा था 200 फूड पार्क खुलेंगे। खुले क्या ? छत्तीसगढ़ में पूंजी निवेश बंद हो गया है। क्योंकि यहां कांग्रेस की सरकार नहीं, भूपेश बघेल की अगुवाई में लूट की सरकार है। ऐसे में भी राहुल गांधी कह रहे हैं कि केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे तो पहले यह बताएं पब्लिक सर्विस कमीशन में घोटाला क्यों हुआ है ? पीएससी अध्यक्ष के बेटे बहू, कांग्रेस नेताओं के परिवार के लोग, अफसरों के परिवार के लोग सलेक्ट और काबिल युवा रिजेक्ट ! अब तेंदूपत्ता की घोषणा पर क्या कहा जाए ? 4000 की प्रोत्साहन राशि देने कहा है। जबकि भाजपा की सरकार 4000 से 6000 बोनस दिया करती थी। पूरे तेंदूपत्ता की खरीदी से आदिवासियों को फायदा होता था। इन्होंने कुछ नहीं किया। क्यों नहीं हुआ ? मुझे बताया गया है कि एक आदिवासी माता तेंदूपत्ते लेकर जा रही थीं, उनका अपहरण हुआ है। यह आपकी जो स्थिति है, नई-नई घोषणाओं की बात करते हैं। पुरानी घोषणाओं का छत्तीसगढ़ हिसाब मांग रहा है। वह तो दीजिए। राहुल गांधी आदिवासियों की बात करते हैं। देश की पहली योग्य महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी भाजपा ने बनाई। आप दलित के सशक्तिकरण की बात करते हैं तो हमने योग्य गरीबों में दलित नेता रामनाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति बनाया।



पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने जातिगत जनगणना पर राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि राहुल जी आप तो कम से कम जाति जनगणना की बात न करें। इस खेल में आप नए-नए हैं। मैं बिहार से आता हूं। नीतीश कुमार ने काफी होमवर्क किया। राहुल गांधी कोई होमवर्क तो करते नहीं हैं। मैं लोकसभा में यह बात बोल चुका हूं कि राहुल गांधी होमवर्क नहीं करते। उन्हें जो भी कोई चिट चैट पकड़ा देते हैं, वे पकड़ लेते हैं। कभी वीर सावरकर के नाम पर, कभी किसी के नाम पर, कभी राफेल की चिट पकड़ा दी गई। आजकल जातिगत जनगणना की चिट राहुल को पकड़ा दी गई है। मेरा एक सवाल है। जातिगत जनगणना आपके परिवार पर लागू होगी कि नहीं, हिम्मत है तो राहुल जवाब दें। अब तो राहुल के परिवार में ही कॉम्पटीशन बढ़ रहा है। सोनिया जी, उसके बाद आप आए। आजकल आपकी बहन जी हैं।राहुल जी आपके अंदर, आपकी क्षमता क्या है, देश जानता है। आज जहां हैं, वहां इसलिए हैं कि आप राजीव गांधी के बेटे हैं। इंदिरा गांधी के पोते हैं। नेहरू जी के परपोते हैं। यह जो परिवार का सिलसिला है, जाति जनगणना होगी तो क्या क्या लागू होगा ?

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमें गर्व है कि आज पिछड़े समाज से हमारे भाजपा के 85 एमपी हैं। सबसे अधिक संख्या में ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# कांग्रेस बताए पुरानी 36 घोषणाओं का क्या हुआ : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी की घोषणाओं पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा, भाजपा ने पहले ही लड़कियों के लिए मुफ्त में शिक्षा देना शुरू कर दिया था। चलाचली की बेला आ गई है। पीएससी मामले को लेकर युवा परेशान है और इस सरकार को सबक सिखाने वाले हैं इसलिए नए नए तोहफे दे रहे हैं।



- भाजपा ने पहले ही शुरू कर दी थी मुफ्त शिक्षा की योजना

पूर्व मंत्री बृजमोहन ने कहा, कांग्रेस अब वनोपज के लिए एमएसपी पर बात कर रही है। 141 वनोपज की एमएसपी पर खरीदने की घोषणा केंद्र सरकार ने की है। केंद्र सरकार की योजनाओं के दम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं। कांग्रेस की 36 घोषणाओं के बाद नई घोषणाएं करने पर बृजमोहन अग्रवाल ने तंज कसते हुए कहा, अभी चुनाव तक पुरानी 36 घोषणाएं के बारे में बात नहीं करेंगे, शराबबंदी, कर्जा माफी, बेरोजगारी भत्ता, विकलांग के लिए 1500 रुपए पेंशन, 4 गैस सिलेंडर मुफ्त में देने के वादे का का क्या हुआ।। ? पुराना सपाट और नया पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। यह जनता मानने वाली नहीं है।

भाजपा ने कांग्रेस के तीन राज्यसभा सांसद लापता होने का पोस्टर जारी किया है। इस पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी, छत्तीसगढ़िया की बात करने वाले लोग बताएं कि तीनों राज्यसभा के सदस्य कहां हैं। तीन बाहरी लोगों को राज्यसभा सदस्य बना देते हैं, जिसका चेहरा छग की जनता ने देखा नहीं है। परदेसिया तो भूपेश बघेल हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस के एटीएम बने हुए हैं, जो यहां का पैसा वहां कर रहे हैं।

भाजपा के घोषणापत्र कब जारी होगी, इस सवाल पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, हम देख रहे हैं कि कांग्रेस कौनसी फर्जी घोषणाएं करती है। इसका जवाब हमारे घोषणा पत्र में आएगा। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, जेपी नड्डा जी आयेंगे और छग में कमल का तूफान लेकर जाएंगे। कांग्रेस की घोषणाओं से आदिवासियों पर क्या असर पड़ेगा, इस सवाल पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पूरा आदिवासी क्षेत्र जल रहा है। धर्मांतरण की आग में जल रहा है।

विकास नहीं होने की आग में जल रहा है। नक्सलवाद की घटनाओं पर जल रहा है। उसको जलने से कोई बचा सकता है तो वह बीजेपी और नरेंद्र मोदी है। सड़कों का जाल भाजपा सरकार ने बिछाई है। विकास की किरण बीजेपी ने भेजी है।

# एनआईटी रायपुर में आवर्तन का आयोजन

## प्रदर्शित किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में 28 अक्टूबर 2023 को संस्थान के वार्षिक तकनीकी उत्सव आवर्तन'23-24 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम संस्थान की टेक्निकल कमिटी टेक्नोक्रेसी द्वारा आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य तकनीक और रचनात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस. एस. बजाज रहे। कार्यक्रम में संस्थान के करियर डेवलपमेंट सेंटर (सी.डी.सी.) के प्रमुख डॉ. समीर बाजपई, डीन (छात्र कल्याण) डॉ.नितिन जैन, टेक्नोक्रेसी समिति के संकाय प्रभारी डॉ. मनु वर्धन, आवर्तन के संकाय प्रभारी डॉ. अनुज शुक्ला एवं अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ हुई। इसके पश्चात् डॉ. मनु वर्धन ने अतिथियों का स्वागत भाषण देते हुए आवर्तन और टीम टेक्नोक्रेसी का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के साथ-साथ प्रतिभागियों का अभिनंदन किया और यह भी बताया कि आवर्तन मध्य भारत का सबसे बड़ा तकनीकी उत्सव है, जो विज्ञान नवाचार सीखने और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। डॉ. समीर बाजपई ने टीम टेक्नोक्रेसी को बधाई दी और कहा कि शैक्षणिक पाठ्यक्रम तथा परीक्षा में अच्छे अंक लाने मात्र से ही विद्यार्थी का विकास नही होता बल्कि कॉलेज में होने वाले अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना जीवन में विकास होने के लिए महत्वपूर्ण होता है। कॉलेज हमे वास्तविक जीवन की समस्या को भी हल करने का अवसर प्रदान करता है।

इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. एस. एस. बजाज ने छात्रों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करने के लिए एनआईटी रायपुर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कार्यशालाओं के आयोजन, यात्रा अनुदान और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राईट (आईपीआर) प्रदान करने के लिए अपना समर्थन देना चाहेंगे। उन्होंने छात्रों से लागत दक्षता और अच्छी गुणवत्ता के साथ प्रतिस्पर्धी रूप से टिकाऊ नवीन उत्पाद बनाने का आग्रह किया। उन्होंने टीम टेक्नोक्रेसी की सफलता की कामना की और आवर्तन जैसे आयोजनों के माध्यम से वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने वाले नए विचारों को बढ़ावा दिया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

इसके बाद डॉ. बजाज ने रिबन काट कर विज्ञान प्रदर्शनी की शुरुआत की। आवर्तन के प्रथम दिन में एक विज्ञान प्रदर्शनी शामिल रही, जिसे 'विज्ञान के नाम से जाना जाता है।इस आयोजन में कुल 43 टीमों ने अपने मॉडल प्रर्दशित किए 7 डेटा विश्लेषण और विजुअलाइज़ेशन जैसे विषयों पर काम करने वाले मॉडल, शिशु इनक्यूबेटर, भूकंप डिटेक्टर, अल्जाइमर रोगियों के लिए मेमोरी ऐप, पाइप लाइन लीकेज डिटेक्टर तथा अन्य नवाचार मॉडल इस दौरान प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा आवर्तन में टीम टेक्नोक्रेसी द्वारा अन्य कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं जैसे टेरेन ट्रेडर, सर्किट्रिक्स 2.0, सर्वाइवल, कोडमाइम क्वेस्ट, टैलेंट शो, हाइड्रोलिफ्ट, ऑटोकैड चैलेंज, प्लेनेटेरियम, मैकेनिकल जंक्यार्ड, टेकोनॉमिक क्वेस्ट और स्पीड क्यूबिंग का भी आयोजन किया गया था। साथ ही ब्लॉकचैन पर एक ज्ञानवर्धक वक्ता सत्र का आयोजन किया गया, जिसकी वक्ता रिया यादव थी जो उद्योग में अनुभवी वक्ता है तथा उन्होंने राइज़ इन में कम्युनिटी लीड, कॉइनडीसीएक्स में मार्केटिंग स्पेशलिस्ट और डेलॉइट यूएसआई कंसल्टिंग में बिजनेस टेक्नोलॉजी एनालिस्ट के पद पर काम किया है। कार्यक्रम के पहले दिन के अंत में नृत्यम-द डांस क्लब के द्वारा डांस की प्रस्तुति तथा रागा-द म्यूजिक क्लब के द्वारा संगीत की प्रस्तुति और बैंड प्रस्तुति भी दी गई, जिसने सभी दर्शकों का मन मोहने का काम किया। आवर्तन के दूसरे दिन 29 अक्टूबर को भी मॉक सीआईडी, लोगो डिजाइजनिंग, जेंगा, रिएक्शन रेसिंग, रोबो सॉसर, अक्टूबर स्काई, एयरोफिलिया, एमएल चैलेंज, रॉयल वालो टूर्नामेंट ह्यूमन टिक-टैक-टो जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।---

# चुनावी सभा व जुलूस के बारे में पुलिस प्रशासन को पहले से सूचित करना होगा




**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों को आचार संहिता के पालन की दिशा में चुनावी सभाएं करने और जुलूस निकालने के दौरान भारत निर्वाचन आयोग व्दारा तय किए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा। प्रचार के दौरान की जाने वाली सभाओं में दल या अभ्यर्थी व्दारा स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थल और समय के बारे में काफी पहले से सूचित करना होगा ताकि यातायात को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक तैयारियां की जा सकें।

दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप को सुनिश्चित करना होगा कि सभा के लिए प्रस्तावित स्थल पर कोई रोक या निषेधाज्ञा लागू तो नहीं है। यदि ऐसे आदेश मौजूद हैं तो उनका कड़ाई से पालन करना होगा। यदि ऐसे आदेशों पर किसी रियायत की आवश्यकता हो तो अग्रिम रूप से इसके लिए आवेदन कर आदेश प्राप्त करना होगा। यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउडस्पीकरों या किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता है तो दल या अभ्यर्थी को अग्रिम रूप से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त करना होगा।

प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों को प्रचार-प्रसार के लिए जुलूस निकालना हो तो यह ध्यान रखना होगा कि जुलूस रवाना करने का स्थान और समय, अनुगमन किए जाने वाले मार्गों और समाप्त होने का स्थान पहले से तय हो। आयोजक स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को कार्यक्रम की अग्रिम सूचना देंगे ताकि आवश्यक व्यवस्था की जा सके। आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन इलाकों से जुलूस निकालना है, उन इलाकों में कोई प्रतिबन्ध आदेश लागू तो नहीं है। यदि है तो लागू प्रतिबन्ध आदेशों का पालन करना होगा। जुलूस हेतु यातायात संबंधी किन्हीं विनियमों या प्रतिबंधों का भी ध?यानपूर्वक अनुपालन किया जाना होगा। आयोजक जुलूस निकालने के लिए अग्रिम रूप से व्यवस्था करने हेतु कदम उठाएंगे ताकि यातायात में कोई रूकावट या बाधा न आए।

यदि दो या अधिक राजनीतिक दल या अभ्यर्थी जुलूस को समान रास्तों या उसके किसी भाग से एक ही समय पर ले जाने का प्रस्ताव देते हैं तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों जुलूस आपस में न टकराएं या यातायात में बाधा उत्पन्न न करें, आयोजक अग्रिम रूप से संपर्क करेंगे और अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में निर्णय लेंगे। किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी द्वारा अन्य राजनीतिक दलों के सदस्यों को या उनके नेताओं को निरूपित करने वाले पुतलों को ले जाने अथवा जनता के बीच इन पुतलों को जलाने या अन्य प्रकार के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगीच।

# सुहिणी सोच संस्था का करवा चौथ उत्सव 1 नवंबर को

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुहिणी सोच संस्था द्वारा 1 नवंबर, बुधवार शाम 5 बजे वीआईपी रोड में करवा चौथ उत्सव आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में करवाचौथ की सामूहिक पूजा का प्रायोजन पूरी विधि विधान से रखा गया है। इस कार्यक्रम के विशेष आकर्षण तंबोला और फैशन शो है। इसके अलावा बेस्ट कपल एवं करवा क्वीन अवार्ड भी रहेगा। इसके लिए मीनाक्षी टुटेजा ,पंकज सेतपाल को विशेष अतिथि एवं तंबोला क्वीन प्राची चौहान को एंकर के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस प्रोग्राम की प्रायोजक डीटीसी डायमंड कंपनी की ऑनर डिंपल खट्टर है।इसमें आकर्षक उपहार फर्स्ट प्राइस डायमंड पेंडेंट,सेकंड प्राइस डायमंड रिंग एवं थर्ड प्राइस गोल्ड कॉइन तथा बेस्ट कपल के लिए गोल्ड लक्ष्मी गणेश पादुका रहेगा।इस कार्यक्रम के मेंटोर भारतीय सिंधु सभा युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी ए चेतन तारवानी है ।

संस्था की मीडिया प्रभारी आरती मयानी द्वारा यह जानकारी दी गई।

# भूपेश है तो भरोसा है का दौर आने से पहले खत्म हुआ: संजय श्रीवास्तव

## परदेसिया सांसदों को राहुल गांधी कम से कम टूर पर ही सही छत्तीसगढ़ लेकर तो आए

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेस ब्रीफ को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता श्री संजय श्रीवास्तव ने कहा की भूपेश है तो भरोसा का दौर खत्म हो गया।ये हम नही कांग्रेस नेताओं के बयान बता रहे है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता चरण दास महंत ने कह दिया कि कांग्रेस का फिलहाल कोई मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लडा जा रहा है अगर सत्ता आई तो दिल्ली में मुख्यमंत्री तय होगा यानी अब कांग्रेस ने बिलकुल साफ कर दिया की उन्हे भूपेश बघेल पर भरोसा नही है।




**भाजपा ने जारी किया कांग्रेस के परदेसिया लापता सांसदों का पोस्टर**

**संजय श्रीवास्तव बोले छत्तीसगढ़ के लोगों का हक मारने वाली कांग्रेस को जनता सबक सिखायेगी**

उससे पहले भी मुख्यमंत्री के कई बार विरोध के बाद भी टी एस सिंहदेव को दिल्ली से आदेश कर उपमुख्यमंत्री बनाया था।

संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ कोटे से राज्यसभा भेजे गए सांसदों के बारे में कहा की वो कहा लापता है।राहुल गांधी उन्हे छत्तीसगढ़ टूर पर ही ले आते कम से कम जनता अपने राज्यसभा सांसदों के चेहरे तो देख लेती । संजय श्रीवास्तव ने कहा भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के लोगो का हक मारा है छत्तीसगढ़ के बाहर के लोगो को राज्यसभा भेजना पूरे छत्तीसगढ़ का अपमान है और जनता अपना हक मारने वालो को सबक सिखाने जा रही है।राहुल गांधी बताए उनके ये छत्तीसगढ़ के सांसद कहा लापता है। इसी दौरान प्रदेशनप्रवक्ता संजय श्रीवास्तव और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने लापता राज्यसभा सांसदों का पोस्टर जारी करते हुए पूछा ये सांसद कहा लापता है।

# स्वर्गीय धीवर के परिजनों को एक्सग्रेसिया राशि प्रदान की गई

## निर्वाचन कार्य के दौरान श्री धीवर की हुई थी मृत्यु

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र-52 आरंग के पारा गांव नदी मोड नाकाबंदी पाईंट स्थैतिक निगरानी दल में कार्यरत वीडियोग्राफर स्व. श्री धनंजय धीवर के परिजनों को आज अनुग्रह राशि 15 लाख रूपये प्रदान किया गया। श्री धीवर निर्वाचन दायित्व में संलग्न निजी व्यक्ति थे, जिनकी 13 अक्टूबर 2023 को निर्वाचन कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा उनके लिए मृत्यु उपरांत एक्सग्रेसिया राशि की स्वीकृति दी गई। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आज मृतक के परिजनों को आज यह राशि प्रदान की गई।



# हरित पटाखों का ही होगा विक्रय एवं उपयोग दीवाली में 2 घंटे ही फोड़ सकेंगे

## दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के लिए उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश

**बेमेतरा,** 27 अक्टूबर, 2023 - पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। साथ ही दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने के लिए दो घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है।



दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित की गई है। दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा के लिए सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस/नया वर्ष के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिये गये हैं। इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस ट्रेडर द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है।

पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं जिनके द्वारा पटाखों में लिथियम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये हैं।

# कांग्रेस बताए पुरानी 36 घोषणाओं का क्या हुआ : बृजमोहन

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी की घोषणाओं पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कटाक्ष किया है. उन्होंने कहा, भाजपा ने पहले ही लड़कियों के लिए मुफ्त में शिक्षा देना शुरू कर दिया था. चलाचली की बेला आ गई है. पीएससी मामले को लेकर युवा परेशान है और इस सरकार को सबक सिखाने वाले हैं इसलिए नए नए तोहफे दे रहे हैं.



पूर्व मंत्री बृजमोहन ने कहा, कांग्रेस अब वनोपज के लिए एमएसपी पर बात कर रही है. 141 वनोपज की एमएसपी पर खरीदने की घोषणा केंद्र सरकार ने की है. केंद्र सरकार की योजनाओं के दम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं. कांग्रेस की 36 घोषणाओं के बाद नई घोषणाएं करने पर बृजमोहन अग्रवाल ने तंज कसते हुए कहा, अभी चुनाव तक पुरानी 36 घोषणाएं के बारे में बात नहीं करेंगे, शराबबंदी, कर्जा माफी, बेरोजगारी भत्ता, विकलांग के लिए 1500 रुपए पेंशन, 4 गैस सिलेंडर मुफ्त में देने के वादे का का क्या हुआ.. ? पुराना सपाट और नया पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं. यह जनता मानने वाली नहीं है.

भाजपा ने कांग्रेस के तीन राज्यसभा सांसद लापता होने का पोस्तर जारी किया है. इस पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी, छत्तीसगढ़िया की बात करने वाले लोग बताएं कि तीनों राज्यसभा के सदस्य कहां हैं. तीन बाहरी लोगों को राज्यसभा सदस्य बना देते हैं, जिसका चेहरा छग की जनता ने देखा नहीं है. परदेसिया तो भूपेश बघेल हैं. राष्ट्रीय कांग्रेस के एटीएम बने हुए हैं, जो यहां का पैसा वहां कर रहे हैं.

भाजपा के घोषणापत्र कब जारी होगी, इस सवाल पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, हम देख रहे हैं कि कांग्रेस कौनसी फर्जी घोषणाएं करती है. इसका जवाब हमारे घोषणा पत्र में आएगा. बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, जेपी नड्डा जी आयेंगे और छग में कमल का तूफान लेकर जाएंगे. कांग्रेस की घोषणाओं से आदिवासियों पर क्या असर पड़ेगा, इस सवाल पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पूरा आदिवासी क्षेत्र जल रहा है. धर्मांतरण की आग में जल रहा है.

विकास नहीं होने की आग में जल रहा है. नक्सलवाद की घटनाओं पर जल रहा है. उसको जलने से कोई बचा सकता है तो वह बीजेपी और नरेंद्र मोदी है. सड़कों का जाल भाजपा सरकार ने बिछाई है. विकास की किरण बीजेपी ने भेजी है.

# चुनाव आयोग से अधिकारियों की शिकायत भाजपा की खीझ-कांग्रेस

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया के द्वारा राज्य के अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की चुनाव आयोग से की गयी शिकायत को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा की खीझ बताया है। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी चुनाव हार रही है। इसलिये वह अब अपने हारने के बहानेबाजी की पटकथा लिखना शुरू कर चुकी है। भारतीय जनता पार्टी अपनी केंद्र सरकार का दुरुपयोग कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश में लगी है। प्रदेश भर में अमित शाह, मंडाविया जैसे भाजपा की केंद्र सरकार के मंत्री घूम-घूम कर चुनाव को प्रभावित करने के लिये अपने रसूख का दुरुपयोग कर रहे है। श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा के नेता लगातार राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों को धमका रहे, उनमें भय पैदा करने की कोशिश कर रहे। भाजपा का अधिकारियों को धमकाना आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के साथ आपराधिक कृत्य भी है।



**केंद्रीय मंत्रियों की शिकायत चुनाव आयोग से करेगी कांग्रेस**

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया के द्वारा राज्य के अधिकारियों के खिलाफ चुनाव आयोग में की गयी शिकायत भी इसी अभियान का हिस्सा है। वे अपने केंद्रीय मंत्री पद का गलत इस्तेमाल कर राज्य के अधिकारियों में भय पैदा कर रहे है। कांग्रेस पार्टी भी भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों के इस आचरण की शिकायत चुनाव आयोग में

# जिला सहकारी बैंक के एटीएम मशीन का शुभारंभ

**नवापारा-राजिम,** 28 अक्टूबर (देशबंधु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नवापारा द्वारा कृषि उपज मंडी कॉम्पलेक्स गंज रोड में एटीएम मशीन का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी देते हुए ब्रांच मैनेजर मो अकील ने बताया कि क्षेत्र के किसानों, अमानतदारों सहित आम जनता को सुविधा देने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंक का एटीएम मशीन स्थापित किया गया है। एटीएम धारी किसानों को अब बैंक आकर अपना पैसा निकालने घंटों इंतजार नही करना पड़ेगा। वे एटीएम मशीन से आसानी के साथ अपने खाते से पैसा निकाल सकते है। बीएम मो अकील ने बताया कि बैंकिंग सेक्टर में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। एटीएम मशीन के माध्यम से किसान अपने खाते की जानकारी जैसे बैलेंस, विड्राल, ट्रांसफर की जानकारी आदि आसानी के साथ प्राप्त कर सकते है।

## कैपिटल जोन का शेष...

**राहुल गांधी बताएं...**

विधायक बीजेपी में पिछड़े समाज से हैं। सबसे बड़ी संख्या में हमारे पंचायत के प्रतिनिधि, सरपंच, मुखिया पिछड़े समाज से हैं। अनेकों मुख्यमंत्री पिछड़े समाज से हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, जो दुनिया के नेता हैं, वह भी इसी समाज से हैं। हम तो करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी, भाजपा की ओर से मैं सवाल कर रहा हूं कि जाति जनगणना होगी तो इसका नतीजा आपके परिवार पर लागू होगा या नहीं? जैसे खड़गे जी हैं, अध्यक्ष तो आपने बना दिया लेकिन खड़गे साहब की कितनी सुनवाई होती है? यह आपका निजी विषय है लेकिन अगर नीतीश कुमार के मॉडल की बात आप करते हैं तो वहां अन्याय किया गया है। यह आपका मॉडल है तो हमारा जबरदस्त विरोध है। जैसे धर्मांतरण हो रहा है, इसका सीधा परिणाम इस प्रदेश के आदिवासियों को भुगतना पड़ेगा।

# एयरटेल ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ की साझेदारी

**रायपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, भारतीय व्यापारिक संस्थाओं को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए कॉलिंग सेवा दी जाएगी। यह सेवा एयरटेल आईक्यू को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के साथ इंटीग्रेट कर प्रदान की जाएगी। माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के लिए एयरटेल आईक्यू के साथ, एंटरप्राइज जल्द ही इंटरनेट के माध्यम से फिक्स्ड लाइन पर देश भर के ग्राहकों से आसानी से जुड़ सकेंगे। एयरटेल आईक्यू के बिजनेस हेड अभिषेक बिस्वाल ने कहा, हम एक बेहतरीन, लचीले और इनोवेटिव समाधान को पेश करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट से साझेदारी करके खुश हैं।

## निधन

### लक्ष्मी नारायण उर्फ राजा वर्मा

**देवरी बंगला,** 28 अक्टूबर । वर्मा सॉ मिल मार्री बंगला के संचालक लक्ष्मी नारायण उर्फ राजा वर्मा (33 वर्ष) का असामयिक निधन हो गया। मृतक भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय भीखम चंद वर्मा के पोते थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सजातीय, प्रबुद्ध जन तथा अन्यान्यजन शामिल होकर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।



# शरद पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण का साया

## बंद रहे मंदिरों के पट, नहीं बंटी खीर

रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शरद पूर्णिमा की रात पूर्ण चंद्रमा से निकलने वाली किरणों को अमृत तुल्य माने जाने की परंपरा चली आ रही है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से बरसने वाले अमृत का पान करने से विविध रोगों से छुटकारा मिलता है। शरीर स्वस्थ रहता है और ताजगी का अहसास होता है। चंद्रमा की अमृत रूपी किरणों को ग्रहण करने के लिए लोग लालायित रहते हैं। इसके लिए छतए आंगन में खीर का कटोरा रखते हैंए ताकि चंद्रमा की किरणें उस खीर में समाहित हो जाएं। खीर का भोग माता लक्ष्मी और अन्य देवों को अर्पित करके उस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। खीर का सेवन करने की इस परंपरा का पालन स्थानीय मंदिरों में सालों से किया जा रहा है लेकिन इस बार चंद्रग्रहण होने से मंदिरों में शाम को खीर का वितरण नहीं हुआ। पुरानी बस्ती के ऐतिहासिक महामाया मंदिर के पुजारी पं मनोज शुक्ला बताते हैं कि पुराणों में उल्लेखित है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में माता लक्ष्मी पृथ्वी लोक का भ्रमण करने निकलती हैं। माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु अपने घर पर माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं। माता लक्ष्मी को दूध से बने व्यंजन पसंद ह इसलिए दूध.चावल की खीर बनाकर उसमें सूखा मेवा मिलाकर भोग अर्पित करते हैं। माता लक्ष्मी को अर्पित खीर को चंद्रमा की रोशन में रखकर आधी रात बाद प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है। 16 कलाओं से युक्त चंद्रमा की रोशनी में खीर रखने से खीर में औषधीय तत्वों का समावेश हो जाता है। यह खीर आरोग्यवर्धक मानी जाती है। मंदिर में खीर बनाकर महामाया देवी और समलेश्वरी देवी को भोग लगाया जाता है। प्रांगण में खीर को झीने कपड़े से ढंककर रखा जाता है। रात्रि 12 बजे के पश्चात श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने आते ह लेकिन इस बार चंद्रग्रहण होने से यहां शाम को खीर का वितरण हुआ



**गायत्री शक्तिपीठ में औषधि वितरण:** समता कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ के अध्यक्ष श्याम बैस बताते हैं कि गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक ब्रह्मलीन आचार्य श्रीराम शर्मा ने छोटी.छोटी बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए आयुर्वेदिक औषधियों का महत्व बताया है। उनसे प्रेरणा लेकर श्वांस, दमा, कब्ज, बवासीर, पेट संबंधी रोगों की औषधि वितरित की जाती है। उक्त औषधि को शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा की रोशनी में रखे गए खीर के साथ मिलाकर ग्रहण करने से विशेष लाभ होता है।

**चंद्रग्रहण का साया रात दो बजे के बाद बांटेंगे खीर:** शरद पूर्णिमा पर इस बार चंद्रग्रहण के साथ पांच योग का संयोग बन रहा है। शरद पूर्णिमा पर सौभाग्य योग सिद्धि योग बुधादित्य योग गजकेसरी योग और शश योग का निर्माण हो रहा है। यह पांचों योग शुभ फलदायी है। चूंकि रात्रि 2.24 बजे तक चंद्रग्रहण रहेगा इसलिए इस साल रात्रि ढाई बजे के पश्चात ही खीर का प्रसाद वितरित किया गया

**भगवान श्रीकृष्ण ने रचाई थी महारासलीला:** कथावाचक आचार्य नंदकुमार चौबे शरद पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहते हैं कि श्रीमद्भागवत कथा प्रसंग में उल्लेखित है कि श्रीकृष्ण ने गोपियों का अहंकार तोड़ने के लिए शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में महारासलीला रचाई थी। प्रत्येक गोपियों के साथ नृत्य किया। जब गोपियों को यह अहंकार हो गया कि श्रीकृष्ण केवल उनके साथ ही नृत्य कर रहे हैं तब श्रीकृष्ण अंतर्ध्यान हो गए थे।

**अंबा देवी मंदिर में बंटती है 101 लीटर खीर:** राजधानी के सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर परिसर में नवजागृति संगठन के नेतृत्व में शरद पूर्णिमा पर विशेष खीर बनाई जाती है। संगठन के वरिष्ठ सदस्य लक्की शर्मा बताते हैं कि खीर बनाकर पहले मां अंबे और राम सा पीर को भोग लगाया जाता है। उसके बाद मंदिर प्रांगण में चंद्रमा की किरणों तले दो घंटे के लिए रखा जाता है। खीर में काजू किशमिश बादाम चिरौंजी युक्त खीर का प्रसाद लेने रात्रि दो बजे तक श्रद्धालु पहुंचते हैं। खीर का प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु अपने साथ घर ले जाते हैं। घर के बुजुर्ग जिन्हें श्वांसए दमा और पेट संबंधी रोग हों उन्हें खीर का सेवन कराया जाता ह लेकिन इस बार चंद्रग्रहण होने से यहां शाम को खीर का वितरण नहीं हुआ

### महाराष्ट्र मंडल में मराठी सोहला

चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में शरद पूर्णिमा की रात मराठी सोहला का आयोजन होता है। महिलाओं के लिए चिज प्रतियोगिता व्यंजन बनाओ परिधान प्रतियोगिता के साथ ही नृत्य गीत लघु नाटक में महिलाएं अपनी प्रतिभा दिखाती हैं।। चंद्रमा की रोशनी में सुई.धागा पिरोने का अभ्यास भी कराया जाएगा। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा की रोशनी में सुई.धागा पिरोने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।

# चीनी झालरों की बत्ती गुल स्वदेशी झालर से जगमाएंगे घर



रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली पर घरों को जगमगाने के लिए शहर में रंग.बिरंगी झालरों और एलईडी लाइट का बाजार तैयार हो गया है। बताया जा रहा है कि इस बार बाजार में स्वदेशी झालरों की चमक से चीन की झालरों की बत्ती गुल होने वाली है। उपभोक्ताओं द्वारा भी इन दिनों स्वदेशी झालर और लाइट की मांग बढ़ी है। स्वदेशी झालर की रेंज 100 रुपये से लेकर 1 500 रुपये तक है। कारोबारियों का कहना है कि इंडियन पट्टे वाली झालर कई सीजन चलती भी हैए इसलिए उपभोक्ता भी इसे काफी पसंद कर रहे है। लगभग ढाई माह पहले से ही इसके आर्डर आने शुरू हो गए थे और मांग को देखते हुए उन्होंने भी संस्थान में स्टाक मंगवा लिया। एमजी रोड स्थित झालर और फैंसी लाइट के संस्थानों में अब ग्राहकों की रौनक भी दिखने लगी है। झालरों और एलईडी लाइट के थोक विक्रेता हरीश कुमार ने बताया कि वैसे बीते कुछ वर्षों से बाजार में स्वदेशी की मांग बढ़ी है। इसके चलते बाजार में भी लगभग 100 फीसद माल स्वदेशी ही है। अगर किसी संस्थान में चीनी माल उपलब्ध भी होंगे तो वह पुराना बचा हुआ स्टाक होगा। कन्फेडरेशन आफआल इंडिया ट्रेडर्स ;कैटद्ध द्वारा भी अपने व्यापारियों से कहा गया है कि वे अपने संस्थानों में केवल स्वदेशी उत्पाद ही रखें। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से भी अपील करें कि स्वदेशी उत्पादों की ही खरीदारी करें।

### 80 करोड़ से ज्यादा का होता है कारोबार

व्यापारियों के अनुसार त्योहारी सीजन के दौरान प्रदेश भर में झालरों और लाइटिंग का कारोबार लगभग 80 करोड़ से ज्यादा का होता है। इसे देखते हुए कारोबारी संस्थानों में भी उपभोक्ताओं को लुभाने वाले उत्पाद मंगाए जाते हैं।

# 1.97 करोड़ की मदिरा वाहन गांजा व महुआ लाहन जब्त



**आचार संहिता लगने के बाद आबकारी विभाग ने मारे 2000 से ज्यादा छापे**

रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से आबकारी विभाग ने 9 से 26 अक्टूबर तक अभियान चलाकर 2038 छापे मारे हैं। इस दौरान 929 प्रकरण दर्ज कर 825 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। विभाग ने इस दौरान 11 हजार 833 लीटर मदिरा जब्त की है जिसका बाजार मूल्य 35 लाख 36 हजार 104 रुपए है। विभाग ने इस अवधि में 59 लाख 90 हजार 600 रुपए कीमत का महुआ लाहन एवं गांजा भी जब्त किया है। आबकारी विभाग द्वारा इन कार्यवाहियों के दौरान 45 वाहन भी जब्त किए गए हैं जिनका बाजार मूल्य एक करोड़ एक लाख 57 हजार रुपए है। राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से आबकारी विभाग ने इस तरह से कुल एक करोड़ 96 लाख 83 हजार 704 रुपए बाजार मूल्य की मदिराए वाहनए गांजा एवं महुआ लाहन जब्त किया है। राज्य के सीमावर्ती जिलों में स्थापित आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों में अन्य राज्यों से अवैध शराब का परिवहन रोकने के लिए वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। आबकारी अमले द्वारा विभिन्न स्थानों पर रोड चेकिंग के साथ ही रेल्वे पुलिस तथा राज्य पुलिस के साथ मिलकर रेल्वे स्टेशनोंए ट्रेनों बस अड्डों और बसों पर भी जांच की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा टोल.फ्री नम्बर 14405 का संचालन किया जा रहा है जिस पर अवैध मदिरा से संबंधित या मदिरा दुकानों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है।

# ज्वेलरी दुकान से लाखों रुपए के जेवरात की चोरी, दुकान का कर्मचारी गिरफ्तार



रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने ज्वेलरी शांप हुई लाखों रूपये के जेवरात चोरी के मामले को सुलझा लिया हैं इस दौरान दुकान में चोरी काम करने वाले कर्मचारी ने की थी पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी सिद्धार्थ बेगानी ने थाना पंडरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सेक्टर 05 टैगोर नगर कोतवाली रायपुर में रहता है तथा उसका स्वरूपचन्द ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी दुकान मोवा रायपुर स्थित है जिससे वह संचालित करता है। 24 अक्टूबर को दशहरा पर्व होने से प्रार्थी दुकान को दोपहर करीबन 02:00 बजे बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह करीब 11.00 बजे प्रार्थी के दुकान में काम करने वाला कर्मचारी देवेन्द्र निर्मलकर दुकान खोलने गया तो देखा कि दुकान के शटर में लगा ताला नहीं था तथा सेन्ट्रल लॉक खुला था। काउंटर के डिस्प्ले का कांच टूटा था जिसमें लगा हुआ सोने का 03 नग हार नहीं था। प्रार्थी दुकान जाकर देखा तो डिस्प्ले में लगा हुआ 03 नग सोने का हार नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के दुकान में लगे शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पंडरी में अपराध धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए थाना प्रभारी पंडरी को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पंडरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से पृथक . पृथक पूछताछ करने के साथ ही पूर्व में दुकान में काम छोड़ चुके कर्मचारियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर तस्दीक करते हुए अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले कर्मचारी सूरज कुमार मानिकपुरी से पूछताछ करने पर वह बार बार अपना बयान बदलता था तथा अलग अलग प्रकार की कहानियां बनाकर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास कर रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर वह ज्यादा देर अपने झूठ के सामने टिक न सका और अंततः चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी सूरज कुमार मानिकपुरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 03 नग सोने का हार कीमती 6,00,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 381 भादवि भी जोड़ी गई है।

# युवकों को समझाइश देना पड़ा महंगा

## डॉक्टर की कार का शीशा तोड़ा, पत्थर से हमला कर ड्राइवर को किया घायल, 2 गिरफ्तार




रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में बाइक चलाते हुए मोबाइल पर बात करते हुए जा रहे युवकों को समझाना डॉक्टर के कार चालक को भारी पड़ गया बदमाश युवकों ने पहले तो गालियां दी और फिर मारपीट शुरू कर दी इस दौरान बीचबचाव करने डॉक्टर आए तो उनसे भी आरोपियों ने हाथापाई की इस घटना में आरोपियों ने उत्पात मचाते हुए डॉक्टर की कार में बड़ा पत्थर मार दिया जिससे गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और ड्राइवर पर भी पत्थर से हमला कर दिया जिसमें वह लहूलुहान हो गया इस मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस कार्रवाई में जुट गई और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ली है यह मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है जानकारी के अनुसार डीडी नगर थाना क्षेत्र में बाइक चलाते हुए मोबाइल फोन से बात करते हुए जा रहे दो युवक जा रहे थे रास्ते में ट्रैफिक जाम हो रहा था हादसे के खतरे को देखकर वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र शुक्ला के कार चालक ने समझाइश दी लेकिन उन्हें ये रास नहीं आया और उन्होंने ड्राइवर को गालियां देना शुरू कर दी जब ड्राइवर निखिल पटेल ने बाहर निकलकर उनको गालियां देने से रोका तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू किया घटना के वक्त कार में डॉ शुक्ला भी थे अपने ड्राइवर को पिटता देख तुरंत वह भी कार से निकले और उनको रोकने की कोशिश की दोनों युवकों ने ड्राइवर को छोड़कर डॉक्टर के साथ हाथापाई चालू कर दी हालात बिगड़ता देख डा शुक्ला और ड्राइवर कार में वापस बैठकर आगे जाने लग तो एक आरोपी ने सड़क के किनारे रखा भारी बोल्डर जैसा पत्थर उठाया और कार के कांच पर दे मारा कांच को तोड़कर बोल्डर अंदर गिरा सीट से तुरंत सरक गए डॉ शुक्ला बाल.बाल बच वरना पत्थर उनको लगता ड्राइवर ने फिर आपत्ति की तो आरोपियों ने उस पर भी पत्थर से वार किया खून से लथपथ ड्राइवर निखिल पटेल को कार में बैठाकर खुद सुरेंद्र शुक्ला को ड्राइव करके अस्पताल पहुंचे वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दलदल सिवनी निवासी सुरेन्द्र साहू और कुबेर रजक को गिरफ्तार किया है उनके खिलाफधारा 294, 323, 307,427, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# गुलाबी ठंड ने दी दस्तक



**ठंडी हवाओं के बंद होने से बढ़ेगा न्यूनतम तापमान**

रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानसून की विदाई के बाद अब गुलाबी ठंड ने छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है। इसके तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। वहींए मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब उत्तर की ओर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन बंद होने जा रहा है। जिसकी वजह से न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि का क्रम बनने की संभावना है और शनिवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं राजधानी में आकाश मुख्यत साफरहने के आसार हैं जबकि अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इसी बीच शुक्रवार को प्रदेश का मौसम साफऔर अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहा। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस तिल्दा मेंए जबकि न्यूनतम तापमान 12ण्3 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया। वहींए प्रदेश का अधिकतम तापमान औसत से दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक अधिक चल रहा हैए जबकि न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक का अंतर देखने को मिल रहा है।

**न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री तक नीचे:** मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 30 वर्षों के औसत तापमान की तुलना में प्रदेश के कुछ हिस्सों में औसत न्यूनतम तापमान चार डिग्री तक नीचे चल रहा है। जिसमें दुर्ग, राजनांदगांव बिलासपुर शामिल है। जबकि राजधानी में अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम चल रहा है।

**29 अक्टूबर से पारा चढ़ने के आसार:** मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में उत्तर की ओर से शुष्क हवाओं का आगमन बंद होने के बाद से अब पूर्व की ओर से हवाओं आने की संभावनाएं बन रही हैं। जिसकी वजह से 29 अक्टूबर के बाद से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

# चंद्रग्रहण एक खगोलीय घटना, अंधविश्वास में न पड़ें : दिनेश मिश्र



रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा चंद्रग्रहण एक खगोलीय घटना है। डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि प्रारंभ में यह माना जा रहा था कि चंद्रग्रहण राहू-केतू के चंद्रमा को निगलने से होता है, जिससे धीरे-धीरे विभिन्न अंधविश्वास व मान्यताएँ जुड़ती चली गईं, लेकिन बाद में विज्ञान ने यह सिद्ध किया कि चंद्रग्रहण पृथ्वी की छाया के कारण होता है। जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है तब उसका एक किनारा जिस पर छाया पड़ने लगती है काला होना शुरू हो जाता है, जिसे स्पर्श कहते हैं। जब पूरा चंद्रमा छाया में आ जाता है तब पूर्णग्रहण हो जाता है। जब चंद्रमा का पहला किनारा दूसरी ओर छाया से बाहर निकलना शुरू होता है तो ग्रहण छूटना शुरू हो जाता है। जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की छाया से बाहर आ जाता है तो ग्रहण समाप्त हो जाता है जिसे ग्रहण का मोक्ष कहते हैं। चंद्रग्रहण का कहीं कोई दुष्प्रभाव नहीं है, इसे लेकर तरह-तरह के भ्रम व अंधविश्वास हैं। लेकिन लोगों को इन अंधविश्वासों में नहीं पडना चाहिए तथा ग्रहण को देखा जा सकता है तथा वैज्ञानिक इसका अध्ययन भी करते हैं।

भारत के महान खगोलविद् आर्यभट्ट ने आज से करीब 1500 वर्ष पहले 499 ईस्वी में यह सिद्ध कर दिया था कि चन्द्रग्रहण सिर्फ एक खगोलीय घटना है जो कि चन्द्रमा पर पृथ्वी की छाया पडने से होती है। उन्होंने अपने ग्रंथ आर्यभट्टीय के गोलाध्याय में इस बात का वर्णन किया है। इसके बाद भी चन्द्रग्रहण की प्रक्रिया को लेकर विभिन्न भ्रम एवं अंधविश्वास कायम है।

डॉ. मिश्र ने कहा यह एक खगोलीय घटना है। सभी नागरिकों को इसे बिना किसी डर या संशय के देखना चाहिए। चंद्रग्रहण देखना पूर्णतः सुरक्षित है।

डॉ. मिश्र ने कहा जब चंद्रग्रहण होने वाला होता है तब विभिन्न भविष्यवाणियाँ सामने आने लगती हैं जिससे आम लोग संशय में पड़ जाते हैं जबकि चंद्रग्रहण में खाने-पीने, बाहर निकलने की बंदिशों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ग्रहण से खाद्य वस्तुएँ अशुद्ध नहीं होती तथा उनका सेवन करना उतना ही सुरक्षित है जितना किसी सामान्य दिन या रात में भोजन करना। इस धारणा का भी कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है कि गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे शिशु के लिए चंद्रग्रहण हानिकारक होता है तथा ग्रहण की वजह से स्नान करना कोई जरूरी नहीं है अर्थात् इस प्रकार की आवश्यकता का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है तथा ग्रहण का अलग-अलग व्यक्तियों पर भिन्न प्रभाव पडने की मान्यता भी काल्पनिक है। यह सब बातें केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी पुस्तिका में भी दर्शायी गयी है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने खोजा नया एस्टेरॉयड



**नासा से होंगे सम्मानित**

रायपुर, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल सर्च कॉलेबोरेशन नासा पार्टनर के द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर के व्दारा खोजे गये 2 एस्टेरॉयड को प्रारंभिक तौर पर नई खोज माना गया है सप्तर्षि इंडिया एस्टेरॉयड सर्च कैंपेन 9 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ और 3 नवंबर को समाप्त होगा इस सर्च कैंपेन में विश्व के कई केन्द्रों से छुद्रग्रह एस्टेरॉयड सर्च कैंपेन जारी है स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के गणित विषय के व्याख्याता डॉक्टर धनंजय पाण्डेय के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थी मोहनीश ध्रुव पंकज केवट दीपांशु प्रजापति अभिसेख कुमारी याशना जयसवाल एवं कुमारी दीपमाला ए.टी.एल बिलासपुर लैब एवं सप्तर्षि इंडिया एस्टेरॉयड सर्च कैंपेन के तहत एटीएल एमेचर एस्ट्रोनॉमर्स की टीम बनाकर भाग ले रहे है छत्तीसगढ़ से यह एकमात्र संस्था है जिसे सप्तऋषि इंडिया ने इस कैंपेन में भाग हेतु चयनित किया है इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल सर्च कॉलेबोरेशन की ओर से उनके दो टेलीस्कोप से वैज्ञानिक प्रक्रिया से लिए गए आसमानी छायाचित्र पीएस 1 और पीएस2 इमेज भेजे गये एक महीने के अंतराल में ऐसे लगभग 25 इमेज सेट प्राप्त हुये जो आसमान के सैकड़ों तारों और अन्य खगोलीय ऑब्जेक्ट से भरे हुए थे खगोलविज्ञान डाटा विश्लेषण के लिये एस्ट्रोनॉमिका सॉफ्टवेयर से एस्टेरॉयड के तय मानकों के अनुसार प्रत्येक छायाचित्र में मौजूद चलायमान ऑब्जेक्ट का विश्लेषण विद्यार्थियों ने कियाण् तय मानकों में खरा उतरने वाले ऑब्जेक्ट को इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल सर्च कॉलेबोरेशन को रिपोर्ट किसा गया माइनर प्लैनेट सेंटर व्दारा वैज्ञानिक मानकों के अनुसार फिर जांच की गई और खरा उतरने पर प्रारंभिक प्रिलिमिनरी डिटेक्शन की मान्यता दी गई हैण् इसके बाद अब लगभग एक वर्ष तक विभिन्न मानकों पर जांच की जायेगी और खरा उतरने पर प्रोविजनल डिस्कवरी के रूप में मान्य किया जायेगा करीब पांच वर्ष तक वैज्ञानिकों व्दारा गहन अध्ययन के उपरांत ऑब्जेक्ट को नंबर्ड डिस्कवरी का तमगा मिलेगाण् इस स्टेज के बाद प्रिलिमिनरी डिटेक्शन करने वाली टीम को समय आने पर ऑब्जेक्ट का नामकरण करने का मौका दिया जाता है।

उल्टा पुल्टा

प्रेमिका अपने प्रेमी से- एक बात बताओ जब वजन, लंबाई, चौड़ाई यह सब नापने के लिए मानक हैं तो प्यार, दोस्ती और विश्वास नापने के लिए कुछ क्यूं नहीं है?
प्रेमी (काफी देर तक लड़की की तरफ देखने के बाद)- देख, दिमाग मत खा, मैं पहले ही फिजिक्स में फेल हूं।

# प्रत्याशियों ने शुरू किया घर-घर जनसंपर्क, अगले दो दिनों में पकड़ेगा जोर

## कांग्रेस-भाजपा के खुलने लगे कार्यालय, दुर्ग शहर व दुर्ग ग्रामीण में कांग्रेस व भाजपा के मध्य सीधे मुकाबले की स्थिति

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले की सभी 6 विधानसभा सीटों पर कमोबेश सभी दलीय प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भर देने के बाद चुनाव प्रचार भी डोर टू डोर जनसंपर्क शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस-भाजपा ने चुनाव कार्यालय खोल दिये है। वाल पेटिंग होर्डिंग्स लगने के साथ दोनों दलों के समर्थकों के घरों की छत पर कहीं कांग्रेस तो कहीं भाजपा के झंडे लहराने लगे है। शहर का पूरा माहौल चुनावी नजर आने लगा है। दुर्ग शहर में विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा तथा भाजपा से गजेन्द्र यादव सुबह से देर रात तक जनसंपर्क में लगे है। दुर्ग शहर व दुर्ग ग्रामीण वि.स. में कांग्रेस भाजपा के मध्य सीधा मुकाबला नजर आ रहा है।

इस बार कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के भीतर असंतुष्टों की संख्या भी कम नहीं है। कांग्रेस के असंतुष्ट खुलकर अपना असंतोष लोगों व पत्रकारों के बीच जताने लगे है तो भाजपा के अधिकांश कार्यकर्ता ने अपनी चुनावी डयूटी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में लगवा ली है। कोई कार्यकर्ता दुर्ग ग्रामीण से ललित चंद्राकर भाजपा तो कोई पाटन से सांसद व भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की चुनाव कमान सम्हाल रहा है। कतिपय अन्य लोगों ने भी अपनी अपनी भूमिका तय कर ली है। भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव के समर्थन में आरएसएस के पुराने लोग भी सक्रिय हो गये है।

**खुलने लगे कार्यालय**

कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी कार्यालय भी खोलने शुरू कर दिये है। भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव का कार्यालय गंजपारा में अनूपचंद त्रिलोक चंद ज्वेलर्स के सामने पुराने स्टेट बैंक के पास स्थापित किया गया है। यहां पर गजेन्द्र यादव के भाई नरेन्द्र यादव पूरे समय रहते है। परिवार के अन्य सदस्य भी अपनी ड्यूटी दे रहे है। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश साहू, विनायक नातू, सहित अनेक नये पुराने कार्यकर्ताओं की टोली अपनी सेवाएं दे रहे है।

कांग्रेस : इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा का कार्यालय प्रारंभिक तौर पर उनके पद्मनाभपुर निवास में ही संचालित किया जा रहा है। यहां उनके सुपुत्र संदीप, सुमित वोरा एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस की टीम सुबह सुबह यहां पहुंचकर वार्ड भ्रमण जनसंपर्क करने निकल रही है। कांग्रेस द्वारा अतिशीघ्र ही सेक्टर व जोन कार्यालय स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। रायपुर से श्री वोरा के कजिन राजीव वोरा, बड़े भाई अरविंद वोरा, बहन बहनोइयों व रिश्तेदारों ने भी तैयारियां सम्हाल ली है। कांग्रेस के सभी नये पुराने नेता भी पद्मनाभपुर पहुंचने लगे है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

**दुर्ग ग्रामीण में भी गतिविधियां तेज :** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार निरंतर जोर पकड़ने लगा है। अब तक की स्थिति में कांग्रेस के कद्दावर नेता गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं भाजपा नेता जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर के बीच सीधे मुकाबले की स्थिति नजर आ रही है। यहां भी होर्डिंग, वाल पेटिंग, इत्यादि नजर आने लगे है। भाजपा ने रिसाली में अपना केन्द्रीय चुनाव कार्यालय खोला है। कांग्रेस का चुनाव कार्यालय फिलहाल ताम्रध्वज साहू के मीनाक्षी नगर निवास से ही संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा रिसाली में भी अपना कार्यालय स्थापित कर दिया है। रिसाली की मेयर शशि सिन्हा एवं अन्य लोग कार्यालय की व्यवस्था देख रहे है।

भाजपा की ओर से जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र पाध्ये, सहित अनेक नेताओं ने ललित चंद्राकर के लिये मोर्चा सम्हाल लिया है। दो पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, व रमशीला साहू भी ललित चंद्राकर के साथ जुटे है। मोर्चा सम्हालने वालों में पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू भी है।

इधर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू विगत पांच वर्षो से इस क्षेत्र के न सिर्फ विधायक एवं मंत्री भी रहे है। वे इस मामले में लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से चर्चा कर कार्य करते रहे है। इसके अलावा क्षेत्र में जहां कहीं भी शादी विवाह अन्य मांगलिक कार्य व शोक कार्य हो वे लगातार लोगों के बीच जाते रहते है। इस तरह उनका जनसंपर्क पूरे समय लगातार जारी रहता है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र दोनों ही क्षेत्रों में बंटा हुआ है।

**भाजपा ने दुर्ग जिले के लिये गठित की जिला चुनाव चुनाव संचालन समिति :** भाजपा द्वारा गठित जिला चुनाव संचालन समिति के संयोजक राजीव अग्रवाल बनाये गये है। सह संयोजक जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, तथा सदस्य के रूप में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जागेश्वर साहू, लाभचंद बाफना, सांवला राम डाहरे, चंद्रिका चंद्राकर, कांतिलाल बोथरा, डॉ. राहूल गुलाटी, सुरेन्द्र कौशिक, व राजेन्द्र पाध्ये है। इनमें से अधिकांश लोग दुर्ग शहर अथवा दुर्ग ग्रामीण से भाजपा की टिकिट के दावेदार थे। इन सभी लोगों को संचालन समिति में शामिल कर भाजपा ने असंतुष्टों को साधने की कोशिश की है।

**चुनाव खर्च 28 लाख से बढ़ाकर किया गया 40 लाख रू. :** आचार संहिता के अनुसार प्रत्येक प्रत्याशी को चुनाव के लिये पृथक रूप से बैंक खाता खोलकर उसी में राशि जमा करनी होगी। विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव के दौरान किये जाने खर्चो का पूरा हिसाब व्यय लेखा प्रेक्षक के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

इसके लिये चुनाव के दौरान किये गये सभी खर्चो का एक निर्धारित प्रारूप व्यय लेखा रजिस्टर में बनाकर निर्धारित तिथि तक व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना पड़ेगा। राशि का भुगतान नकद सिर्फ 20 हजार तक ही किया जा सकता है। इससे अधिक का भुगतान चेक ड्राफ्ट अथवा आरटीडीएस, ईएफटी द्वारा करना होगा। चुनाव खत्म होने के बाद निर्वाचन की घोषणा के 30 दिनों में अभ्यर्थी को व्यय लेखा की सत्य प्रतिलिपि रिटर्निंग अफसर के पास जमा करना होगा। हैलीकाप्टर से लेकर चाय की दरें भी निर्धारित है।

# दुर्ग ग्रामीण प्रत्याशी ताम्रध्वज को कारण बताओ नोटिस

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर मुकेश रावटे ने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को विधानसभा निर्वाचन-2023 संपत्ति विरूपण अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों का उल्लंघन करने के संबंध में नोटिस जारी किया है।



■ शासकीय पानी टंकी एवं निजी मकान का चुनाव प्रचार के लिए उपयोग

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उमरपोटी में स्थित शासकीय पानी टंकी एवं निजी मकान में बिना सहमति के चुनाव प्रचार का लेखन कराया गया है। जो कि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन है। उक्त लेखन को मौके पर एफएस.टी. दल एवं ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए मिटाया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा श्री साहू को शासकीय संपत्ति पानी टंकी एवं निजी मकान मालिक से सहमति प्राप्त किये बिना चुनाव प्रचार का लेख कराये जाने को आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए इस संबंध में तत्काल जवाब कार्यालय को प्रस्तुत करने कहा गया है। अन्यथा इस स्थिति में निर्वाचन नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# आम आदमी पार्टी ने दुर्ग शहर से अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया, कार्यकर्ता असमंजस में

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में नामांकन जमा करने के लिये अब दो दिन शेष रह गये है। अभी तक आम आदमी पार्टी ने दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से अपना अधीकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इस सिलसिले में पार्टी के प्रदेश आईटी संयोजक मेहरबान सिंह ने बताया कि अभी पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित न करने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी प्रत्याशी घोषित करती है तो बहुत संभव है कि डॉ. एस.के.अग्रवाल ही प्रत्याशी होगें। अभी दो दिन इंतजार करना पड़ेगा।

विधानसभा चुनाव के लिये नामांकन भरने के आठ दिन हो गये है। 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक का अंतिम समय शेष रह गया है। आम आदमी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों को अभी भी उम्मीद है कि पार्टी अंतिम दिन तक कोई निर्णय घोषित कर सकती है। गत रात्रि प्रदेश के 12 विधानसभा क्षेत्रों से प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी की गई है। इस संबंध में पार्टी के नेता मेहरबान सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि केन्द्र में इस समय काफी उथल पुथल की स्थिति बनी हुई है। पार्टी के बड़े पदाधिकारियों संजय सिंह, सत्येन्द्र जैन इत्यादि को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसे देखते हुए पार्टी काफी सोच समझकर निर्णय ले रही है। तमाम मोर्चे में पार्टी के नेता जूझ रहे है। अभी तक पार्टी ने दुर्ग शहर सहित छत्तीसगढ़ की कई महत्वपूर्ण सीटों के लिये प्रत्याशी घोषित नहीं किये है और न ही फाईनल कोई निर्णय ही लिया है। इसलिए उम्मीद है कि आज कल में पार्टी दुर्ग शहर से प्रत्याशी का नाम घोषित कर देगी। उन्होंने इस मामले में डॉ. एस.के.अग्रवाल की संभावना ही मजबूत बताई है। डॉ. अग्रवाल पिछले चुनाव में प्रत्याशी थे। यह उल्लेखनीय है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ही सबसे पहले अपने प्रत्याशी घोषित किये थे।



इस संबंध में जब दुर्ग जिला संयोजक डॉ. अग्रवाल से संपर्क साधा गया तो उनका कथन था कि सूची तो लेट हो चुकी है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। प्रत्याशियों की सूची आ जाती है तो अच्छी बात है। इंतजार करेगें।

उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी की दुर्ग जिला इकाई विगत 5 वर्षो तक लगातार धरना प्रदर्शन, आंदोलन व आरटीआई के माध्यम से सक्रिय रही है। उसके पंजाब व दिल्ली के नेता भी लगातार छत्तीसगढ़ दुर्ग आकर मीडिया से संपर्क करने सहित अनेक मामलों में सक्रिय रहें। एकाएक पार्टी नेतृत्व द्वारा चुनाव को लेकर किसी भी तरह की घोषणा न करने से आम आदमी पार्टी को लेकर सवाल उठाये जाने लगे है। छत्तीसगढ़ राज्य में आम आदमी पार्टी ने अभी तक 90 में 57 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किये है। दुर्ग जिले की दो सीटों पाटन में अमित हिरवानी एवं दुर्ग ग्रामीण से संजीत विश्वकर्मा के नाम घोषित किये है।

# मतदाताओं की सुविधा हेतु महिला, दिव्यांग व युवा वर्ग प्रबंधित मतदान केंद्र स्थापित

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने एवं मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के विधानसभा क्षेत्र पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा सहित सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र (महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र), 1-1 दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, 5-5 आदर्श मतदान केंद्र व 1-1 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है।

जिले में कुल 60 संगवारी मतदान केन्द्र, 06 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, 06 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा 30 आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना की गई है।

# जिला अस्पताल में किया गया पहला सफल ब्रेन ऑपरेशन

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला अस्पताल में पहली बार ब्रेन सर्जरी की गई। आपरेशन सफल रहा किंतु मरीज की स्थिति अभी स्थिर है।



अस्पताल सूत्रों ने बताया कि मरीज बी. स्वार्ता (56) की लेफ्ट एमसीए इनफ्रक्ट था। इसकी वजह से क्रेनियल कैविटी में आईसीपी ज्यादा होने से मरीज अचेत हो गई थी। उसे सेरेंबेलर टान्सिल और मैनिंजग हेनिंएशन का सबसे ज्यादा खतरा था। इसलिए मरीज का तुरंत ऑपरेशन करना अनिवार्य हो गया था।

स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर न्यूरो सर्जन डॉ. कुलदीप सिंह ने आपरेशन किया। एनोस्थिशिया स्पेशलिस्ट डॉ. बसंत चौरसिया ने दिया। आपरेशन सफल रहा मरीज को फिलहाल आईसीयू में रखा गया है। मरीज की हालत फिलहाल स्थिर है।

# आर्म्स एक्ट के तहत दो आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने आज शहर के दो स्थानों पर चाकू लहराकर आने जाने वालों को डराने धमकाने के आरोप में आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। इन दोनों आरोपियों कुशल राजपूत (30) एवं सोनू ढीमर (27) को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन दोनों को जेल भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस के अनुसार दोनों कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। पहली कार्रवाई में भूपेन्द्र उर्फ सोनू ढीमर (27) के विरूद्ध जिला अस्पताल मरर्च्यूरी के पास लोगों को धारदार हथियार से डराने धमकाने व दूसरा मामला शीतला मंदिर शीतला पारा का है जहां पर मनोज उर्फ कुशल राजपूत के विरूद्ध भी लोगों को धारदार हथियार से डराने धमकाने की शिकायत मिली। पुलिस ने इन दोनों को मौके पर पकड़ कर हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया।

# ब्रेस्ट कैंसर रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी

## गर्ल्स कॉलेज में पिंक अक्टूबर कार्यक्रम

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस विभाग के तत्वाधान में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



गुलाबी वस्त्र धारण कर प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने इस जागरूकता कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज करायी। रेडक्रॉस विभाग की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि पिंक अक्टूबर अभियान का मुख्य उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर रोग के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाना है जिससे इसके कारण, रोकथाम व उपचार को बढ़ावा दिया जा सके, क्योंकि समय पर रोग पहचान उचित जांच व उपचार से इस बीमारी से पूर्णत: निजात पाई जा सकती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से आह्वान किया कि इस अभियान का पहला कदम स्वयं को शिक्षित करना है। इस रोग की समस्त जानकारी एकत्र करने के पश्चात् अन्य को भी शिक्षित करना है साथ इस अभियान के समर्थन के लिए भी विभिन्न प्रयास लगातार करते रहना चाहिए।

कु. शबीना बेगम ने इस रोग के लक्षण एवं पहचान की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. तोषिना तैलंग ने आहार एवं जीवनशैली में परिवर्तन कर बचाव एवं उपचार बताये। कु. युक्ति देशमुख ने इस वर्ष की थीम बताई जिसका उद्देश्य हमारे आसपास की वरिष्ठ महिलाओं का विशेष ध्यान रखना है।

ज्योति भरणे ने इस रोग से पीड़ित महिलाओं के प्रति सामाजिक दायित्व की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कु. तब्बसुम अली एवं धन्यवाद ज्ञापन कु. श्वेता भट्ट ने किया।

# साध्वियों के सान्निध्य में नवपद ओली महोत्सव का समापन

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा ;दुर्ग में साध्वीवर्या मुक्ति प्रिया श्री म.सा. की आदि ठाणा 12 की जप-तप आराधना के साथ सम्पन्न हुआ।

■ नगपुरा तीर्थ में आराधकों का बहुमान

तीर्थ में इस वर्ष ओली कराने का सुंदरतम लाभ संघवी श्राविका श्रीमती पानीदेवी . मोहनलाल मुथा परिवार मांडवला फर्म मोहन मुथा एक्सपोर्ट हस्ते संघवी रमेश मुथा परिवार चेन्नई द्वारा लिया गया।

आयोजक परिवार की ओर से नौ दिनों तक विभिन्न अनुष्ठान का आयोजन किया गया। श्री नवपद आराधना के साथ साथ श्री पार्श्व पंच





कल्याणक, द्वादशव्रत पूजन, वेदनीय कर्म पूजा, वृहत्त पुष्पाभिषेक, अन्तराय कर्म पूजा, सरस्वती महापूजन, सिद्धचक्र महापूजन, नवाणुं प्रकारी महापूजन आदि पूजा एवं सामूहिक जाप-भक्ति का आयोजन रमेशजी मुथा परिवार द्वारा आयोजित किया गया। आज आसोज पूर्णिमा को संघवी रमेश मुथा परिवार की ओर से श्रीफल-तिलक-माला के साथ आराधकों का बहुमान किया गया ।लाभाथी, परिवार की ओर श्राविका रोहिणी देवी मुथा बेंगलोर ने आराधकों को प्रभावना भेंट की।

तीर्थ के ट्रस्टी भीखमचंद कोठारी, मूलचंद जैन, पन्नालाल गोलछा, राजेन्द्र गोलछा सहित सैकड़ो पूनम आराधक श्रावक-श्राविका प्रवचन एवं बहुमान कार्यक्रम में उपस्थित रहे नवपद जीआराधक तपस्वियो आराधको नादिया ;राज. निवासी नथमल जैन, बाबीबेन जैन अहमदाबाद से क.कशीश जैन, नीलाबेन जैन, बेंगलोर स रोहिणीबेन मुथा, सूरजदेवी जैन, मधुदेवी जैन, विशाखापट्टनम् से मोहनीबेन, सांकलिया बेन, जयश्री बेन, ज्योत्सनाबेन, रेणुका बेन, चेन्नई से कमलाबाई भंडारी, मैसूर से मंजूदेवी जैन, मुम्बई से रंजन बेन, शाह, रंजनबेन फगनिया सोहनबेन जैन, संध्याबेन जैन, हेमलता बेन जैन, सरोजबेन जैन, जयश्री गांधी, राजेश गांधी, सुरेश कुमार जैन, शांतिलाल जैन, धमतरी राकेश लोढा एने नवपद आराधना में भाग लिया। संगीतकार धर्मेश जैन परभणी ने नव दिन सुंदर विधिविधान एवं भक्ति भावना सम्पन्न कराये।

# हेमचंद विवि की पूरक परीक्षा में कल्याण कॉलेज के दो परीक्षार्थियों के पास मोबाईल मिला

**दुर्ग**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में पूरक परीक्षा से संबंधित परीक्षा केन्द्रों का वि.वि. के अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन का जायजा लिया। यह जानकारी देते हुए कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने बताया कि कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा के निर्देषानुसार प्रतिदिन विश्वविद्यालय के अधिकारी विभिन्न पूरक परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर रहे है। श्री कुलदीप के अनुसार आज विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, उपकुलसचिव, राजेन्द्र चौहान, तथा सहायक कुलसचिव, हिमांशु शेखर मंडावी ने कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई तथा भिलाई महिला महाविद्यालय, सेक्टर 09, भिलाई का निरीक्षण किया। इस दौरान कल्याण महाविद्यालय, भिलाई के प्राचार्य, डॉ. आर. पी. अग्रवाल तथा भिलाई महिला महाविद्यालय, सेक्टर 09, भिलाई की प्राचार्या, डॉ. संध्या मदन मोहन भी उपस्थित थी।

■ नकल प्रकरण दर्ज

श्री कुलदीप के अनुसार कल्याण महाविद्यालय में परीक्षा कक्ष में उपस्थित वीक्षकों ने देखा कि दो परीक्षार्थियों के पास मोबाईल हैं जो कि परीक्षा के नियमों का पूर्ण रूप से उलंघन है अत: उन दोनों परीक्षार्थियों का नकल प्रकरण दर्ज किया गया। अब यह प्रकरण वि.वि. में गठित नकल प्रकरण समिति के समक्ष रखा जायेगा। 20 अक्टूबर से आंरभ हुई पूरक परीक्षा 2023 में अबतक अनेक विषयों की पूरक परीक्षाएं सम्पन्न हो चुकी हैं। इनमें आधार पाठ्यक्रम हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा, समाजशास्त्र, वाणिज्य, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, भौतिक, गणित, वनस्पतिशास्त्र विषय शामिल है। विश्वविद्यालय में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों से अबतक 5 हजार उत्तरपुस्तिकाएं पहुंच चुकी है तथा इनका मूल्यांकन 25 विशेषज्ञ प्राध्यापक प्रतिदिन कर रहे है।

# सी एण्ड डी वेस्ट से नगर के पेड़ पौधों को किया जा रहा सुरक्षित

**बेमेतरा**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। किसी भी तरह के निर्माण कार्य के दौरान निकले मलबे को निपटाने की जिम्मेदारी भवन के मालिक या बिल्डर की होगी। जिसके लिए नगरीय निकाय बेरला ने सख्ती दिखाना शुरु कर दिया है। निकाय ने स्पष्ट आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत मलबे को अगर इधर-उधर कहीं भी फेंका तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल निपटारे के संबंध नगर पालिका अधिकारी श्री वनीष दुबे ने सख्त निर्देश दिए है कि कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन (सीएनडी) मलबे सहित प्रदूषण पैदा करने वाले कारकों को कम करने की तत्काल आवश्यकता है। भवनों का निर्माण तथा पुनर्निर्माण करने वाले सभी मालिक एवं बिल्डर इस दौरान उत्पन्न होने वाले मलबे का या तो खुद निपटान करें या फिर सी एण्ड डी प्लांट पर संपर्क करें। ताकि नियम अनुसार सी एण्ड डी वेस्ट का निस्तारण किया जा सके और शहर वासियों को लाभ प्राप्त हो सकें।

■ नगर वासियों से की खुले में सीएनडी वेस्ट न डालने की अपील



श्री दुबे ने सी बेस्ट फ्रॉम वेस्ट के तहत सी.एण्ड डी. वेस्ट से नगर क्षेत्र के पेड़ पौधों को ट्री गार्ड बनाकर सुरक्षित करने का आइडिया आया। शहर में पड़े सभी सी.एण्ड डी. वेस्ट को संग्रहित करने नोडल अधिकारी श्री मयंक राठौड़ एवं टीम को निर्देशित किया गया।

अधिकारी श्री वनीष दुबे के पहल पर नगर पंचायत क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस (सी. एण्ड डी. वेस्ट) अर्थात मलबा से शहर को सुंदर बनाने तथा पेड़ पौधों को सुरक्षित करने नवाचार एवं अभिनव पहल किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि सी.एण्ड डी. वेस्ट से पेड़ पौधों को सुरक्षित करने के साथ साथ नगर क्षेत्र में सेल्फी पॉइंट बनाकर सिटी ब्यूटीफिकेशन हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसके पूर्व से भी प्लास्टिक कचरे से सेल्फी पॉइंट और कपड़े से पैरदान, झोला आदि बनाने का कार्य स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि निर्माण एवं विध्वंस के दौरान उत्पन्न सी.एण्ड डी. वेस्ट का प्रबंधन एक चुनौती पूर्ण होता है। यदि इसका त्वरित उचित निपटान नही किया जाता है तो ये सड़क और नाली के किनारे फैलकर शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता में बाधा उत्पन्न करती है। मलबा उठाने के लिए नगर पंचायत के द्वारा टोल फ्री नं. निदान 1100 की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसमे कॉल कर मलबा उठाने अनुरोध किया जा सकता है जिसकी जानकारी हेतु जगह जगह वाल पेंटिंग भी किया गया है। बावजूद इसके लोग इस सुविधा का लाभ नहीं लेते हैं और मलबा सड़क किनारे छोड़ देते है। इस सम्बंध ने समय समय पर नगर पंचायत के द्वारा कार्यवाही की जाती है जिसमें सम्बन्धित को नोटिस देकर 2 दिवस के भीतर मलबा उठाने अनुरोध किया जाता है, नहीं उठाने की स्थिति में मलबा जप्ती तथा जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।

## नेशनल गेम्स भिलाई में आज से

**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। 37 वे राष्ट्रीय खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। भिलाई के अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज प्रेमराज जाचक का चयन भारतीय टेबल टेनिस दिग्गज के रूप में किया गया है। दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव मोतीलाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि 37 वे राष्ट्रीय खेलों में कुल 28 राज्य और 8 केंद्र बिंदु प्रदेश के लगभग 10000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें 42 विभिन्न खेलों को शामिल किया गया है। प्रेमराज जाचक मेल विभाग में रेलवे और वे इंटरनेशनल लेवल 3 कोच भी हैं। इस उपलब्धि के लिए दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष नीरज पाल एवं चेयरमेन वी के गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव मोतीलाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

# महिला कर्मियों के लिए प्रश्नोत्तरी स्पर्धा



## टेक्नीकल-नॉन.टेक्नीकल महिलाओं ने लिया भाग

**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र की महिला कर्मचारियों के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) भिलाई चैप्टर महिला विंग द्वारा विशेष रूप से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक वर्क्स एवं आईआईएम भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष अंजनी कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सुष्मिता डे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के मैकेनिकल इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ सौम्या गंगोपाध्याय ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक, यतेंद्र कुमार, वरिष्ठ सलाहकार उदय भानु तिवारी तथा सहायक महाप्रबंधक एस बी पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम का प्रथम वर्ष था। प्रतिभागियों के पंजीकरण के बाद क्विज़ का पहला दौर शुरू हुआ। इस टेक्निकल क्विज़ की विजेता जनसम्पर्क विभाग से सुश्री अपर्णा चंद्रा व सुश्री विनीता पांडे की टीम रही। इसके साथ ही द्वितीय स्थान सुश्री सुष्मिता पटला कार्मिक व सुश्री श्रेया सेनगुप्ता तथा तृतीय स्थान सुश्री फिलोमिना एक्का व सुश्री अनिमा ओराम की टीम ने प्राप्त किया। क्विज़ के प्रारंभिक दौर के बाद ऑडियो विजुअल क्विज़ के 2 सेमी फाइनल राउंड आयोजित किए गए। इस टेक्निकल क्विज़ को क्विज़मास्टर्स सहायक प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया और प्रबंधक सुश्री सौम्या सिंह ने कुशलता से आयोजित किया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स हमारे कर्मचारियों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा मोटिवेशन, सेल्फ मोटिवेशन होता है। आप जो काम कर रहे हैं आप उसका आनंद लीजिए। दूसरा सबसे बड़ा मोटिवेशन है चन्द्रयान जिसमें महिला वैज्ञानिकों की संख्या से आप ये अंदाजा लगा सकते हैं कि महिलाएं किसी से कम नहीं है। आप सभी का बहुत योगदान रहा है। श्रीमती निशा सोनी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि सितम्बर 2023 में प्रारंभ हुए इस महिला विंग में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस टेक्नीकल क्विज़ में टेक्नीकल और नॉन.टेक्नीकल महिलाओं की बड़ी संख्या में प्रतिभागिता निश्चित तौर पर प्रोत्साहित करने वाला है। कार्यक्रम में फाइनल राउंड के विजेता सहित सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों विजेताओं को उनके उत्साह वर्धन हेतु कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न पुरस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम का संचालन के वी शंकर ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन तथा संचालन सुश्री पुष्पा एम्ब्रोस तथा सुश्री स्वाति प्रदीप, सुश्री श्वेता डी ने किया तथा आईआईएमए भिलाई चैप्टर के कोषाध्यक्ष ने एस एस आर सी मूर्ति ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सभी नवजात शिशुओं को लगाया जायेगा टीका



**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान फेस 3 अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में नवजात शिशुओं और गर्भवती माताओं ओर 0 से 5 वर्ष आयु के सभी नवजात शिशुओं को जो किसी भी कारण से टीका नही लगा पाते हैं उन्हें सेवा दी जाएगी बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि मजदूर, पलायन करने वाले लोग, एंव शहरी क्षेत्रों में ऐसे लोग जो खाने कमाने आते स्लम एरिया में झुग्गी झोपड़ी में बस जाते हैं। उन्हें टीकाकरण केंद्र की जानकारी नहीं होने के कारण टीका लगाने से वंचित रह जाते हैं। उन्हें स्वास्थ्य विभाग लगातार 25 से 31अक्टूबर से योजना बनाकर हर क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्र, हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर, उप स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी स्वास्थ्य केंद्र में सभी टीके पेंटा, मीजल्स, निमोनिया से बचाने पी सी वी वैक्सीन ओर पोलियो मालाइटिस से बचाने आई पी व्ही एटी डी सभी गर्भवती माताओं को ओर दस ओर सोलहा वर्ष के छात्र छात्राओं को निशुल्क लगाए जाएंग। श्रीमती आर विश्वास एल एच व्ही ने बताया कि हड़ताल पर रहने के कारण स्वास्थ्य कर्मचारी ड्युटी पर नहीं थे जिससे भी हितग्राही डयु लिस्ट में शामिल हैं। उन सभी हितग्राहियों को भी इस अभियान में सेवाएं प्रदान किया जा रहा है प्रायवेट अस्पताल में इन टीकाकरण का शुल्क लिया जाता है जबकि शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध है।

## एसएलआरएम सेन्टर में पुनः ऐग्लो उत्पादन शुरू



**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने पर्यावरणीय प्रयासों को सुदृढ़ करते हुए नेवई में कचरा निष्पादन हेतु एसएलआरएम सेंटर की स्थापना की थी। जिसके माध्यम से प्लास्टिक पॉलीथिन से ग्रेनुअल्स् तथा गीला कचरा से खाद बनाया जा रहा था। विगत कई महीनों से यहां कार्य प्रभावित था। भिलाई इस्पात सयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के पीएचडी के संयुक्त प्रयासों से नेवई स्थित एसएलआरएम सेंटर में प्लास्टिक प्रसंस्करण द्वारा ऐग्लो का उत्पादन पुनः शुरू कर दिया गया है। वेस्ट टू वेल्थ की योजना को साकार करने के साथ ही भिलाई टाउनशिप को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने हेतु संयंत्र द्वारा नेवई में एसएलआरएम सेंटर प्रारंभ किया गया। बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट से खाद बनाने एवं अन्य महत्वाकांक्षी योजना जिसमें प्लास्टिक अपशिष्ट को एग्लो में परिवर्तित कर पुनः उपयोगी बनाने एवं प्लास्टिक को ईंधन के रूप में अंतिम उपयोग किये जाने के उद्देश्य से स्थापित इस सेंटर में एग्लो उत्पादन की पुनः शुरुआत जनस्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से की गई। टाउनशिप को प्लास्टिक मुक्त बनाने एवं पर्यावरण संवर्धन में यह योजना मील का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि अंतिम उपयोग के प्लास्टिक जिसमें रैपर एवं पाऊच आदि आते हैं का उपयोग भी एसएलआरएम सेंटर में किया जा सकेगा। चूंकि इनका रिसाइकलिंग संभव नहीं है। ऐसे प्लास्टिक से बने उत्पाद को संयंत्र में कोक उत्पादन की प्रक्रिया में शामिल करने की योजना पर कार्य चल रहा है आरंभिक चरण में पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा हैए साथ ही आरडीसीआईएसए रांची ने भी अपने परीक्षण में इसके उपयोग को उपयुक्त पाया है।

## श्वोल्गा से शिवनाथ तक पर परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी आज



**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। साहित्य सृजन परिषद् भिलाई द्वारा आदिकवि वाल्मीकि जयन्ती और शरद् पूर्णिमा के प्रसंग में दो सत्रों में साहित्यिक समारोह का आयोजन 29 अक्टूबर रविवार को दोपहर डेढ़ बजे शुरु होगा । प्रथम सत्र में लेखक एवं पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन की भिलाई के इतिहास पर लिखित पुस्तक श्वोल्गा से शिवनाथ तकश् पर परिचर्चा होगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव मुख्य वक्ता होंगे। लेखक एवं ब्लॉगर संजीव तिवारी आधार आलेख प्रस्तुत करेंगे। साहित्य संस्कृतविद् आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा इस सत्र की अध्यक्षता करेंगे। वहीं संचालन श्रीमती नीता कम्बोज शीरी करेंगी। वैकुण्ठधाम प्राचीन शिव मन्दिर मड़ोदा जलाशय नेवई भिलाई के साहित्यिक मंच पर ही इस सत्र के बाद द्वितीय सत्र में आदिकवि वाल्मीकि एवं शरद पूर्णिमा पर केन्द्रित सरस काव्य गोष्ठी में क्षेत्र के लोकप्रिय एवं जाने माने कविगण काव्यपाठ करेंगे। कार्यक्रम संयोजक एवं साहित्य सृजन परिषद के अध्यक्ष एन.एल.मौर्य प्रीतम ने सभी साहित्य प्रेमियों से अपनी उपस्थिति से आयोजन को गरिमामय बनाने का अनुरोध किया है।

## नेहरू नगर गार्डन में शुरू हुआ तारामंडल




**भिलाईनगर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेहरू नगर गार्डन में बने तारामंडल में नागरिकों के लिए प्रारम्भ कर दिया गया है। चंद्रमा से जुड़े हुए आज तक के सभी अभियान, अंतरिक्ष यात्रियों के अनुभव भी तारामंडल में वीडियो स्लाइड में दिखाया जायगा। लगभग 25 मिनट के शो में पृथ्वी से बाहरी दुनिया कैसी लगती है और साथ ही इस ब्रह्मांड से हमारी पृथ्वी कैसी लगती है यह भी दिखाया जाएगा। सभी आयु वर्ग के लिए वीडियो और साथ ही बच्चों के लिए आकर्षक कार्टून वीडियो के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ जानकारी दी जाएगी। तारामंडल के टेक्निकल हेड शशांक साहू ने बताया की आज से तारामंडल को शुरू किया जा रहा है। शाम 5 से 7 बजे के बीच शो दिखाए जाएंगे। एक शो 20-25 मिनट का होगा। नेहरू नगर गार्डन में बने तारामंडल में स्कूली बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित जाएंगे। उन्होंने आगे बताया की ब्रह्मांड और आकाश की गहराइयों में छुपे रहस्य और मन मोह लेने वाले खगोलीय पिंडों और तारों की जानकारी को आकर्षक वीडियो स्लाइड तैयार कर तारामंडल में मनोरंजन तरिके से प्रदर्शित की जा रही है। मनोरंजन के माध्यम के खगोलीय घटनाओ की जानकारी का शो दिखाया जायेगा। नगर पालिक निगम भिलाई प्रशासन के अनुसार इसके शुरु हो जाने से बच्चों को अतिरिक्त ज्ञान भी प्राप्त हो सकेगा। बच्चों को ब्रह्मांड की जानकारी मिल सकेगी। पृथ्वी की हलचल का भी पता चल सकेगा।

## वरिष्ठ गीतकार रविशंकर को अर्पित की गई काव्यांजलि



**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के दिवंगत कवि एवं वरिष्ठ गीतकार रविशंकर कलौसिया की पहली बरसी का कार्यक्रम उनके निवास स्थल वैशाली नगर में रखा गया। इस अवसर पर विशेष तौर पर उपस्थित सुप्रसिद्ध कहानीकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल ने कलौसिया के कृतित्व व व्यक्तित्व पर अपना उद्बोधन देकर की स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्व. कलौसिया ने अपने सुमधुर गीतों से छत्तीसगढ़ का नाम दूर-दूर तक रोशन किया। उनके गीतों में दर्द था और कसक थी जो जीवन के विविध पक्षों के उजागर करती थी। उन्होंने उनकी काव्यकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि रविशंकर कलौसिया का जीवन साहित्य को लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ गजलकार एवं प्रवक्ता अशोक कुमार सोनी सहित हास्य कवि काशीराम यादव, कवि कमल कुमार धृतलहरे व उनके परिजनों ने उन्हें कव्यांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रविशंकर कलौसिया की सुपुत्री शालिनी कलौसिया ने उनकी काव्य रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर उनके परिजन सहित परिचित व चाहने वाले उनके सुधिजन उपस्थित थे।

## अपने राष्ट्र, धर्म का आदर एवम सम्मान करें-देवकीनंदन





**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर देवकीनंदन ठाकुर महाराज द्वारा कथा का दूसरा अध्याय का प्रारंभ करते हुए बताया कि माता पार्वती भी कथा का श्रवण करते करते निद्रा में लीन हो गई जिसके कारण सुखदेव जी ने पूरा अमृत्व भागवत कथा को श्रवण किया अंत में भगवान शंकर ने माता पार्वती से पूछा की पूरा कथा श्रवण किए या नहीं तो माता पार्वती ने बताया कि मुझे निद्रा आ गई थी। इस हेतु अमृत्व भागवत कथा का पूर्ण श्रवण नहीं कर पाई। जिसका कारण बताते हुए महाराज जी बताया कि यह पाप दोष के कारण होता है। इसी प्रकार महाराज ने आगे बताया कि धृतराष्ट्र को भी जीव हत्या के कारण अपने कर्मो का फल भोगना पड़ा। जिससे सभी पुत्र मारे गए यह भी पूर्व जन्म के दोष के कारण हुआ। महाराज ने जोर देकर गौ सेवा में पूर्ण अपनी सह भागीयता प्रदान करने को कहा जिससे मानव जीवन का उद्धार हो एवम् जीवन सुखमय हो। अंत में सनातन धर्म पर अपना पक्ष रखते हुए महाराज जी ने कहा कि सनातन धर्म किसी का अपमान नहीं करता बल्कि सभी का समान करता है लेकिन कोई अन्य सनातन धर्म का अनादर करे तो सहन करने का इजाजत भी नहीं देता। युवा वर्ग को समझाते हुए कहा की अपने माता पिता एवम् अपने राष्ट्र, धर्म का आदर एवम सम्मान करे तभी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे जिससे युवाओं का कल्याण होगा। भिलाई छत्तीसगढ़ वासियों को भागवत कथा सुनने का अवसर मिल रहा है यह सुंदर व्यवस्थित आयोजन के साथ सह परिवार आकर भागवत कथा का श्रवण करे और अपना एवम् अपने परिवार का कल्याण करे। कथा में आज भी हजारों की संख्या में पहुंच कर अपना जीवन धन्य किए सभी भक्त गणों को दिव्य ज्योति सेवा समिति द्वारा प्रसादी वितरण किया गया ।

## बाकलीवाल स्मृति भवन सेक्टर-6 के नए प्रबंध कार्यकारिणी



**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु) श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन सभा मोहनलाल बाकलीवाल स्मृति भवन सेक्टर-6 के नए प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष महावीर प्रकाश निगोटिया, महासचिव प्रदीप जैन बाकलीवाल का अभिनंदन किया गया। कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष बाकलीवाल एवं सभी पदाधिकारी को स्वागत करते हुए प्रदीप जैन बाकलीवाल को महावीर और संतोष बाकलीवाल ने महासचिव का पद सौंपते हुए कार्यभार ग्रहण किया। प्रदीप जैन बाकलीवाल ने उपस्थित जनों का वंदन करते हुए सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया। इस अवसर पर पदाधिकारी में संरक्षक दीपचंद जैन नरेंद्र बाकलीवाल, ज्ञानचंद बाकलीवाल संरक्षक मानक चंद कासलीवाल, डॉ आरके जैन, डॉ प्रमोद विनायक, उपाध्यक्ष प्रवीण छाबड़ा, विपिन विनायक, महासचिव प्रदीप जैन बाकलीवाल, उप सचिव मुकेश बाकलीवाल, सोमेश, वी के शाह, सुशील बाकलीवाल, संजीव कासलीवाल, कमल काला, सुनील कासलीवाल, सुनील बाकलीवाल, अशोक निगोटिया, अमित अजमेर, अरुण बाकलीवाल, गोल्डी छाबड़ा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## 23 वी सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता आज




**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनलिमिटेड जूड़ो अकादमी द्वारा दुर्ग जिला एवं छत्तीसगढ़ प्रत्येक जूड़ो संघ के तत्वाधान में 29 अक्टूबर को हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ भिलाई स्थित जूड़ों क्लब में 23 वी सब जूनियर जूडो प्रतियोगित बालक बालिका का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राज्य के समस्त पंजीकृत जुडो खिलाड़ी एवं अधिकारी अपने जिला जूडो संघ के अंतर्गत भाग ले सकते हैं। सबजूनियर वर्ग में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु 12 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम होना आवश्यक है। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के पूर्व आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड मूल प्रस्तुत करना होगा। सबजूनियर जूडो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में 12-12 वजन समूह में खेली जावेगी। प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ एवं भारतीय जूडो महासंघ के नियम एवं उप नियम के अनुसार होगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में सबजूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता कोच्चि केरला मे 15 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। प्रदेश जूडो संघ द्वारा आयोजित इस 23वीं राज्य सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता में राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा। यह जानकारी अरुण द्विवेदी ने दी है।

### आज धम्म चक्र परिवर्तन दिवस

भिलाईनगर। धम्म चक्र परिवर्तन दिवस एवं वर्षा वास समापन कार्यक्रम सर्वोदय बुद्ध विहार कोसा नगर भिलाई में आज 29 अक्टूबर दिन रविवार को मनाया जाएगा इसके मुख्य अतिथि नंदकुमार बघेल बौद्ध विचारक एवं अध्यक्ष राष्ट्रीय मतदाता जागरुक मंच उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में भदंत जीवक का 23 वा वर्षा वास समापन समारोह आयोजित है बौद्ध समाज कोसा नगर के अध्यक्ष बुद्ध शरण बोरकर एवं सिद्धार्थ बोरकर ने जानकारी दी कि इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर उदय धबरद, डॉ संजय वालवंद्रे, एवं वार्ड के पार्षद संदीप निरंकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे यह जानकारी अनिल साखरे ने दी है।

भिलाईनगर 37 वे राष्ट्रीय खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। भिलाई के अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज प्रेमराज जाचक का चयन भारतीय टेबल टेनिस दिग्गज के रूप में किया गया है।

## यातायात बाधित करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्गके निर्देश में एव उप पुलिस अधीक्षक सतीश ठाकुर, सदानंद विंध्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में सड़क में बाधा उत्पन्न करने वाले, एवं नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के ऊपर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कार्यवाही के दौरान दुर्ग से रायपुर मार्ग में कुम्हारी क्षेत्र में चार भारी वाहन चालकों के द्वारा वाहनों से अधिक चौड़ाई का माल लोड कर यातायात बाधित करने वाले भारी वाहन चालकों के ऊपर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत प्रत्येक वाहन चालक के ऊपर 20000 अर्थदण्ड वसूल किया गया कर वाहन चालकों के ऊपर 80000 की कार्यवाही यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा की गई। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा नो पार्किंग यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों एवं खतरनाक ढंग से वाहन खड़ी करने वालों के ऊपर आगे निरंतर कार्यवाही की जाएगी।



## विधायक की विश्वास यात्रा को मिल रहा समर्थन



**भिलाईनगर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव विश्वास यात्रा जहां भी जा रहे हैं। वहां लोग उन्हें समर्थन दे रहे है। आज वार्ड 48 जोन 3 खुर्सीपार और वार्ड 38 में विश्वासन यात्रा निकाली गई। जहां माताएं और बहनें शामिल हुई। विधायक देवेंद्र यादव को माताओं और बहनों ने खूब स्नेह और आशीर्वाद दिया। उन पर पूरा विश्वास जताया। 5 साल में जो खुर्सीपार और यहां की जनता के लिए काम किया है। उसे कभी भूलाया नहीं जा रहा है। उनके स्वरोजगार और सशक्तिकरण से लेकर युवाओं को शिक्षा, खेल के लिए कॉलेज, स्कूल, लाइब्रेरी, खेल मैदान आदि बनवाएं। पानी की समस्या को खत्म कर दिया। इसके लिए उनका आभार भी जताया और विश्वास दिलाया कि पूरे खुर्सीपार की जनता और खासकर सभी माताओं और बहनों का अशीर्वाद हमेशा उनके साथ है और आगे भी रहेगा। सुबह विधायक श्री यादव पैदल पैदल वार्ड 48 पहुंचे और दोपहर बाद वार्ड 38 में विश्वास यात्रा निकाली। जहां विधायक को देखकर हजारों की संख्या में वार्डवासी अपने घरों से निकल कर आए, उनसे मिले। विधायक श्री यादव का वार्ड में कई जगह पर वार्ड के नागरिकों ने स्वागत किया। पुष्प भेंट किए, तिलक लगाकर स्वागत किए। यात्रा के दौरान एक जगह जब विधायक श्री यादव ने चौक में खड़े होकर उनका इंतजार कर रहे वृद्धा माता के पास गए और उन्हें प्रमाण किया। तो वृद्ध माता ने उन्हें गले लगाया इसी प्रकार विधायक श्री यादव पैदल पैदल पूरे वार्ड के प्रत्येक गली मोहल्ले के हर घर तक पहुंचे। हर एक परिवार से मिलेए उनका आशीर्वाद लिए।

# मृतका के भाई ने हत्या की आशंका से थाना प्रभारी को लिखा पत्र



## मामले की जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

**गुरुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम मोहारा में तालाब में डूबने से 32 वर्षीय एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। यह घटना 23 अक्टूबर को देर रात्रि की बताई जा रही है।

घटना की सूचना पर पुलिस जब घटना स्थल पर पहुंचे तो यहां मृतिका को माया गंजीर पति चिनेश्वर गंजीर ग्राम मोहारा के रूप में की गई। घटना के बाद आत्महत्या का मामला मानकर पुलिस जांच कर रही थी, लेकिन अब मृतिका के मायके पक्ष के परिजनों ने हत्या की आशंका जताकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए थाना प्रभारी को पत्र लिखा है।

मृतिका के भाई पुणेंद्र कुमार साहू ग्राम गिरौद जिला धमतरी ने अन्य परिजनों के साथ आज पुलिस थाना सनौद पहुंचकर पत्र सौपा। उन्होंने बताया कि उनकी बड़ी बहन का 2011 में चिनेश्वर के साथ के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ विवाह हुआ है, जिनके दो पुत्र रुद्र कुमार एवं कवि कुमार है।

उन्होंने अपने शिकायत पत्र में यह उल्लेख किया है कि उनकी बड़ी बहन ने हमेशा मुलाकात में बताया है कि उनके साथ उनके पति, सास ससुर मारपीट एवं गाली गलौज करते हैं। उनके ससुर रामसहाय का उन पर बुरी नियत रखकर कई बार छेड़छाड़ करता था

पांच माह पहले उनकी बड़ी बहन ने फोन कर बताया कि पति एवं सास ससुर द्वारा मारपीट व गली गलौज किया गया है। उनके ससुर ने उनके साथ छेड़छाड़ किया। इस तरह घटना की जानकारी के बाद मृतका के भाई अपने चाचा कृष्ण कुमार साहू, बड़े पापा हुलास साहू व गांव के अन्य प्रमुखों के साथ 2 जून को ग्राम मोहारा पहुँचे, जहां उनके पति सास ससुर को समझाएं, जहां उन्होंने गलती को स्वीकार किया तथा भविष्य में इस तरह गलती नहीं करने के लिए विश्वास दिलाया था, बहन का घर बस जाए और लोक लाज की डर से बात को वही खत्म कर दी गई।

लेकिन 23 अक्टूबर की रात 2ः00 बजे चिनेश्वर गंजीर ने फोन कर बताया कि माया साहू घर से निकल गई है, दूसरे दिन उनकी पत्नी गायत्री साहू को फिर से फोन कर बताया कि माया साहू की तालाब में डूबने से मौत हो गई है।

ऐसे मे जब ग्राम मोहारा पहुंचे तो यहां माया साहू की शव को तालाब के पास रखे थे, जहां परिवार की महिलाओं ने माया साहू के चेहरे पर, नाक के पास खून दिखाई देने की बात कही तथा कमर एवं हाथ के पास काला दिखने की बात कही, सीने में धब्बा, नाक के नीचे गाल में खरोच के निशान दिखने की बात परिवार के महिलाओं ने बताया ऐसे में मृतका के भाई ने हत्या की आशंका से थाना प्रभारी को निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए अपने परिजनों के साथ पत्र लिखा है।

# चोवेंद्र साहू आम आदमी पार्टी से विधायक प्रत्याशी घोषित

**गुरुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुर निवासी चोवेंद्र कुमार साहू संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 से आम आदमी पार्टी से अधिकृत विधायक प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।



आम आदमी पार्टी ने अपने अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चोवेंद्र कुमार साहू पर मूहर लगा दिया है। देखना होगा कि क्षेत्र की जनता आम आदमी पार्टी के ईमानदार और साफ सुथरा व्यक्ति को अपना नेता चुनता है जो दिल्ली और पंजाब में शासन कर रही है या कांग्रेस बीजेपी को बटन दबाकर पुनरावृति कर विधानसभा भेजना पसंद करता है।

बता दे कि मिलनसार एवं व्यक्तित्व के धनी चोवेंद्र साहू की प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा गुरूर और बालोद में हुई। शिक्षण अवधि के दौरान ही थल सेवा में उनका चयन हो गया, फलस्वरुप वे अपनी अधूरी पढ़ाई छोड़कर सेना में नौकरी करना ही उपयुक्त समझा। कोरोना अवधि में फौजी की नौकरी छोड़कर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली प्रदेश के कार्यों से प्रेरित होकर तथा समाज सेवा करने के जुनून में कुछ साल पहले ही क्षेत्र की जनता के मध्य समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का प्रयास किया है। इस दौरान श्री साहू ने क्षेत्र में गत कुछ वर्षों से सैन्य प्रशिक्षण शिविर लगाकर क्षेत्र के सैकड़ों शिक्षित बेरोजगार युवक यूवतियों को सेना में जाने के लिए प्रशिक्षित करने एक खूबसूरत प्रयास किया हैं ताकि यहां के नौजवान जल सेना, थल सेना और वायु सेना मे जाकर अपना कैरियर सुनिश्चित कर अपना, अपने समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर सके।

प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही अनेक युवक युवतियां वर्तमान में भी अग्निवीर और वायु सैनिक के रूप में अपनी सेवा कर क्षेत्र व समाज को गौरवान्वित कर रहे हैं तथा वे सभी सैन्य प्रशिक्षक श्री साहू को अपना आइकॉन मानते हैं, जिसकी वजह से वे आज सेना में नौकरी पाने में सफल हो सके। चोवेंद्र साहू ने कहा क्षेत्र की जनता इस बार कांग्रेस बीजेपी से मुक्त होकर आम आदमी पार्टी के पक्ष में वोट करने अपनी मानसिकता बन चुकी है, क्योंकि महंगाई के साथ कांग्रेस बीजेपी की झूठी घोषणाओं से क्षेत्र की जनता त्रस्त हो चुकी है। चोवेंद्र साहू गुरुर निवासी के.मुरारी दास के ज्येष्ठ सुपुत्र है। उनके प्रत्याशी बनाए जाने से उनके पारिवारिक जनों और आम आदमी पार्टी में खुशियां व्याप्त है।

# भाजपा प्रत्याशी राकेश यादव गांव-गांव कर रहे जनसंपर्क

**गुरुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया जा रहा है। गुरुर विकासखंड के ग्राम अरकार, हसदा, डोटोपार, बोहारा, पलारी, भिराई, देवकोट, कंवर, पेन्डरवानी मे भाजपा द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जंहा भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी राकेश यादव पहुँचकर जनता से मुलाकात कर, चर्चाकर आशीर्वाद मांगा। विधानसभा में 17 नवंबर को चुनाव होना है, कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने के बाद एवं जिला मुख्यालय के सरदार पटेल मैदान में सभा के बाद भाजपा ने अपना चुनाव प्रचार जोर कर दिया है। जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के हाथों में पार्टी का झंडा एवं जिंदाबाद के नारे लगाते हुए गांव-गांव में पहुंचे, जहां आम नागरिकों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर एवं कांग्रेस सरकार की विफलताओं के बारे में बताकर विधानसभा के अलावा राज्य में फिर से कमल खिलाने के लिए अपील किया।



इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, भाजपा के वरिष्ठ नरेंद्र मिश्रा, नंदकिशोर शर्मा, महेत्तर नेताम, दीपा साहू, सुशीला साहू, संध्या अजेंद्र साहू, डिकेश्वरी बंधु, सरिता साहू, खेमलाल देवांगन, मनीष साहू, बालक राम ठाकुर, मनीराम साहू, तोमन साहू, कुमार साहू, नंदकुमार साहू, नीता साहू, मायावती साहू, अमृत साहू, हेमलाल साहू, होमशंकर साहू, डामेश्वरी साहू, तेजराम साहू, सुरेंद्र देशमुख, संतोष गंगबेर, श्यामलाल साहू ,चंदन सिन्हा, सेवाराम, प्रेमलता साहू, कृतिका साहू, चांदनी देवांगन, मोहनी देवांगन, आदित्य पिपरे, लखन साहू, मितेश साहू, गजेंद्र महामल्ला, शशिकांत जगद्दले, पूरब देवांगन, प्रमोद सिंन्हा, रवि साहू उपस्थित थे।

# स्वीप महाकार्निवाल में परिचय पत्र से मतदान हेतु किया प्रेरित

**गंडई/खैरागढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदाताओं को 12 विभिन्न प्रकार के परिचय पत्र से मतदान करने के लिए गुरुवार को कार्यक्रम कर प्रेरित किया। इस हेतु स्वीप महा कार्निवाल के माध्यम से जिले में पहली बार जंबो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के स्वीप गतिविधियों की प्रदर्शनी ने लोगों को आकर्षित किया।

**12 विभिन्न परिचय पत्र का उपयोग करके कर सकेंगे मतदान**

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वीप के तहत मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाकर प्रेरित किया। संयुक्त कलेक्टर और स्वीप नोडल आभा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप महा कार्निवाल में विविध कार्यक्रम जैसे स्लोगन, रंगोली, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, चुनई सेल्फी जोन और जिले के स्वीप गतिविधियों की प्रदर्शनी को शामिल किया गया था। इस दौरान 12 प्रकार के वैकल्पिक परिचय पत्रों में मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम, और अन्य आइडेंटिफिकेशन डॉक्यूमेंट्स का उपयोग करके मतदान हेतु उपस्थित युवाओं और महिलाओं सहित नागरिकों को प्रेरित किया गया। बताया गया कि मतदाता एनपीआर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आइडी कार्ड को का उपयोग कर मतदान कर सकेंगे। इसके माध्यम से मतदाता अपने पसपोर्ट में दिए गए विवरण के आधार पर निर्वाचन नामावलियों में पंजीकृत हो सकेंगे और मतदान केंद्र में केवल अपने मूल पासपोर्ट के आधार पर वोट कर सकेंगे। इस महत्वपूर्ण सुधार के साथ, मतदाताओं को अब और भी सुविधाएं मिलेंगी, जो उनके मतदान करने को आसान बनाएगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया गया है कि सभी विभिन्न पहचान पत्रों को स्वीकार किया जाए ताकि हर नागरिक को उनकी वोट की अधिकतम सुविधा मिले।

**एक हजार से अधिक युवा और महिलाएं हुए शामिल जिले के स्वीप गतिविधियों की प्रदर्शनी ने लोगों को किया आकर्षित केसीजी में 7 नवंबर को 12 विभिन्न परिचय पत्र से कर सकेंगे मतदान**

**एक हजार से अधिक युवा और महिलाएं हुए शामिल**

स्वीप महा कार्निवाल में जिले के, विश्विद्यालय, विभन्न महाविद्यालयों और महिला समूहों के हजार से अधिक युवाओं को सहभागिता रही। स्वीप सहायक नोडल केके वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओ ने सूक्ष्म अनाज मीलेट से बने पकवान की प्रदर्शनी लगाई।

शत प्रतिशन मतदान हेतु प्रेरित करते हुए इस अहम पहल के साथ मतदाता को आत्म-निर्भरता और मतदान के अधिकार की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने का मौका मिला है। यह नया विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया मतदान में और अधिक साफ, सुरक्षित, और प्रभावी बनाएगा, जिससे लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को बढ़ावा मिलेगा।इसका मततलब है कि मतदान केंद्र पर मतदाता परिचय पत्र न होने की स्थिति में भी मतदान किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान व्यय प्रेक्षक शोभन सूत्रधार, नोडल अभा तिवारी, सहायक केके वर्मा, सीएमओ प्रमोद शुक्ला, सीईओ जनपद खैरागढ़ सहित विभिन्न बड़ी संख्या में कॉलेज के युवा, महिलाएं और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधानसभा क्षेत्र में लोकनाथ भारती ने चुनावी सभा ली

**डोंगरगढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर घोषित सभी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर लगातार मैदान में डटे है हालांकि माना जाता रहा है कि इस बार भी सीधा मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी विनोद खांडेकर और कांग्रेस के हर्षिता बघेल के बीच है परन्तु अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से 35 वर्षो से लगातार विधानसभा छेत्र के जनता के साथ जनता कांग्रेस जे नेता एवं प्रत्याशी लोकनाथ भारती की सीधी उपस्थिति ने मुकाबले को दिलचस्प मोड़ दे दिया है। मतदाताओं की माने तो लोकनाथ को लेकर खाश यह है कि वे ऐसे नेता है जो लगभग 35 वर्षों से लगातार डोंगरगढ़ के वार्ड - वार्ड के साथ गाँव गांव में लगातार जनचौपाल और आम जनता की समस्याओं को लेकर आये दिन प्रशासनिक कार्यालयों तक पहुंचते रहे हैं ।जानकारों की माने तो अपने कार्यशैली और परिश्रम से उन्होंने जो पहचान बनाई है उसे परिणाम में बदलते देखने का भी यही अबसर है ..और इसी विश्वास को लेकर लोकनाथ भारती मैदान में भी है ऐसे में मैदान में लगातार डटे सभी प्रत्याशियों को सक्रियता के आधार पर देखने की बात होती है तो भी लोकनाथ को इसका सीधा फायदा हो सकता है क्रिकेट की तरह सम्भावनाओं के इस सियासी नतीजों को लेकर कोई भी दावा करना सही नहीं हो सकता क्योंकि यह फैसला तो आम जनता ,मतदाताओं के ऊपर निर्भर करता है कि वे किस पर अपना विश्वास जताते है पर इतना जरूर कहा जा रहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा के हाई प्रोफाइल मैदान में लोकनाथ की अपने परिश्रम से गढ़े मजबूत उपस्थिति ने मुकाबले को त्रिकोणीय रूप देने कोई कसर नहीं छोड़ा है।



# नवाज ने किया ब्लॉक मुख्यालय कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

**छुरिया,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)।खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय छुरिया में आज कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन किया गया उद्घाटन में प्रमुख रूप से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज़ भाई, खुज्जी विधानसभा प्रभारी हबीब खान, जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू, प्रवक्ता राहुल तिवारी, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, संयुक्त महामंत्री विपिन यादव एवं तरुण सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील लरोकर, राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा, कमलेश यादव, जयपाल यादव, पुष्पा सिन्हा, संजीव गुप्ता, एकनाथ सिन्हा, पूरन नेताम, प्रकाश शर्मा, भीखम देवांगन, सोनू खान, सलमान खान, रघुवीर सेवता, कन्हैया कोले, विजय साहू, भुवनेश्वरी साहू, गोचरण साहू, सतीश साहू, राजू सिन्हा, सतीश पटेल सहित अधिक संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव प्रचार चालू हुए लगभग 10 दिन होते आ रहा है,निष्ठावान काग्रेसीयो का कहना है ,अब तक कुछ नेताओं के छोड़ छुरिया नगर व क्षेत्र मे चुनाव प्रचार नवाज खान के कमी से अधुरा व फीका लगने लगा था आज कांग्रेस कार्यालय के उदघाटन मे छुरिया नगर पहुंचते है युवा कार्यकर्ता मे उत्साह देखने को मिला



# चंद्रशेखर को छ ग रत्न से किया जाएगा सम्मानित

**डोंगरगढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के चंद्रशेखर बोरकर को अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया जाएगा छत्तीसगढ़ का पहरेदार अखबार और न्यूज़ चैनल द्वारा समाज की विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति या संस्था को छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया जाता है इसी परिप्रेक्ष्य में 31 अक्टूबर 2023 को माता राजमोहिनी भवन अंबिकापुर में कार्यक्रम रखा गया है जिसमें डोंगरगढ़ शहर के चंद्रशेखर बोरकर को सामाजिक कार्यों एवं छत्तीसगढ़ की योजनाओं के प्रचार प्रसार के उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये सम्मानित किया जा रहा है ज्ञात हो की इसके पहले भी चंद्रशेखर बोरकर को दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है यह ऐसे व्यक्ति है जिनके कार्य के लिए उन्हें लगातार पुरस्कृत किया जाता है इन्होंने इस सम्मान को प्राप्त करने के साथ डोंगरगढ़ का नाम भी गौरान्वित किया है , उनके सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए कई संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित पहले भी किया जा चुका है वह दिन दूर नहीं जब उनके नाम से डोंगरगढ़ को जाना जाएगा ऐसे कार्यों से ही इन्हें ऊर्जा प्राप्त होती है !



# आदिनाथ पदयात्रा संघ ने पावन पूर्णिमा में किया कैवल्य धाम दर्शन

## नौ वर्ष नौ महीने से अनवरत चला आ रहा है यह क्रम



**कुम्हारी,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। एम जी रोड रायपुर स्थित दादा बाड़ी से जैन धर्मावलंबी आदिनाथ पदयात्रा संघ रायपुर द्वारा प्रत्येक माह की पूर्णिमा में कैवल्य धाम दर्शन करने के निर्णयानुसार पावन पूर्णिमा में लगभग तेरह किलोमीटर दूर नगर कुम्हारी स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल कैवल्य धाम का दर्शन किया गया । यह क्रम विगत नौ वर्ष नौ महीने से अनवरत आदिनाथ पदयात्रा संघ के दिनेश शाह, शैलेश दोषी, रुपेश पटेल, अतुल देसाई, दीपेश शाह, नैतिक शाह, सुनील शाह, रसिक भाई, विनोद सेठिया, मुकुंद राठौर, सुनील श्रीश्रीमाल, अश्विन, अल्पेश दोषी, केतन मेहता, श्रीमती अनीता मेहता, रोशनी अल्पेश जोशी, जितेंद्र संघवी तथा संघ के समर्पित सदस्यों द्वारा किया जा रहा है । संघ के संयोजक दिनेश शाह विगत अट्ठाईस वर्षों से प्रत्येक शनिवार को मौन व्रत धारण करते चले आ रहे हैं, उनके सद्प्रयासों से संघ द्वारा जीव सेवा का सराहनीय कार्य भी किया जाता है ।

# हरित पटाखों का ही होगा विक्रय एवं उपयोग, दीवाली में 2 घंटे ही फोड़ सकेंगे '

## दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के लिए उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश

**बेमेतरा,** 27 अक्टूबर, 2023 - पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। साथ ही दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने के लिए दो घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है।



दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित की गई है। दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा के लिए सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस/नया वर्ष के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिये गये हैं। इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस ट्रेडर द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है।

पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं जिनके द्वारा पटाखों में लिथियम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से

# कलेक्टर ने ली सेक्टर ऑफिसर की बैठक

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में निष्पक्ष, निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस.एल्मा आज शनिवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र 68, 69 एवं 70 के निर्वाचन से जुड़े सेक्टर अधिकारियो की बैठक लेकर सेक्टर अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा की 7 इस दौरान सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपनी निर्वाचन संबंधित रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने सेक्टरवार मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं दिए गए निर्देशों के तहत कराए गए व्यवस्था की समीक्षा की ।उन्होंने मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, दिव्यों मतदाताओं हेतु रैम्प, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे अपना मोबाईल स्वीच ऑफ न रखें। निर्वाचन संबंधी जो भी दिशा निर्देश मोबाईल में दिए जाते है, उसका पालन करें। प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी अपने निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहें ।कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देशित किया कि सभी सेक्टर अधिकारी बूथ का निरीक्षण कर तैयारी व संपत्ति निरूपण की जानकारी दें। इसमें मतदान केंद्र भवन में शौचालय, रैंप सहित अन्य सभी तैयारी कर जानकारी साझा करें। निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यों को समीक्षा लेकर, दायित्वों से अवगत कराया गया। प्रत्येक दल में एक नोडल नियुक्त है, वे अपने दल के कार्यों को बेहतर निर्वहन करेंगे। सूचना के अभाव में स्व-मोटो कर्तव्य का पालनकर कार्यवाही करेंगे। सभी सेक्टर अधिकारी बूथ का निरीक्षण करके 24 घंटे में संपत्ति निरूपण की जानकारी देंगे। निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक व्हाट्स एप ग्रुप में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नोडल अधिकारी और सभी सदस्य को शामिल करें और सभी पत्र व जानकारी को शेयर करेंगे। स्ट्रॉन्ग रूम, कंट्रोल रूम एवं अन्य कक्ष पूरी तरह तैयार करने के निर्देश दिए 7 कलेक्टर ने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक सेक्टर आफिसरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेक्टर आफिसरों को निर्वाचन ड्यूटी के दौरान उक्त सेक्टर के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नामांकित किया जायेगा और उन्हें विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की जायेगी। बैठक मे जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वेय डा. अनिल वाजपेयी, सी.एल.मार्कण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमा शंकर बंदे, सर्व एस.डी.एम, सेक्टर ऑफिसर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### लक्ष्मी नारायण उर्फ राजा वर्मा

**देवरी बंगला,** 28 अक्टूबर । वर्मा सॉ मिल मार्री बंगला के संचालक लक्ष्मी नारायण उर्फ राजा वर्मा (33 वर्ष) का असामयिक निधन हो गया। मृतक भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय भीखम चंद वर्मा के पोते थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सजातीय, प्रबुद्ध जन तथा अन्यान्यजन शामिल होकर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।



## बिना अनुमति के ग्राम में डी जे ध्वनि विस्तारक बजाने पर जप्त की डीजे

बेमेतरा, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिटी से लगभग 8 किलोमीटर दूरी पर रायपुर सिमगा रोड पर स्थित ग्राम मटका में निर्वाचन आयोग से बिना अनुमति के ग्राम में डी जे ध्वनि विस्तारक बजाते हुए पाया गया जिसे एफ एस टी प्रभारी अमन एवं टीम के अन्य साथियों के द्वारा नियम अनुसार कार्यवाही की गई है। टीम के द्वारा जप्त डीजे को बेमेतरा पुलिस के सुपुर्द किया गया है इसकी जानकारी एफ एस टी टीम के द्वारा बेमेतरा रिटर्निंग ऑफिसर को दी गई है।



# जिले की तीनों विधानसभा में 3 सहायक मतदान केन्द्र और 3 भवन परिवर्तन के साथ 8 स्थल परिवर्तन

- जिले के मतदान केन्द्रों की संख्या 870 हुई, 7 लाख 64 हजार 614 मतदाता करेंगे मतदान
- 2250 अधिकारी-कर्मचारियों ने डाकमत पत्र का दिया आवेदन
- कलेक्टर एल्मा ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी



**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा आज यहां कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन अनुसार जिले में 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण 03 सहायक मतदान केन्द्र बनाये गये है। वही 03 भवन जर्जर होने के कारण परिवर्तन एवं 08 स्थल परिवर्तन का अनुमोदन कर दिया है। कलेक्टर श्री एल्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक मतदान केन्द्रों में क्रमांक 69 विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के 13 के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला बेमेतरा एवं मतदान केन्द्र 32 के कोबिया, शासकीय पी.जी. महाविधालय बेमेतरा इनमें क्रमशः 1642 और 1656 मतदाता थे। इसी प्रकार क्रमांक 70 विधानसभा क्षेत्र नवागढ में मतदान केन्द्र क्रमांक 1488 के प्राथमिक शाला तिलका पारा नवागढ़ इसमें 1599 मतदाता थे।

कलेक्टर श्री एल्मा ने आगे बताया कि साजा विधानसभा क्षेत्र के दो भवन जर्जर होने के कारण परिवर्तन किये गये उनमें 14 कारेसरा - प्राथमिक शाला कारेसरा से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कारेसरा, 117 चीचगांव - शासकीय प्राथमिक शाला भवन चीचगांव से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन चीचगांव भवन परिवर्तन किया गया है। इसी प्रकार 69 बेमेतरा - 260 हरदी - शासकीय प्राथमिक शाला भवन हरदी से शासकीय पूर्व शाला भवन हरदी किया गया है। पत्रकार वार्ता से पहले राजनितिक दलो के प्रतिनिधियों को भी मतदान केन्द्र संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया था।

उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आठ मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन हुए है। इनमें 68 साजा विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केन्द्रों 30 खम्हरिया का बाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल थानखम्हरिया, 99 कोंगियाकला शासकीय प्राथमिक शाला कोंगियाकला को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय कोंगियाकला और मतदान केन्द्र 100 कोंगियाकला शासकीय प्राथमिक शाला कोंगियाकला को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोंगियाकला किया गया है। वही 70 विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के पांच मतदान केन्द्र स्थल परिवर्तन हुए। उनमें 29 शसकीय प्राथमिक शाला भवन तरपोंगी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन तरपोंगी, 88 शासकीय प्राथमिक शाला भवन बोरदेही को शासकीय प्राथमिक शाला भवन मरदेही, 91 शासकीय प्राथमिक शाला मुंगवाय को शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाभवन मुंगवाय किया गया। इसी प्रकार 111 शासकीय प्राथमिक शाला भवन मोहतरा को शसकीय हाई स्कूल मोहतरा ओर 113 शासकीय प्राथमिक शाला भवन मोतिमपुर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन मोतिमपुर स्थल परिवर्तन किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया।

कलेक्टर श्री एल्मा ने बताया कि जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्र में 7 लाख 64 हजार 614 मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 84 हजार 656 और महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 37 हजार 951 है। सात मतदाता थर्ड जेन्डर है। उन्होंने बताया कि जिले में 4113 दिव्यांग मतदाताओं में से सिर्फ दो ने घर से मतदान की सहमति दी। वही 80 से अधिक उम्र के बुर्जग मतदाताओं में 17 मतदाओं ने घर से मतदान करेंगे। 80 उम्र से अधिक मतदाताओं की संख्या 4715 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में तीनों विधानसभा में मतदान केन्द्रों की संख्या 870 हो गयी है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र, 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। इसी प्रकार एक-एक युवा मतदान और दिव्यांग मतदान केन्द्र होंगे।

पत्रकारों के सवाल में बताया कि जिले में जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्र में 3632 अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन का दायित्व निभायेंगे। उनमें से अभी तक 2250 कर्मचारियों ने डाकमत पत्र और 160 पुलिस कर्मियों का आवेदन पुलिस प्रशासन के पास आया है। यह डाक मतपत्र से मतदान करेंगे। पत्रकार वार्ता में अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी, श्री सी.एल. बंजारे, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकन बंदे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर सहित प्रिन्ट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे।

# साहू समाज को अब संगठन की एकता व ताकत दिखाने का समय आ गया: कृष्णा साहू

## संजारी बालोद विस से निर्दलय प्रत्याशी मीना साहू के समर्थन में उतरे साहू समाज

**बालोद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अब साहू समाज को संगठन की एकता व ताकत को दिखाने का समय आ गया है। साहू समाज का राजनैतिक दलों ने उपेक्षा किया है। जिसका दुष्परिणाम उन राजनीतिक लोगों को झेलना होगा। हमारा साहू समाज एक है और हम एक होकर ही संगठित रहेंगे। यह हमारी शिक्षा व संस्कार में है। उक्त बांते शनिवार के बालोद तहसील साहू संघ के संरक्षक कृष्णा राम साहू ने साहू सदन बालोद में उपस्थित बालोद तहसील के ग्रामीण मंडल, परिक्षेत्र एवं तहसील के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष पदाधिकारियों को संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के मीना साहू को निर्दलीय प्रत्याशी घोषित होने पर कहा। बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने कहा कि हम सभी साहू समाज के लोगों को एक जुटता का परिचय देते हुए हमारे समाज का गौरव मीना साहू को बालोद विधानसभा क्षेत्र चुनाव में समाज को एकता व संगठन की ताकत की बदौलत चुनाव जीताना है। श्री साहू ने आगे कहा कि संगठन में वह ताकत होता है जो पहाड को भी चुनौती दे सकता है। बालोद साहू सदन में चुनावी बैठक के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी मीना सत्येन्द्र साहू ने उपस्थित साहू समाज क पदाधिकारियों को अपने संबोधन में कहा कि मै आपके बीच के ही बहू बेटी हूं। आप लोगों के पास बालोद विधानससभा क्षेत्र चुनाव में जीत का आर्शीवाद लेने आई हूं। मै वादा करती हूं कि मै किसी भी राजनीतिक दलों के राजनेताओं के प्रलोभन में नही जाउंगी। चुनाव जीतने पर समाज व आम जनता के हित व कल्याण के लिए काम करूंगी।



इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू को विजय श्री दिलाने के लिए बालोद तहसील साहू संघ के गांव से लेकर तहसील स्तर तक के पदाधिकारियों ने एक स्वर में शपथ व संकल्प लिए जिसे प्रदेष साहू संघ उपाध्यक्ष हलधर साहू ने शपथ दिलाया। इस दौश्रान बालोद तहसील साहू संघ के मदन सोनबरसा, उपाध्यक्ष जयंत साहू, महिला उपाध्यक्ष रश्मि प्रेम साहू, न्याय प्रकोश्ठ रोहित अठनागर, सह सचिव राधेलाल गुरूपंच, कोषाध्यक्ष तुकेश हिरवानी, हेमंत साहू, द्रोणाचार्य साहू, गंगा प्रसाद साहू, ध्रुव कुमार साहू, हिमांचल साहू, मदन साहू, कुंजलाल साहू, उमेश साहू, दिनेश साहू, मोहन रिच्छेद कलिहारी, डोमन साहू, सचिव कुलेश्वरी साहू, महिला प्रकोष्ठ चंद्रिका साहू, सुखीत साहू, ओमप्रकाश साहू, मीडिया प्रभारी किशोर साहू, दुर्गाशंकर साहू, उत्तम साहू सहित समाज के सैकडों कार्यकर्ता पदाधिकारीगण एक स्वर में बालोद संजारी विधानसस्भा प्रत्याशी मीना सत्येन्द्र साहू का समर्थन करते हुए बधाई दिए तथा गुरूर तहसील डौडी तहसील गुण्डरदेही तहसील के साहू समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण एवं बालोद तहसील के ग्रामीण स्तर से लेकर तहसील स्तर तक सभी पदाधिकारीगण महिला पुरूष हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सह सचिव राधेलाल गुरूपंच ने किया।

# सायबर सेल बेमेतरा एवं पुलिस चौकी कंडरका पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत वाहन चेकिंग के दौरान सायबर सेल बेमेतरा एवं पुलिस की कंडरका स्टाफ द्वारा नाका बंदी कर आने जाने वाले वाहनो पर नजर रखे थे उसी समय दो वाहन 1109 सफेद रंग 6 चक्का क्रमांक ष्ट्ठ 10 ड्ड 2377 एवं आईचर ट्रक क्रमांक ष्ट्ठ 04 स्स्न 8928 तेजी से आई जिसे रूकवाने पर चालक द्वारा वाहन को नही रोककर आगे बढा दिया जिसे घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोककर दोनो चालक को पुछताछ किया गया जहां वाहन चालक अपना नाम 01. राजु ऊर्फ हेमन ध्रुव पिता श्रीनाथ ध्रुर्वे उम्र 50 साल साकिन कैलाश नगर वार्ड नं. 01 कवर्धा जिला कबीरधाम, 2. युवराज चंद्रसेन पिता खेमसिंह चंद्रसेन उम्र 30 साल साकिन सिलघट चौकी पोडी थाना बोडला जिला कबीरधाम बताये बाद गाडी की तलाशी लेने पर वाहन मे अवैध रूप से भरे लोहे का दरवाजा पुरानी 04 नग, लोहे का ड्रम 08 नग कटा हुआ, पाईप एंगल तुकडा एवं अन्य सामान लोहे का कबाडी सामान मिला जो कुल वजनी 17 टन 640 किलो ग्राम कबाड का सामान कीमती 5,29,200/- रूपये तथा दो चार पहिया वाहन 1109 सफेद रंग 6 चक्का क्रमांक ष्ट्ठ 10 ड्ड 2377 एवं आईचर ट्रक क्रमांक ष्ट्ठ 04 स्स्न 8928 किमती 06 लाख पचास हजार रूपये, कुल जुमला 11,79,200/-रूपये के संबंध मे उक्त चालक से संबंधित वाहन मे लदे सामान का बिल मांगने पर उसके द्वारा कोई कागजात होना नही बताया गया तथा टाल मटोल करने लगा वाहन मे लदे सामान चोरी का होने का माकूल संदेह पर से दोनो आरोपियो के विरूद्ध चौकी कंडरका मे इस्तगासा क्रमांक 01 व 02/2023 धारा 41(1+4),379 भादवि के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया।

# बेतर उमरिया चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान दो 1800 नग साड़ी व प्लास्टिक थैला कीमती करीबन 1,81,800/- रूपये जप्त

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)।आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है।



- बेतर उमरिया चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान दो 1800 नग साडी व प्लास्टिक थैला कीमती करीबन 1,81,800/- रूपये जप्त

बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए बनाई गई। स्स्ञ्ज निगरानी टीम ने बेमेतरा कवर्धा मार्ग पर स्थित बेतर उमरिया चेक पोस्ट/बैरियर पर कार्यवाही की गई है। आज दिनांक 28.10.2023 को स्स्ञ्ज निगरानी टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान एक छोटा हाथी वाहन क्रमांक ष्ट्ठ 04 रू5288 जो रायपुर से कबीरधाम की ओर जा रहा था जिसे रोककर चेकिंग करने पर उसमें 1800 नग साडी कीमती 1,80,000/- रूपये,1800 नग प्लास्टीक थैला कीमती 1800/- रूपये एवं उक्त वाहन कीमती 1,10,000/- रूपये को वाहन चालक अजय जंघेल लोधीपारा रायपुर एवं हेमाल अशोक यादव गुडीयारी चुना भट्ठी रायपुर, एवं समाग्री स्वामी अब्दुल सत्तार पता असान सोल, जिला वाहीमान, (ड्ड.क्च) से जप्त किया गया हैं। मौके पर उक्त साडी के संबंध में चालान या किसी प्रकार का बिल/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।इस दौरान एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, स्स्ञ्ज निगरानी टीम अधिकारी हर्बल चंद्राकर(क्र॥श्वह्र),स्नस्ञ्ज दल प्रभारी नितेश सिंह क्षत्री, सउनि दिलीप टीकरीहा, प्रधान आरक्षक शिव कुमार बंजारे, आरक्षक प्रदीप ठाकुर, एवं चौकी खण्डसरा से सउनि गुहाराम वारे, च्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, एश्वर्य सिन्हा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# धान उपार्जन की तैयारी के प्रति गंभीर नही होने और लापरवाही दिखाने पर एक को किया निलंबित

- एक को कारण बताओ नोटिस जारी

बेमेतरा, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, जिला बेमेतरा के द्वारा प्रतिवेदन देकर अवगत कराने पर, कलेक्टर श्री एल्मा ने धान उपार्जन केन्द्रो की तैयारियों मे लापरवाही बरतने के कारण विकासखंड नवागढ़ धान खरीदी केंद्र के प्रभारी समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुरता के राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं 7 और इनके स्थान पर अमित साहू समिति कर्मचारी सहायक सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुरता को प्रभारी प्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है7

इसके साथ ही जिलाधीश ने युवराज सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति मर्यादित दुर्ग मुरता को शासन के अतिमहत्त्वपूर्ण धान उपार्जन के तैयारी के प्रति गंभीर नहीं पाए जाने के से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं 7 3 दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को फिर से जीत दिलाने में किसान निभाएंगे बड़ी भूमिका: नीलकंठ चंद्रवंशी

**कवर्धा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी लगातार अपने क्षेत्र में जन संपर्क कर रहें हैं। वही नीलकंठ आज भी अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान वे अपने गांव के आस-पास के क्षेत्र ग्राम पंडरिया (लाघान), डेहरी, गोपालभवना और कोलिहा नवागांव पहुंचे। वही, वे झलमला, खपरी, बिटकुली कला और केशली भी पहुंचे। नीलकंठ चंद्रवंशी कांग्रेस उम्मीदवार बनने के बाद क्षेत्र में जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार तेज कर दिया हैं। जनता के बीच पहुंचकर उनसे मुलाकात करके सभी को भूपेश सरकार की योजनाओं को जानकारी दी व एक बार फिर कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देने कहा। वही, नीलकंठ को भी जनता का आपार समर्थन मिला, उन्होंने कहा कि आपके सहयोग समर्थन के लिए आभार हैं। लोगों का यह स्नेह, समर्थन एवं साथ ही मेरी सबसे बड़ी ताकत और जमापूंजी है। नीलकंठ ने जनता को भरोसा दिलाया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहेंगे।

नीलकंठ ने कहा छत्तीसगढ़ की जनता से भूपेश सरकार ने जो वादे किए थे, उनसे ज्यादा काम 05 वर्षों में कर दिखाया हैं। कर्जमाफी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाया, भूमिहीन मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, लघु वनोपजों और मिलेट्स की समर्थन मूल्य पर खरीदी, उनका प्रसंस्करण और वैल्यूएडिशन, तेन्दूपत्ता का पारिश्रमिक बढ़ाकर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा किया।

इस मौके पर ग्राम पंडरिया (लाघान) में खेमलाल चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी, रामनुज चंद्रवंशी, मलिक निर्मलकर। ग्राम देहरी में छोटेलाल चंद्रवंशी, दुर्गा चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी।ग्राम गोपालभवना में गंगाधर चंद्राकर, चैनकुमार चंद्राकर, राधेश्याम चंद्राकर, अर्जुन चंद्रवंशी, मुरीत चंद्रवंशी। ग्राम कोलिहा नवागांव में गोलू ध्रुवे, जगदीश चंद्रवंशी, ललित कश्यप, रोशन चंद्रवंशी, रूपदास मानिकपुरी। ग्राम झलमला मे मनीराम नारंगे, बीरेंद्र चंद्रवंशी, जीतेंद्र चंद्रवंशी, राजू कुंभकर, सुदर्शन चंद्रवंशी। ग्राम खपरी मे मांगी सिन्हा, बाल्दू चंद्रवंशी, लाला सिन्हा, शिव सिन्हा, गोविंद सिन्हा। ग्राम बिटकुली कला मे लोकनाथ दोहरे, प्रवीण चंद्रवंशी, जगत चंद्रवंशी, विजय साहू। ग्राम केशली मे जगदीश निर्मलकर, मुनीराम चंद्रवंशी, थानूराम साहू, रवि साहू, प्रभु चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

# दर्द से कराह रही गर्भवती महिला ने 112 वाहन में बच्चे को दिया जन्म

## आपातकालीन स्थिति में 112 के पुलिस कर्मियों ने महिला का कराया सुरक्षित प्रसव

**खैरागढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कैसीजी में संचालित डायल 112 वाहन सेवा सभी जरूरतमंद आम जनता को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक रूप से सेवा देने के लिए एसपी अंकिता शर्मा ने सभी थाना प्रभारियों की एक साथ बैठक लेकर डायल 112 के संबध में दिशा निर्देश दिया जिसके तहत 27 अक्टूबर को सुबह छुईखदान डायल 112 को ग्राम खैरी से महिला संबंधित सूचना प्राप्त हुआ जिस पर डायल 112 के कर्मचारियों ने ग्राम खैरी जाकर गर्भवती महिला प्रभा निषाद पति दिलीप निषाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम खैरी को उनके परिजन के साथ छुईखदान अस्पताल लाने के लिए निकले थे। तभी रास्ते मे अचानक महिला को तेज़ प्रसव पीड़ा शुरू हो गया अस्पताल की दूरी अधिक होने के कारण आपातकालीन कठिन परिस्थिति होने के कारण डायल 112 के कर्मचारियों ने अपनी सूझ बूझ के बीच रास्ते मे वाहन को रोककर परिजनों व मितानिनों की मदद से गर्भवती महिला का 112 वाहन के अंदर ही प्रसव कराया गया महिला ने लड़के को जन्म दिया है। दोनो जच्चा बच्चा को सरकारी अस्पताल छुईखदान में लाकर बेहतर उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। डायल 112 के पुलिस कर्मचारियों की सूझ बूझ से महिला ने गाड़ी के अंदर में ही एक बच्चे को जन्म दिया है। परिजनों में खुशी का माहौल है



उक्त पहल में डायल 112 के आरक्षक रमेश जंघेल चालक कोमल पटेल, राजेन्द्र साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# राहुल गांधी आज कवर्धा के सरदार पटेल मैदान आयोजित सभा को करेंगे संबोधित

**कवर्धा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के प्रचार करने पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 29 अक्टूबर रविवार को कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल गांधी 29 अक्टूबर को रायपुर से हेलीकाप्टर में रवाना होकर राजनांदगांव पहुचेंगे तथा दोपहर 1 से 2 बजे तक सभा को संबोधित करेंगे। वे वहां से हेलीकाप्टर में रवाना होकर दोपहर 2.40 बजे कवर्धा पहुचेंगे। राहुल गांधी सरदार पटेल मैदान में दोपहर 2.50 से 3.50 तक सभा को संबोधित करेंगे। वे शाम 4 बजे हेलीकाप्टर में रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।



उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने पिछले विधानसभा चुनाव में भी कवर्धा में चुनावी सभा ली थी। उस समय उनके साथ भूपेश बघेल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनके साथ सभा में उपस्थित थे।

# प्रत्याशियों ने प्रचार प्रसार में झोंकी ताकत

**खैरागढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 में चुनाव प्रचार प्रसार तेज हो गया है। कांग्रेस भाजपा सहित निर्दलीय उम्मीदवार व अन्य पार्टी के प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार नुक्कड़ नाटक व आम सभा के माध्यम से लोगो को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मतदान करने के लिए अपील कर रहे है। वही कांग्रेस, भाजपा, सहित अन्य पार्टी व निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं से समर्थन मांग रहे है। खैरागढ़ विधानसभा में कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरकर अपना भाग्य अजमा रहे है। कांग्रेस से यशोदा वर्मा भाजपा से विक्रांत सिंह निर्दलीय प्रत्याशी नरेंद्र सोनी गोड़वाना गणतंत्र से संतोष मारिया भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से रत्नेश वर्मा हिंदुस्तान जनता पार्टी से संतोषी प्रधान निर्दलीय के रूप टीकम जोगी कांग्रेस से लक्की नेताम



निर्दलीय तुलसी राम बांधे आंबेडकराइट पार्टी से ओमप्रकाश सेन राष्ट्रीय जनसभा से रसीद दास बंजारे सभी उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरकर अपना प्रचार प्रसार कर रहे है। सभी प्रत्याशियों की नजर छुईखदान ब्लॉक के वनांचल साल्हेवारा, बकरकट्टा खादी क्षेत्र में प्रचार प्रसार करते नजर आ रहे है। और सभी उम्मीदवार अपना जीत का दावा कर रहे है।

मतदाताओं को नाच गाना दिखाकर कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार का बखान कर रही है। तो भाजपा केंद्र सरकार के योजनाओ का बखान कर मतदाताओं को अपने पक्ष में कर रहे है।

# जालबांधा के चेक पोस्ट का एसपी ने किया निरीक्षण

## आने जाने वाले वाहन चालकों का किया जा रहा चेकिंग

**खैरागढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही केसीजी जिले में लगे आदर्श आचार संहिता के दौरान 26 अक्टूबर को जिला केसीजी के एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा पुलिस चौकी जालबांधा क्षेत्र के अन्तर्गत शेरगढ़ तिराहा पर लगे अंतर जिला चेक पोस्ट (एसएसटी) व पुलिस चौंकी जालबांधा के द्वारा लगाए गए एम सीपी ड्यूटी में तैनात पुलिस बल का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा आने जाने वाले सभी माल वाहक व यात्री वाहनों तथा दुपहिया वाहनों को गंभीरता पूर्वक चेकिंग करने अवैध शराब की तस्करी व चुनाव को प्रभावित करने वाले अन्य सामग्रियों को गंभीरता पूर्वक चेकिंग करने तथा दुपहिया वाहन में तीन सवारी व यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो पर त्वरित कार्यवाही कर चेक नाका को दूरस्थ कर क्षेत्रों में व्यापक रूप से बढ़ाने के लिए एसपी ने अपने जालबांधा चौकी के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।



# भावना बोहरा का जनसंपर्क

**कवर्धा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान मैनें यह महसूस किया क्षेत्रवासियों को अपनी मूलभूत सुविधाओं आवश्यकताओं एवं समस्याओं के निराकरण के लिए ब्लॉक व जिला मुख्यालय जाने की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आपकी इस पीड़ा व समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए च्जनसेवा ही भावनाज्ज सेवा सुविधा केंद्र पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत पंडरिया, पांडातराई, इंदौरी, दुल्लापुर, कुंडा, कुकदुर एवं रणवीरपुर में स्थापित किये जाएंगे।



सेवा केंद्र आप सभी की मूलभूत से लेकर आवश्यक सेवाओं तथा आपके गाँव, गली, मोहल्ले एवं क्षेत्र में व्याप्त हर समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए समर्पित रहेगा, जिससे आपके जिला अथवा ब्लॉक मुख्यालय आने-जाने के समय की बचत होगी तथा आपको मानसिक व आर्थिक संबल मिलेगा।

# रमन राज में चिटफंड कंपनियों ने जनता को दिया आफत, कांग्रेस ने जनता को दिया राहत: गिरीश देवांगन

**राजनांदगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन आज शहर के वार्ड क्र 16, 17, 18, 19 में जनसंपर्क करते हुए कहा कि 15 वर्षीय रमन सरकार में चिटफट कंपनियों ने राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ की गरीब जनता की जमा पूंजी को अपनी कंपनियों में निवेश करा कर उसे लूटने एवं उस लूट में भाजपा सरकार उनके संरक्षक और भाजपा नेता ब्रांड एंबेसडर बनकर काम करते रहे जिसके कारण जनता भ्रम में आकर अपने पैसे कंपनियों में जमा करा दिए और समय अवधि पूर्ण होने के बाद भी जनता को उनकी जमा पूंजी नहीं मिली जिससे गरीब जनता के पैरों तले जमीन खिसक गई थी और वह बेबस और लाचार हो गए थे शिकायत करने के बाद भी भाजपा सरकार लुटेरे कंपनियों की संरक्षक बनाकर उन्हें संरक्षित करती रही वर्ष 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद आम जनता के डूबे पैसे को वापस दिलाने का काम भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ जिसके चलते राजनांदगांव विधानसभा व जिले सहित प्रदेश की जनता के 38 करोड़ से अधिक की राशि वापस करा कर जनता को राहत देने का काम कांग्रेस सरकार ने की है भाजपा अपना राजधर्म भूल कर सिर्फ कमीशन खोरी और लूट को संरक्षित करने वाली सरकार का पर्याप्त बन गई थी जिसके कारण छत्तीसगढ़ में अराजकता की स्थिति निर्मित थी और गरीब जनता असहाय बेबस लाचार थी लेकिन भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आने के बाद डूबे पैसे दिलाकर कंपनियों पर कार्यवाही भी की जिससे पैसे वापसी का रास्ता आसान हुआ



■ तुलसीपुर, ममतानगर में कांग्रेस प्रत्याशी को मिला रहा भारी जनसमर्थन

कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार सघन जनसंपर्क अभियान के तहत वार्डवासियों को प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं और क्षेत्र के चहूंमुखी विकास को लेकर कांग्रेस के पक्ष में जनसमर्थन मांगा। इस दौरान प्रमुख रूप से हफीज खान, मन्ना यादव, सुदेश देशमुख, कुतबुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, मेहुल मारू, मोती साहू, मोहम्मद यहया, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, संतोष पिल्ले, रूबी गरचा, अमित चंद्रवंशी, चंद्रभान बाजपेयी, अशोक फडनवीस, सैय्यद अफजल अली, सविता ठाकुर, नीति दामले, एजाजूर रहमान, चंद्रकला देवांगन, अमित खंडेलवाल, मुस्तफा जोया, राहुल गजभिए, संगीता साहू, पिन्टा खान, प्रतिमा बंजारे, रीना पटेल, केशव पटेल, डा.समीर द्विवेदी, खिलेश्वर पाल, सुरेन्द्र देवांगन, आशीष रामटेके, ललिता साहू, संदीप जायसवाल, अब्दुल कादिर, राहुल देवांगन, शैलेष रामटेके, सूरज शर्मा, महेन्द्र बहादुर सिंह, मोहम्मद रफी, ओमप्रकाश साहू सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# घोटालों की सरकार, बदलबो ए बार

■ गोबर में घोटाला, गौठान में खुर का निशान भी नहीं

■ 15 साल के विकास की पांच साल के विनाश से टक्कर



**राजनांदगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। डॉ रमन सिंह का तूफानी प्रचार जारी है। शनिवार को डॉ सिंह ने पुन: अपने निर्वाचन क्षेत्र के कई हिस्सों में सघन जनसंपर्क अभियान चला कर अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार कर लोगों से सीधा संवाद किया और मतदाताओं से प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने और फिर से भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि नरवा घुरवा बाड़ी, एखर से ज्यादा ये सरकार कुछ नही जाने संगवारी। श्री सिंह ने जनता को बताया कि कांग्रेस सरकार ने प्रत्येक गौठान के नाम 19 लाख रुपये खर्च किये, जबकि गौठानों में गाय तो दूर गाय के खुर का निशान तक नही है। इसके अलावा गोबर बेचने के नाम पर 300 करोड़ का गोबर घोटाला कर दिया गया। इसी तरह शराब, कोयला और सरकारी भर्ती में घोटाला किया गया। घोटालों वाली इस सरकार को बदलना है। कांग्रेस सरकार की नाकामियों को गिनाते हुए श्री सिंह ने कहा भूपेश बघेल की सरकार ने विकास कार्यों को ठप कर दिया है। पांच साल समय बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव 15 साल के विकास और 5 साल के विनाश के बीच है। बजरंगपुर नवागांव में सभा को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने अपनी सरकार के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए किए कार्यों को गिनाया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नांदगांव के विधायक प्रत्याशी के रूप में उनके बीच आये हैं। इस मौके पर श्री सिंह ने लोगों से अपने लिए समर्थन मांगा और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाने के लिए अपील की। वहीं स्वास्थ्य योजना, आवास योजना, बेटियों की शिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्य तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का बखान किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के साथ शहर के विकास के लिए किए गए कार्यों से मतदाताओं को अवगत कराया। बजरंगपुर नवागांव में महिलाओं ने अपने जननायक पर फूल बरसाए। इस मौके पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा, किशुन यदु, भावेश बैद , हर्ष रामटेके सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम जन मौजूद रहे।

### सरगुजा से बस्तर तक कमल ही कमल

डॉ रमन सिंह ने मतदाताओं को अपनी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ही प्रदेश के 65 लाख परिवार को खाद्यान्न योजना ले कर आयी। 16त्न ब्याज दर को 0त्न किया गया। प्रदेश भर में कारखानों से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक सभी विकास कार्य भाजपा सरकार की राज में हुए। लेकिन जब से भूपेश बघेल की सरकार आई है तब से प्रदेश के साथ नांदगांव में विकास कार्यों पर ग्रहण लग गया है। श्री सिंह ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में हुए विकास के काम भूपेश बघेल की तीन पीढ़ी भी नही कर सकती। यही वजह है कि 5 साल की कांग्रेस सरकार से छत्तीसगढ़ की जनता ऊब गई है और इस बार चुनाव में बस्तर से सरगुजा तक कमल ही कमल खिलने वाला है।

### पट्टा मांगो तो सट्टा मिला- मधु

इस मौके पर पूर्व सांसद और पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोग घरों का पट्टा मांग रहे हैं तो सरकार सट्टा सुन रही है। शहर सहित जिले भर में सट्टे का कारोबार फलफूल रहा है। गली गली शराब परोसी जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से डॉ रमन को भारी मतों से जिताने की अपील की।

# राजनांदगांव में राहुल गांधी भरेंगे हुंकार



■ चुनावी सभा को करेंगे संबोधित, कांग्रेसजनों में गजब का उत्साह

**राजनांदगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर दिनांक 29 अक्टूबर को स्थानीय स्टेट हाई स्कूल मैदान में कांग्रेस के स्टार प्रचारक लोकसभा सांसद, पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी जी की आमसभा आयोजित की जा रही है। जिसको लेकर स्थानीय स्तर पर कांग्रेसजनों भव्य तैयारी की जा रही है।

कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक लोकसभा सांसद व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी राजनांदगांव की पावन भूमि पर आगमन हो रहा है। राजनांदगांव, खैरागढ़, मोहला-मानपुर जिले में कांग्रेस के पक्ष में राहुल गांधी जी दोपहर 11 बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। वहीं राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा पांच वर्ष में किए गए लोकहितकारी योजनाओं का बखान करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी विशेष रूप से शामिल रहेंगे। राहुल गांधी जी के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। इस हेतु आमसभा में पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं के लिए स्थानीय स्तर पर वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल, वाईडनर मेमोरियल स्कूल व गुरूनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

# खुर्सीपार में डंप 34 नग सागौन गोला जब्त मामले में आरोपी पर कार्यवाही नहीं

**डोंगरगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहीद ग्राम बादराटोला के समीप ग्राम खुर्सीपार में वन विभाग की उड़न दस्ता टीम ने छापेमारी की है। जहां से महेन्द्र मरार के कोठार से 7 नग और नरेन्द्र घोड़ारे की कोठार से 27 नग कुल 34 नग सागौन का गोला जब्त किया गया है। उक्त गोला गांव के दोनो ग्रामीणों की बाड़ी कोठार में डंप थी। सागौन जब्त करने के बाद विभाग की टीम आगे की कार्रवाई कर रही है।

खुज्जी वन परिक्षेत्र अधिकारी माखनलाल बंजारे ने बताया है कि ग्राम खुर्सीपार निवासी सुरेन्द्र मोडघरे के नाम से वन विभाग की टीम ने तलाशी वारंट के आधर पर जांच की कार्यवाही करने पहुंचे थे परंतु घर में नही मिला वन विभाग की उड़ान दस्तक की टीम आसपास लगे बड़ी और कोठार को ढूंढने में दो ग्रामीणों के कोठार में साबुन की लकड़ी मिली जिन्हें जब तक कर वन विभाग की टीम ने खुद जीवन परिक्षेत्र डिपो कार्यालय में रखा गया है श्री बंजारे ने बताया है कि जब साबुन लकड़ी का पंचनामा तैयार कर प्रतिवेदन बनाकर डी एफ ओ कार्यालय राजनांदगांव में कार्रवाई हेतु पेश किया गया है विभागीय स्तर पर जांच की कार्रवाई शुरू हो गई है



■ कही वन विभाग की मिली भगत तो नहीं

पूर्व में खुज्जी वन परिक्षेत्र क्षेत्र के ग्राम आयबांधा में पिछले दिनों अवैध रूप से सागौन की कटाई हुई थी जो अब तक मामला ठंडा बस्ता में चला गया है बताया जा रहा है कि खुज्जी इलाके में लंबे समय से सागौन के पेड़ की कटाई हो रही है। जिसकी शिकायत कई बार सामने आ चुकी है। पूर्व में भी डोंगरगांव खुज्जी इलाके में बड़ी संख्या में सागौन के पेड़ों की कटाई हुई थी, जिसे विभागीय तौर पर वैध बताते हुए जांच धीमी कर दी गई। इसके बाद अब खुर्सीपार में सागौन गोला डंप होने का मामला सामने आया है। विभागीय साठगांठ की वजह से लगातार सागौन के पेड़ों की कटाई हो रही है। वन विभाग द्वारा जांच के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति करते हुए पूर्व में अपराध किए गए आरोपी को आखिर क्यों छोड़ा जा रहा है कहीं इस मामले में वन विभाग की मिली भगत तो नहीं है जो अपराधी पूर्व में सागौन और अन्य कीमती लकड़ी पकड़े में पकड़े गए थे जिनका नाम उजागर होने के बाद भी उनके ऊपर कारवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर छोड़ दिया गया है जो जांच का विषय है इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर करवाई की मांग की गई है।

# तुलसीपुर में कांग्रेस का झंडा लगाने से मना करने पर युवक की पिटाई, भाजपा ने कानून ववस्था पर उठाई उंगलियां

**राजनांदगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद संतोष पांडे ने कांग्रेस पर रक्त चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस ने लोकतंत्र में लहूतंत्र की शुरुआत कर दी है। संस्कारधानी कहे जाने वाले राजनांदगांव में यह अच्छी बात नहीं है। उन्होंने इसके कई उदाहरण दिए और बीती रात तुलसीपुर वार्ड में घटित हिंसक घटना को लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल और भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह की उपस्थिति में आज प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि बीती रात राजनांदगांव शहर के तुलसीपुर के रहने वाले आम नागरिक निखिल वैष्णव अपने घर लौट रहे होते हैं तो देखते हैं कि उनके घर पर कुछ लोग बिना अनुमति के कांग्रेस का झंडा लगा रहे थे, जिसके लिए निखिल ने उनसे पूछताछ की। लाठी डंडा लोहे की छड़ और धारदार हथियारों से लैस उन लोगों ने निखिल पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। उनकी हत्या का प्रयास किया गया। निखिल मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में भर्ती है। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि उन्होंने डॉक्टर से बात की है तो बताया गया कि उनकी नाक की हड्डी टूट गई है। दिमाग में चोट लगी है। बाद में उसे झटके भी आ सकते हैं। लकवा की भी शिकायत हो सकती है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की दूषित मानसिकता है। भाजपा की मांग है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर हवालात में डालना चाहिए।




आज घटनास्थल के आसपास लगे तमाम सीसीटीवी कैमरों को खंगालाजाना चाहिए निखिल आरोपियों की पहचान नहीं बात पा रहे हैं। बाहर के हैं तो भी पकड़े जा सकते हैं। कांग्रेस ने किन्हे उसे क्षेत्र में झंडा लगाने की प्रचार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी, उन्हें भी जांच के दायरे में लेना चाहिए। न्यायोचित कार्यवाही की जानी चाहिए। भूपेश बघेल के राज में अभी तक आरोपियों को नहीं पकड़ा गया। पुलिस कौन सी अदृश्य शक्ति के दबाव में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि सबकी जानकारी में है कि कुछ दिन पहले एसपी को हटाकर दूसरा एसपी लाया गया है। श्री पांडेय ने औंधी क्षेत्र के गांव सरखेड़ा की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जहां दुर्गा प्रतिमा को जला दी गई थी, जिसका बिरझू तारम ने विरोध किया था। बाद में कांग्रेस विधायक इंद्र शाह मंडावी की उपस्थिति में सरेआम कहा जाता है कि बीजेपी के जो भी नेता आते हैं, उनको मार, डालो काट डालो। भूपेश बघेल के राज में क्या साधुओं की ऐसे ही रक्षा हो रही है, जो कुछ दिन पहले बिरझू तारम की हत्या भी कर दी गई।

श्री पांडये ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। अब फिर शिकायत करने वाले हैं। प्रदेश का सुरक्षा तंत्र नाकाम हो तो सेंट्रल की निगाह रहती ही है। राजनांदगांव में विधानसभा आम चुनाव के चलते कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए बाहरी लोगों के भी बड़ी संख्या में आए होने की बात उन्होंने कही।

# पुलिस ने तेज रफ्तार गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ 3200 रुपए का चालान काटा

**डोंगरगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर की पुलिस टीम ने थाना कार्यालय के सामने चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की जांच कर रही है डोंगरगांव में पुलिस की टीम यातायात को सुचारू रूप से संचालन के लिए वाहन चालकों के खिलाफ मोटर साइकिल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है नगर के मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार और तीन सवारी वाले चालकों से पुलिस ने ?3200 तक के चालान काटा गया हैं थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया है कि नगर के मुख्य मार्ग में मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बिना हेलमेट व बिना कागजात के तेज रफ्तार एवं तीन सवारी वाले मोटरसाइकिल के खिलाफ चेक पोस्ट लगाकर वाहनों का चालान काटा गया है डोंगरगांव पुलिस ने 35 से 40 दो पहिया वाहनों के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई है नगर में कुछ वाहन चालकों में यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं जिसे समझाइए दिया जा रहा है तथा चालानी कार्रवाई आगे भी कार्रवाई जारी है।




# थाना सिटी कोतवाली राजनांदगॉव पुलिस की कार्यवाही

**राजनांदगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस चौकी पेण्ड्री शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव से सूचना प्राप्त हुई कि निखिल दास वैष्णव नामक व्यक्ति मारपीट से घायल होने पर ईलाज हेतु शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव लाया गया, कि सूचना पर तत्काल रात्रि में ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर आहत निखिल दास वैष्णव से पूछताछ करने पर रात्रि करीब 11.30 से 11:55 बजे के मध्य अज्ञात 4-5 व्यक्ति इसके घर के बाहर पार्टी विशेष का झण्डा लगा रहे थे, जिन्हे झण्डा लगाने से मना करने पर वाद विवाद कर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्के व डण्डा तथा धारदार वस्तु से मुझ पर वार कर चोट पहुंचना बताया। कि रिपोर्ट पर मौके पर देहाती नालसी लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 832/23 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि0 कायम कर विवचेना में लिया गया। घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर आरोपियों के पतासाजी हेतु तत्काल घटना स्थल के आसपास लगे सभी सी0सी0टी0व्ही0 फुटेज को चेक किया गया संदेह के आधार पर आज दिनांक 28.10.2023 को 04 व्यक्तियों 01. गणेश कुमार वैष्णव पिता स्व0 शंभूदास वैष्णव उम्र 23 वर्ष साकिन ग्राम खैरा पोस्ट कन्हारपुरी जिला राजनांदगांव 02. सुब्बु यादव उर्फ कामेश्वर यादव पिता दिलीप यादव उम्र 18 वर्ष साकिन गौरी नगर वार्ड नं. 14 राजनांदगांव 03. दिपेश सोनी पिता देवी लाल सोनी उम्र 21 वर्ष साकन गौरी नगर वार्डनं. 14 राजनांदगांव 04. एक नाबालिक विधि से संघर्षरत बालक को पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया जिन्हे पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली, उप निरीक्षक संजय बरेठ, प्र0आर0 संदीप चैहान, आरक्षक प्रख्यात जैन, अविनाश झा एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।



# डोंगरगढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी का ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क

**डोंगरगांव,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर का ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क चल रहा है। तमाम धार्मिक आयोजनों ,सामाजिक कार्यक्रमों से लेकर पार्टी और संगठन की बैठकों के माध्यम से एक एक मतदाताओं तक सीधा संपर्क कर भाजपा के कमल निशान पर वोट मांगते खांडेकर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक पहुंच रहें हैं। ग्रामीणों से सीधे जनसंपर्क कर भाजपा के विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाते हुए भाजपा प्रत्याशी का सतत जनसम्पर्क जारी है । डोंगरगढ़ विधानसभा के गांव सिरसाहि, विचारपुर,धौरा भाठा, बुन्देलीकला,गातापार ,पचपेड़ी, डोमहा टोला, सिंगपुर, दीवानचारभाठा,कांकेतरा,तिलईभाठ ,डुमरडीहकला ,ठेलकाडीह में बीते दिनों सघन जनसम्पर्क किया गया । इन गांवों में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित सभा को सम्बोधित कर खांडेकर ने प्रदेश की भ्रष्ट सरकार पर हमला बोल कर उखाड़ फेंकने का मतदाताओं को संकल्प दिलाया। लगभग सभी गांव में उपस्थित ग्रामीणों की बड़ी संख्या से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपने लिये वोट मांगा । घुमका समेत इन गांवों में भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाजपा की पन्द्रह साल की उपलब्धियो को बताकर विनोद खांडेकर को जिताने का आग्रह किया। क्षेत्र के इन गांवों में भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर को ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस कड़ी में लगातार दूसरे दिन मोंहदी से जनसंपर्क और सभाओं के माध्यम से प्रचार शुरू कर बिजेतला ,इरई कला ,इरई खुर्द, चारभाठा, पटेवा, घुमका, बरबसपुर, हरडुवा, कलडबरी, डूमरडीहखुर्द, खैरझिटी, तिलई, पदुमतरा चवेली गांव में आयोजित सभा को सम्बोधित कर भाजपा के पन्द्रह साल की विकास यात्रा और केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को मतदाताओं को समझाते हुए डोंगरगढ़ विधानसभा के चौतरफा विकास और प्रदेश को सुरक्षित हाथों में देने विनोद खांडेकर को भारी बहुमत से विजयी बनाकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने पूरे चुनाव प्रचार की कमान संभाल लिया है चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं के आग्रह पर विनोद खांडेकर समेत तमाम नेताओं ने पटेवा में एक कार्यकर्ता के यहां भोजन ग्रहण किया और इराई कला में युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित साहू के साथ ट्रेक्टर में घूमकर किसानों के साथ जनसंपर्क किया।



जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर ने कहा कि पिछले पांच साल डोंगरगढ़ व् प्रदेश की जनता ने केवल कांग्रेस का अत्याचार सहा है लेकिन इस बार जनता से मिल रहे प्रेम और स्नेह ने यह साबित कर दिया है कि आने वाली तीन दिसंबर को इस आततायी कांग्रेस का खात्मा हो जाएगा और डोंगरगढ़ सहित प्रदेश भर में हम प्रचंड बहुमत से कमल खिलाएंगे ।

उल्टा पुल्टा

पप्पू मंदिर के बाहर टहल रहा था !
**भिखारी**- बेटा तेरी जोड़ी सलामत रहे !!
**पप्पू**- अंकल मैं तो सिंगल हूँ !
**भिखारी**- मैं जूतों की जोड़ी की बात कर रहा हूँ बेटा !!

# 20 लाख के गांजा के साथ 4 गिरफ्तार



**महासमुंद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने जिलें के समस्त थाना-चैकी प्रभारियों को अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा तस्करी की रोकथाम हेतु हाईवे पर गस्त पेट्रोलिंग कर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था। जिसके तहत थाना प्रभारीगण में अपने.अपने क्षेत्रों में मुखबिरो को सक्रिय कर संदिग्धो वाहनो व गांजा तस्करो पर निगाह रखी जा रही है। थाना सिंघोडा की टीम को 27 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिला की ओड़िसा से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा का खेप सिंघोड़ा के रास्ते महाराष्ट्र ले जाने वाले है। मुखबीर सूचना पर थाना सिंघोड़ा की टीम त्वरित रूप से नेशनल हाईवे 53 पर नाकेबंदी के संदिग्ध वाहन की इंतजार कर रही थी कि ओड़िसा की ओर से एक सफेद रंग का टोयटा इनोवा कार क्रमांक एमएच 12 सीवाय 4778 आते देखा गया। जिसे ग्राम रेहटीखोल में रोका गया वाहन में चार व्यक्ति सवार थे। उन्हे इनोवा कार से उतार कर पूछताछ किया तो अपना नाम एक ने अमीन अकबर शेख पिता अकबर शेख 22 वर्ष साकिन कैकाड गली भिंगार नगर अहमद नगर थाना भिंगार कैंप जिला अहमद नगर ;महाराष्ट्र, दूसरे ने कामरान आरिफशेख पिता आरिफशेख 20 वर्ष साकिन सदरबाजार भिंगार अहमदनगर थाना भिंगार कैम्प जिला अहमद नगर ;महाराष्ट्र, तीसरे मो कैफपिता मो साहब शेख 20 वर्ष साकिन कैकाड गली भिंगार नगर अहमद नगर थाना भिंगार कैंप जिला अहमद नगर ;महाराष्ट्र, चौथे शाहरूख आलम शेख पिता आलम शेख उम्र 30 साल साकिन पानम लकणमला नागर देवले थाना भिंगार कैंप जिला अहमद नगर ;महाराष्ट्र होना बतायें। वाहन की तलाशी लेकर डिक्की चेक किया तो पिछे डिक्की मे 40 नग खाकी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा मिलना। जिसके संबंध में पूछताछ कर मादक पदार्थ गांजा परिवहन करने के वैधानिक दस्तावेज मांग जो किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर आरोपियों के कब्जे से 01. 02 नग प्लास्टिक ग प्लास्टिक बोरीयों मे भरा हुआ 20.20 किलोग्राम मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल मिला। गांजा कीं कीमती 20 लाख रुपए बताई गई है। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पु सरायपाली अभिषेक केशरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी सिंघोड़ा निरीक्षक उमेश कुमार वर्मा एवं स्टाफ द्वारा की गई।

# उपधान तप आराधकों का हुआ बहुमान



**नयापारा राजिम,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शास्वत तीर्थ पालीताणा की धर्मधरा पर श्वेताम्बर जैन खरतरगच्छ परम्परा के एक हजार वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ श्रृंगार खरतरगच्छाचार्य जिनपीयूषसागर सूरिजी म0सा0 एवं शताधिक साधु साध्वियों की पावन निश्रा में उपधान तप, की मंगलकारी आराधना आनंद पूर्वक संपन्न हुई। उपधान तप यानि एक निश्चित समय के लिए श्रमण जीवन यापन करना। इसी आयोजन में नगर श्वेताम्बर जैन समाज की सुश्राविका श्रीमती ललिता संजय दुग्गड़ ने इक्यावन दिवसीय प्रथम उपधान तप, श्रीमती चन्द्रकला ज्ञानचन्द्र बंगानी ने 28 दिवसीय तृतीय उपधान तप एवं अंकित धरमचन्द बाफना ने 28 दिवसीय तृतीय उपधान तप की आराधना पालीताणातीर्थ में गुरूभगवंतो की पावन सानिध्यता में संपन्न की। तप आराधको के वापस गृह नगर आगमन पर स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संघ के वरिष्ठ श्रावक श्राविकाओं ने सभी तपाराधको का तिलक माला एवं श्रीफल प्रदान कर स्वागत किया गया। संघ के ट्रस्टीगणों शिखरचंद बाफना राजकुमार बोथरा अभिषेक दुग्गड़ आदि ने भी माल्यार्पण एवं सम्मान पत्र प्रदान कर तपाराधकों का सम्मान किया। इसके पूर्व नगर आगमन के पश्चात सभी तपाराधकों ने संघ सदस्यों के साथ ऋषभदेव जिनालय एवं दादाबाड़ी में विधीवत पूजा अर्चना की। स्वागत समारोह में संघ के ऋषभचन्द, संतोष बोथरा, लालचंद बंगानी, शांति झाबक, हेमराज राजेन्द्र पारख, विजय बाफना, पदम पारख, अभिनव भंडारी, मोतीलाल संपत दुग्गड़ सहित ट्रस्टीगण एवं काफी संख्या में श्राविकाएं भी उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक दुग्गड़ ने किया।

# विधायक कार्यालय संगवारी में हुआ वरिष्ठ नेता रतिराम साहू का सम्मान



**नवापारा-राजिम,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक कार्यालय संगवारी में शनिवार को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी शशिभूषण गौतम पहुंचे। यहां उन्होने वरिष्ठ नेता रतिराम साहू का सम्मान कांग्रेस गमछा पहनाकर किया। इस अवसर पर श्री साहू ने उपस्थित कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए विधायक, कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू को विजयश्री दिलाने के लिए सब मिलजुलकर जुट जाएं। इस अवसर पर विधायक कार्यालय संगवारी में पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, विधायक प्रतिनिधि चंद्रहास साहू, सभापति संध्या राव, एल्डरमैन सचिव जिला कांग्रेस रामा यादव, एल्डरमैन मेघनाथ साहू, पार्षद हेमन्त साहनी, मंगराज सोनकर, अजय साहू, निर्माण यादव, राजा चावला, अर्जुन साहू, फगु देवांगन, विजय तारक, टिकेश गिलहरे, अजय गाड़ा, राजा यादव, अभिनव यदु, अभिजीत श्रीवास, बल्लू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रोड नहीं तो वोट नहीं, हमारा उम्मीदवार नोटा

- **उक्त श्लोगन बेनर लगा है विधायक निवास गली में**
- **कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश ने किया जनसम्पर्क**




**बलौदाबाजार,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वार्ड वासियों द्वारा अपने विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं को लेकर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को अवगत कराने लग गये हैं। नगर में कहीं कोई बिजली, पानी, सफाई एवं रोड की समस्याओं को लेकर अवगत करा रहे है। वहीं विकास व निर्माण कार्यों की भी बातें कह रहे है। इसी कडी में बलौदाबाजार के वर्तमान विधायक प्रमोद शर्मा निवास गली के प्रवेश द्वार में ''रोड नही तो वोट नही हमारा उम्मीदवार नोटा'' लिखा हुआ बेनर वैष्णव कॉलोनी निवासियों ने लगाकर अपना विरोध जताया है। जिसका नजारा आज कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कार्यकर्ताओं द्वारा निकाला गया जन सम्पर्क चुनाव रैली में देखने को मिला। इस जन सम्पर्क रैली में स्वयं कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, वर्तमान विधायक प्रमोद शर्मा चुनाव प्रचार के दौरान शामिल थें। उक्त श्लोगन लिखा हुआ बेनर देखकर व पढकर कार्यकर्ताओं के अलावा उपस्थित लोगों में अनेको प्रकार की चर्चाएं व्याप्त रही। ज्ञात हो कि उक्त बेनर लगा हुआ है वर्तमान विधायक प्रमोद शर्मा के निवास रोड वैष्णव कॉलोनी के प्रमुख द्वार पर।

बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी आज नगर के सिविल लाईन षष्ठी मंदिर रोड, वैष्णव कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, नया बस स्टैण्ड होते हुए नगर में व्यापक जन सम्पर्क किया। जिनके साथ कांग्रेस में शामिल हुए विधायक प्रमोद शर्मा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल थें। इस जन सम्पर्क के दौरान श्री त्रिवेदी ने मतदाताओं से रूबरू होते हुए अपने पक्ष में आशीर्वाद मांगा।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली सहित 10 मुद्दों पर चुनाव लड़कर छत्तीसगढ़ में बनाएंगे सरकार : लेखराम साहू



**आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने ली पत्रकार वार्ता**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज आम आदमी पार्टी से कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी लेखराम साहू द्वारा स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता लेकर कहा कि शिक्षा शिक्षा स्वास्थ्य और बिजली सहित 10 मुद्दों पर चुनाव लड़कर छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएंगे।

श्री साहू ने कहा कि विगत कई वर्षों से कसडोल क्षेत्र के बलार बांध को समोदा डायवर्शन से या फिर किसी भी नदियों से जोड़ते हुए पानी की आपूर्ति किये जाने से स्थानीय हजारों एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई की सुविधा हो जिसकी मांग हमेशा से लोगों द्वारा किया जा रहा है ताकि क्षेत्र को एक फसली से दो फसली क्षेत्र के रूप में परिवर्तित किया जा सके। वहीं समोदा डायवर्शन से निकले नहर जिसे पलारी क्षेत्र से गुजरने वाले एल बी सी नहर एवं बी बी सी नहर में जोड़ा जाना था जो पूर्व में निर्माणाधीन था, किन्तु वर्तमान समय में कार्य लंबित होने के कारण करोड़ों रुपये से निर्माणाधीन नहर धसने से या फिर देखरेख के अभाव में पटकर एक नाली में तब्दील हो चुका है और वर्तमान में खंड वर्षा के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं होने से क्षेत्र के किसान काफी चिंतित है। जिसे हमारी सरकार आने पर उस कार्य को पूरा कराकर किसानों की समस्या का समाधान किया जायेगा। आगे लेखराम साहू ने कहा कि जहाँ बात स्थानीय मुद्दों की है तो वर्तमान में जहां शिक्षा के क्षेत्र में जो असमानता है जैसे भाजपा शासन काल में डी ए वी स्कूल खोले गए और कांग्रेस सरकार द्वारा अलग से विद्यालय चलाया जा रहा है इस प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में समानता नहीं है जिसकी हम शिक्षा के समानता के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

भाजपा और कांग्रेस हमारे लिए नहीं है चुनौती-छत्तीसगढ़ में 15 साल से सत्ता में रहे भाजपा और वर्तमान सत्ताधारी कांग्रेस का आप पार्टी के सामने चुनौती के संबंध में कसडोल विधानसभा से आप प्रत्याशी लेखराम साहू ने कहा कि हमारे लिए भाजपा या कांग्रेस हमारे लिए कोई बहुत बड़ी चुनौती नहीं है। देखा जाए तो जहां कसडोल विधानसभा में कांग्रेस ने पैराशूट प्रत्याशी उतारा है जिसका स्वयं कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता ही विरोध कर रहे हैं। वहीं भाजपा ने जिसे प्रत्याशी घोषित किया है। वह कांग्रेस पार्टी से संपर्क में रहे है और अचानक उन्हे भाजपा के प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जिसे स्थानीय कार्यकर्ता पहचानते नहीं है। इस तरह से ये दोनों पार्टियां हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है।

10 विभिन्न मुद्दों पर हम लड़ रहे हैं चुनाव-छत्तीसगढ़ में आम आदमी की सरकार बनने पर सभी छत्तीसगढ़ वासियों को दिल्ली और पंजाब प्रदेश में दी जा रही सुविधाओं के अनुरूप एक रुपये से लेकर पचास लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सीय सुविधा का लाभ दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के समस्त बेरोजगारों को शासकीय सेवा मिलने तक तीन हजार की बेरोजगारी भत्ता दी जाएगी। प्रत्येक 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को महिला सम्मान योजना के तहत प्रत्येक माह एक हजार की आर्थिक सहायता दी जायेगी छत्तीसगढ़ में भी सरकार बनने पर समस्त माता बहनों के लिए यात्रा हेतु नि: बस सुविधा दिया जाएगा। औद्योगिक संस्थाओं को छोड़कर सभी घरेलू बिजली नि: शुल्क प्रदान किया जायेगा।

इस प्रकार अन्य प्रदेशों में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की तरह सभी योजनाओं को छत्तीसगढ़ में भी लागू किया जायेगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने रैली, स्वीप रंगोली नववधु का सम्मान कर किया मतदाताओं को जागरूक



**धमतरी,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के तहत मतदान का दिन जैसे जैसे नजदीक आते जा रहा है, वैसे वैसे जिले में मतादाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने गतिविधियां भी लगातार हो रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र सांकरा, बाजार कुर्रीडीह, कांटा कुर्रीडीह, खिसोरा, बेलरगांव, बिरगुड़ी, कुम्हड़ा की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ द्वारा गांवों, कस्बों, मोहल्लों में रैली निकालकर, गरबा कार्यक्रम, स्वीप रंगोली, नारा और स्लोगन के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर नववधु मतदाताओ का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में गांवों के गणमान्य नागरिक, किसान, खेतिहर मजदूर, आंगनबाड़ी में आनेवाली गर्भवती, शिशुवती महिलाएं सहित बच्चो के पालक उपस्थित थे।

# बगावती तेवर से अधिकृत प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ी



**विनोद चंद्राकर ने खरीदा नामांकन फार्म, राशि का शोर**

**महासमुंद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नामांकन दाखिले के अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है, इसके बाद स्कूटनी, नाम वापसी और चुनाव चिन्ह वितरण के बाद प्रत्याशियों की सही स्थिति 2 नवंबर की देर शाम स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन इस बीच टिकट से वंचित दावेदारों के तेवर से अधिकृत प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ी हुई है। हालाकि डेमेज कंट्रोल के लिए प्रयास भी शुरू हो गए है। नगर में सुबह से ही इस बात की चर्चा हो रही थी कि कांग्रेस में कुछ भी हो सकता है। धीरे-धीरे विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के निवास में समर्थकों की भीड़ जुटने लगी और देखते-देखते काफी संख्या में युवा पहुंच गए। जब रायपुर से विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर का आगमन हुआ तो बिठोबा टाकीज चौक के पास से पैदल निवास ले जाया गया जहां उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो भी है वह कार्यकर्ताओं के सहयोग से इस मुकाम पर पहुंचे है। जिसके लिए वे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी को कांग्रेस के लिए काम करना है, परिवर्तन प्रकृति का नियम है, कल मैं था आज रश्मि है, कल कोई और हो सकता है। प्रदेश में सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनाना है। इसलिए सभी कार्यकर्ता कांग्रेस को जीताने कें लिए कार्य करें।

दरअसल शुक्रवार को विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कांग्रेस की ओर से नामांकन फार्म खरीदा था जिसको लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थी और इसी बीच किसी चैनल में महासमुंद समेत पांच विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बदले जाने की खबर चल रही थी। कांग्रेस-भाजपा के दावेदारों को टिकट नही मिलने से बगावती तेवर ने अधिकृत प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ा दी है। जिले के महासमुंद, सरायपाली और खल्लारी में बगावती सुर सुनाई पड़ा है भाजपा की पहली सूची में खल्लारी से अलका चंद्राकर और सरायपाली से सरला कोसरिया के नामों की घोषणा के बाद सरायाली के भाजपा नेता शंकर तांडी ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। वहीं सरायपाली से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चातुरी नंद की घोषणा के बाद वर्तमान विधायक किस्मतलाल नंद ने जोगी कांग्रेस ज्वाईन कर ली और उन्हें जोगी कांग्रेस ने सरायपाली से अधिकृत प्रत्याशी भी घोषित कर दिया। महासमुंद की बात करें तो नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग कांग्रेस से प्रबल दावेदार थी। ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर➢

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पलारी/बलौदाबाजार,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में प्राचार्य के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को मतदान के संबंध में तथा मताधिकार के प्रयोग के संबंध में जानकारी प्रदान किया और कहा कि संविधान ने हमे 18 वर्ष पूर्ण करने की आयु पर अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार दिया है। इसका उचित उपयोग करने व लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

इसी तारतम्य में छात्र छात्राएं अपने-अपने गांव में जाकर भी लोगों को मतदान के बारें जागरूक किया गया। तथा महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी बिरेन्द्र कुमार, अतिथि व्याख्याता डॉ.श्रीमती कंचन गिलहरे, दुजराम पटेल, डेविड सिंह ध्रुव, रूपलाल देवांगन, असमन कुमार बांसरे, देवनरेश घसिया तथा रा.से.यो. स्वयं दीपक वर्मा सेवक टीकेश्वर, अजय बंजारे, उर्वशी, दीपिका, सीमा, सुरेन्द्र, आरती, योगेश, देविका, नवीन घृतलहरे, कौशिल्या, पुनेश्वर, माधुरी, जान्हवी, चितरेखा, यामनी, लकेश्वरी एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहें है।

# प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सह संयोजक बने चंद्रशेखर साहू



**नवापारा राजिम,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में चुनाव प्रबंधन के लिए एक तीन सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है। जिसमें पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू को सह संयोजक बनाये गये है। इस अवसर पर अभनपुर, नवापारा, खोरपा, चंपारण तामासिवनी, भाजपा मंडल सहित उमेश यादव, किशोर देवांगन, रेशम सिंह हुंदल, नागेंद्र वर्मा, वरिष्ठ पार्षद प्रशन्न शर्मा, बाबी चावला, चुम्मन कडरा, मयाराम साहू, रवि साहू, ओमकुमारी साहू, पूर्व पार्षद बल्लू सोनी, छन्नू साहू, संजय साहू, अशोक नागवानी, चंद्रिका साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, दिनेश यादव, डॉ फूलजी साहू, डॉ रमेश सोसायटी, डॉ.अब्दुल रशीद, मुस्ताक सुलडा, सुधीर रजक सहित अनेको कार्यकर्ताओं ने श्री साहू को बधाई देते हुए प्रदेश पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

# जिला जेल धमतरी में 200 बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**धमतरी,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य अमला द्वारा जिला जेल धमतरी में 27 और 28 अक्टूबर को दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जेल में निरुद्ध 200 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सहायक जेल अधीक्षक ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मण्डल के निर्देशानुसार पैथोलॉजिस्ट डॉ आदित्य सिन्हा सहित मेडिकल टेक्नीशियन, आई सी टी सी काउंसलर ने बंदियों का एस टी आई, एच आई वी, टी बी और हेपेटाइटिस की स्क्रिनिग जांच उपचार किया। इस मौके पर जेल के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक निलंबित

**महासमुंद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन वर्ष 2023 अंतर्गत हेमंत प्रधान शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला सूखीपाली, विकासखण्ड . पिथौरा को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निलंबित कर दिया है। श्री प्रधान की ड्यूटी मतदान दल में मतदान दल अधिकारी क्रमांक.1 के रूप में लगाई गई है। हेमंत प्रधान, शिक्षक द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रभावी आदर्श आचरण संहिता के दौरान ग्राम रामपुर में भाजपा प्रत्याशी सम्पत अग्रवाल के चुनावी कार्यक्रम में गत 25 अक्टूबर 2023 को मंच संचालन किये जाने की पुष्टि हुई है। हेमंत प्रधान का उक्त कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 129 तथा छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 का स्पष्ट उल्लंघन है जो छग्गण् सिविल सेवा ;वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। जारी आदेश में हेमंत प्रधान, शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, सूखीपाली को छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में हेमंत प्रधान का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, पिथौरा निर्धारित किया जाता है।

# अब 5300 से 5500 रुपए क्विंटल, लाई में, आई गर्मी




**भाटापारा,** 28 अक्टूबर। कीमत तेज जरूर है, लेकिन बिक्री का नया कीर्तिमान बना सकती है लाई। होलसेल डिमांड अंतिम चरण में, तो रिटेल की मांग, अगले सप्ताह तक पूरा होने की संभावना है। बाद के दिनों में उपभोक्ताओं तक पहुंच आसान की जा सकेगी।

दीपोत्सव के लिए लाई उत्पादन करने वाली इकाइयों में काम अंतिम चरण में पहुंचता नजर आ रहा है। होलसेल काउंटरों तक पहुंच के बाद, अब बारी है रिटेल काउंटर की, जिसकी खरीदी निकलने लगी है। पहली बार ईकाइयां स्वीकार कर रहीं हैं कि तैयार उत्पादन की कीमत ज्यादा है। साथ में यह भी कह रहीं हैं कि बाजार बीते साल की तुलना में ज्यादा अच्छा है।

**इसलिए तेज**

लाई बनाने के लिए आमतौर पर सफरी धान की जरूरत होती है लेकिन मांग के अनुरूप उपलब्धता नहीं है। इसलिए महामाया धान से लाई बनाई जा रही है। जिसकी कीमत इस समय 2300 से 2350 रुपए क्विंटल पर बोली जा रही है। भरपूर उपलब्धता के बावजूद, खरीदी दर ऊंची होने की वजह से लाई में गर्मी है। इसके बावजूद बेहतर है, लाई में मांग।

**होलसेल अंतिम चरण में**

होलसेल काउंटरों की डिमांड अंतिम चरण में है। अब बारी है रिटेल की। जिसकी खरीदी दीपोत्सव के एक सप्ताह पहले तक चलने की संभावना है। बाद के दिन खुले बाजार के होंगे। जहां से उपभोक्ताओं की खरीदी हो सकेगी। जैसे संकेत मिल रहे हैं, उसके अनुसार इस वर्ष लाई में ग्रामीण क्षेत्र की मांग लगभग दोगुनी होने की संभावना है।

**ऐसे हैं भाव**

5300 से 5500 रुपए क्विंटल। थोक में इस भाव पर हो रही खरीदी के बाद खुदरा बाजार, लाई की बिक्री 60 से 70 रुपए किलो की दर पर कर रहा है। आउटर एरिया और ग्रामीण क्षेत्रों में 80 से 100 रुपए किलो की दर पर उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है। इसके बावजूद हल्की तेजी के संकेत हैं।

# आरंग में भाजपा को झटका, सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश



**आरंग,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग में टिकट चयन के बाद से भाजपा को एक के बाद झटके मिल रहे है।पहले प्रत्याशी चयन को लेकर कार्यकर्ताओ में भारी नाराजगी के बाद अब भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी द्वारा उपेक्षा का शिकार हो रहे है।शायद यही कारण है कि भाजपा के कार्यकर्ता अब आरंग विधानसभा क्षेत्र में पिछले 05 सालों में मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया द्वारा किये गए विकासकार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे है।इसी कड़ी में आरंग विधानसभा क्षेत्र के 10 गांवों से भाजपा के सैकड़ो युवाओं ने जनपद सदस्य संजय चेलक,ग्राम पंचायत बाना के पूर्व सरपंच चम्मन साहू,संजय साहू,अजय सोनवानी के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थाम लिया है।ये सभी युवा भाजपा में हुए टिकट वितरण,भाजपा में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण पार्टी से नाराज चल रहे थे।कांग्रेस में शामिल होने के बाद इन युवाओं ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने हर कार्यकर्ताओ का ध्यान रखती है।डॉ.डहरिया ने क्षेत्र में विकास के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के हर छोटे-बड़े कार्यकर्ताओ के सुख-दुख में साथ दिया है।कार्यकर्ताओ के लिए समर्पित रहने वाले पार्टी में शामिल होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने वाले युवाओं में आरंग क्षेत्र के बाना, बनरसी, कोसरंगी, चकवे, बोहारडीह, परसाडीह, करमंदी, परसकोल, बड़गांव, गुमा के है।

# प्रेस क्लब का राजीव तिवारी अध्यक्ष व पुरोहित सचिव मनोनीत



**भाटापारा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रेस क्लब संरक्षक संजीव तिवारी के मार्ग दर्शन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया प्रेस क्लब सदस्यों ने एक राय में वरिष्ठ पत्रकार राजीव तिवारी को अध्यक्ष व श्याम सुन्दर पुरोहित को सचिव मनोनीत किया उक्त अवसर पर सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारी को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी ।जिसमे मुख्य रुप संजीव तिवारी , सत्यनारायण पटेल ,राजेश शर्मा ,मनिंदर सिंह गुम्बर ,विनोद शर्मा , राजकुमार मल ,शंकर लाल सोनी ,आशीष जायसवाल,विरेन्द्र उपाध्याय, आयशा खान,ललित तिवारी, शत्रुघ्न साहू, हारुन रजा,समीम खान,सोनवानी आदि उपस्थित रहे ।

# साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक



**उड़ीसा के राज्यपाल महामहिम रघुवर दास का होगा सामाजिक सम्मान समारोह**

**नवापारा राजिम,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। समिति के बैठक में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष एन टी राठौड़ समस्त गुजराती मोढ मोदी समाज के महामंत्री हसमुख भाई मोदी एवं मंत्री सुनील भाई सुपारी वाला अहमदाबाद गुजरात छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष द्वय भुनेश्वर साहू मालक राम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे समिति के बैठक में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ के माटी के लाल श्री रघुवर दास जी को भारत सरकार के द्वारा उड़ीसा प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त किया गए हैं जिस देश भर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य के साहू समाज के लोग भी गौरांवित हैं महामहिम राज्यपाल का धर्मनगरी राजिम में सामाजिक सम्मान समारोह एवं माह जनवरी 2024 में युवक युवती परिचय सम्मेलन कराए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राठौड़ ने कहा कि पूरे देश भर में सामाजिक संगठन है और संगठन के माध्यम से समाज के विकास एवं उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है सभी सामाजिक संगठनों का निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने का उद्देश्य होना चाहिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवा एवं नि:शुल्क शिक्षा का प्रबंध भी समाज के द्वारा किया जाना चाहिए गरीब तबके के लोगों को आगे एवं ऊपर उठने के लिए आर्थिक सहयोग करना होगा अर्थात निस्वार्थ सेवा भाव से ही समाज आगे बढेगा बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष लाला साहू संरक्षक डॉ महेंद्र साहू रूपेंद्र साहू बालाराम साहू उपाध्यक्ष उमा साहू नूतन साहू डॉ राधेश्याम साहू बोधन साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव मिंजून साहू लोकनाथ साहू श्याम साहू महामंत्री रामकुमार साहू सोहन साहू संगठन मंत्री मिश्रीलाल साहू गोपाल साहू खोमन साहू अमृत साहू छवि साहू सहसचिव ठाकुर राम साहू तरुण साहू सागर साहू युवा प्रकोष्ठ के किशन साहू महिला प्रकोष्ठ के सुनीति साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश साहू उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू पूर्व अध्यक्ष नंदू साहू विशेष रूप से उपस्थित थे एवं बैठक का संचालन महासचिव मिंजुन साहू ने किया.

# पारागांव में ट्रक की चपेट में आने से मृत वीडियो ग्राफ़र के परिजन को मिली आर्थिक सहायता



**अरंग,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत 20 अक्टूबर को अस्थायी चेक पोस्ट(स्थैतिक निगरानी दल) पारागांव में अनियंत्रित ट्रक के द्वारा निर्वाचन ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल होकर मृत धनंजय धीवर निजी वीडियोग्राफर की घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी एवम् कलेक्टर रायपुर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने निर्वाचन नियम प्रावधान के अंतर्गत 15 लाख रुपए की एक्सग्रेशिया राशि स्वीकृति की अनुशंसा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से की थी। जिस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तत्काल संज्ञान में लेकर 15 लाख रुपये की स्वीकृति दे दी है।जिसे रिटर्निंग ऑफिसर डॉक्टर अतुल विश्वकर्मा ने चेक के माध्यम से मृतक के पिता इंद्रकुमार धीवर को प्रदान करते हुए उन्हें एवम परिवार को शोक सांत्वना प्रकट की।आपको बता दे कि नेशनल हाईवे 53 पर ग्राम पारागांव में अनियंत्रित ट्रक क्रमांक ष्त्र06 त्नक्क 5155 के द्वारा चेक पोस्ट नाकाबंदी पॉइंट में स्थापित टेंट एवं स्टॉपर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया गया था जिसमें गंभीर रूप से घायल वीडियोग्राफर धनंजय धीवर को तत्काल आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित किया,जबकि प्रधान आरक्षक को भी चोटे आई थी। घटनास्थल का आईज़ी, कलेक्टर और एसपी ने स्वयं दौरा किया था और अस्पताल पहुँच कर परिजनों को ढाढ़स बँधाया था।

# मतदान कर्मचारियों का शांति पूर्ण मतदान के लिए प्रशिक्षण



**सरायपाली** 28 अक्टूबर( देशबंधु)कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन, रिटर्निंग ऑफिसर ओंकारेश्वर सिंह ,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनोज खंडे, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू ,अति.तहसीलदार जुगल किशोर पटेल ,नायब तहसीलदार राम लखन चौहान के मार्गदर्शन और मतदान दल प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी बीईओ प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक नोडल अधिकारी बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल के नेतृत्व में आईईएमबीएच उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटेला में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। विकासखण्ड सरायपाली में प्रथम चरण 17 अक्टूबर 2023 को पीठासीनअधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय चरण में संगवारी मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त महिला पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारीयों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार तृतीय चरण में मतदान अधिकारी क्रमांक 2 अधिकारी क्रमांक 3 को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि मतदान दल में निर्वाचन कार्य संपन्न कराने नियुक्त पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर, स्वतंत्र निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान पूर्वक सुनकर अमल में लाएं। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दिया। ईवीएम ,वीवीपैट और बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित करके देखने को कहा। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को कहा कि मतदान करने में होने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में अच्छे से जानकारी देते हुए समस्या का समाधान करें। कलेक्टर ने कहा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों को संगवारी मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए संगवारी मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। संगवारी मतदान केंद्र पर सुरक्षा से लेकर मतदान करने तक की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई है। इसका उद्देश्य महिला को वोट देने ,मतदान केंद्र तक ले आने की एक अच्छी पहल है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो सके। सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में उत्साह पूर्वक भाग लेने को कहा।



## सीएम से मुलाकात

**महासमुंद,** 28 अक्टूबर (देशबंधु)। प्रदेश कांग्रेस परिवार के मुखिया भूपेश बघेल ने महासमुंद कांग्रेस परिवार की कार्यकर्ता और महासमुंद नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग को बुलाकर महासमुंद के विकास का आश्वासन और आशीर्वाद दिया है। महिलांग परिवार के मुखिया त्रिभुवन महिलांग के महासमुंद विधानसभा के साथ.साथ जिले में उनके प्रभाव को देखते हुए सभी चारों विधानसभा सीट में जीत की जिम्मेदारी सौपी है।

# अहंकार रूपी रावण का किया गया वध, रामलीला का हुआ मंचन



**खरोरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजयदशमी का पर्व असत्य पर सत्य की विजय और बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक का पर्व है । इस पर्व पर अहंकार और घमंड के प प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया ।

विजयादशमी के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी क्रिकेट स्टार ग्रुप एवं प्रयास युवा मंच के तत्वावधान में खरोरा नगर में विशाल दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण 61 फीट का विशालकाय रावण और कटक (उड़ीसा) से आये जबदस्त आतिशबाजी रही। आदर्श श्री राम लीला मंडली धौराभाठा से आये मंडली वालो की सुमधुर संगीत, मुख्य पात्रों सहित सभी पात्रों का अभिनय और प्रस्तुति अत्यंत ही मनमोहक रहा। लगभग 20 हजार से भी अधिक की संख्या में खरोरा नगरवासियों सहित क्षेत्रवासियों ने इस कार्यक्रम की भव्यता का आनन्द लिये।*

सर्वप्रथम समिति के ही ऊर्जावानके मनमोहक पात्र में तत्पश्चात क्रिकेट स्टार ग्रुप के अध्यक्ष राजा भाटिया लंकापति रावण की भयावह पात्र में पूरे नगर वासियों को बग्गी रूपी रथ में सवार होकर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति प्रदान करने हेतु आमंत्रित करते हुए पूरे खरोरा नगर का भ्रमण किये। रामलीला मंचन कार्यक्रम सर्वप्रथम समिति के वरिष्ठ सदस्यों सहित भगवान श्री राम चन्द्र जी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ।

मिनी स्टेडियम की आसपास मैदान सड़के खचाखच भीड़ से भरी रही । लोगों को पैर रखना जगह के लिए मशक्कत करनी पड़ी रावण दहन को देखने के लिए लोग अपने परिवार के साथ शाम 5ऱ्बजे से पहुंचने लगे थे । हजारों की संख्या में दर्शक इस आकर्षक कार्यक्रम के साक्षी रहे, उपस्थित अतिथियों सहित पासधारी लगभग 3 हजार दर्शकों के लिए कुर्सीयों की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा किया गया था साथ ही जिनके पास, पास नही था उनके लिए मैट की पर्याप्त व्यवस्था समिति द्वारा किया गया था।

आयोजन समिति के द्वारा समस्त नगरवासियों व क्षेत्रवासियों के द्वारा इस आयोजन में किये गये प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए अनेक अनेक आभार व्यक्त किए साथ ही सदैव साथ, सहयोग व विश्वास प्रदान करने अपेक्षा व्यक्त किये

# इलेक्टोरल रॉल को त्रुटिरहित व शुद्ध बनाने में बरतें पूरी सावधानी-कलेक्टर

**आरओ एवं नोडल अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश**

**बलौदाबाजार,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को अपने चेम्बर में विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर ईवीएम की कमीशनिंग, पोस्टल बैलट, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति, मतगणना आदि के सम्बंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने त्रुटिरहित व शुद्ध इलेक्टोरल रॉल को महत्वपूर्ण बताते हुए बीटा वर्जन से मिलान कर प्रत्येक मतदाता से सम्बंधित जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार ने कहा कि 80 वर्ष की आयु से अधिक, दिव्यांग व कर्मचारियों को पोस्टल बैलट से घर पर मतदान कराने के लिए गठित दल को सेक्टरवार रूट चार्ट बनाकर दें ताकि मतदाता के घर आसानी से पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलट से मतदान कराने जाने के एक दिन पूर्व मतदाता एवं बीएलओ को सूचना दें ताकि वे पहले से सचेत रहें। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलट से मतदान का समय प्रात: 9 बजे से संध्या 5 बजे तक रहेगा। उन्होंने ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग के कार्य की तैयारी के लिए सभी आरओ को पूरी तरह से सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कमीशनिंग के लिए मास्टर ट्रेनर, सेक्टर ऑफिसर एवं इंजीनियर की ड्यूटी लगाने कहा। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों में उचित स्थान एवं सही केन्द्र पर दीवार लेखन के कार्य को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्वाचन कार्य मे उपयोग हेतु पर्याप्त संख्या में वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सेक्टर अधिकारी, आरओ, एईआरओ एवं राजस्व अधिकारियों के वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर द्वय श्री वीसी एक्का, अनुपम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर द्वय अरुण कुमार सोनकर, अंशुल वर्मा सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**बगावती तेवर से अधिकृत प्रत्याशियों...**

रश्मि को टिकट मिलने के बाद उन्होंने जनता कांग्रेस छग से फार्म खरीदा। दूसरे दिन जोगी कांग्रेस ने उन्हें अपना प्रत्याशी भी घोषित कर दिया किंतु 24 घंटे भी नही बीते थे कि राशि महिलांग ने युटर्न लेते हुए पत्रकारों से कहा कि वे कांग्रेस के निष्टावान कार्यकर्ता है और जोगी कांग्रेस ने कैसे उन्हें प्रत्याशी बनाया वे नही जानती। वाट्सएप के माध्यम से जानकारी हुई थी। वे पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डा. रश्मि चंद्राकर के साथ कंधा से कंधा मिलाकर उनकी जीत सुनिश्ति करने में पूरा योगदान देंगी। बहरहाल नामांकन दाखिले के अंतिम दिन कौन-कौन कहां से नामांकन दाखिल करेगा इसका इंतजार सभी को है। इधर खल्लारी से भी जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल द्वारा भी बगावत कर चुनाव लड़ने की अटकले लगाई जा रही है।

# जिला सहकारी बैंक के एटीएम मशीन का शुभारंभ

**नवापारा-राजिम,** 28 अक्टूबर (देशबंधु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नवापारा द्वारा कृषि उपज मंडी कॉम्पलेक्स गंज रोड में एटीएम मशीन का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी देते हुए ब्रांच मैनेजर मो अकील ने बताया कि क्षेत्र के किसानों, अमानतदारों सहित आम जनता को सुविधा देने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंक का एटीएम मशीन स्थापित किया गया है। एटीएम धारी किसानों को अब बैंक आकर अपना पैसा निकालने घंटों इंतजार नही करना पड़ेगा। वे एटीएम मशीन से आसानी के साथ अपने खाते से पैसा निकाल सकते है। बीएम मो अकील ने बताया कि बैंकिंग सेक्टर में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। एटीएम मशीन के माध्यम से किसान अपने खाते की जानकारी जैसे बैलेंस, विड्राल, ट्रांसफर की जानकारी आदि आसानी के साथ प्राप्त कर सकते है। जिन किसानों को नया एटीएम कार्ड मिला है वे एटीएम मशीन से अपना पिन कोड जनरेट कर सकते है। इसके अलावा जो अपने एटीएम कार्ड का पिन नंबर बदलना चाहते है उन्हें पिन नंबर बदलने की भी सुविधा इस एटीएम मशीन से मिल जाएगी। मो अकील ने कहा कि बैंक द्वारा एटीएम की सुविधा देने से त्वरित राशि निकालने का लाभ तो किसानों को मिलेगा ही बल्कि उनका समय भी बचेगा। किसान अपने खर्च के हिसाब से एटीएम कार्ड के माध्यम से राशि आहरण कर सकते है। एटीएम मशीन लगने से किसानों की भीड़ भी अब बैंक में कम होगी। क्षेत्र के किसानो ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा नवापारा द्वारा एटीएम मशीन लगाए जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बैंक प्रबंधन का हृदय से आभार व्यक्त किया है। मालूम हो कि क्षेत्र के किसान सोसायटियो के अलावा बारहो माह नवापारा मंडी धान बेचने के लिए पहुंचते है इस एटीएम मशीन से उन्हे बहुत आसानी होगा।

# कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली



**बिलाईगढ़,** 28 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के नोडल अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश की हैं कि सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय, पंखा, मच्छरदानी, मच्छर अगरबत्ती आदि की व्यवस्था करें। इसके साथ साथ सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नगरीय निकायों में और सीईओ जनपद पंचायतों को ग्रामीण क्षेत्रों में निजी मकान में होर्डिंग,पोस्टर आदि के सहमति आदि की जानकारी लेकर रिटर्निंग अधिकारी और व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। बैठक में वाहन व्यवस्था, एमसीएमसी, स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), वीडियो निगरानी दल (वीएसटी), मतदान दलों के गठन, रवानगी और वापसी के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा व डॉ स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री आशीष बैनर्जी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, विद्युत के प्रभारी अधिकारी नरेंद्र नायक, सीएमओ राजेश पांडेय, माजीद खान आदि उपस्थित थे।

## निधन

### लक्ष्मी नारायण उर्फ राजा वर्मा



**देवरी बंगला,** 28 अक्टूबर। वर्मा सॉ मिल मारी बंगला के संचालक लक्ष्मी नारायण उर्फ राजा वर्मा (33 वर्ष) का असामयिक निधन हो गया। मृतक भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय भीखम चंद वर्मा के पोते थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सजातीय, प्रबुद्ध जन तथा अन्यान्यजन शामिल होकर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।

# टेमरी गांव में भट्ठा दलाल के घर हुई बम ब्लास्ट की घटना पर आशंका

**बागबाहरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत टेमरी के मशहूर भट्ठा पलायन के दलाल राधेश्याम साहू के घर बीती रात्रि में हुई बम ब्लास्ट की घटना झूठा साबित हो रही है। इस घटनाक्रम की पुष्टि पुलिस एवं ग्रामवासियों द्वारा स्पष्ट रूप से नहीं की जा रही है। लेकिन इस घटनाक्रम को कुछ दिनों पहले हुई भट्ठा पलायन सरदार दलालों के बीच आपसी लड़ाई की नजरिये से देखा जा रहा है। इस मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में प्रार्थी द्वारा अभी तक नहीं की गई है। और न ही इस मामले में कोमाखान पुलिस द्वारा किसी के खिलाफ कोई अपराध कायम किया गया है। टेमरी गांव में क्षेत्र के मशहूर मजदूर भट्ठा दलाल राधेश्याम साहू के मकान में बीती रात्रि हुई बम ब्लास्ट की घटनाक्रम की साजिश की बू आ रही है। इस मामले के बारे में पुलिस अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने अपना मोबाइल नंबर स्वीच ऑफ करने से इस मामले की विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। टेमरी गांव के धनाड्य मशहूर मजदूर पलायन दलाल राधेश्याम साहू के घर में बीती रात्रि में बम ब्लास्ट होने की सूचना पुलिस थाना कोमाखान में दी गई। इस सूचना के आधार पर कोमाखान थाना प्रभारी निरीक्षक रामावतार पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बागबाहरा डॉ. यूलेन्डन ? यार्क घटना स्थल ग्राम पहुंचे। जहाँ उन्होंने देखा कि घर के पीछे स्थित सर्किट बोर्ड से एक लम्बा वायरिंग फैला हुआ था। तथा दीवाल का एक बिम्ब क्रेक होना पाया गया। बम ब्लास्ट की घटना बीती रात्रि में



कब और कैसे हुई यह किसी को पता नहीं है। टेमरी गांव में साजिश के तहत हुई इस घटनाक्रम को लेकर किसी भी प्रकार की कोई दहशत का माहौल नहीं है। इस घटनाक्रम को जबरिया बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया जा रहा है। जो न्यायसंगत नहीं है। वास्तव में यह घटनाक्रम टेमरी-पटपरपाली क्षेत्र के मजदूर भट्ठा पलायन दलालों के बीच हुई आपसी लड़ाई की परिणीति का परिणाम बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले में पूरी जानकारी देने से बच रही है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि गांव में किसी भी प्रकार का कोई दहशत का माहौल नहीं है। और यह घटनाक्रम एक साजिश के तहत हुई साबित हो रही है।

प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार आज शनिवार 28 अक्टूबर की सुबह कोमाखान पुलिस को सूचना मिली कि ओड़िशा सीमा से लगे इस क्षेत्र कई वर्षों से मशहूर मजदूर भट्ठा पलायन सरदार राधेश्याम साहू के घर में बीती रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति ने बम लगाकर मकान को उड़ाने की साजिश की है। लेकिन इस मामले की सघन जाँच पड़ताल करने पर यह मामला मनगढंत साबित हो रही है। यह घटनाक्रम किसी के विश्वास में नहीं बैठ रहा है। अगर उक्त व्यक्ति के धन जन को नुकसान पहुँचाना था, तो एक छोटे से ब्लाष्ट करके या साजिश के तहत सर्किट के बोर्ड में वायरिंग फैलाकर वारदात को अंजाम देने की घटनाक्रम को सत्य नहीं माना जा सकता। यह घटनाक्रम पूरी तरह से ग्रामीणों द्वारा झूठा साबित हो रही है। कल बीती रात्रि में टेमरी गांव में ऊपर पारा वार्ड में शरद पूर्णिमा के अवसर पर नाचा गम्मत कार्यक्रम का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा किया गया था। उसके बाद दूसरे दिन आज 28 अक्टूबर की सुबह 7-8 बजे पता चला कि टेमरी-पटपरपाली गांव के मशहूर भट्ठा दलाल राधेश्याम साहू के घर में बम ब्लास्ट होने की जानकारी ग्रामवासियों को हुई। लेकिन ग्रामवासियों एवं पुलिस प्रशासन टीम के द्वारा जाँच पड़ताल करने पर इसमें शंका जाहिर हुई। तथा इस घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं गांव में हो रही है। कोमाखान पुलिस ने संदेह के आधार पर इस घटनाक्रम के सम्बन्ध में पूछताछ करने हेतु गांव के एक पति-पत्नि परिवार को थाने में बिठा कर रखा गया था। इस मामले के सम्बन्ध में कोमाखान थाने के पुलिस वालों से कई बार सम्पर्क किया गया। लेकिन उन्होंने इस मामले में कोई जानकारी नहीं दिया। अगर उक्त परिवार को कोई उड़ाना चाहता तो उसके घर में बारूद के गोले फ़ेंक कर उड़ा सकता था। लेकिन यह घटनाक्रम में साजिश की बु आ रही है। जो आगे चलकर यह मामला दूध का दूध और पानी का पानी साबित हो सकता है। बहरहाल कोमाखान पुलिस इस मामले की बारिकी से जाँच कर रही है।

कोमाखान थाना प्रभारी निरीक्षक रामावतार पटेल से उनके मोबाइल में कई बार कॉल करके इस मामले की जानकारी लेने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। अंत में उन्होंने अपना मोबाइल स्वीच ऑफ कर लिया।

# गढफुलझर के ग्रामों में भाजपा के सम्पत ने किया जनसंपर्क



**पिथौरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। बसना विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपने जनसंपर्क यात्रा के दौरान बसना विधानसभा क्षेत्र भाजपा मण्डल गढ़फुलझर के ग्राम पिपलखुंटा, बरपेलाडीह, गुढियारी, भूकेल, गिधापाली, बानीपाली, बरडीह, गिधली,खरोरा, बरिहापाली, भदरापाली, मोहका आदि ग्रामों में जनसंपर्क किया।

इस दौरान डॉ.सम्पत अग्रवाल ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश बदल रहा है। मोदी सरकार के कामों को हम जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूर्ण हितलाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल तक डॉ रमन सिंह जी की सरकार रही. ये 15 साल अटल जी ने जिस स्वप्न के साथ छत्तीसगढ़ की स्थापना की थी, उस सपने को साकार करने के रहे. उन्होंने कहा, च्छत्तीसगढ़ को निखारने के लिए हमने बहुत सारे प्रयास किए थे, लेकिन अब कांग्रेस यहां लूट-खसोट, भ्रष्टाचार और घोटाले की सरकार चला रही है. जिसके कारण यहां का विकास रूक गया. इसलिए यहां अब भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है और फिर एक बार छत्तीसगढ़ को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम करना है।

जन संपर्क के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष माधव साव, जिला मीडिया प्रभारी नवीन साव, वरिष्ठ भाजपा नेता सुवर्धन प्रधान, मण्डल प्रवक्ता राजेंद्र पटेल, सरपंच संघ पिथौरा राजेश पटेल, अल्प संख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सफीद मोहम्मद, सरपंच तपन भोई, सरपंच नीलाबाई चौहान, सरपंच सीडी बघेल,चमरा स्वर्णकार,बसंत पटेल, विजय पटेल, जनपद सदस्य निरंजनी पटेल, विजय शंकर पटेल, जसवीर सिंह जटाल, रणजीत नायक,नृपति पटेल, श्रीकांत पटेल, दिलीप सिंह बरिहा, बंशीधर चौधरी,संतकुमार दास, सागरचंद पटेल, पूर्णिमा पारेश्वर,सावित्री पाण्डे, शोभावती पटेल, संतोषी नायक, जयंत पटेल, उत्तरा पारेश्वर, कौशल्या पटेल, एकादशी पटेल,नरहरी पोर्ते, अक्षय कुमार, नेमीचंद चौधरी, मुरलीधर पटेल, प्रकाश जगत, उमाशंकर नायक, बृजलाल चौधरी, अभिमन्यु भृंगराज, गंगाराम नंद, लक्ष्मी चंद सिदार, सुभाष पटेल, रिया पटेल, नरेन्द्र कश्यप, प्रेमलाल भोई,लखी भोई,रतन यादव, लोकनाथ कश्यप, परमानंद दास, देवेन्द्र बरिहा, धनीसिंग सिदार, वासुदेव पटेल, राधेश्याम पटेल, नरसिंग दास, डमरू चौहान, रामरतन पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मजदूरों के बीच पहुंचे किस्मत बोले सदैव रहूंगा गरीब आमजन के साथ

**सरायपाली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज सुबह तड़के विधायक व जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रत्याशी किस्मत लाल नंद नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक पहुंचकर दैनिकमजदूरी करने वाले हमालों से मिलकर उनकी



समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया रोजी मजदूरी करने वाले लोग अपने लोकप्रिय विधायक को अपने बीच पाकर हर्षित नजर आए।

# कलेक्टर के फटकार के बाद जारी की गई संशोधन सूची में भी गंभीर गड़बड़ियां

**खरोरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अनेक विद्यालयों में विभिन्न पदों के लिए तत्कालीन प्रभारी डी ई ओ राकेश शर्मा के द्वारा जारी नियुक्ति सूची में लगातार गंभीर गड़बड़ियों की शिकायत अभिभावकों और योग्य योग्यताधारी युवाओं के द्वारा शिकायतें की जा रही थी तत्पश्चात कलेक्टर चंदन कुमार स्वयं संज्ञान लेते हुए तत्कालीन प्रभारी डी ई ओ राकेश शर्मा को जमकर फटकार लगाई साथ ही सभी त्रुटि सुधार कर शीघ्र संशोधन सूची जारी करने आदेशित किया गया। पुन: संशोधित चयन सूची तत्कालीन प्रभारी डी ई ओ राकेश शर्मा अधोहस्ताक्षरित संशोधन सूची जारी किया गया जिसमें गम्भीर गड़बड़ियाँ जस की तस बनी रही, जारी संशोधित सूची में स्पष्ट है कि सहायक शिक्षक (कला) के लिए नियमत: कक्षा 10 वी, 12 वी और साक्षात्कार के अंकों को मिलाकर प्रावीण्य सूची बनाई जाती है किन्तु यहाँ बड़ी मात्रा में लेन देन दिखाई दे रहा है तभी तो सहायक शिक्षकों के नियुक्ति में भी नियमों को ताक में रखकर कक्षा 12 वी, स्नातक और साक्षात्कार के अंकों से प्रावीण्य सूची निर्मित की गई है इसमें अति गंभीर झोल झाल की बात यह है कि स्नातक में अनुत्तीर्ण हुए प्रतिभागियों के अंक को जोड़कर प्रावीण्य सूची का निर्माण किया गया है। इस तरह के अनेकों गंभीर और बड़ी राशि लेन देन को प्रदर्शित गड़बड़ीयो रहित संशोधित सूची जारी की गई है।

जारी संशोधित का भी जिले के सजग पालकों और योग्य योग्यताधारी युवक व युवतियों के द्वारा लगातार शिकायत सामने आ रही है। विभाग में पदस्थ जिम्मेदार पदस्थ अधिकारियों को चाहिए कि तत्काल तात्कालीन प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा पर सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें उस कार्यालय से सहायक संचालक पद से हटाकर किसी अच्छे योग्य अधिकारी को उनके स्थान पर पदस्थ किया जाना चाहिए।

# जनता कांग्रेस में कई समर्थक हुए शामिल, कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

**सरायपाली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को कुछ ही समय बचे हैं। ऐसे में यहां पार्टियों के बीच दलबदल जारी है। इसी बीच, युवा कांग्रेस के कई युवा नेता ने जनता कांग्रेस का दामन थाम लिया है। बता दें, की ग्राम सागरपाली, बंसूलीडीह और कापूडीह युवा नेता वर्षो से कांग्रेस से जुड़े हुए थे और वर्तमान विधायक श्री किस्मतलाल नंद जी टिकट नही मिलने से नाराज चल रहे थे जिससे गुरुवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी दामन थामा है तभी विधायक किस्मतलाल नंद ने जनता



कांग्रेस छत्तीसगढ़ से सरायपाली विधानसभा प्रत्याशी बनाये जाने से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी चुनाव लड़ेंगे वही समर्थकों ने विधायक नंद जी साथ देने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने विधायक किस्मतलाल नंद के विकास कार्य और जनहित मुद्दे तथा विचारधारा से प्रभावित होकर जनता कांग्रेस को मजबूत एवं आगामी विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस पार्टी किस्मतलाल नंद को जीताने का संकल्प लिया।

# महर्षि वाल्मीकि रामायण के पहले रचयिता थे : शिवरतन शर्मा

**भाटापारा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। महर्षि वाल्मीकि रामायण के पहले रचयिता थे जब तक संसार रहेगा महर्षि वाल्मीकि का आदर से लिया जाएगा उपरोक्त बातें विधायक शिवरतन शर्मा आज शक्ति वार्ड में आयोजित वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त किया उन्होंने आगे कहा कि एक आवंछित व्यक्ति के कहने पर माता सीता को वन में छोड़ा तो माता सीता महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में रहते लव कुश को वहीं जन्म दिया शिवरतन शर्मा




ने आगे कहा कि तुरतुरिया में ही वाल्मीकि का आश्रम है ईधर वाल्मीकि समाज के लोगों ने कुछ मांग रखा जसको सहज स्वीकार किया और चुनाव में समर्थन व आशीर्वाद मांगा कार्यक्रम में पार्षद अनिल चेलक पूर्व पार्षद घासीराम डागोर संजय कौशल प्रतेश राठोर संतोष डागोर सरजू वाल्मीकि दीपक राठोर राजू डागोर मोन्टु संदीप डागोर सतीश डागोर सुरेन्द्र डागोर अनूप डागोर महेशु डागोर सहित वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित थे।

# मिनीगोल्फ प्रदेश टीम के हेमन्त खुटे मैनेजर नियुक्त

**पिथौरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोवा में आयोजित होने जा रही 37 वीं सीनियर मिनीगोल्फ राष्ट्रीय चयन स्पर्धा हेतु हिस्सा लेने जा रही प्रदेश टीम के हेमन्त खुटे को मिनिगोल्फ एसोसिशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने मैनेजर नियुक्त किया है।



हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय चयन स्पर्धा गोवा में 1 से 3 नवंबर तक चलेगी। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 12 महिला व 12 पुरुष खिलाड़ियों सहित दो कोच तथा 1 मैनेजर मिलाकर 27 सदस्यीय टीम राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में सहभागिता करने जा रही है जोकि खिलाड़ियों की संख्या की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक आंकड़ा है।

ज्ञात हो कि पूर्व में राजस्थान में अयोजित मिनीगोल्फ की राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की महिला टीम जहां विजेता बनी थी वहीं पुरुष वर्ग ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन कर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया था। इसके अलावा मिक्स डबल में भी प्रदेश की टीम स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

मिनिगोल्फ एसोसिसिशन ऑफ छत्तीसगढ़ के राज्य सचिव भूपेन्द्र प्रसाद के निर्देशन में इस बार की गठित टीम भी काफी सशक्त है। इस टीम में छत्तीसगढ़ के 9 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिनमे से 6 खिलाड़ी हाल ही में यूरोप से वर्ल्ड कप खेलकर आए है जिनके अनुभव का लाभ निश्चित रूप से टीम को मिलेगा। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन ने प्रदेश की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# आरएसएस ने किया पथ संचालन



**फिंगेश्वर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्रियाशील प्रतिनिधियों सदस्यों एवं युवा सेवक के द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में संघ के ध्वज को सलामी देते हुए ध्वज के सम्मान में कतार बंद होकर ध्वज का सम्मान किया गया सभी आरएसएस के सदस्यों ने पथ संचालन रानी श्याम कुमारी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए अपने साथ दंड लिए हुए मीठी धुन वादन के साथ पुराना बस स्टैंड पहुंचे स्थानीय विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के युवाओं कार्यकर्ताओं द्वारा रानी श्याम कुमारी चौक पुराना बस स्टैंड गांधी चौक मैं पथ संचालन करते हुए स्वयं सेवकों का भव्य स्वागत फूलों की वर्षा से जगह-जगह किया गया एवं उनके सम्मान में सलामी दी गई हर वर्ष दशहरा पर्व पर संघ द्वारा नगर भ्रमणकर लोगों के बीच संघ की कार्य प्रणाली जो कि पूरे भारतवर्ष में अपने दम पर संस्था का निर्माण एवं उनके कार्य प्रणाली सामाजिक धार्मिक एवं सनातनी हिंदुत्व के सम्मान में अपनी गतिविधियों को जनता के बीच आकर उनकी भावनाओं को देश की प्रति राष्ट्र के प्रति जागृत करने के दायित्व का बोध कराने के उद्देश्य से किया जाता है।

# सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

**बिलाईगढ़,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत अभ्यर्थियों को नामांकन पत्र प्राप्त करने और जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 सोमवार को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। जिले के दोनों विधानसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। संबंधित वर्ग के अभ्यर्थी अमानत राशि पांच हजार रुपए जमा कर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकते हैं। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ के लिए कक्ष कलेक्टर न्यायालय में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त और जमा किया जाएगा। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 43-बिलाईगढ़ के लिए कक्ष न्यायालय अपर कलेक्टर में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त और जमा किया जाएगा। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर 2023 मंगलवार को प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। नाम वापसी 02 नवंबर 2023 गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे तक किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में द्वितीय चरण में मतदान की तिथि 17 नवंबर 2023 शुक्रवार को और मतगणना 03 दिसंबर 2023 रविवार को निर्धारित है।

# आदर्श रामलीला का 104 वर्ष पूर्ण, भाटापारा के रामलीला का है गौरवशाली इतिहास

**भाटापारा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीन रामलीला जो कि भाटापारा में स्थापित है, जिसमे इस वर्ष 104 वर्ष का रामलीला का मंचन पूर्ण किया,104 वर्ष प्राचीन रामलीला ऐतिहासिक रामलीलाओं में अपना नाम स्थापित कर चुकी है। भाटापारा में आदर्श रामलीला नाटक मंडली के द्वारा इस वर्ष 11 दिनों का मंचन किया गया जिसमें रोजाना रात्रि 7 बजे से रामलीला में नारद मोह, मुनिआगमंन, धनुषयज्ञ, वनगमन, सीताहरण, जटायुमरण, शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालिवध, लंकादहन, विभीषण शरणागति, लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकर्ण वध, मेघनाथ वध, सुलोचना प्रसंग, अहिरावण वध की लीलाओं का भव्य मंचन किया गया।

इस रामलीला में प्रतिवर्ष नवमी को अहिरावण वध-देवी लीला को भव्य प्रस्तुति दी जाती है जिसमे पाताल लोक का डरावना दृश्य दिखाया जाता जिसमे डरावने किरदारो के द्वारा बैगा-भूत-आदिवासी नृत्यों का समावेश कर भयानकता दिखाई जाती है जो सबसे प्रसिद्ध लीला है यहां की जिसे देखने रामलीला मैदान में लगभग 5 हजार लोग इस दिन रामलीला देखने पहुंचते है वही दसवे दिन दशहरा पर्व भाटापारा रावनभाठा में मनाई गई जहां आदर्श रामलीला के द्वारा 2 घंटे की लीला का मंचन अभूतपूर्व तरीके से वरिष्ठ कलाकार कोमल शर्मा द्वारा रामकथा वाचन करते हुए मंचन नाट्य रूपांतरण कर बताया और व्यासगद्दी प्रमुख प्रकाश शर्मा द्वारा संगीतमय चौपाइयों ने शमां बाधकर पूरे रामायण के प्रसंग को संछिप्त रूप में दिखाया जिसे देख मंत्रमुग्ध होकर दर्शक देखते और सुनते रहे। उसके बाद रावण वध की लीला दिखाई गई, जिसे देखने शहर व आसपास के कई गांवों से लगभग 15 से 18 हजार दर्शक इकट्ठे हुए थे। रामलीला मंचन के बाद रावण दहन किया गया। 11 वें दिन राजगद्दी की लीला के साथ अंतिम में प्रसादी वितरण के साथ रामलीला का समापन हुआ।

आदर्श रामलीला के द्वारा सन 1920 से ब्रिटिश काल से धर्म प्रचार कर रही है जिस रामलीला को अंग्रेज भी देखने और सुनने आते थे,,इस रामलीला की विशेषता है यहाँ के बाल नन्हे कलाकार ,यहां 6 वर्ष के कलाकार भी पेशेवर कलाकारों की तरह रामायण की चौपाइयों पर अपने कलाकारी का जौहर दिखाते है,,11 वर्ष के कार्तिकेय पांडेय के द्वारा लक्ष्मण की भूमिका निभाई जा रही है ।वर्तमान में जब पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम के चलते हिंदी बोलना बच्चो के लिए कठिन कार्य हो गया है इसके विपरीत यहाँ के बच्चो के लिए ये रामलीला हिंदी और संस्कृत की पाठशाला जैसे लगती है जहाँ बच्चे हिंदी साहित्य और संस्कृत सीखते है और बोलते है। इस रामलीला में साहित्यों का अद्भुत मेल कर रामलीला के मंचन के लिए पठकथा तैयार की गई है जिसमे रामचरितमानस,बाल्मीकि रामायण ,रामचरित्र दर्पण,राधेश्याम रामायण, वशुनायक रामायण, संगीत रामायण, आर्य संगीत रामायण, हिंदी अनुवाद रामायण, एवँ स्वयं अनुवाद कर साहित्यों को धरोहर के रूप में संजोया गया है।



**इस रामलीला से जुड़े है छत्तीसगढ़ के बड़े नाम**

**रामलीला के स्वर्णिम इतिहास में जुड़ा है इनका भी नाम:** भाटापारा की इस रामलीला में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपर स्टार एवं पद्मश्री सम्मान से सम्मानित अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व पार्षद धन्नजय तिवारी, पार्षद आशीष पुरोहित जैसे कई जनप्रतिनिधि, पत्रकार व्यापारी, नौकरीपेशा लोग अपनी कलाकारी का जौहर दिखा चुके है, वही नगर के सभी वार्ड व मोहहल्लो में इस रामलीला के कलाकार मिल जाएंगे। इस रामलीला को यही बात इसकी प्राचीनता ,ऐतिहासिक और प्रसिद्धि को प्रदर्शित करती है।

**ऐसे कुछ नाम जिन्होंने अपनी अंतिम सांसे भी इस रामलीला को समर्पित की:** ऐसे हमारे प्रेरणा स्रोत जिन्होने सन 1920 में रामलीला चालू की और जिनका 104 वर्ष के सफर में महत्वपूर्ण योगदान रहा कुछ नाम जो नींव के पत्थर बने इस रामलीला के जिनमे कन्हैया लाल टोडर, महंत भगवान दास, छोटेलाल गुप्ता, शिवप्रसाद अग्रवाल, महादेव प्रसाद त्रिवेदी, गप्पू लाल केशरवानी, रामलाल केशरवानी, द्वारका प्रसाद गुप्ता, शंकर लाल पुरोहित, राधेश्याम बावला, उमाशंकर त्रिवेदी, मन्नू लाल तिवारी, रामलाल चौरसिया कृष्ण कुमार दुबे, मूलचंद गुप्ता, अशोक कुमार मल, श्यामलाल गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, ईश्वरी प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मुकुंद बरवाड़,सुनील वर्मा, रवि शर्मा, रौनक शर्मा रहे।

इस वर्ष 15 अकटुबर से नवरात्र पक्ष में रामलीला का मंचन आरम्भ हुआ जो आज राजगद्दी के साथ समापन होगा इस वर्ष 104वें वर्ष के रामलीला मंचन में में राम का पात्र आदित्यजोशी, लक्ष्मण की भूमिका में कार्तिकेय पांडेय और वैभव तिवारी, हनुमान की भूमिका में लव शर्मा और शौर्य मिश्रा, सीता की भूमिका में धर्मपाल सोनी, रावण की भूमिका में मनोज गुप्ता एवं श्याम माल व कोमल शर्मा एवं मेघनाथ की भूमिका में जगदीश वैष्णव नजर आए। इस वर्ष के कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 70 सदस्यों से ऊपर लोगो ने कार्य को अंजाम दिया। प्रतिवर्ष की गुरुपूर्णिमा से रामलीला के आगामी प्रदर्शन के लिए रिहल्सल आरम्भ होता है।

**वर्तमान में व्यासगद्दी और व्यवस्थापन कर कार्य कर रचा इतिहास:** वर्तमान में व्यासगद्दी पर विराजमान होकर रामचरितमानस गायन कर रामलीला का संचालन कर रहे है संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, संरक्षक देवनारायण लाला शर्मा, धनजी भाई जोशी, रामजी जोशी, हेमंत मल वही सम्पूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था में उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव, सचिव कोमल शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप मोनू मल, सहसचिव बजरंगलाल चौरसिया, सूर्यकांत बाबू शुक्ला, राहुल तिवारी, सिद्धान्त जाधव, राहुल जोशी, अभिनव तिवारी, निकुंज चौरसिया, विनय ठाकुर, वही रामलीला संरक्षण मंडल में शिवरतन शर्मा, संतोष त्रिवेदी, सत्यनारायण जोशी, अनिल चांडक, कैलाश पुरोहित, संतोष अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, बालगोविंद तिवारी

**104 वर्ष को स्वर्णिम इतिहास में दर्ज करते हुए इन कलाकारों ने किया ऐतिहासिक मंचन:** कलाकारों में 104 वर्ष रामलीला मंचन में मनोज पिण्टी गुप्ता, अक्षत जोशी, आयुष तिवारी, आदित्य जोशी, कार्तिकेय पांडे, धर्मपाल सोनी, लक्ष्य चौरसिया, मुकुल शर्मा, जयमल, सागर जायसवाल, अभी अग्रवाल, काव्यांश शर्मा, लव शर्मा, हर्ष गुप्ता, वैभव तिवारी, नमन मल, श्याम मल, प्रिंस ठाकुर, मंगल मिश्रा, केशव लाहोटी, आदित्य सोनी, अग्रांश शर्मा, शुभ केशरवानी, सुयश शर्मा, प्रहस्त सिंह सेंगर, कार्तिक शर्मा, सुयश नत्थानी, राघव नत्थानी जैसे 5 वर्ष से लेकर वरिष्ठ कलाकारों ने रामलीला को ऐतिहासिकता प्रदान करने अपने शानदार अभिनय का जौहर दिखाया और 104 वर्ष पूर्ण हुआ।